प्रगति-5

2018-2019

सामाजिक विज्ञान

कक्षा VIII

बिक्री के लिए नहीं

स्वाध्यायान्मा प्रमदः
राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्

सौजन्य से
दिल्ली पुस्तक ब्यूरो

शिक्षा निदेशालय
रा.रा.क्षे., दिल्ली सरकार

उत्पादन मंडल

अनिल कुमार शर्मा
दीपक तंवर

दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो में **अनिल कौशल**, सचिव, दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो, 25/2 पंखा रोड़, संस्थानीय क्षेत्र, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित तथा सुप्रीम ऑफसेट, 133, उधोग केन्द्र, एक्सटेंशन–1 ग्रेटर नोएडा, उ0प्र0 द्वारा मुद्रित।

PREFACE

To meet the glaring learning gaps within our system and to ensure that all students in DoE schools learn to read and write, Mission Buniyaad was launched in the academic year 2018-19. From April to July as Mission Buniyaad classes have continued, and students in the Nishtha group have focussed on foundational language and arithmetic skills, they have not had the opportunity to study other subjects.

One is also inclined to believe that students who may now be in 6^{th}, 7^{th} or 8^{th} grade, who are only now learning how to read and write, may not have been equipped to grasp the concepts in other subjects as well. Thus, the Pragati book this year has been designed to expose children to basic concepts of Social Science that will help them understand the more complex ideas of the subject that their grade level NCERT books may discuss. It follows a trajectory which progresses from explaining basic concepts of a subject and allowing space for more detailed discussions within the classroom.

Pragati has once again been designed by a group of Mentor teachers who are well equipped to understand the challenges faced by teachers and students within our classrooms. These books are based on the NCERT textbooks and are meant to fulfil the role of supplementary texts. For Pratibha students, who can learn at their grade level, Pragati can be used as additional workbook. For students of Nishtha group, this can serve the purpose of a supplementary text- explaining the concepts from the NCERT, in simpler terms. The Pragati books aim to help children achieve the goal of receiving a well-rounded education, not based on rote learning. It's an effort to avoid retention of information without comprehension. In this, it has been inspired by the National Curriculum Framework 2005 which stresses on the need to shift Social Sciences from memorising facts to gaining a more conceptual understanding.

The Pragati textbooks are a work in progress and therefore educators are requested to use these textbooks and write back to us with their feedback and experiences in order to keep evolving the books.

Introductory Note to the Teachers

This new series of Pragati – V, designed as a supplementary workbook, aims to act as a bridge for the students who have begun with the foundational skills of reading, writing and arithmetic. The focus is to enhance student learning by not just reading the text but also engaging with it.

In order to help students learn and achieve their full potential, this book is prepared based on contemporary research on brain based learning – using strategies in a purposeful way so as to keep the learners engaged, creating a safe and effective learning environment and providing feedback to the students that guides deeper learning. In order to ensure whole brain development and effective learning, students have been given multiple opportunities to collaborate with partners or in groups to process information creatively. Opportunities are also provided for teachers to gather as much information as possible from the students before presenting any new information.

Emphasis is being laid on encouraging students to think out of the box, to ask questions, and teachers must be comfortable to be learners and knowledge-seekers along with the students. Given the rate at which new knowledge is being generated throughout the world and made available on the Internet, no one person can have a handle on all the information on a subject. But, bringing in the knowledge and perspectives of a diverse group of learners can help us create a more complete picture of some topic, can help us learn more, and learn better.

Another strategy adopted in this Pragati series is that the content is divided into sections that make it easier for students to process different parts of the information separately and then form connections between each of the sections. Throughout the book, the focus is to take students through a learning experience that follows the 5E Instructional Model:



The derived sub-sections based on this instructional model, which appear in each of the chapters, are detailed below:

- **Hum Kya Seekhenge** aims to give an overview of the knowledge and understandings that students will reach after engaging with the chapter.
- **Aapke sawal** provides a space for students to articulate any questions they may have once they know what they are about to learn i.e. the learning goal of the lesson.
- **Hum Kya Jaante Hain** serves two purposes: One, to activate previous experiences relevant to the chapter. Two, to provide background knowledge that students ought to know to engage with the chapter.
- **Aao Kadam Badhayein** builds on previous experiences and knowledge that have been activated in 'Hum kyajaantehain'.The objective is to generate interest in the chapter through activities or thought-provoking questions.
- **Focus Prashn**: In the spirit of exploration in the 5E learning cycle, these are the questions that form the basis for initial inquiry into each section of the chapter.
- **Shikshak/AdhyapakSanket**are guiding points for teachers to help them provide support to student engagement while maintaining a safe and sensitive learning environment.
- **ShabdBhandar** is included to ease comprehension and build vocabulary.
- **Mukhya Ghatnayein** provides a trajectory of relevant events to aid an understanding of what, when and why something occurred and is a section primarily provided in history chapters.
- **MukhyaTatva**provides key information and facts related to the content and is a section primarily provided in geography chapters.
- **Ye Bhi Jaanein** provides additional information relevant to the content students are engaging with.
- **Kya Jaana Kya Seekha**appears at the end of each section to assess how much the students have understood. The questions are not just limited to check for recall but also to gauge how much students are able to transfer that knowledge to other contexts.
- **Vicharon ki Tijori** broadens the scope of students'understanding;the section provides avenues for further inquiry.
- **Humne Seekha/Saaransh** is the summary for the entire chapter that aims to tie any loose ends that may persist in students' understanding.
- **Abhyaas** is the end of chapter summative evaluation consisting of questions that assess recall and understanding as well as the ability to transfer the knowledge in different contexts.
- **Additional thoughts/questions** appear at the end of each chapter as a space for students to express any thoughts or questions they are left with after engaging with the chapter.

Students in our classrooms face a lot of challenges in their daily lives and research suggests that in order to support and make their learning better, educators need to fulfil three important needs of the students. First, for students to see value in what they are doing, they need to feel in-charge of their own learning. This means that students have the autonomy in making certain decisions regarding their learning experiences and drive the process of building their understanding.

Second, students must feel capable of taking on the tasks assigned to them as part of their learning experience. It is our responsibility, as educators, to design such engaging tasks which allow the students to feel competent and reach the learning goal after a little struggle rather than feeling frustrated about not being able to do it. A classroom learning environment that accepts failure as a stepping stone to success plays a huge role in helping students feeling competent. This is the third need which is critical in students' learning. Teachers are the key players in ensuring a safe, supportive and sensitive learning environment so that students feel related to the content and the teacher. It is only through this relatedness that the students can begin to trust the facilitator and feel at ease and interested before they engage with the chapter.

This series aims to fulfil these three needs of students by providing multiple opportunities to engage with the content actively, ask questions, learning experiences with a scope for exploration, aligning and contextualising their personal experiences in the light of the chapter, autonomy to steer the curve of their learning and become active partners in the process.

Pragati – V is designed to be the beginning of the students' journey to find out about and make sense of their own world and their relationship to it, and to start seeing how they as individuals could make a positive difference in that world, make changes in their own lives, and in the lives of those who matter to them.

ACKNOWLEDGEMENTS

Reviewed by **Dr. Satnam Singh,** DIET Dilshad Garden &

Dr. B.P. Pandey, OSD School Branch

Content Development and Editorial Team :

1. VANDANA GAUTAM, *(20171771) Mentor Teacher*	SKV No 2 , Mehrauli (1923079)
2. DEEP CHAND, *(20131486) Mentor Teacher*	S.V (Dakshin Puri Ext.) Dr. Ambedker Nagar- V New Delhi (1923351)
3. SHASHI PRAKASH, *(2014033788) Mentor Teacher*	GBSS DDA Flats Ph.-II, Kalkaji, New Delhi (1925024)
4. PRABHA UNIYAL *(19980995) Mentor Teacher*	RPVV Civil Lines (1207113)
5. ROHIT KUMAR, *(20162257) Mentor Teacher*	RSBV, Block-27, Trilokpuri (1002177)
6. POONAM JAIN, *(2013029736) Mentor Teacher*	SKV Gokul Puri (1104020)
7. SURENDRA KUMAR, *(20102478) Mentor Teacher*	GBSSS Gokalpuri (1104005)
8. BALISTER KUMAR, *(2013243108) Mentor Teacher*	GBSSS, NO. 1, C-Block, Yamuna Vihar, Delhi-53 (1104009)
9. JOGINDER KUMAR, (20101552) *Mentor Teacher*	SBV Sector 20, Rohini Extension, Pooth Kalan (1412248)
10. ALOK KUMAR MISHRA, *(200918180) Mentor Teacher*	GBSSS Mangolpur, Khurd, Delhi (1412079)
11. DEEPTI DAGAR, *(20140073) Mentor Teacher*	SKV,No.2, Shakurpur, Delhi-110034 (1411030)

12. NANDKISHORE, *(19985327)*	Member - Core Academic Unit
13. SHASHI MENDIRATTA	(The Ferdinand Centre)
14. HARSH DAVE	(The Ferdinand Centre)
15. DIVYA MURALI	(The Ferdinand Centre)
16. ALIA FAROOQUI	(The Ferdinand Centre)
17. AVICHAL PATHAK	(The Ferdinand Centre)
18. ISHITA PRADHAN	(The Ferdinand Centre)
19. MILANTH GAUTAM	(The Ferdinand Centre)
20. SVETA DAVE	(The Ferdinand Centre)

INDEX

1.	पृष्ठभूमि	1–6
2.	व्यापार से साम्राज्य तक (हमारे अतीत III – भाग 1)	7–21
3.	आदिवासी, दीकु और एक स्वर्ण युग की कल्पना (हमारे अतीत III – भाग 1)	22–38
4.	जब जनता बगावत करती है (हमारे अतीत III – भाग 1)	39–50
5.	महिलाएं, जाति एवं सुधार (हमारे अतीत III – भाग 1)	51–64
6.	राष्ट्रीय आंदोलन का संगठन 1870 के दशक से 1947 तक (हमारे अतीत III – भाग 1)	65–87
7.	सौरमंडल में पृथ्वी (पृथ्वी हमारा आवास–भाग 1)	88–105
8.	ग्लोबः अक्षांश एवं देशान्तर (पृथ्वी हमारा आवास–भाग 1)	106–121
9.	पृथ्वी की गतियाँ (पृथ्वी हमारा आवास–भाग 1)	122–132
10.	मानचित्र (पृथ्वी हमारा आवास–भाग 1)	133–148
11.	हमारा देश - भारत (पृथ्वी हमारा आवास–भाग 1)	149–170

12.	पर्यावरण	171–188
	(हमारा पर्यावरण – कक्षा 7)	
13.	वायु	189–198
	(हमारा पर्यावरण – कक्षा 7)	
14.	जल	199–210
	(हमारा पर्यावरण – कक्षा 7)	
15.	संसाधन	211–232
	(संसाधन एवं विकास)	
16.	मानव संसाधन	233–247
	(संसाधान एवं विकास)	
17.	भारतीय संविधान	249–261
	(सामाजिक और राजनीतिक जीवन – III)	
18.	हमें संसद क्यों चाहिए? स्थानीय एवं राज्य सरकारों का परिचय	262–271
	(सामाजिक और राजनीतिक जीवन – II)	
19.	हमारी आपराधिाक न्याय प्रणली	272–279
	(सामाजिक और राजनीतिक जीवन – II)	
20.	हाशिया करण की समझ	280–293
	(सामाजिक और राजनीतिक जीवन – II)	
21.	हाशिया करण से निपटना	294–310
	(सामाजिक और राजनीतिक जीवन – II)	

इतिहास

अध्याय 1 पृष्ठभूमि

कक्षा छठीं में क्या सीखा?

आरंभिक मानव जंगलों में रहते थे और जंगली जानवरों का शिकार करते थे। इसके अलावा वो जंगल में मिलने

वाले जंगली अनाज, फल-फूल आदि को भी खाने के लिए इकट्ठा किया करते थे। भोजन का इस तरह इंतजाम करने के आधार पर ही उन्हें शिकारी और खाध संग्राहक कहते थे। आरंभिक मानव के इस काल को पाषाण काल कहते है। पाषाण यानी पत्थर। आरंभिक मानव के लिए पत्थरों के बने औजारों का महत्व था जिनका उपयोग वे अपनी सुरक्षा तथा जंगली जानवरों के शिकार के लिए किया करते थे। आग की खोज एवं पहिये का आविष्कार इस काल में हुआ था जिससे मानव जीवन में गति आई।

अभी तक आरंभिक मानव कभी भी एक जगह रुक कर नहीं रहते थे और हमेशा भोजन और पानी की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह जाता रहते थे। लेकिन लगभग 12000 साल पहले दुनिया की जलवायु में बड़े बदलाव आए और गर्मी बढ़ने लगी, जिससे कई क्षेत्रों में बड़े-बड़े घास के मैदान बन गए और घास खाने वाले जानवरों की संख्या भी बढ़ गयी। आरंभिक मानव इनके पीछे आए और इनके खाने-पीने की आदतों को समझा और इन्हे पालना शुरू कर दिया। इसके अलावा उन्होंने मौसम के बदलावों को समझा और जंगली अनाजों के पैदा होने के क्रम को जाना और धीरे धीरे खेती की शुरुआत की।

खेती और पशुपालन की शुरुआत से उनके जीवन में ठहराव आया जिसके फलस्वरूप अब वह एक जगह पर टिक कर रहने लगे। इस तरह आरंभिक गाँव या शुरूआती कबीले बने। जब लोग एक जगह मिल कर रहने लगे तो कभी कभी उनमें झगड़े हो जाते थे ऐसे में उन्होंने अपने झगड़ों और समस्याओं को सुलझाने के लिए अपने में से सबसे योग्य, अनुभवी, और शक्तिशाली व्यक्ति को अपना नेता चुना जिसके फैसले सबको मानने पड़ते थे। इसके अलावा ये लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे गाँव के लोगों से वस्तु के बदले वस्तु लेकर व्यापार करते थे क्योंकि तब तक मुद्रा का चलन नहीं था।

धीरे धीरे ये आरंभिक गाँव विकसित और समृद्ध होकर आरंभिक नगर बन गए। हमारे इस उपमहाद्वीप में मिलने वाला सबसे पुराना आरंभिक नगर हड़प्पा है जो आज से 5000 साल पहले बसा था। और वो नगर आज तक अपनी नगरीय व्यवस्था के लिए जाना जाता है। आरंभिक नगरों के लोग भी व्यापार करने के लिए दूर देशों की यात्रा किया करते थे।

शब्द भण्डार

इकठ्ठा : जमा करना
अविष्कार : खोज
प्रसिद्ध : मशहूर
समृद्ध : वैभवशाली, सम्पन्न
निर्णय : फैसला
प्रचार : दूसरे लोगों को बताना
विस्तार : फैलाव
स्त्रोत : जानकारी देने वाली वास्तु

धीरे धीरे उनके नेता, राजा बन बैठे और बड़े बड़े महलों में रहने लगे तथा विशाल सेना रखने लगे। और अब राजा के बाद उसके बड़े बेटे को ही राजा बनाया जाने लगा । करीब 3000 साल पहले राजा बनने की इस प्रक्रिया में कुछ बदलाव आए। अब कुछ लोग बड़े-बड़े यज्ञ करके भी राजा बनाने लगे। अश्वमेध यज्ञ एक ऐसा ही यज्ञ था जिसमें एक घोड़े को राजा के लोगों की देखरेख में घूमने के लिए छोड़ दिया जाता था। इन महायज्ञों को करने वाले राजा अब जन के राजा न होकर जनपदों के राजा माने जाने लगे। 2500 साल पहले कुछ जनपद अधिक महत्त्वपूर्ण हो गए जिन्हें महाजनपद कहा जाने लगा। अधिकतर महाजनपदों की एक राजधानी होती थी और कई राजधानियों में किलेबंदी की गयी थी। कुछ राजा अपनी राजधानी के चारों ओर विशाल, ऊँची और प्रभावशाली दीवार खड़ी करके अपनी समृद्धि और शक्ति का प्रदर्शन करते थे।

मौर्य साम्राज्य की स्थापना चन्द्रगुप्त मौर्य ने लगभग 2300 साल पहले की थी। मौर्य साम्राज्य बहुत बड़ा था, इसलिए अलग-अलग हिस्सों पर अलग-अलग ढंग से शासन किया जाता था। सम्राट अशोक मौर्य वंश के सबसे प्रसिद्ध शासक थे । उन्होंने कलिंग युद्ध में हुए खून खराबे से दुखी होकर भविष्य में कभी-भी युद्ध नहीं करने का निर्णय लिया, बौद्ध धर्म को अपनाया और उसका प्रचार किया।

इसके बाद हमें गुप्तवंश के प्रसिद्ध राजा - समुद्रगुप्त के बारे में पता चलता है जिन्होंने अपने राज्य का बहुत विस्तार किया। इसके अलावा दक्षिण भारत में चालुक्य और पुलकेशिन राज्यों के बारे में पता चलता है। इसके लगभग 200 वर्षो के बाद पश्चिम भारत में सातवाहन नामक राजवंश का प्रभाव बढ़ गया।

लगभग 2500 साल पहले, इन सब के बीच लोगों के जीवन में तेजी से बदलाव आए और लोगों के मन में असमानता और धार्मिक विचारों को लेकर कुछ नए प्रश्न और विचार उठने लगे । लोगों ने बौद्ध और जैन धर्म के माध्यम से इन प्रश्नों के उत्तर खोजने की कोशिश की।

अतीत से जुड़े हमारे सवालों का जवाब अगर मिल पाया है तो वह अतीत के कई स्त्रोतों से मिला है जो हमें उस

समय के लोगों के जीवन के बारे में बताते हैं। प्राचीन काल के इतिहास को जानने के लिए सबसे प्रमुख है पांडुलिपि और अभिलेख। पांडुलिपि का भोज पत्रों एवं ताड़ पत्रों पर हाथ से लिखा जाता था जबकि अभिलेख पत्थर या धातु पर गाढ़ा जाता था। इसके अलावा अतीत को जानने में इमारतों के अवशेष, चित्र, मूर्तियाँ, औजार, हथियार, बर्तन, कपडे, सिक्के, धर्म ग्रन्थ, किताबें आदि मदद करते हैं।



कक्षा सातवी में क्या सीखा?

हमने कक्षा 7 में लगभग 700ई से लेकर 1750ई तक के इतिहास के विषय में पढ़ा। 7वीं शताब्दी से लेकर 12वीं शताब्दी तक हिंदुस्तान में शासन करने वाले शासकों में गुर्जर प्रतिहार, राष्ट्रकूट वंश, पाल वंश, चोल वंश और चौहान वंश के शासकों के नाम प्रसिद्ध हैं जिन्होंने भारत के विभिन्न क्षेत्रों पर अपना शासन स्थापित कर रखा था।

12वीं शताब्दी के अंत तक दिल्ली एक महत्वपूर्ण शहर बन चुका था जिस पर तोमर वंश का शासन था। तोमर वंश के शासकों को अजमेर के राजा पृथ्वी राज चौहान ने पराजित कर दिल्ली पर अपना शासन स्थापित कर लिया। चौहान वंश के शासकों ने दिल्ली में किला राय पिथोड़ा का निर्माण करवाया। गजनी के शासक मोहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान को हराकर गुलामवंश के कुतुबुद्दीन ऐबक को दिल्ली का शासक बनाया। कुतुबुद्दीन ऐबक ने कुतुब मिनार का निर्माण शुरू किया जिसे बाद में इल्तुतमिश ने पूरा करवाया। इल्तुतमिश के बाद रजिया सुल्तान शासिका बनी जिन्हें भारत की प्रथम महिला शासक मना जाता है।



प्रारंभिक तुर्की वंश के बाद दिल्ली पर खिलजी वंश का शासन स्थापित हुआ। खिलजी वंश के शासकों ने सिरी का किला, अलाई दरवाजा आदि इमारतों का निर्माण करवाया।

दिल्ली के शासक का सफर

- राजपूत वंश - 12वीं शताब्दी

  तोमर वंश, अनंगपाल वंश, चौहान वंश

- तुर्की शासक (गुलाम वंश)= 1206-1290

  प्रमुख शासक - कुतुबुद्दीन ऐबक, इल्तुतमिश, रजिया सुल्तान

- खिलजी वंश = 1290-1320

  प्रमुख शासक - जलालुद्दीन खिलजी, अलाउद्दीन खिलजी

- तुगलक वंश = 1320-1414

  प्रमुख शासक - गयासुद्दीन तुगलक, मुहम्मद बिन तुगलक, फिरोजशाह तुगलक

- सैयद वंश = 1414-1451

  प्रमुख शासक - खिजर खां

- लोदी वंश = 1451-1526

  प्रमुख शासक - बहलोल लोदी, इब्राहिम लोदी

- मुगल वंश = 1526-1707

  प्रमुख शासक - बाबर, हुमायुं, अकबर, जहाँगीर, शाहजहाँ, औरंगजेब

- नए राज्य = 1707-1765

  प्रमुख शासक - राजपूत राज्य, मुस्लिम राज्य, मराठा राज्य, जाट राज्य, सिक्ख राज्य

- ब्रिटिश हुकूमत की शुरूआत = लगभग 1765ई से देश की आजादी तक

खिलजी वंश के बाद तुगलक वंश ने दिल्ली पर शासन किया। इनके शासन काल में फिरोजशाह कोटला, तुगलकाबाद के किले का निर्माण हुआ। इन्हीं के शासन काल में मुहम्मद बिन तुगलक ने दिल्ली से राजधानी हटाकर देवगिरी (दौलताबाद) स्थानांतरित कर दी पर बाद में काफी परेशानियों के बाद वापस दिल्ली को राजधानी बनाया गया जिससे उनका बहुत नुक्सान हुआ|

तुगलक वंश के बाद सैयद वंश ने कुछ सालों के लिए

दिल्ली पर शासन किया। इनके बाद दिल्ली सल्तनत पर लोदी वंश का शासन स्थापित हुआ। इस वंश के दौरान कई मस्जिदों का निर्माण हुआ जिसमें से एक है सिकंदर लोदी द्वारा बनायी गई मोठ कि मस्जिद।

लोदी वंश के अंतिम शासक इब्राहीम लोदी को 1526 में पानीपत कि लड़ाई में हरा कर मुगल बादशाह बाबर ने दिल्ली और आगरा पर अपना कब्जा कर लिया। यहीं से भारत में मुगल साम्राज्य की शुरुआत हुई। मुगल शासकों नें भारत पर लगभग 350 साल शासन किया। मुगल शासन के दौरान कई सारे युद्ध हुए जिनमें खानवा का युद्ध, चौसा और कन्नौज का युद्ध 'हुमायुँ और शेर खान के बीच', अकबर द्वारा चलाए विजय अभियान और औरंगजेब द्वारा चलाए दक्खन के सैन्य अभियान शामिल हैं।

औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात मुगल साम्राज्य कमजोर होता चला गया। मुगल वंश के शासक बहादुर शाहजफर-II को 1857 में अंग्रेजों द्वारा अंतिम मुगल सम्राट घोषित कर दिया गया। इसी दौरान नए राज्यों का उदय भी हुआ जिनमें बंगाल, हैदराबाद, अवध, राजपूत राज्य, सिक्ख राज्य, मराठा राज्य, जाट राज्य आदि शामिल हैं। साथ ही ब्रिटिश कम्पनी यहाँ व्यापार करने के लिए आई थी परन्तु यहाँ की धन, सम्पदा तथा दौलत को देखकर उन्होंने अपना आधिपत्य स्थापित करना शुरू कर दिया।



भारत में 700ई से 1750ई तक बहुत सारी इमारतों का निर्माण हुआ। इमारतों में हम देखें तो बहुत ही सुन्दर और मजबूत इमारतें है जिनमें प्राचीन तकनीकों का प्रयोग किया गया है। ये अभी तक अपने अस्तित्व को बनाए हुए हैं। इनमें कई मंदिर, किले, भवन, व शहर शामिल थे।

इन 1000 सालों में व्यापारी नगर जैसे मुस्लिपट्टम, हम्पी, सूरत आदि भी बनें। शिल्पकारों के विषय में बात करें तो विभिन्न धातुओं और पत्थरों की बनी वस्तुओं पर नक्काशी और कारीगरी प्रसिद्ध रही।

अंत में हम कह सकते है कि गुप्त शासन के अंत से मुगल शासन के अंत तक बहुत सारे सामाजिक, आर्थिक, राजनितिक, धार्मिक, कलात्मक, और प्रशासनिक परिवर्तन देखने को मिले। इसके बाद भारत में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपनी जड़े मजबूत की और अपनी शासन व्यवस्था को स्थापित करना शुरू किया जिसका अध्ययन हम कक्षा 8 में करेंगे।

अध्याय 2

‘कम्पनी की सत्ता की स्थापना’

व्यापार से साम्राज्य तक

हम क्या सीखेंगे

- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी का भारत में आने का समय और कारण।
- कैसे एक व्यापारिक कम्पनी सबसे शक्तिशाली हो गयी और अंग्रेज एक विशाल साम्राज्य के स्वामी बन गए। और उन्होंने अपने शासन का विस्तार किस प्रकार किया ?

आपके सवाल

इस पाठ के बारे में आपके मन में क्या सवाल उठ रहे हैं ? जो भी सवाल उठ रहे हैं, उन्हें यहाँ लिखिए और उनका उत्तर ढूँढने की कोशिश कीजिए, इसमें आप शिक्षक की, अपने साथियों की मदद ले सकते हैं या फिर स्वयं कोशिश कर सकते हैं।

____

____

____

____

____

हम जानते हैं

हमारे देश के इतिहास में कई राज्य और साम्राज्य रहे हैं। जब एक शासक बहुत सारे राज्यों पर राज करता हैं, तो वो एक साम्राज्य का **सम्राट** कहलाता हैं। साम्राज्य में खेती होती थी, कारीगर चीजें बनाकर बेचते थे और आस पास के राज्यों से व्यापार भी होता था। इस इलाके के लोग दूसरे इलाकों जैसे पर्शिया, मेसोपोटामिया के साथ व्यापार करते थे।

भारत में सोलहवी शताब्दी में बाबर के आने के बाद मुगलों का शासन शुरू हुआ जो उन्नीसवी शताब्दी तक चला। मुगल शासक जहाँगीर के शासन काल में इग्लैंड की एक व्यापारी कंपनी, ईस्ट इंडिया कंपनी भारत आई। कंपनी व्यापार के लिए भारत आई थी लेकिन धीरे-धीरे शासक बन बैठी।

आओ कदम बढ़ाएँ

प्राचीन समय से ही व्यापारी व्यापार करने के लिए भारत आते थे। क्या आज भी दूसरे देशों से लोग भारत व्यापार करने आते हैं ? पता कीजिये अब वो क्या खरीदने आते है ?

छात्र अखबारों से ऐसे समाचारों की कटिंग लेकर आ सकते है। कोलाज के द्वारा प्रस्तुत करे और बताए आज दूसरे देश के लोग हमारे देश से क्या - क्या खरीद रहे है?

भाग 1

ईस्ट इंडिया कंपनी का आना

फोकस प्रश्न

इस भाग को पढ़ते समय यह जानने की कोशिश करेंगे कि : अंग्रेजो ने भारत में अपनी पकड़ कैसे बनाई ?

मुख्य घटनाएं

- 1498 में वास्को डी गामा भारत आए। वह पहले यूरोपीय थे जो समुद्र के रास्ते से भारत आये।
- 1600 में महारानी द्वारा चार्टर निकाला गया, जिसमें कहा गया कि इंग्लैंड से सिर्फ ईस्ट इंडिया कंपनी को ही भारत में व्यापार करने का हक है।
- 1651 में पहली ब्रिटिश फैक्ट्री हुगली (कलकत्ता के पास) में बनी।

शब्द निर्माण

स्वामी : मालिक

साम्राज्य : एक शासक की सत्ता में जब कई राज्य आते हैं तो उस क्षेत्र को साम्राज्य कहते हैं। साम्राज्य, राज्य से बड़ा होता है।

प्राचीन : पुराना

मुनाफा : लाभ

पतन : कमजोर पड़ जाना

भारत प्राचीन काल से ही दुनियाभर में अपने बारीक सूती कपडे, रेशम के काम तथा मसालों के लिए प्रसिद्ध रहा है और हमेशा से दूर देशों के लोग भारत व्यापार करने के लिए आते रहे हैं।

1498 में पुर्तगाल के खोजी यात्री 'वास्को द गामा' ने भारत तक पहुँचने के समुद्री रास्ते का पता लगाया। और धीरे-धीरे यूरोप से अन्य व्यापारी भी व्यापार करने के लिए भारत आए। जैसे - फ्रांसीसी, पुर्तगाली, डच और ब्रिटिश।

यूरोपीय कम्पनियों के बीच मुकाबला काफी बढ़ गया और सभी भारत के व्यापार पर अपना अधिकार स्थापित करना चाहते थे। वे एक-दूसरे के रास्ते में रुकावटे खड़ी कंरने लगे जैसे माल से-लदे जहाजों को डुबो देना, लूट लेना आदि।

सोंचो, अगर आप एक बहुत बड़े कपड़े के व्यापारी है और कई देशों से व्यापारी आपके पास कपड़ा खरीदने आते है और सबको एक जैसा कपड़ा चाहिए हो तो ऐसे में आप किन बातों का ध्यान रखेंगे ?

____

शिक्षक संकेत

शिक्षक कोशिश करें की सभी बच्चों से उनके उत्तर पूछे और अंत में यह समझ देने की कोशिश करे किन तरीकों से विदेशी कंपनियों ने भारतीय राजाओं से व्यापार करने का अधिकार पाया?

प्रश्न 1 : क्या आप सभी देशों के साथ व्यापार कर सकते हैं? क्यों/क्यों नहीं?

उत्तर 1 : ____

____

____

प्रश्न 2 : आप अपने सामान की कीमत कैसे तय करेंगे?

उत्तर 2 : ____

____

____

प्रश्न 3 : यहाँ पर ये भी सोचने वाली बात है की हर व्यापारी आपसे कपड़ा खरीदना चाहता है तो वे क्या - क्या तरीके अपनाएँगे जिससे कि आप सिर्फ उनसे व्यापार करें?

उत्तर 3 : ____

____

____

____

सन 1600 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने इंग्लैंड के महारानी एलिजाबेथ प्रथम से चार्टर (अनुमति) हासिल कर लिया जिससे कम्पनी को पूरब में व्यापार करने का एकाधिकार मिल गया इसके अनुसार इंग्लैंड की और कोई कम्पनी अब भारत से व्यापार नही कर सकती थी। ये चार्टर सिर्फ इंग्लैंड की कम्पनियों पर लागू था जबकि यूरोप के अन्य देशों से व्यापारी भारत के साथ व्यापार के लिए आते रहे।

1608 में अंग्रेजी जहाज भारत पहुंचे और सर थॉमस रो को मुगल सम्राट जहाँगीर ने सूरत में फैक्ट्री स्थापित करने की अनुमति दे दी। जिन्हें फैक्ट्री कहा जाता था वे असल में गोदाम या वेयरहाउस थे जहाँ निर्माण होने वाली चीजों को जमा किया जाता था। भारत के तटीय इलाकों पर धीरे धीरे इस प्रकार की फैक्ट्रीज बनती गई - मद्रास में 1639 में और फिर बॉम्बे में 1668 में।

अंग्रेजों का एक व्यापरी से शासक में विकसित होना उनके बंगाल आने पर हुआ।

शब्द निर्माण

प्रतिस्पर्धा : आगे निकलने की चाहत

एकाधिकार : किसी एक का अधिकार

निर्माण : दूसरे देशों को भेजने वाला सामान बनाना

शुल्क : टैक्स, कर, राजस्व

ईस्ट इंडिया कम्पनी का बंगाल में आगमन –

आओ एक दिलचस्प कहानी सुनते हैं?

पहली ब्रिटिश फैक्ट्री 1651 में हुगली नदी के किनारे शुरू हुई। कंपनी के व्यापारी यही से अपना काम चलाते थे। और यहीं पर उनके दफ्तर थे जिनमें कंपनी के अफसर बैठते थे। 1696 तक कंपनी ने इस आबादी के चारों तरफ एक किला बनाना शुरू कर दिया था। 2 साल बाद उसने मुगल अफसरों को रिश्वत देकर तीन गांवों की जमींदारी भी खरीद ली।

इनमें से एक गांव कालीकाता था जो बाद में कलकत्ता बना। अब इसे कोलकाता कहा जाता है।

कंपनी ने मुगल सम्राट औरंगजेब को इस बात के लिए भी तैयार कर लिया कि वह कंपनी को बिना शुल्क 'कर' चुकाए व्यापार करने की अनुमति दे दे। कंपनी ज्यादा से ज्यादा रियासतें हासिल करने के लिए पहले से मौजूद अधिकारों का फायदा उठाने में लगी हुई थी। शुल्क न चुकाने से बंगाल में राजस्व वसूली कम हो गई जिसका बंगाल के नवाब विरोध करने लगे जिससे कंपनी और बंगाल के नवाब के बीच टकराव काफी बढ़ गया।

औरंगजेब की मृत्यु के बाद बंगाल के नवाबों ने कंपनी को छूट देने से मना कर दिया और कंपनी से व्यापार के बदले शुल्क और भेंट मांगी और किलेबंदी को बढ़ाने से रोक दिया। कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया और कहा राजस्व की वसूली कम होने से नवाबों की ताकत कमजोर पड़ रही है। जबकि दूसरी तरफ कंपनी टैक्स (शुल्क) चुकाने को तैयार नही थी। वह अपना व्यापार ज्यादा फैलाना चाहते थे जिसके लिए उन्हें ज्यादा गांव खरीदने थे और किलों को बनाना था।

नवाब, कंपनी कि इन मांगों के लिए तैयार नहीं थे जिसके कारण 1757 में प्लासी का युद्ध बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला और कंपनी के बीच में हुआ।

सिराजुद्दौला ने कंपनी को मिलने वाली छूट को बंद कर दिया और उनके किलों को अपने कब्जे में ले लिया। ऐसा होते देख कंपनी ने मद्रास से अफसर रॉबर्ट क्लाइव और उनकी सेना को बुलाया जिसके परिणामस्वरूप 1757 में प्लासी का युद्ध हुआ। इसमें बड़ी सेना होने के बाद भी बंगाल के नवाब सिराजौदुल्ला की हार हुई क्योंकि उसके एक सेनापति मीर जाफर की सेना की टुकडी ने युद्ध में हिस्सा नही लिया।

महत्वपूर्ण घटनाएँ –

- 1757 – प्लासी का युद्ध
- 1764 – बक्सर की लड़ाई
- 1765 – कंपनी को बंगाल की दीवानी मिली

शब्द निर्माण

उद्देश्य : मकसद, इरादा
शर्तें : मांगे
नियन्त्रण : वश में रखना

प्लासी की जीत इसलिए बड़ी थी क्योंकि यह भारत में कंपनी की पहली महत्वपूर्ण जीत थी। कंपनी का उद्देश्य अभी भी सिर्फ व्यापार करना था इसलिए वह अपनी जरुरत के हिसाब से नवाब बदलते थे। तब भी नवाब उनसे बगावत करते थे जैसा कि बक्सर के युद्ध से पता चलता है।

बक्सर के युद्ध के बाद नवाबों पर शर्तें रखने के बाद भी कंपनी के लिए हालत सुधरे नहीं, तब क्लाइव ने कहा "अब हमें खुद ही नवाब बनना पड़ेगा!"

बंगाल की दीवानी

1765 में मुगल सम्राट ने कंपनी को ही बंगाल प्रांत का दीवान बना दिया। बंगाल विशाल और आर्थिक रूप से सम्पन्न क्षेत्र था। बंगाल की दीवानी से न केवल अंग्रेजों को कर के रूप में पैसे बल्कि जमीन/संसाधन/सामाजिक शासन पर भी अधिकार मिल गया। अब भारत से होने वाली आमदनी के सहारे ही कंपनी अपने खर्चे चला सकती थी। इसका एक मतलब तो यही था कि कंपनी के पास अब सत्ता और साधन दोनों थी। जहाँ पहले कंपनी बंगाल के नवाबों को तोहफे देती थी वहीं अब बंगाल के नवाब उन्हें तोहफे देते थे।

यहीं से साम्राज्य स्थापित करने का दौर शुरू हुआ।

भारत में अंग्रेजों की फैलती सत्ता (मानचित्रों में देखकर पता लगाएं अंग्रेजी की सत्ता कहाँ तक फैली)

1797 में भारत



1840 में भारत



1857 में भारत

Source: NCERT, 2017

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : राजस्व कम होने से बंगाल के नवाबों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ा ?

उत्तर 1 : ______________________________

____

____

प्रश्न 2 : क्या आज भी सरकार लोगों और कम्पनियों से टैक्स लेती है ? क्यों ?

उत्तर 2 : ______________________________

____

____

प्रश्न 3 : कंपनी अपने खुद के नवाब क्यों बनाना चाहती थी ? इससे उसे क्या फायदा हुआ ?

उत्तर 3 : ______________________________

____

____

भाग 2

कंपनी से साम्राज्य की कहानी

फोकस प्रश्न

शासन विस्तार के लिए कंपनी ने कौन-कौन सी नीतियाँ अपनाई और उनका क्या परिणाम निकला ?

प्लासी और बक्सर का युद्ध जीतने के बाद कंपनी के हौसले बुलंद थे और अब वह ज्यादा से ज्यादा भारतीय राज्यों पर अधिकार करना चाहते थे लेकिन अभी भी किसी से लड़ना नहीं चाहते थे । वे किसी भी भारतीय रियासत पर कब्जा करने से पहले वहां के राजनीतिक और आर्थिक हालात का जायजा लेते और राज्यों पर अधिकार स्थापित करने और शासन विस्तार के कुछ तरीके अपनाते जैसे-

रेजिडेंट तैनात करना

कंपनी ने भारतीय रियासतों में रेजिडेंट तैनात कर दिए जो वहां पर कंपनी के प्रतिनिधि होते थे। इनका काम कंपनी के हितों की रक्षा करना और उन्हें आगे बढ़ाना था।

रेजिडेंट के माध्यम से अब कंपनी के अधिकारी भारतीय राज्यों के भीतरी मामलों में भी दखल देने लगे थे, जैसे अगला राजा कौन होगा और कैसे राज करेगा?

सहायक संधि की नीति

कई बार कंपनी रियासतों पर सहायक संधि भी थोप देती थी जिससे राजा को अपनी सेना रखने का अधिकार नही रहता था। उसे कंपनी की तरफ से सुरक्षा मिलती थी और उन्हें 'सहायक सेना' (कंपनी की सेना) का खर्चा उठाना पड़ता था। अगर कोई भारतीय शासक सहायक संधि की शर्तें पूरी नही कर पाता था, तो जुर्माने के तौर पर कंपनी उनकी रियासतों को अपने कब्जे में ले लेती थी।

सर्वोच्चता की नीति

इस नीति से कंपनी यह दावा करती थी की उसकी सत्ता सर्वोच्च (सबसे बड़ी) है, भारतीय राज्यों से भी ऊपर है। अपने हितों की रक्षा और शासन के विस्तार के लिए वह किसी भी भारतीय राज्य पर कब्ज़ा करने का अधिकार अपने पास रखती थी।

विलय नीति

1848 से 1856 के बीच लोर्ड डलहौजी, जो कंपनी के गवर्नर जनरल थे, उन्होंने **विलय की नीति** अपनाई, जिसके अनुसार अगर कोई शासक मर जाता है और उसका कोई पुत्र वारिस नही हो, तो उसकी रियासत कंपनी ले लेगी।

क्रियाकलाप – कल्पना कीजिये

आप नवाब के भतीजे/भतीजी है, और आपको बचपन से यह कहा गया है कि आप एक दिन राजा बनेंगे, लेकिन विलय नीति के कारण अंग्रेज आपको राजा नही बनने देंगे। ऐसे में आप क्या करेंगे?

इस नीति के आधार पर कंपनी ने कई रियासतों को अपने कब्जे में लिया, जिससे उन रियासतों के राजाओं में बहुत रोष और गुस्सा था जो 1857 कि क्रांति/विद्रोह के मुख्य कारणों में से एक था।

शिक्षक संकेत

शिक्षक छात्रों को स्वतन्त्र रूप से सोचने और अपने विचार प्रकट करने दे तथा उन्हें उस समय के राजाओं की स्थिति समझने को कहें।

भारतीय राज्यों पर कब्जा जमाने के तरीकों को लेकर विरोध

अंग्रेजों को कई विरोधों का सामना करना पड़ा जैसे सर्वोच्चता की नीति की वजह से कित्तूर (कर्नाटक) की रानी चेनम्मा और संगोली के एक गरीब चौकीदार रमन्ना का विरोध।

पंजाब में भी महाराजा रणजीत सिंह ने कंपनी पर कब्जा नही करने दिया लेकिन उनकी मृत्यु के बाद पंजाब पर कब्जा कर लिया गया।

सहायक संधि को लेकर अंग्रेजो को मैसूर के शासक टीपू सुल्तान, जिन्हें 'शेर-ए-मैसूर' कहते है, से कड़ी टक्कर लेनी पड़ी। कंपनी और टीपू सुल्तान के बीच चार बार जंग हुई जिसमें श्रीरंगपट्टम की अंतिम लड़ाई में टीपू सुल्तान की हार हुई। उनकी हार के बाद ही मैसूर पर भी सहायक संधि थोप दी गई।

मराठों से भी कंपनी को हमेशा दिक्कतें हुई।

1857 में भारतीय बगावत का एक मुख्य कारण अंग्रेजों के शासन विस्तार करने के ये तरीके भी थे।

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : खाली स्थान भरिए -

1. ________________ को शेर-ए-मैसूर भी कहते है।
2. गवर्नर जनरल ________________ ने विलय की नीति को अपनाया था।
3. रानी चेन्नमा ________________ की रानी थी और उन्होंने कंपनी के नीतियों का ________________ किया।

प्रश्न 2 : रेजिडेंट कंपनी के लिए कैसे मददगार थे ?

उत्तर 2 : ____

____

____

प्रश्न 3 : सहायक संधि और विलय नीति के बीच एक बड़ा अंतर क्या है ?

उत्तर 3 : ____

____

____

प्रश्न 4 : दिए गए भारत के मानचित्र पर अंग्रेजो द्वारा अधिग्रहण किए गए राज्यों को चिन्हित कीजिए।

1. सहायक संधि द्वारा - लाल से
2. विलय नीति द्वारा - नीले से
3. लड़ाई द्वारा - पेंसिल से



Source: http://d&maps-com/m/asia/india/inde/inde35-gif

भाग 3

नई शासन व्यवस्था

फोकस प्रश्न

कंपनी ने शासन को स्थायी रूप से चलाने **के लिए क्या-क्या कदम उठाए ?**

महत्वपूर्ण घटनाएँ -

- 1772 में नई न्याय व्यवस्था आई।
- 1773 में रेग्युलेक्टिंग एक्ट आया।

भारतीय राजाओं और रियासतों का भारी विरोध देखते हुए कंपनी को यह समझ आ गया था कि उन्हें अब अपनी नीतियों में कुछ बदलाव करने की जरूरत थी।

उन्होंने ब्रिटिश इलाकों को मोटे तौर पर प्रशासकीय इकाइयों या 'समूह' में बाँटा जिन्हें प्रेजीडंसी कहा जाता था। उस समय तीन प्रेजीडंसी थी - बंगाल, मद्रास, और बम्बई। हर एक का शासन गवर्नर के पास होता था और सबसे ऊपर गवर्नर जनरल होता था।

1772 से एक नई न्याय व्यवस्था स्थापित हुई , जिसके तहत हर जिले में दो अदालतों की स्थापना हुई -

1. फौजदारी
2. दीवानी अदालत।

वे दोनों कलेक्टर की निगरानी में काम करते थे। भारतीय जिले में कलेक्टर का पद सबसे बड़ा था। उसका मुख्य काम लगान और कर इकट्ठा करना तथा कानून व्यवस्था बनाने में सहयोग देना।

1773 में रेग्युलेटिंग एक्ट के तहत एक नए सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना की गई। इसके अलावा कलकत्ता में अपीलीय अदालत - सदर निजामत अदालत की भी स्थापना की गई।

कंपनी की असली ताकत सैनिक थे इसलिए उन्होंने सैनिकों के प्रशिक्षण ('ट्रेनिंग') पर ज्यादा ध्यान दिया। उन्होंने सिपाहियों को यूरोपी ढंग का प्रशिक्षण, अभ्यास और अनुशासन सिखाया।

इन सब नीतियों के बल पर ईस्ट इंडिया कंपनी एक व्यापारिक कंपनी से बढ़ते-बढ़ते एक भौगोलिक औपनिवेशिक शक्ति बन गई।

1857 तक भारतीय उपमहाद्वीप के 63 प्रतिशत भूभाग और 78 प्रतिशत आबादी पर कंपनी का सीधा शासन स्थापित हो चुका था।

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : सही (✓) विकल्प को चुनिए –

A. इनमें से कौन सी एक मुख्य प्रेजीडेंसी नहीं थी?

1. बंगाल ____________
2. बिहार ____________
3. मद्रास ____________
4. बम्बई ____________

B. हर जिले में न्याय व्यवस्था के लिए कितनी अदालत होती थी –

1. चार ____________
2. तीन ____________
3. दो ____________
4. एक ____________

C. रेग्युलेक्टिंग एक्ट कब आया था –

1. 1775 ____________
2. 1773 ____________
3. 1771 ____________
4. 1778 ____________

प्रश्न 2 : कंपनी ने भारतीय सैनिकों के प्रशिक्षण पर इतना जोर क्यो दिया? इससे उन्हें क्या फायदा हुआ होगा?

उत्तर 2 : ____

____

____

अभ्यास

प्रश्न 1 : सोचिये औए बताइए यदि अंग्रेजो को भारत में व्यापार करने की अनुमति नहीं होती तो क्या होता?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : क्या आज भी भारत में कलेक्टर का पद है? आज कल इस पद को किस नाम से जाना जाता है? उनके किन्ही दो कामों के बारे में पता लगाऐ और लिखें।

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : ईस्ट इंडिया कंपनी भारत क्या करने आई थी और किस प्रकार शासन करने लगी? संक्षिप्त में लिखिए।

उत्तर 3 :

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

अध्याय 3

आदिवासी, दीकु और एक स्वर्ण युग की कल्पना

हम क्या सीखेंगे

- आदिवासी वह लोग हैं जो जंगलों में रहते हैं और जंगलों का उनके जीवन में बहुत महत्त्व है।
- ईस्ट इंडिया कंपनी का जंगलों पर और उसके द्वारा आदिवासियों पर नियंत्रण था।
- आदिवासियों ने इस नियंत्रण का विरोध किया।

आपके सवाल

इस विषय के बारे में आपके मन में क्या सवाल उठ रहे हैं? जो भी सवाल उठ रहे हैं, उन्हें यहाँ लिखिए और उनका उत्तर ढूँढने की कोशिश कीजिए, आप शिक्षक की, व अपने साथियों की मदद ले सकते हैं या फिर स्वयं कोशिश कर सकते हैं।

हम जानते हैं

इंग्लैंड से ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारत में व्यापार करने के लिए प्रवेश किया। लेकिन धीरे-धीरे उसने भारत की कमजोर राजनीतिक सत्ता का फायदा उठाते हुए देश के 70% भाग – पर अपना शासन स्थापित कर लिया। उनका उद्देश्य था मुनाफा कमाना और इसलिए उनकी राजनीतिक नीतियां भी उसी प्रकार की थी। इन नीतियों का किसानों, सिपाहियों और आम लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने 1857 में विद्रोह किया, जिसका एक परिणाम था ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन इंग्लैंड की रानी को चला गया। यह होने के बाद भी भारत मे उनकी अत्याचारी नीतियाँ चलती रहीं। किसानों पर अत्याचार होते रहे, उन्होनें इन नीतियों का विरोध किया, जैसे मार्च 1859 का नील विद्रोह जिसमें हजारों किसानों ने खेती करने से इंकार कर दिया, जमींदारों ने भी उनका साथ दिया क्योंकि वे ब्रिटिश शासन की नीतियों से तंग आ गए थे। ऐसा लगता था कि ब्रिटिश शासन भारत में उपलब्ध खेती की जमीन और लोगों को बस अपने मुनाफे के लिए इस्तेमाल करना चाहते थे।

आओ सोचे कि भारत के जंगल-प्राकृतिक संसाधनों एवं संपदा से भरे पड़े थे, इनको इस्तेमाल करने के लिए ब्रिटिश शासन ने क्या किया?

आओ कदम बढ़ाएं

आओ मिलकर सोचे एक व्यापार करने वाली कंपनी को जंगल व वनों से क्या फायदा हो सकता था? वे क्यों जंगलों पर काबू पाना चाहते थे? पहले खुद सोच कर नीचे जवाब लिखें और फिर पूरी कक्षा में चर्चा कीजिए।

भाग 1

आदिवासी समूह

फोकस प्रश्न

आदिवासी जीवन जीने के लिए क्या-क्या करते थे? उनका जीवन शहर में रहने वालों के जीवन से कैसे अलग है?



डोंगरिया कोंड आदिवासी समूह से औरतें

आदिवासी का मतलब ‘मूल निवासी’ होता है. ये ऐसे समुदाय हैं जो जंगलों और प्रकृति के साथ करीबी रिश्ता रखते हैं, प्रकृति के साथ जीते आए हैं और जी रहे हैं । आदिवासियों के भीतर साझा समुदाय की भावना बहुत मजबूत होती है और ऊंच नीच का फर्क बहुत कम होता है।आदिवासी समुदाय के लोग हमारे देश के अलग-अलग भागों में रहते हैं। हर समुदाय अलग नाम से जाना जाता हैः

भारत में कुछ आदिवासी समुदायों के इलाके

जनजाति का नाम	जगह
गद्दी	कुल्लू
संथाल	राजमहल की पहाड़ियां
अश्व	छोटा नागपुर
मुंडा	छोटा नागपुर
वन गुर्जर	पंजाब के पहाड़
लबाडिया	आंध्र प्रदेश
बक्करवाल	कश्मीर
गोंड	उड़ीसा के जंगल

आदिवासियों का जंगलों से बहुत गहरा संबंध है, वो जंगल को अपना देवता मानते हैं। वे आवश्यकता से अधिक वन के उपज का उपभोग नहीं करते थे। उन्हें वनों से न केवल भोजन मिलता था, बल्कि औषधि, औजार, सुरक्षा, इत्यादि अन्य प्रकार के भी फायदे थे। इसलिए भी वो वनों का आदर और सम्मान करते है।

अलग-अलग आदिवासी समुदाय जीवन बिताने और अपना पोषण करने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते थे जैसेः

- झूम घुमंतू खेती करना।
- जंगली जानवरों / मछली का शिकार करना।
- जानवरों को पालना।
- वन व जंगल से मिलने वाले पदार्थों / चीजों को बेचना।
- आसपास के गाँव / या शहर में मजदूरी करना।

झूम खेतीः झूम खेती को घुमंतू खेती भी कहा जाता है। इसमें जंगल के एक छोटे भाग पर जमीन पर उगी घास फूस को जलाकर साफ कर देते हैं और आग के जलने पर पैदा हुई राख को खाली जमीन पर छिड़क देते हैं जिससे मिट्टी उपजाऊ हो जाती हैं। आज के किसानों की तरह वे खेत की जुताई नहीं करते थे बस बीज को खेत में बिखेर देते थे, जब एक बार फसल काट लेते थे तो वह उस जगह से दूसरी जगह चले जाते थे। घुमंतू किसान मुख्य रूप से पूर्वोत्तर और मध्य भारत की पर्वतीय व जंगली क्षेत्रों में ही रहते थे।

शिकारी और संग्राहक : बहुत सारे इलाकों में आदिवासी समुदाय के लोग पशुओं का शिकार करके, जंगलों से मिलने वाली चीजों को इकट्ठा करके जीवन बिताते थे। वे जंगलों से मिलने वाले फल और जड़ें खाते थे और जंगलों से इकट्ठा हुई चीजों को आसपास के बाजारों में बेच देते थे। बाजार में व्यापारी उनसे चीजों की मांग करते थे जैसे कपड़े और चमड़े की रंगाई के लिए उनसे कुसुम और पलाश के फूल मंगवाते थे।

पशुपालन : बहुत सारे आदिवासी समूह जानवरों को पाल कर भी अपनी जिंदगी चलाते थे। वह मौसम के हिसाब से अपने जानवरों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते थे और घास खत्म होने पर वे दूसरे इलाकों में चले जाते थे।

आसपास के गाँव में खेती : जब जंगल से चीजें कम मात्रा में मिलती है, तब, आदिवासी आस-पास के गाँव में काम ढूंढते है। कुछ बोझ उठाने का काम करते है, कुछ सड़क बनाने का काम करते है और कुछ खेतों में मजदूरी करते है।

एक जगह रुक कर खेती करना : उन्नीसवी सदी से पहले ही बहुत सारे आदिवासी समूह एक जगह पर रुक कर खेती करने लगे थे।वे खेती के लिए हलों का इस्तेमाल करते थे और धीरे धीरे जमीन पर अधिकार लेने लगे जिससे उनके जीवन में स्थायीपन आया।

ब्रिटिश अफसरों को एक जगह पर रुक कर खेती करने वाले आदिवासी समूह, शिकारी-संग्राहक या घुमंतू आदिवासी समूह के मुकाबले ज्यादा सभ्य दिखाई देते थे। जंगलों में रहने वाले उन्हें जंगली और असभ्य लगते थे। अंग्रेजों को लगता था कि उन्हें स्थायी रूप से एक जगह बसाना और सभ्य बनाना जरूरी था।

प्रश्न 1 : क्या आप बता सकते हैं, अंग्रेजों की इस सोच में क्या गलत है ?

उत्तर 1 :

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : आदिवासी अपना जीवन यापन किस तरह करते है ? किसी एक के बारे में विस्तार से लिखिए।

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : ऐसा क्यों था कि कुछ आदिवासी समूह ज्यादा समय तक एक जगह पर रुक कर खेती नहीं करते थे ? उनके खेती करने के तरीके अन्य लोगों के तरीकों से कैसे अलग हैं ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : आदिवासी लोग ज्यादातर जंगलों में ही क्यों रहते थे उनके जीवन में जंगलों का इतना महत्व क्यों था ?

उत्तर 3 :

भाग 2

ब्रिटिश शासन का प्रभाव

फोकस प्रश्न

ब्रिटिश शासन में आदिवासी लोगों के जीवन में क्या-क्या बदलाव आए ?

आदिवासी समूह में हर समूह का एक मुखिया होता था जिसका स्थान सबसे ऊपर था। वह सबसे ज्यादा शक्तिशाली था तथा पूरे इलाके पर उसका नियंत्रण रहता था। पर ब्रिटिश शासकों ने मुखिया की शक्ति को कम करना चाहा।

वे ऐसा क्यों करना चाहते होंगे ? सोचिए और लिखिए।

शब्द निर्माण

समर्थन : किसी चीज पर साथ देना, मान लेना

राजस्व : राज्य से मिलने वाली आमदनी

उनकी शक्ति कम करने के लिए, ब्रिटिश शासन ने उनको समूह का मुखिया तो रहने दिया पर उनसे स्वयं राज करने की शक्ति छीन ली और उनसे ब्रिटिश शासन का नीतियों को समर्थन करने को और हर समूह को राजस्व देने को कहा।

घुमंतु/झूम किसान – अंग्रेजो के लिए सबसे बड़ी बाधा घुमंतु खेती करने वाले थे क्योंकि वह एक जगह ठहर कर नहीं रहते थे, घूम कर खेती करते थे और अंग्रेज अपने शासन के लिए आमदनी का नियमित आधार चाहते थे। इसलिए उन्होंने जमीन के बारे में कुछ नियम लागू कर दिए। जमीन मापकर प्रत्येक व्यक्ति का हिस्सा तय कर दिया और लगान की कीमत भी तय कर दी थी।

ऐसा नियम घुमंतु किसानो के लिए क्यों हानिकारक साबित हुआ होगा ?

दिकु किसे कहते थे?

आदिवासियों का जीवन जंगल से गहरी तरह जुड़ा हुआ है और वो अपने समूह के लोगों से बहुत करीबी रिश्ते रखते थे।

वे लोग जो जंगलों में नहीं रहते थे और आदिवासियों से व्यापार करने और उन्हें अपना गुलाम बनाने जंगलों में जाते थे, उन्हें आदिवासी 'दिकु' कहते हैं। अंग्रेज, व्यापारी, जमींदार इत्यादि दिकु कहलाते थे।

घुमंतु किसानो को एक जगह रुककर खेती करने में बहुत मुश्किल हुई क्योंकि : जिस जगह वो रुक कर स्थायी खेती करते थे, वहां जमीन में पानी की कमी के कारण अच्छी फसल नहीं होती थी। झूम किसान अपने ढंग से जीने की मांग पर टिके रहे तो ब्रिटिश सरकार को आखिरकार उनकी बात माननी पड़ी और उन्हें जंगल के कुछ हिस्से में घुमंतु खेती की अनुमति दे दी।

वन कानून का प्रभाव:

सुझाव के तौर पर क्रियाकलाप – आज आप सब एक स्थायी जगह घर में रहते है और आपके परिवार के सदस्य भी घर चलाने के लिए कहीं नौकरी या कोई व्यापार करते होगें। लेकिन कल कोई आए और आपके परिवार से यह कहे कि जिस घर में आप रहते हैं वह घर खाली करना है और नई नौकरी भी ढूंढ लो तो आपको कौन-कौन सी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, सोचिए और लिखिए।

छात्र अपने विचार पहले यहाँ लिखें फिर कक्षा में छोटे समूह बनाकर चर्चा करें।

शब्द निर्माण

शक्तिशाली : मजबूत

राजस्व : राज्य को दिया जाने वाला कर

नजराना : तोहफे, गिफ्ट

आमदनी : पैसा, टैक्स

तो आपने देखा जब कोई हमारे घर से हमें निकाल दे तो कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही कुछ उस समय आदिवासियों के साथ हुआ था जिनका सब कुछ जंगल था, उन्हें उनके घर (जंगल) से निकाल दिया गया। ब्रिटिश सरकार ने जंगलों को राज्य की संपत्ति घोषित कर दिया और इसकी वजह से आदिवासियों से उनके जंगल के हक छीन लिए गए। यह ब्रिटिश अधिकारियों ने नए वन कानून के द्वारा किया।

जंगलों से अंग्रेजों को क्या-क्या संपत्ति मिल सकती थी?



आदिवासियों के जीवन पर इस नए वन कानून का क्या प्रभाव पड़ा होगा?

अग्रेंजों को जंगलों से कई सारी चीजें मिलती थी जैसे रेल-गाड़ी के लिए लकड़ी। वन कानून से आदिवासी जंगल के बाहर हो गए पर अंग्रेजों को एहसास हुआ कि उन्हें लकड़ी काटने के लिए और जंगलों की देख-भाल के लिए मजदूरों की जरुरत है इसलिए उन्होंने आदिवासी घुमंतु / झूम किसानों को जंगल में थोड़ी जमीन पर खेती करने की छूट दी और शर्त यह रखी कि उन्हें ब्रिटिश वन विभाग के लिए मजदूरी करनी होगी और जंगल की देखभाल करनी होगी। इससे अंग्रेजों को सस्ती कीमत पर मजदूर भी मिल गए। कई आदिवासी समूह इन नियमों को मानने लगे पर दूसरी तरफ बहुत सारे आदिवासी समूहों ने इन नियमों को मानने से मना कर दिया और इनका विरोध किया।

काम की तलाश में घर से दूर गए आदिवासियों की स्थिति और भी खराब हो गई थी, ठेकेदार उन्हें बहुत कम वेतन देते थे और उन्हें घर भी वापस नहीं जाने देते थे, वहीं दूसरी तरफ उन पर कर्जा भी बहुत ज़्यादा हो गया था।

बैगा आदिवासी समूह में लिखा गीत

"अंग्रेजों के इस देश में जीना कितना कठिन है"
अंग्रेजों के इस देश में जीना कितना है मुश्किल
जीना कितना है मुश्किल
जमींदार बैठा है गाँव में
दरवाजे में कोतवाल
बगीचों में पटवारी
खेतों में सरकार
अंग्रेजों के इस देश में जीना कितना है मुश्किल
पशु कर ऐडा करने के लिए बेचते हैं गाय
तो भैंस बेचते हैं जंगल कर के लिए
बैलों को बेच कर ऐडा करते हैं लगान
भोजन पाएं कहाँ से
अंग्रेजों के इस देश में

वेरियर एल्विन एवं शामराव हिवाले, सोंग्स ऑफ दि मैकल, प्रष्ट 316

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : घुमंतू/झूम किसानों को एक जगह बसाना अंग्रेजों के लिए जरूरी क्यों था?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : अंग्रेजों ने जंगलों को 'राज्य की संपत्ति' क्यों घोषित किया?

उत्तर 2 : ____________________

प्रश्न 3 : दी गई कविता को पढ़ कर आपको ब्रिटिश शासन में आदिवासी जीवन के बारे में क्या पता चलता है ?

उत्तर 3 : ______________________________

____

____

भाग 3

'स्वर्ण युग' के लिए आदिवासियों का विरोध

फोकस प्रश्न

आदिवासी समाज से कब और किसने अंग्रेजों का विरोध किया और कैसे ?

उन्नीसवी (19th) शताब्दी में चाय बगान और खनन उद्योग शुरू हो गए और यहाँ आदिवासियों को मजदूरों के तौर पर रख लिया गया। उनके काम करने की परिस्थितियाँ बहुत बुरी थी और उनकी आमदनी भी बहुत कम थी। ये कहना कि उनपर अत्याचार हो रहा था, गलत नहीं होगा।

आदिवासी कोयला खनिक के मजदूर, 1948

आदिवासी समूह व्यापारियों पर भी शक करने लगे थे। जैसे-जैसे ईस्ट इंडिया का व्यापार बढ़ा, भारतीय व्यापारी और उनके आदमी आदिवासियों से ज्यादा वन उत्पादों की मांग करने लगे। उससे वन सम्पति का विनाश होने लगा जो आदिवासियों के लिए काफी नुकसानदायक था।

आदिवासियों का व्यापार में नुकसान

अठाहरवी (18th) शताब्दी में भारतीय रेशम की यूरोप के बाजार में बहुत मांग थी, उसको पूरा करने के लिए भारत में रेशम का उत्पादन बढ़ा दिया गया। हजारीबाग नाम की एक जगह में संथाल आदिवासी समूह, कच्चे रेशम का कोवा उगाते थे।

रेशम व्यापारी के प्रतिनिधि आदिवासियों को ये उगाने के लिए पैसे देते थे और फिर 1000 कच्चे रेशम के कोवों को उनसे 3-4 रुपए में लेते थे, फिर उसी चीज को जाकर दूसरे शहर में पाँच गुना दाम में बेचते थे। जो आदिवासी रेशम उगाते थे, उन्हें बहुत कम पैसे मिलते थे।

आदिवासियों ने उन्नीसवी (19th) और बीसवी (20th) शताब्दी के दौरान अपने स्तर पर इन कानूनों और इस स्थिति का पूरा विरोध किया।

कुछ मुख्य विद्रोह -

1. संथाल विद्रोह - बंगाल में (1855)
2. बिरसा विद्रोह - छोटा नागपुर (1895)
3. वर्ली विद्रोह - महाराष्ट्र में (1948)
4. बस्तर विद्रोह - मध्य भारत (1910)

वैसे तो पूरे देश में ही आदिवासी विरोध कर रहे थे लेकिन इन विरोधों में छोटानागपुर का बिरसा मुंडा द्वारा विरोध काफी प्रभावशाली था। बिरसा, जिनका सम्बन्ध मुंडा समूह से था और उन्होंने बचपन से ही अपने बुजुर्गों से 'स्वर्ण युग' के बारे में बहुत कुछ सुना था। जिसमें उन पर कोई नियंत्रण नहीं था और वह स्वतंत्र थे, इसीलिए बिरसा भी अपने आंदोलन से वही 'स्वर्ण युग' लाना चाहते थे।

इसके लिए सबसे पहले उन्होंने अपने समाज को सुधारने का प्रयास किया। उन्होंने मुंडाओं से कहा कि वह शराब पीना छोड़ दें, गांव को साफ रखें और जादू टोने में विश्वास ना करें। बिरसा ने हमेशा मिशनरियों और हिंदू जमींदारों का विरोध किया क्योंकि वह कहते थे कि यह लोग मुंडा जीवन शैली को नष्ट कर रहे हैं।

बिरसा मुंडा की स्वर्ण युग की कल्पना थी जहाँ आदिवासी समूह जंगल में एक अच्छा जीवन, बिताऐ जहाँ वो सम्मान से रहें, जहाँ वो अपने भाइयों और बहनों पर अत्याचार न करें और उन्हें ना मारे। ऐसा जीवन बिरसा मुंडा को खुद की जमीन पर चाहिए था। आदिवासियों की जमीन जो उनसे छीनी जा रहा थी।

शब्द निर्माण

वन्य : वन से सम्बंधित
प्रभावशाली : अधिक असर, प्रभावी
बुजुर्ग : परिवार के बड़े - बूढ़े
स्वर्ण युग : किसी एक समूह के नजरिए से अच्छा समय
नष्ट : खत्म, बर्बाद
समर्थक : मानने वाले

अंग्रेजों को बिरसा के आंदोलन से बड़ा नुकसान और परेशानी हुई क्योंकि वह मिशनरी, महाजन, हिंदू जमींदारों और सरकार को बाहर निकाल कर मुंडा राज स्थापित करना चाहता था।

बिरसा मुंडा के विरोध से अंग्रेजों की भूमि व्यवस्था नष्ट होने की आशंका थी, इसलिए अंग्रेजों ने इस विरोध को दबाने के लिए बिरसा मुंडा को 1895 में 2 साल की सजा सुनाकर जेल में डाल दिया।

जेल से आने के बाद बिरसा मुंडा ने अपने समर्थकों को इकट्ठा किया और थानों तथा चर्च पर हमले किए, महाजनों व जमींदारों की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया। सफेद झंडा बिरसा राज्य का प्रतीक था।

बिरसा का विरोध इस बात का प्रतीक है की सरल वन्य जीवन व्यतीत करने वाले भी अपनी स्वतंत्रता और जीवन शैली को सुरक्षित रखने के लिए, सशक्त सरकार का संगठित हो कर विरोध कर सकते हैं।

प्रश्न 1 : याद करके बताइए, क्या कोई और समूह प्रतीकों का इस्तेमाल करता है? वे प्रतीकों का उपयोग क्यों करते होंगे?

उत्तर 1 : ____________________

____

____

____

____

1900 में बिरसा मुंडा की हैजा की वजह से मृत्यु हो गई और यह आंदोलन ठंडा पड़ गया। लेकिन इस आंदोलन के दो महत्वपूर्ण प्रभाव हुएः

1. सरकार को ऐसे कानून बनाने पड़े जिनसे बाहरी लोग आदिवासियों की जमीन पर आसानी से कब्जा ना कर सके।
2. इस आंदोलन से अंग्रेजों को यह समझ आ गया कि आदिवासी भी उनके खिलाफ इकट्ठा होकर विरोध कर सकते हैं जिसकी वजह से अंग्रेज आदिवासियों को महत्त्व देने लगे।

आज आजादी के इतने सालों बाद भी आदिवासियों को ऐसी ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकार विकास के कामों के लिए उन्हें जंगलों से बाहर निकाल रही है और उनकी जमीन पर कब्जा कर रही हैं। आज भी यह अपने हक और अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। इसके बारे में आप कक्षा 8 के "सामाजिक और राजनीतिक जीवन" की किताब में पढेंगे।

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : मिलान करो –

कौन सा विरोध कहां हुआ –

विद्रोह	जगह
संथाल	छोटा नागपुर में
बस्तर	महाराष्ट्र में
बिरसा	बंगाल में
वर्ली	असम में
संगमा	मध्य भारत में

प्रश्न 2 : बिरसा मुंडा किस स्वर्ण युग की बात कर रहे हैं और क्यों?

उत्तर 2 : ____________________

प्रश्न 3 : बिरसा मुंडा के विरोध से अंग्रेज क्यों घबरा गए थे?

उत्तर 3 : ____

____

____

____

____

____

____

____

____

हमने सीखा:

- आदिवासी का मतलब 'मूल निवासी' होता है. ये ऐसे समुदाय हैं जो जंगलों और प्रकृति के साथ करीबी रिश्ता रखते है. प्रकृति के साथ जीते आए हैं और जी रहे हैं। पर कुछ घटनाओं में वो जंगलों के बाहर खेती और मजदूरी भी करते हैं।
- ब्रिटिश शासन आदिवासियों के जीवन और इलाकों पर काबू पाना चाहते थे क्योंकि उसे जंगलों की सामग्री से उत्पादन (चीजें बनाना) करना था जिससे उनके शासन को लाभ हो। ऐसा करने के लिए उन्होंने ऐसे वन कानून बनाये जिसकी वजह से आदिवासियों से उनके हक छिन गए।
- अंग्रेजों ने आदिवासियों को मजदूरों के तौर पर जंगलों में रखा और कोयले की खदानों में और चाय के बगीचों में उनसे काम करवाया और बहुत अत्याचार किया। इस सब से परेशान हो कर कई आदिवासी समूहों ने विद्रोह किया पर सबसे प्रभावशाली विद्रोह था बिरसा मुंडा का, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के मन में डर दिया।

अभ्यास

प्रश्न 1 : सही विकल्प को चुने

1. बिरसा राज का प्रतीक झंडा ______ रंग का था।

   a. काला

   b. सफेद

   c. लाल

2. रेलवे स्लीपर्स बनाने के लिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा ______ की जरूरत थी।

a. लकड़ी

b. चमड़ा

c. प्लास्टिक

3. गद्दी समुदाय के लोग______ में रहते थे।

a. मध्य भारत

b. छोटा नागपुर

c. कुल्लू

4. 19वी सदी के आते-आते कई आदिवासी समूह खेती करने के लिए _____ का प्रयोग करने लगे थे।

a. हल

b. ट्रैक्टर

c. सिंचाई की विधि

प्रश्न 2 : ब्रिटिश शासन द्वारा बनाए गए वन कानूनों का आदिवासी ने क्यों विरोध किया?

उत्तर 2 : ______________________________

प्रश्न 3 : बिरसा के स्वर्ण युग आंदोलन के दो सबसे बड़े प्रभाव बताइये।

उत्तर 3 : ______________________________

प्रश्न 4 : मानचित्र कार्य -

➪ भारत के मानचित्र पर आदिवासी समुदायों से सम्बन्धित इलाको को दर्शाये।

1. संथाल
2. मुंडा
3. बक्करवाल
4. गोंड़
5. भील
6. नागा



यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

अध्याय 4

जब जनता बगावत करती है: 1857 और उसके बाद

हम क्या सीखेंगे

- ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन का भारत के शासकों, नवाबों, किसानों, सैनिको तथा आम जनता पर पड़ने वाले प्रभावों को जानना जिनकी वजह से भारतियों में विद्रोह की भावना आई।
- कम्पनी का शक्तिशाली होना और विद्रोह को दबा पाना।

आपके सवाल

इस पाठ के शीर्षक को देखकर आपके मन में क्या सवाल उठ रहे हैं? जैसे, '1857 का विद्रोह इतना मशहूर क्यों हुआ?' जो भी सवाल उठ रहे हैं, उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखें और उनका उत्तर ढूँढने की कोशिश कीजिए। इसमें आप शिक्षक की तथा अपने साथियों की मदद भी ले सकते है।

____

____

____

____

____

____

____

____

हम जानते हैं

ब्रिटिश कम्पनी यहाँ व्यापार करने के लिए आयी थी और धीरे-धीरे पूरे भारत पर अपना कब्जा कर शासन करने लगी। इसकी दमनकारी नीतियों का प्रभाव राजाओ, रानियों, किसानो, जमींदारों, सैनिकों तथा आम जनता पर पड़ा। इस पाठ में हम कंपनी की नीतियों, उसके प्रभावो और फलस्वरुप हुए विद्रोह के कारणों को जानेंगे।

आओ कदम बढ़ाएं

शिक्षक माइण्ड मैपिंग विधि द्वारा छात्रों से गोले में दिए गए प्रश्न के उत्तर जानने का प्रयास करे और उन्हे ब्लैकबोर्ड पर लिखें ताकि पूरी कक्षा उस पर चर्चा कर सके।



अगर वो इन कारणों से हुकूमत करने लगे तो आपके अनुसार वो किस प्रकार की हुकूमत रही होगी? क्या वह भारतीयों के लिए लाभदायक थी? अगर नहीं तो उनकी नितियाँ का भारतीयों पर क्या प्रभाव पड़ा?



भाग 1

ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन की नीतियाँ, प्रतिक्रिया और प्रभाव

शब्द निर्माण

विरोध करना : बिना हिंसा के विरोध करना।

विद्रोह करना : विरोध का हिसंक तरीका।

नीतियाँ : नियम, कानून

समकालीन : उसी समय के आस-पास

आग्रह करना : अनुरोध करना

स्थलमार्ग : जमीन का रास्ता

शोषण : जबरदस्ती किसी काम को करवाना

राजस्व : राज्य को दिए जाने वाला कर

फोकस प्रश्न

ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के समय भारतीय लोगों का जीवन कैसा था?

रानी लक्ष्मीबाई

ईस्ट इंडिया कंपनी राजाओं और नवाबों पर हावी होने लगी थी। इन शासकों का शासन अपने ही राज्य पर कमजोर पडने लगा। उनकी सेनाओं को भंग कर दिया गया था, कर वसूली के अधिकार छिन रहे थे। कई शासको ने कम्पनी से बात भी की लेकिन कुछ फायदा नहीं हुआ। जैसे- झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अपने पति की मृत्यु

के बाद गोद लिए बेटे को राजा बनाने की पेशकश की। ऐसे ही कानपुर में नाना साहेब ने अपने पिता की पेंशन प्राप्त करने का आग्रह किया। परन्तु कम्पनी ने अपनी ताकत के सामने इनको कुछ नहीं समझा।

कम्पनी ने मुगलों के शासन को खत्म करने की योजना बना ली थी। गवर्नर जनरल कैंनिग ने ऐलान किया कि बहादुर शाह ज़फर आखिरी मुगल शासक होंगे और इसके बाद किसी मुगल शासक को लाल किले में रहने की अनुमति नहीं होगी।

किसान

किसान वर्ग की दशा भी काफी खराब होती जा रही थी। 1765 में ईस्ट इण्डिया कम्पनी को बंगाल का दीवान बना दिया गया। कंपनी ने अब और अधिक कर वसूलना शुरू कर दिया।

इसके लिए **स्थायी बन्दोबस्त** व्यवस्था को लागू किया गया जिसके अनुसार राजाओ और तालुकदंारो को जमींदारों के रूप में किसानों से कर वसूलने और कम्पनी को राजस्व चुकाने का जिम्मा सौंपा गया। इस व्यवस्था को इसलिए रखा गया था ताकि कंपनी कि नियमित रूप से आमदनी होती रहे। और जमींदार ज़मीन के सुधार पर भी काम करते रहें। पर यह तरीका काम नहीं कर पाया क्योंकि राजस्व की रकम बहुत ज्यादा थी और कई जमींदारों से तय राशि न मिलने पर उनकी जमीनें जब्त कर ली।

इसके बाद आई **महलवारी प्रथा** जिसमे पूरे गाँव या गाँवों के समूह से राजस्व गाँव के मुखिया द्वारा इकट्ठा किया जाना था। इस प्रकार खेती हो या ना हो किसानों को कर देना ही पड़ता था तथा कर्ज लेकर जीवनयापन करने पर मजबूर होना पड़ रहा था। वे ऐसी अत्याचारी नीतियों से परेशान थे और उनमें विरोध की भावना जागृत होने लगी।

कंपनी ने सैनिको को भी अपने कई आदेशों से विरोधी बना लिया। जैसे कंपनी ने सिपाहियों को जबरदस्ती समुद्री मार्ग से बर्मा जाने का आदेश दिया जबकि ये सिपाही धार्मिक कारणों से सिर्फ स्थल मार्ग से ही जाना चाहते थे। इसके आलावा सुअर और गाय की चर्बी से बने कारतूसों का प्रयोग करने के लिए मजबूर होना भी उन्हें ठीक नहीं लगा। इससे उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुची।

कंपनी की सेना में भारतीय सैनिक

कंपनी का मानना था कि उन्हें भारत में सामाजिक सुधार लाने की जरुरत भी है। इसलिए सामाजिक सुधारों के लिए कानून बनाये गए। जैसे सतीप्रथा पर रोक, विधवा विवाह को बढ़ावा देना। अंग्रेजी शिक्षण का प्रचार-प्रसार, ईसाई धर्म अपनाने वाले लोगों को सुविधाएँ देना, इन रुढ़िवादी परम्पराओं को मानने वाले लोग कंपनी के सुधारों को अपने मसलों में दखल अंदाजी मानते थे।

इन सभी कारणों से लोगों के बीच कंपनी के खिलाफ विरोध की भावना पनप रही थी।

आपने पढ़ा, ईस्ट इंडिया कंपनी व्यापार करने आई थी लेकिन फिर अपना प्रभाव देश में बढ़ाने के लिए भारत पर राज करने लगी। ये जानने में आपको दिलचस्पी होगी कि भारत सिर्फ एक अकेला देश नहीं था जिस पर अंग्रेजों ने राज किया, ऐसे और भी कई देश हैं, इन्हें आज **कामनवेल्थ देश** कहते हैं।

जब कोई शक्तिशाली देश किसी दूसरे देश पर हुकूमत करता है, उस देश के संसाधनों का उपयोग अपने स्वार्थ के लिए करता है, उन्हें द्वितीय दर्जा देता है, उसको हम **उपनिवेशिवाद** (colonialism) कहते हैं। भारत इंग्लैंड का एक उपनिवेश रहा।

सुझाव के तौर पर क्रियाकलाप

1. शिक्षक छात्रों को आवश्यकतानुसार समूह में बांटे।
2. प्रत्येक समूह को नीचे दिए गए प्रश्न पर चर्चा करने को कहें।

   प्रश्न : ऐसे कौन - कौन से कारण थे जिनकी वजह से भारतीय लोग ब्रिटिश कंपनी के विरोध में होने लगे ?
3. प्रत्येक समूह से प्रस्तुतीकरण करवाएँ तथा अन्य समूह को भी प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करें।
4. शिक्षक/शिक्षिका आवश्यकतानुसार बच्चों का मार्गदर्शन करे।

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : खाली स्थान भरिए :-

1. रानी लक्ष्मी बाई ___________ राज्य की रानी थी
2. ब्रिटिश सरकार ने _______________ को अन्तिम मुगल शासक घोषित किया।
3. कम्पनी ने सिपाहियों को स्थल मार्ग की जगह __________ से बर्मा भेजने का आदेश दिया।
4. स्थायी बन्दोबस्त, किसानों से __________ वसूलने की व्यवस्था थी।

प्रश्न 2 : कम्पनी के शासन से कौन-कौन से वर्ग के लोग दुखी और परेशान हो रहे थे? (✓) का निशान लगायें।

1. नवाब ( )
2. मुगल शासक ( )
3. राजवाड़े ( )
4. किसान वर्ग ( )
5. सैनिक वर्ग ( )
6. अंग्रेजी शासक ( )
7. आम जनता ( )
8. जमींदार वर्ग ( )

भाग 2

1857 का विद्रोह कैसे हुआ?

फोकस प्रश्न

भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी की नीतियों के विरोध के क्या कारण थे और ये विरोध एक बड़ा विद्रोह कैसे बन गया?

हमने जाना कि कंपनी के खिलाफ, भारतीयों में विरोध की भावना पैदा हो रही थी। यह भावना सिर्फ समाज के कुछ हिस्सों तक सीमित नहीं थी बल्कि सेना में भी फैल रही थी। जैसे कंपनी के सेना में काम करने वाले भारतीय सैनिकों के परिवार गांवों में रहते थे जहाँ कंपनी के अत्याचारी नियमों के वजह से किसानों को बहुत परेशानी हो रही थी। सभी लोग ऐसी परेशानियों का सामना कर रहे थे और कंपनी के विरोधी होते जा रहे थे।

ऐसे माहौल में मंगल पांडे, जो कंपनी में एक सैनिक थे, ने पिस्तौल के कारतूस में इस्तेमाल की जाने वाली गाय और सूअर की चर्बी का विरोध अपने साथियों के साथ मिलकर किया। दो ब्रिटिश अफसरों पर भी हमला किया। उस हमले के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया और फाँसी पर चढ़ा दिया गया।

कंपनी के इस कदम के खिलाफ कई भारतीय सैनिकों ने विद्रोह का ऐलान कर दिया। ये सैनिक रात भर यात्रा करके मुगल शासक, बहादुर शाह जफर के पास दिल्ली पहुंचे क्योंकि उन्हें मार्ग दर्शन के लिए नेता की जरुरत थी। मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर ने रजवाड़ों से निवेदन किया कि वे अंग्रेजों के खिलाफ एक साथ खड़े हो जाए। परिणामस्वरूप नाना साहेब (कानपुर) ने अंग्रेजी सेना को अपने इलाके से खदेड़ दिया और रानी लक्ष्मी बाई भी अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोहियों के साथ जा मिली। इसी प्रकार और लोग इसमें जुड़ते चले गए और यह विद्रोह ओर विस्तृत होता चला गया। इसे भारत की स्वतंत्रता की पहली लड़ाई माना जाता है।

विद्रोह की बात जब इगलैण्ड तक पहुंची तो अंग्रेजों ने दुबारा से अपनी सेना को बढ़ाना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे भारत के कई इलाको पर अपना कब्जा जमाने लगे।

सुझाव के तौर पर क्रियाकलाप

- इस भाग के लिए शिक्षक छात्रों से रोल प्ले करवा सकते हैं।
- छात्रों को उनके रोल और डाइलौग तैयार करने में शिक्षक मदद करे ताकि इस नाटक का मूल सभी छात्रों तक पहुँच सके।
- इसमें छात्र मंगल पाण्डे के विरोध को दर्शा सकते हैं या बहादुर शाह जफर के रोल को दर्शा सकते हैं।
- शिक्षक अपने मार्ग दर्शन में पूर्ण अभ्यास करवाएँ और अन्त में कक्षा के सामने प्रस्तुत करवाएं।

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : सही का मिलान करे।

मंगल पाण्डे	कानपुर
बहादुर शाह जफर	युवा सिपाही
झांसी की रानी	अन्तिम मुगल शासक
तात्या टोपे	लक्ष्मी बाई

प्रश्न 2 : भारत में 1857 में विद्रोह क्यों हुआ था?

उत्तर 2 : ______________________________

____

____

____

____

प्रश्न 3 : आपने जाना कि ब्रिटिश शासन की बहुत सारी नीतियाँ भारतीयों के शोषण का कारण बनीं। लोगों ने उसके विरोध में आवाज उठाई, क्या यह करना सही था? यह विरोध, विद्रोह कैसे बना? क्या आज के समय में भी हमें शोषण के खिलाफ विरोध करना चाहिए?

उत्तर 3 : ______________________________

____

____

____

____

भाग 3

ईस्ट इंडिया कंपनी का पलटवार और विद्रोह को दबाना

फोकस प्रश्न

बड़े पैमाने पर विद्रोह होने के बावजूद भी ईस्ट इण्डिया **कंपनी 1857 के विद्रोह को दबाने में कैसे सफल हो गई?**

विद्रोह से होने वाली उथल-पुथल के बाद भी कंपनी डटी रही उन्होंने इंग्लेंड से और फौजी बुलवाए, विद्रोहियों को दबाने के लिए नए कानून बनाए। परिणामस्वरुप 1857 के कुछ समय बाद उन्होंने दोबारा दिल्ली पर कब्जा कर लिया तथा बहादुर शाह जफर और उनकी पत्नी को कारावास की सजा देकर रंगून जेल में भेज दिया गया।

प्रश्न 1 : कम्पनी/अंग्रेजों ने ऐसा क्यों किया होगा?

उत्तर 1 : ______________________________

____

____

____

____

1858 में अंग्रेजों ने लखनऊ पर कब्जा कर लिया और जून 1858 में ही रानी लक्ष्मी बाई को मार दिया गया। धीरे-धीरे अन्य विद्रोही हारते चले गए। कंपनी की ताकत को देखकर लोगो की हिम्मत टूटने लगी। कंपनी ने विद्रोहियों को इनाम देने और उन पर कार्यवाही न करने का लालच भी दिया और उन्हें अपनी तरफ खींचना शुरु कर दिया। इसके बाद बचे हुए विद्रोहियों पर मुकदमे चलाए गए और उन्हें फांसी पर लटका दिया गया। 1859 तक कंपनी द्वारा देश पर दोबारा नियंत्रण स्थापित कर लिया गया। उन्होनें अपनी नीतियों में भी कुछ बदलाव किए, क्योंकि इतने बड़े पैमाने पर विद्रोह उनके लिए भी एक संकट वाली घटना थी। ये बदलाव थेः

1. ब्रिटिश संसद ने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन को खत्म कर दिया और भारत का शासन सीधे अपने हाथों में ले लिया इसके लिए ब्रिटिश मंत्रिमंडल के एक सदस्य को भारत में मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और 'इंडियन काउंसिल' की स्थापना की गई।

2. जिन भारतीय शासकों ने ब्रिटिश रानी को अपना शासक माना उन्हें अपने राज्यों/इलाकों का शासक बना दिया गया।

3. अंग्रेज सिपाहियों की भर्ती में बढ़ोतरी की गई क्योंकि वे भारतीय सिपाहियों को लेकर अपनी ताकत को जोखिम में नहीं डालना चाहते थे।

4. मुसलमानो की जमीन और सम्पत्ति जब्त की जाने लगी क्योंकि विद्रोह का कारण इन्हीं को माना गया। अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो नीती की वजह से बहादुर शाह जफर को 'मुस्लिम' नेता माना और क्योंकि वे विद्रोह का नेतृत्त्व कर रहे थे, उनकी भड़ास मुसलमानों पर निकली।

5. भारतीय समाज और संस्कृति का सम्मान किया जाने लगा।

हमने सीखा

- कंपनी के खिलाफ भारतीय समाज के कई हिस्सों में विरोध की भावना पैदा हो रही थी।
- मंगल पांडे की हत्या के बाद, भारतीय सैनिक एक जुट हुए और उन्होंने कंपनी के खिलाफ विद्रोह शुरू किया।

- विद्रोहियों ने मुगल शासक बहादुर शाह जफर को अपना नेता माना। उन्होंने भारत के दूसरे रजवाड़ों को एक जुट करके कंपनी के खिलाफ विद्रोह को और मजबूत किया। यह भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम माना जाता है।
- विद्रोह में कंपनी ने भारतीयों को हराया पर वे इतने बड़े पैमाने पर हुए विद्रोह से घबरा गए ब्रिटिश राज ने कम्पनी से भारत की सत्ता खुद के हाथ में ले ली।



अभ्यास

प्रश्न 1 : सिपाहियों ने ब्रिटिश सेना के नए कारतूसों का प्रयोग करने से क्यों मना कर दिया?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : अंग्रेजी शासन की नीतियों ने भारतीयों को काफी परेशान किया और विद्रोह के लिए मजबूर भी किया। यदि आप उस समय होते तो अंग्रेजी शासन के खिलाफ क्या-क्या करते और क्यों?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : 1857 के विद्रोह में झांसी की रानी लक्ष्मी बाई ने अंग्रेजों के खिलाफ जंग लड़ी और शहीद हो गई। एक स्त्री रोल-मॉडल के तौर पर इससे आपको क्या सीख मिलती है?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : 1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेजी शासन ने क्या बदलाव किये? उन्होंने ये बदलाव क्यों किये?

उत्तर 4 :

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

अध्याय 5

महिलाएं, जाति एवं सुधार

हम क्या सीखेंगे

- आज से 200 साल पहले समाज में महिलाओं की स्थिति को जानेंगे और समझेंगे कि अछूत कही जाने वाली जातियों के साथ कैसा बर्ताव होता था।
- समाज सुधारकों एवं सामाजिक संगठनों ने किस तरह महिलाओं और अछूतों के साथ होने वाली बुरी प्रथाओं में बदलाव एवं सुधार के लिए एक अहम भूमिका निभाई।
- महिलाओं और दलितों का अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना तथा इन बदलावों एवं सुधारों का प्रभाव हम आज के समाज में भी देख सकते है।

आपके सवाल

पाठ के शीर्षक/नाम को पढ़कर आपके मन में जो भी सवाल आते हैं, उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए।

____

____

____

____

____

____

____

____

हम जानते हैं

पिछली कक्षा में आपने पढ़ा और जाना कि लड़का-लड़की के रूप में बड़ा होना कैसे अलग होता है। जहां अधिकतर परिवारों में लड़कों के पैदा होने पर खुशी मनाई जाती है वहीं लड़की के पैदा होने पर इतनी खुशी नहीं होती तथा उन्हें बोझ समझा जाता है और उन पर कुछ पाबन्दियाँ भी होती हैं। इस सोच के कारण परिवार में लड़कों और लड़कियों के साथ अलग - अलग व्यवहार किया जाता है।

आओ कदम बढ़ाएं

आइए एक नाटक के माध्यम से जानें कि परिवार में लड़की और लड़के के साथ कैसे अलग-अलग व्यवहार किया जाता है।

शिक्षक संकेत

नाटक के सन्दर्भ को शिक्षक 5 बच्चों कि मदद से एक नाटक का मंचन करवायें जिसमें एक परिवार में लड़का व लड़की के साथ अलग-अलग व्यवहार होता दिखाएं उदाहरण के तौर पर:

- स्कूल भेजने में इच्छा और आसानी
- खाना किसे कब और कैसा मिलता है
- घर के काम करना
- बाहर के काम करना
- शादी पर बातचीत
- नौकरी के बारे में सोंच, आदि।

तो इस कहानी/नाटक को देख कर आपको क्या लगता है कि सिर्फ लड़का या लड़की होने के आधार पर ऐसा अलग व्यव्हार क्यों होता है? क्या यह सही है? आपके साथ कभी किसी ने ऐसा कोई भेद भाव का व्यव्हार किया किया है? या आपने अपने आस-पड़ोस में ऐसा कुछ देखा या सुना हो तो लिखिए।

____

____

____

____

____

____

____

____

यहाँ ध्यान देने वाली बात यह है कि आज से 200 साल पहले लोग ऊंची और नीची जाति व लड़का - लडकी के आधार पर लोगों के साथ भेद भाव का व्यव्हार करते थे। तो यहाँ जरा सोचिये कि आज 2018 में जब भारत एक आजाद और लोकतान्त्रिक देश है जहाँ हर व्यक्ति को गरिमा और सम्मान से जीने का अधिकार है, वहां पर लोगों के साथ जाति और लिंग के आधार पर भेद भाव का व्यवहार क्या सही है?

भाग 1

बदलाव की लहर

फोकस प्रश्न

कैसे और क्यों 19वीं और 20वीं शताब्दी के दौरान महिलाओं के प्रति विचारों में बदलाव आए?

> **"तुम अपने आप को छोटा मत समझो, तुम बहुत शक्तिशाली हो। धरती को भूल जाओ, तुम आसमान को हिला सकती हो"**
>
> – सरोजनी नायडू 1930

अक्सर आपने बस या मेट्रो में सफर के दौरान यह देखा होगा कि कुछ जगहों/सीटों के ऊपर "केवल महिलाओं के लिए" लिखा होता है क्या **आप बता सकते हैं ऐसा क्यों लिखा जाता है?**

आजकल महिलाओं की स्थिति में पहले की तुलना में काफी सुधार और बदलाव आया है। इसका मतलब यह नहीं है की महिलाओं की स्थिति अब बहुत अच्छी हो गयी है, बस पहले से सुधार है। आज महिलाएं पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। लेकिन आज से 200 साल पहले उनकी स्थिति बिलकुल उल्टी थी। उन्हें किसी भी फैसले को लेने की आजादी नहीं थी और उन्हें पुरुषों से कम समझा जाता था तथा यह माना जाता था कि वे सिर्फ घर की चारदीवारी में रहने के लिए हैं। इसके अलावा उन्हें सती प्रथा, बाल विवाह आदि बुराइयों को झेलना पड़ता था। एक महत्त्वपूर्ण बात यह भी थी कि उनके पढ़ने-लिखने और स्कूल आने-जाने पर भी रोक थी।

तो यहाँ अब सवाल यह उठता है कि फिर महिलाओं के प्रति बदलाव की शुरुआत कब और कैसे हुई?

समाज के पढ़े-लिखे लोगों ने और समाज सुधारकों ने महिलाओं के साथ हो रहे इन व्यवहारों की आलोचना की। जिससे धीरे-धीरे बदलाव कि शुरुआत हुई। संचार माध्यम 19वीं सदी की शुरुआत तक आम जनता तक पहुँच चुके थे। किताबें, अखबार, पत्रिकाएँ और पुस्तकें वो माध्यम थे जिनसे नए-नए विचार लोगों तक पहुँचे और उनके बीच में बदलाव को लेकर चर्चा शुरू हो गयी थी।

कुछ महिलाओं ने कई कठिनाइयों के बाद भी पढाई-लिखाई की और गलत व्यवहार का विरोध करना शुरू कर दिया था, जिन्हें देखकर दूसरी महिलाओं ने भी इनका विरोध किया और धीरे-धीरे बदलाव की शुरुआत हो गई।

महिलाओं के साथ होने वाले कई सारी कठिनाइयों के बारे में हम इस पाठ में पढ़ेंगे।

विधवाओं की स्थिति

विधवा, उन महिलाओं को कहा जाता है जिनके पति की मौत हो चुकी हो। इसके बाद विधवा औरतों को दोबारा शादी करने का हक नहीं था और उन्हें बाकी का सारा जीवन अकेले ही काटना पड़ता था। बाल विवाह के चलते

कई बार तो कुछ लडकियाँ छोटी उम्र में ही विधवा हो जाती थी व पति की मृत्यु के बाद उनसे आशा की जाती थी कि वो सती हो जाएँ जिसमें पति के शरीर (लाश) के साथ ही उन्हें जिंदा जला दिया जाता था।

अँग्रेज अफसरों व कई हिन्दुस्तानी समाज सुधारकों जैसे राजा राममोहन रॉय, दयानंद सरस्वती और ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने इस प्रथा का विरोध किया और अंग्रेजी सरकार से इन प्रथाओं को खत्म करने की मांग की जिसके चलते 1829 में सती प्रथा पर रोक लगी तथा 1856 में विधवा विवाह के पक्ष में एक कानून पारित हुआ। कानून बनने के बावजूद समाज में रुढ़िवादियों के डर से बहुत कम विधवा महिलाओं ने दोबारा शादी की।

प्रश्न 1 : आप के विचार में सती प्रथा का विरोध क्यों हुआ? क्या यह विरोध सही था? अगर कोई कहे कि रीति रिवाज के हिसाब से यह प्रथा बिलकुल ठीक थी, तो आप क्या जवाब देंगे?

उत्तर 1 : ______________________________

____

____

____

लड़कियों की पढ़ाई

लड़कियों की शिक्षा पर कोई विशेष ध्यान नहीं था, उनसे बस यही आशा की जाती थी कि वो घर पर रहें, और घर के काम सीखें और करें। बहुत से लोग इस बात से डरते थे कि अगर लड़कियाँ स्कूल गयी और पढ़ने लगी तो वे बिगड़ जाएँगी और फिर घर के काम नहीं करेंगी। यह तो लोगों का कहना था पर असल में उनके हिसाब से लड़कियों का पढ़ना-लिखना बिलकुल भी जरूरी नहीं था और उनका काम और धर्म घर के अंदर था ना की बाहर। पढ़ने के लिए उन्हें सावर्जनिक स्थानों से आना जाना पड़ता था जहां वो सुरक्षित नहीं होंगी, इन कारणों से भी कई लोग लड़कियों को स्कूल नहीं भेजते थे। जबकि कुछ परिवारों में पिता या पति ने उन्हें घर पर ही पढ़ाया। रास सुंदरी देवी जैसी महिलाओं ने अकेले ही घर पर पढ़ाई की। रास सुंदरी देवी ने दिये की रोशनी में चोरी-छिपे पढ़ना-लिखना सीखा।

महिलाओं को शिक्षित करने के लिए कई सामाजिक संगठन और सुधारक आगे आए जिन्होंने उनके लिए स्कूल खोले, जैसे कलकत्ता में विद्यासागर, आर्य समाज द्वारा पंजाब में, ज्योतिराव फुले और सावित्री फुले द्वारा महाराष्ट्र में, भोपाल की बेगमों ने अलीगढ़ में और बेगम रुकैया सखावत हुसैन ने कलकत्ता और पटना में स्कूल खोले ओर लड़कियों को पढ़ाया।

प्रश्न 1 : क्या इन कारणों की वजह से आज भी लड़कियां स्कूल नहीं जा पाती हैं?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : रूढ़ीवादः परंपरागत बातों को मानते चले आने का सिद्धातं।

उस जमाने के समाज सुधारकों और बहादुर औरतों के वजह से लड़कियों को पढ़ाई का मौका मिला और वो पारंपरिक रूढ़ीगत विचारों से निकल पाईं। उनकी वह लड़ाई आप के लिए क्या मायने रखती है?

उत्तर 2 :

बाल-विवाह पर रोक क्यों

आपकी उम्र की तरह जब कस्तूरबा गाँधी जी भी 14 साल की थी तो उनकी शादी कर दी गई और फिर कम ही उम्र में बच्चे भी हो गए । सोचिए उनके मन कि स्थिति क्या रही होगी? घरवालों के द्वारा लड़कियों की शादी कम उम्र में ही कर दी जाती थी जिससे वो छोटी उम्र में ही घर और परिवार की जिम्मेदारी उठाने लगती थी। छोटी उम्र में शादी और बच्चे होने से उनकी सेहत पर भी बुरा असर पड़ता था। 1929 में बाल-विवाह पर रोक लगा दी गई थी जो की आज तक लागू है। बाल-विवाह आज भी एक अपराध है। कानून होने के बावजूद यह प्रथा आज भी देश के कई हिस्सों में पायी जाती है।

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : आपके विचार से लड़का और लड़की किसी के लिए भी पढ़ना क्यों जरूरी है?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : महिलाओं के कल्याण के लिए काम करने वाले संगठन एवं व्यक्तियों की सूची पूरी कीजिए।

सामाजिक मुद्दा	व्यक्ति और संगठन
विधवा-विवाह	
सती - प्रथा	
लड़कियों के लिए स्कूल	

प्रश्न 3 : आपके विचार से छोटी उम्र में शादी पर रोक लगाना क्यों जरूरी है?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : संचार के माध्यम चर्चा को बढ़ावा देते हुए कैसे बदलाव की शुरूआत करते हैं ?

उत्तर 4 :

भाग 2

जातिगत सुधार

फोकस प्रश्न

समाज में जाति व्यवस्था में ऐसा क्या था कि समाज सुधारकों ने इसका विरोध किया?

समाज में सिर्फ महिला और पुरुष के बीच ही फर्क नहीं था। ज्यादातर इलाकों में काम के आधार पर लोग जाति में बँटे हुए थे, जिसे वर्ण व्यवस्था कहते थे। ऊंची जाति और नीची जाति के आधार पर अलग-अलग कार्य व्यवहार किये जाते थे। ब्राह्मण और क्षत्रिय खुद को ऊँची जाति का मानते थे। इसके अलावा व्यापार से जुडी जातियों को वैश्य कहा जाता था और ऐसी जाति के लोग जो गाँव और शहर को साफ-सुथरा रखने का काम करते थे, उन्हें शूद्र कहा जाता था। इनके ऐसे काम करने के आधार पर इन्हें अछूत माना जाता था और इनको ऊँची जाति वाले लोगों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कुओं से पानी निकलाना मना था, इसके अलावा ये उनके द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले तालाब पर भी नहीं जा सकते थे।

यह भेद भाव इसलिए भी इतना प्रचलित था क्योंकि यह माना जाता था कि धार्मिक ग्रंथों जैसे मनु स्मृति में इसके बारे में लिखा गया है और यह कहा गया है की "ऊँची जाती और नीची जाती" के बीच बहुत अंतर है। इस भेद भाव को धर्म में स्वीकार होता देख कई समाज सुधारकों ने धर्म पर प्रश्न उठाये।

"शिक्षित बनो! संगठित रहो! संघर्ष करो!"

डॉ. बी. आर अम्बेडकर, जिनके बारे में आपने सामाजिक और राजनीतिक समाज के पाठ में विस्तार से पढ़ा होगा एक अर्थशास्त्री, वकील और समाज सुधारक थे जो दलित समाज के हक के लिए लड़ते थे। उन्होंने भारत की स्वांतत्रंता की लड़ाई में और उसके बाद भारत के संविधान को बनाने में मुख्य किरदार निभाया है। आजाद भारत के वो पहले कानून मंत्री थे।

डॉ. अम्बेडकर जाति, वर्ण व्यवस्था और औरतों के शोषण के खिलाफ खुल कर बोलते थे। इन्हीं दो मुददों को लेकर उन्होंने 25 दिसंबर 1927 को अपने अनुयायियों के साथ **'मनुस्मृति दहन दिवस'** मनाया क्योंकि वह मानते थे कि जो धार्मिक ग्रंथ औरतों और दलितों पर अत्याचार करने की अनुमति देती है, उसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

समाज सुधारकों और संगठनों ने इस वर्ण व्यवस्था का अपनी-अपनी तरह से विरोध किया।

आन्दोलन का नाम	व्यक्ति/संगठन का नाम	प्रभाव
सतनामी आन्दोलन	घासीदास	➪ चमड़े का काम करने वालों की स्थिति में सुधार के लिए काम किया।
ब्राह्मणवादी ग्रंथों की आलोचना	हरिदास ठाकुर	➪ जातिगत भिन्नता के आधार पर लोगों के बीच भेदभाव करने का विरोध किया।
		➪ नीची जातियों में स्वाभिमान का भाव पैदा करने का प्रयास किया।
जाति आधारित समाज की आलोचना	ज्योतिराव फुले और सावित्री फुले	➪ इन्होंने जाति आधारित समाज में फैले अन्याय कि आलोचना की।
		➪ इन्होंने ऊंची जाति के लोगों को बाहरी बताया और कहा कि उनका यहाँ की जमीन और सत्ता पर कोई अधिकार नहीं है।
		➪ सावित्री फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए पहले स्कूल की स्थापना की।
मंदिर में प्रवेश	डा. बी. आर. अम्बेडकर	➪ 1927 से लेकर 1935 तक के बीच मंदिर प्रवेश को लेकर तीन आन्दोलन चलाये।
		➪ वह चाहते थे कि हर जाति के व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव मंदिर में प्रवेश मिले।
		➪ उन्होंने बाद में हिन्दू धर्म छोड़ कर बौद्ध धर्म अपनाया।
गैर-ब्राह्मण आन्दोलन (स्वाभिमान आन्दोलन)	ई. वी. रामास्वामी नायकर (पेरियार)	➪ अछूतों या निचली जाति के लोगों के स्वाभिमान के लिए आन्दोलन शुरू किया।

		⇨ पेरियार उन सभी धार्मिक ग्रंथों की आलोचना करते थे जो जाति के आधार पर लोगों को बांटते हैं।
जाति उन्मूलन	परमहंस मंडली	⇨ जाति प्रथा को जड़ से निकाल देने के लिए।
जातीय बंधनों को खत्म करना	प्रार्थना समाज	⇨ जातीय बंधनों को खत्म करने पर बल दिया।

शब्द निर्माण

स्वावलंबन : खुद पर भरोसा करना

उद्यम : मेहनत

अंग्रेजी पढ़ो

सावित्री फुले

"स्वावबलंबन का हो उद्यम, प्रवृत्ति
ज्ञान–धन का संचय करो
मेहनत करके।
बिना विद्या जीवन व्यर्थ पशु जैसा
निठल्ले ना बैठे रहो
करो विद्या ग्रहण।
शूद्र–अतिशूद्रों के दुख दूर करने के लिए
मिला है कीमती अवसर
अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त करने का।
अंग्रेजी पढ़कर जातिभेद की
दीवारें तोड़ डालो
फेंक दो भट–ब्राह्मणों के
षड्यंत्री शास्त्र–पुराणों को।"

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : डॉ. अम्बेडकर ने कौन सा आन्दोलन चलाया था और क्यों?

उत्तर 1 : ______________________________

____

____

____

प्रश्न 2 : आपके विचार से समाज में सबको बराबरी का दर्जा क्यों दिया जाना चाहिए?

उत्तर 2 : ______________________________

____

____

____

प्रश्न 3 : खाली स्थान भरोः-

i. ई. वी. रामास्वामी ____________ के नाम से प्रसिद्ध थे।

ii. घासीदास ने ____________ का काम करने वालों के लिए आँदोलन किया।

iii. ब्राह्मणवादी ग्रंथो की आलोचना ____________ ने की थी।

vi. प्रार्थना समाज __________ बंधनों को खत्म करना चाहता था।

हमने सीखा

- आज जो हम औरतों और दलितों को कई सालों से झेलते हुए शोषण से उठता देख रहे हैं यह बहादुर समाज सुधारकों की देन है।
- अलग अलग समाज सुधारक अलग अलग तरीके से सुधार लाने की कोशिश करते थे।
- इतने संघर्ष के बाद आज भी चीजें ठीक नहीं हुई हैं इसलिए लिंग और जाति की वजह से होने वाले भेद भाव पर प्रश्न उठाना बनता है।



अभ्यास

प्रश्न 1 : बताइए निम्नलिखित लोगों ने किन सामाजिक विचारों का समर्थन किया:-

1. राममोहन रॉय ____________________
2. दयानंद सरस्वती ____________________
3. ज्योतिराव फुले ____________________
4. पेरियार ____________________
5. ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ____________________
6. डॉ. बी. आर. अम्बेडकर ____________________

प्रश्न 2 : महिलाओं के पढ़ने-लिखने से क्या बदलाव आए और उन्होंने किन तरीकों से अपने लिए आवाज उठाई ? अतीत में हुए हक की लड़ाइयों के बारे में हमे आज पढ़ना क्यों ज़रूरी है?

उत्तर 2 : ____________________

____

____

____

____

प्रश्न 3 : लड़कियों के माता-पिता उन्हें पढ़ने के लिए स्कूल क्यों नहीं भेजना चाहते थे ? उन्हें क्या डर थे ? लिखिए।

उत्तर 3 : ____________________

____

____

____

____

प्रश्न 4 : मंदिर प्रवेश आन्दोलन के जरिए अम्बेडकर क्या हासिल करना चाहते थे ? उन्होंने बाद में बौद्ध धर्म क्यों अपनाया ?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : विधवा हो जाने पर महिलाओं को किन-किन दिक्कतों का सामना करना पडता था ?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : आपके अनुसार जातिवाद या जाति के आधार पर भेदभाव क्यों होता है ? यह आज तक हमारे समाज में क्यों चला आ रहा है और इसको हम कैसे रोक सकते हैं ?

उत्तर 6 :

यदि पाठ से संबंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

आगे के लिए और सामग्री:

- http://thewirehindi-com/21396/bhimrao&ambedkar&buddhism&dalit&dhammadeeksha/

अध्याय 6

राष्ट्रीय आंदोलन का संगठन 1870 के दशक से 1947 तक

हम क्या सीखेंगे

- 1870 के दशक से शुरू हो कर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का इतिहास स्वतंत्रता और विभाजन के बारे में।
- गांधी जी के आगमन के बाद भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन एक जन आंदोलन बन गया। भारत के सभी वर्गों – महिलाओं, बच्चों, किसानों, मजदूरों, जमींदारों, वकीलों और शिक्षित वर्ग ने अपने आप को इस आंदोलन से जोड़ा।
- एक नए स्वतंत्र राष्ट्र को कई बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

आपके सवाल

इस पाठ के बारे में आपके मन में क्या सवाल उठ रहे हैं? जो भी सवाल उठ रहे हैं, उन्हें यहाँ लिखिए और उनका उत्तर ढूँढने की कोशिश कीजिए, इसमें आप शिक्षक की, अपने साथियों की मदद ले सकते हैं या फिर स्वयं कोशिश

हम जानते हैं

मुगल साम्राज्य की ताकत धीरे धीरे कम होने लगी थी। वहीं ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल की दिवानी मिल गई। अब कंपनी ने नई–नई नीतियों के द्वारा बहुत से इलाकों पर कब्जा करना शुरू किया। भारत के बहुत से राज्यों ने कंपनी का विरोध किया जिसके फलस्वरूप 1857 में कंपनी के खिलाफ विद्रोह हुआ। इस विद्रोह की असफलता के साथ साथ मुगल साम्राज्य का भी अंत हो गया और भारत में अब कंपनी की जगह इंग्लैंड की रानी और ब्रिटिश सरकार का शासन आ गया।

आओ कदम बढ़ाएं

आपके अनुसार स्वतंत्रता का क्या मतलब है? एक स्वतंत्र व्यक्ति को किन विषयों में आजादी होती है?



हमारा भारत, जो आज एक स्वतंत्र देश है, लगभग दो सौ सालों तक ब्रिटिश शासन का गुलाम रहा। इस गुलामी से आजादी की कहानी बहुत लंबी है। क्या आप इसे जानना चाहेंगे? यह एक लंबी कहानी है हम इसे तीन हिस्सों में जानेंगेः

- **1870 से 1915 : ब्रिटिश शासन के प्रति असंतोष और राजनीतिक संगठनों के बनने से 1915 में गांधीजी के आगमन तक**
- **1915 से 1930 : गांधीजी द्वारा ब्रिटिश सरकार के खिलाफ चलाए गए असहयोग आंदोलन से सविनय अवज्ञा आंदोलन तक**
- **1930 से 1947 : नमक सत्याग्रह से लेकर भारत छोड़ो आंदोलन, स्वतंत्रता और विभाजन की ओर**

भाग 1
फेज़1–1870 से 1915 तक

फोकस प्रश्न

- **ब्रिटिश शासन के प्रति असंतोष क्यों गहरा होने लगा?**
- **भारत में राष्ट्रवाद की भावना का उदय किस तरह हुआ?**
- **1870 के बाद बने राजनैतिक संगठनों का लक्ष्य क्या था ?**

हम जानते हैं कि 1857 की क्रांति ने ब्रिटिश शासन की नींव को हिला दिया।

क्या भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ् असंतोष था? ये आपको सामाज के अलग अलग समूहों (जैसे किसान, आदिवासी, कारीगर आदि) के व्यवहार से कैसे पता चलता है?

छोटे समूह में बैठ के चर्चा करें और फिर पूरी कक्षा में अपनी समझ को साझा करें।

शब्द भण्डार

नींव : किसी चीज की बुनियाद

अंग्रेजों से नाखुश लोग यह जानने को उत्सुक होने लगे कि देश क्या है देश किसके लिए है। जो उत्तर धीरे-धीरे उभरना शुरू हुआ वह था भारत भिन्न जाति, लिंग, रंग, वर्ग या भाषा के लोगो के लिए है। देश के संसाधन और व्यवस्था इसके देशवासियों के लिए है। धीरे-धीरे भारत के सभी वर्गों को एक साझा दुश्मन नजर आने लगा जो भारत के संसाधनों और उसके लोगों की जिंदगी पर कब्जा जमाए बैठा था। यह दुश्मन था ब्रिटिश शासन। यह समझ भी बनी कि जब तक इसका नियंत्रण खत्म नहीं होता, भारत यहाँ के लोगों, यानि भारतीयों का कभी नहीं हो सकता था। इस तरह भारत में राष्ट्रीय पहचान तथा राष्ट्रवाद की भावना का उदय होने लगा।

राष्ट्रवाद क्या है?

देश के प्रति प्रेम को राष्ट्रवाद कहते हैं| पर इसका मतलब यह नहीं है की आपका देश सबसे बेहतर है या फिर किसी और का देश ख़राब है |

भारत में ब्रिटिश शासन का राज क़रीब 200 साल चला| उनके राज में भारतीयों को गुलामों के जैसे रखा गया और खुद के देश की संपत्ति से वंचित रखा गया।

इस गुलामी से तंग आकर भारतीयों ने राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित होकर ब्रिटिश शासन का विरोध शुरु किया।

आज देश में आप राष्ट्रवाद को किस रूप में देखते हैं? इससे क्या नुक्सान या लाभ हो सकते हैं?

____
____
____
____
____
____
____

अंग्रेजी हुकूमत से टक्कर लेने के लिए पूरे भारत में राजनीतिक संगठन बनने लगे। ये भले ही देश के अलग-अलग हिस्सों में थे पर इनका लक्ष्य एक ही था। इस प्रकार के कुछ प्रमुख संगठन थेः-

इंडियन एसोसिएशन	**मद्रास महाजन सभा**
पूना सार्वजनिक सभा	**बॉम्बे रेजीडेंसी एसोसिएशन**

1870 के बाद भारत में ब्रिटिश शासन के प्रति असंतोष क्यों गहरा हुआ ?

ब्रिटिश शासन ने कुछ ऐसे कानून पास किए जिन्होनें भारतीयों की स्वतंत्रता को उनसे छीना। ये कानून थे:

1878
- आर्म्स एक्ट : भारतीयों से उनके पास हथियार रखने का अधिकार छीन लिया गया

1878
- वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट : सरकार की आलोचना करने वाले अखबारों की प्रेस समेत सम्पत्ति को ज़ब्त कर लिया गया।

1883
- डल्बर्ट बिल को लागू होने से रोक दिया गया : इस बिल के अनुसार भारतीय जज भी यूरोपीय या ब्रिटिश लोगों पर मुकदमा चला सकते थे। पर अंग्रेजों ने इसका विरोध किया और इसे लागू होने से रोक लिया।

विचारों की तिजोरी

छोटे समूहों में दिये गए प्रश्नों पर चर्चा करें।

क्या आपको लगता है अखबारों को सरकार की निंदा करने से रोका जाना चाहिए ? क्यों/क्यों नहीं ?

आज सिविल सेवा परीक्षा भारत में ही होती है, सोंचो उस काल में जब यह सिर्फ लंदन में होती थी, यदि आप उस परीक्षा में बैठना चाहते तो आपके सामने क्या परेशानियाँ आतीं ?

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन

शब्द भण्डार

महत्वपूर्ण : जरूरी
न्यायसांगत : न्याय/इंसाफ पूर्ण
परिषद : सभा
निरस्त करना : हटाना
अनुदान : आर्थिक सहायता

इस सब के बाद एक राष्ट्रीय संगठन की जरुरत महसूस हुई। यह चाह पूरी हुई 1885 में जब देश भर से आए 72 प्रतिनिधियों ने बम्बई में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की। रिटायर्ड ब्रिटिश अफसर ए ओ ह्यूम ने भी विभिन्न क्षेत्रों के भारतीयों को निकट लाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और स्वतंत्रता आंदोलन में औरतों की भी भागीदारी थी।

कांग्रेस के नेता अखबारों, भाषणों, लेखों द्वारा ब्रिटिश शासन के अन्याय को उजागर करते, उनका मानना था कि अंग्रेज भारतीयों की न्यायसंगत माँगों को मान लेंगे।

कांग्रेस के शुरुआती दौर के नेता मध्यमार्गी या नरमपंथी कहलाते थे क्योंकि ये 'निवेदन' द्वारा अपनी बात मनवाना चाहते थे। इनके विपरीत थे बिपिन चंद्र पाल, बाल गंगाधर तिलक और लाला लाजपत राय जो गरमपंथी कहलाए क्योंकि वह क्रोधित विरोध में विशवास रखते थे। उनका कहना था कि लोगों को सरकार के नेक इरादों पर नहीं, बल्कि अपनी ताकत पर भरोसा करना चाहिए। उन्हें स्वराज के लिए लड़ना चाहिए। तिलक ने नारा दिया – "स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर ही रहूँगा।"

विचारों की तिजोरी

स्वदेशी आंदोलन में लोगों ने जुलूस निकाले, प्रदर्शन किए, हड़तालें की। क्या आज भी इन तरीकों का उपयोग होता है ? सोंचो और लिखो।अखबार से इस प्रकार की कतरने इकट्ठा कर चिपकाओं और चर्चा करो इस प्रकार से विरोध लोग कब करते हैं ?

शब्द भण्डार

विपरीत : मेल न खाने वाला

1905 में वायसराय कर्जन ने बंगाल का विभाजन कर दिया।

कहा गया कि बंगाल बहुत बड़ा प्रांत है और प्रशासन में सुविधा हो इसलिए उसका बँटवारा कर देना चाहिए, लेकिन सरकार ने गैर बंगाली इलाकों को अलग करने की बजाए उसके पूर्वी भागों को अलग कर, असम में मिला दिया। इसे करने का मुख्य कारण था बंगाली राजनेताओं के प्रभाव पर नियंत्रण लगाना और बंगाली जनता को बाँट देना।

बंगाल का विभाजन और स्वदेशी आंदोलन

जनता ने इस विभाजन के विरोध में स्वदेशी आंदोलन या बंग-भंग आंदोलन चलाया। जन-सभाएँ और जुलूस निकाले गए, वंदेमातरम के नारे लगाए गए। आंदोलन में ब्रिटिश शासन का विरोध किया गया और स्वयं सहायता, स्वदेशी वस्त्र, भाषा, शिक्षा आदि के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। ब्रिटिश संस्थानों और वस्तुओं को नजरंदाज करना शुरू कर दिया।

स्वदेशी आंदोलन की शुरूआत

शब्द भण्डार

स्वदेशी का अर्थ : अपने देश का।
समर्थन : किसी चीज में राजी होना
अलग/पृथक निर्वाचत क्षेत्र : यहाँ पर इसका मतलब है मुसलमान अपने समूह में ही वोट करेंगे और उनमें से एक नेता चुनेंगे।

ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए और भारत पर भारतीयों का हक जताने के लिए, स्वदेशी आंदोलन शुरू हुआ जहाँ भारत में बनाई हुई चीजों को इस्तेमाल करने का निर्णय लिया गया।

1906 में मुसलमान जमींदारों और नवाबों के एक समूह ने ढाका में मुस्लिम लीग की स्थापना की। लीग प्रमुख ने बंगाल विभाजन का समर्थन किया। 1909 में इसके द्वारा रखी गई माँग कि मुसलमानों के लिए एक अलग निर्वाचन क्षेत्र होना चाहिए, को मान लिया गया। अब परिषदों में कुछ सीटें मुस्लिम उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कर दी गई जिन्हें मुस्लिम मतदाताओं द्वारा ही चुनकर भेजा जा सकता था।

1907 में कांग्रेस टूट गई, और उस पर मध्यमार्गियों का दबदबा बन गया। लेकिन 1915 में दोनों (नरमपंथी और गरमपंथियों) में फिर से एकता स्थापित हुई। 1916 में हुए लखनऊ समझौते के माध्यम से दोनों मुस्लिम लीग और कांग्रेस ने मिलकर काम करने का फैसला लिया।

टाइम लाईन - 1870 से 1915
(आओ पीछे देखें)

1870 से 1880	अन्य राजनितिक संगठनों का जन्म
1885	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना
1905	बंगाल का विभाजन, स्वदेशी आंदोलन
1906	मुस्लिम लीग का गठन
1907	कांग्रेस का दो भागों में बँटना
1916	लखनऊ समझौता–कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच साथ मिलकर काम करने के लिए

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : कर्जन ने बंगाल का विभाजन क्यों किया? इसका क्या परिणाम हुआ था?

उत्तर 1 : ______________________________

____

____

प्रश्न 2 : हाल ही में भारत के चार राज्यों का बँटवारा कर नए राज्य बने हैं। पता करो और लिखो ये कौनसे हैं और नए राज्यों के क्या नाम हैं। भारत के मानचित्र पर इन नए राज्यों को दिखाईये।

उत्तर 2 : ______________________________

____

____

प्रश्न 3 : नरमपंथी अपनी बात मनवाने के लिए निवेदन का तरीका अपना रहे थे जबकि गरमपंथियों का तरीका था क्रोधित विरोध। दोनों के तरीकों में क्या फर्क था? उदाहरण देकर लिखिए। आप अपनी बात मनवाने के लिए इनमें से कौन सा तरीका अपनाएंगे और क्यों?

उत्तर 3 : ______________________________

____

____

____

____

प्रश्न 4 : स्वदेशी आंदोलन क्या था और क्यों शुरू हुआ? क्या आज के समय में एसे आंदोलन की जरुरत है? क्यों/क्यों नहीं?

उत्तर 4 : ______________________________

____

____

भाग 2

फेज 2: 1915 से 1929 तक

फोकस प्रश्न

1915 में गांधीजी के आगमन के बाद भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन किस प्रकार एक व्यापक आंदोलन बन गया?

दिए गए नोट का चित्र देखिए। नोट पर किस महान व्यक्ति का चित्र है? यह चित्र आपने और कहाँ-कहाँ देखा है? आपको क्या लगता है किसी व्यक्ति का चित्र किसी देश की मुद्रा या सिक्के पर देख उस व्यक्ति के बारे में हमें क्या पता चलता है?

शब्द भण्डार

व्यापक : फैला हुआ

नसलवाद : इंसान के रंग/नस्ल के वजह से भेदभाव

1915 में 46 वर्ष की उम्र में गाँधी जी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे थे। दक्षिण अफ्रीका में उन्होंने **नस्लवाद** (रेसिस्म) के खिलाफ आंदोलन किये थे और वह एक आदरणीय नेता के रूप में उभर चुके थे। उन्होंने पहले पूरे साल भारत का दौरा किया। वे यहाँ के लोगों, उनकी जरूरतों और हालात को समझने में लगे रहे। इसके बाद उन्होंने नील की खेती के किसानों (चम्पारन) और खेड़ा (गुजरात) में, अहमदाबाद के मिल मजदूरों के स्थानीय आंदोलनों में भाग लिया। वह अहिंसा में बहुत यकीन रखते थे और मानते थे कि स्वतंत्रता की इस लड़ाई में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

1917 में ऐनी बेसेंट, एक ब्रिटिश महिला, जो भारत आ कर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में जुट गयीं थी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं।

विचारों की तिजोरी

सत्याग्रह के विचार में हिंसा का प्रयोग नहीं करना होता, गलत के खिलाफ बिना हथियार उठाए सत्य का आग्रह करना होता है। क्या आपको लगता है यह सही तरीका है? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दें।

शब्द भण्डार

निंदनीय : निंदा/बुरे करने के योग्य

निहत्थे : बिना किसी शस्त्र/हथियार के

नरसंहार : बहुत सारे लोगों को मार डालना

नाईटहुड की उपाधि : ब्रिटेन की सबसे बडी उपाधि

1919 में गांधीजी ने अपने पहले बड़े सत्याग्रह की शुरुआत की। यह उन्होंने रॉलट कानून के खिलाफ किया जिसमें लोगों पर अपने विचार रखने की स्वतंत्रता पर नियंत्रण लगाया गया था और पुलिस को और ज्यादा अधिकार दिये गए। जानते हैं इस कानून को नाम दिया गया था 'शैतान की करतूत'।

यह ब्रिटिश सरकार के खिलाफ पहला अखिल भारतीय संघर्ष था। जगह जगह लोगों ने जुलूस निकाले, हड़तालें कीं जिसकी वजह से सरकार ने इसे कुचलने के लिए कमर कस ली। रॉलट सत्याग्रह की खास बात यह थी कि इस सत्याग्रह में हिंदू और मुसलमानों ने गहरी एकता बनाए रखने की कोशिश की।

और फिर हुआ बहुत निंदनीय हत्याकांड - 13 अप्रैल 1919 को जलियाँवाला बाग में जनरल डायर ने निहत्थे लोगों पर गोलियाँ चलवा दीं। इस नरसंहार से दुखी हो अपना गुस्सा जताते हुए रवीन्द्रनाथ टैगोर ने नाइटहुड की उपाधि लौटा दी।

1920 - 1922 खिलाफत और असहयोग आंदोलन

1920 में अंग्रेजों ने तुर्की के सुल्तान (खलीफा) के खिलाफ कई सख्त नीतियाँ थोप दीं थीं जिसके कारण सुल्तान के हाथ से काफी नियंत्रण हट गया। भारतीय मुसलमान इस बात से बहुत नाराज थे और वह चाहते थे कि सुल्तान के हाथ में नियंत्रण वापिस आ जाए। गाँधी जी ने कांग्रेस और दूसरे लोगों के साथ मिलकर जलियाँवाला बाग हत्याकांड, पंजाब में हुए अत्याचारों और खिलाफत मामले में हुए अत्याचारों के विरुद्ध एक अभियान चलाने को कहा। और फिर शुरू हुए खिलाफत और असहयोग आंदोलन।

इस आंदोलन के दौरान हजारों विद्यार्थियों ने सरकारी स्कूल और कॉलेज छोड़ दिये। बहुत सारे वकीलों ने वकालत छोड़ दी। जगह-जगह विदेशी कपड़ों को जलाया गया। अंग्रेजों द्वारा दी गई उपाधियों को लौटा दिया गया।

सभी जगह लोगों ने आंदोलन को अपने स्थानीय मुद्दों के साथ जोड़कर आगे बढ़ाया। इस प्रकार भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन गांधीजी के नेतृत्व में एक जन आंदोलन बन गया।

क्या सीखा, क्या जाना ?

गाँधीजी ने पहले एक साल में केवल भारत का दौरा करना और किसी राजनीतिक गतिविधि में भाग लेना क्यों स्वीकार नहीं किया होगा?

फरवरी 1922 में जब किसानों के एक समूह ने चौरी चौरा पुलिस थाने पर हमला कर उसे जला दिया जिसमे 22 पुलिसवालों की मौत हो गई तो गांधी जी ने अचानक असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया। बता सकते हैं उन्होंने ऐसा क्यों किया ?

1922 से 1929 के बीच

आंदोलन खत्म होने के बाद गांधीजी के अनुयायी ग्रामीण क्षेत्रों में रचनात्मक कार्य करने लगे, जबकि कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि पार्टी को परिषद चुनावों में हिस्सा लेना चाहिए और सरकारी नीतियों को प्रभावित करना चाहिए।

1920 के दशक के बीच में गांधीजी के अनुयायिओं ने गावों में ईमानदारी से समाज सेवा कर 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन के लिए समर्थक बना लिए, दूसरी ओर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और हिंदुओं के संगठन- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी स्थापना हुई। इसी दौरान भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी भी सक्रिय थे। उनका मानना था कि आजादी हासिल करने के लिए हिंसा का उपयोग किया जा सकता है।

1925 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष थीं सरोजिनी नायडू, जो स्वतंत्रता आंदोलन में जम कर काम कर रही थीं। वे भाषण देती थीं, सड़कों पर ब्रिटिश शासन के खिलाफ दस्तावेज बांटती थीं। इन कार्यों के लिए वह कई बार जेल भी गई थी।

शब्द भण्डार

अनुयायी : समर्थन रखने वाले लोग जो किसी व्यक्ति या विचार से सहमती रखते हैं
सक्रिय : क्रियात्मक रूप में होनेवाला/क्रिया में व्यस्त होना

शिक्षक संकेत

शिक्षक को छात्रों को इस क्रिया कलाप के लिए जानकारी के लिए मटेरियल उपलब्ध कराना होगा।

सरोजिनी नायडू यह मानती थीं के लड़कियों और औरतों को पढ़ाई पूरी करनी चाहिए और देश के भविष्य को बनाने में जिम्मेदार भूमिका लेनी चाहिए। इस विषय पर और इस तरह के कई और विषयों पर उन्होंने कई कविताऐं और पत्र भी लिखें हैं जो आज किताबों के तौर पर उपलब्ध हैं।

सुझाव के तौर पर क्रियाकलाप:

- छात्र समूह बनाएं और स्वतंत्रता आंदोलन के समय बने राजनीतिक पार्टी/ संगठन/ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, मुस्लिम लीग, कम्युनिस्ट पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, आदि के बारे में पता लगाऐं कि ये भारत को कैसा देश बनाना चाहते थे?
- हर समूह यह देखेगा कि यह संगठन कब और कैसे बना? उसके सदस्य कौन थे? वे क्या मानते थे? और भारत के लिए क्या चाहते थे?
- क्या ये संगठन आज भी मौजूद हैं?
- हर समूह अपनी जानकारी का प्रस्तुतीकरण करे और पूरी कक्षा चर्चा करे कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के समय ये संगठन भारत को किस प्रकार देखना चाहते थे?

टाइम लाइन

1915	भारत में गाँधीजी का आगमन।
1916-1918	चम्पारन, खेडा और अहमदाबाद मिल सत्याग्रह में गाँधीजी की भागीदारी।
1919	रॉलेट सत्याग्रहः जलियाँवाला बाग हत्याकांड।
1920-1922	खिलाफत और असहयोग आंदोलन।
1922	चौरी-चौरी हत्याकांड और असहयोग आंदोलन का वापस लिया जाना।
1929	कांग्रेस द्वारा पूर्ण स्वराज प्रस्ताव पारित।
1930	26 जनवरी 1930 को पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : (i) असहयोग आंदोलन क्यों चलाया गया और इसमें लोगों ने किस तरह विरोध जताया ?

उत्तर 1 :

(ii) असहयोग आंदोलन एक जन आंदोलन क्यों माना जाता है ?

(iii) मान लीजिए आप ब्रिटिश काल के एक सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं स्कूल का बहिष्कार कर आंदोलन में भाग लेने के लिए आप अपने माता पिता को क्या दलील देंगे ?

प्रश्न 2 : गाँधीजी के कहने पर सभी वर्गों के लोग असहयोग आंदोलन से जुड़ गए। पर चौरी-चौरा की एक हिंसक घटना होने पर गाँधीजी ने आंदोलन वापस ले लिया। ऐसा करने पर जनता की क्या प्रतिक्रिया रही होगी?

उत्तर 2 : ______________________________

____

____

____

____

प्रश्न 3 : असहयोग आंदोलन का भारत के स्वंतंत्र होने में क्या योगदान था?

उत्तर 3 : ______________________________

____

____

____

____

____

____

____

____

____

____

____

____

भाग 3
फेज 3: 1930 से 1947 तक

फोकस प्रश्न

पूर्ण स्वराज के लिए हुआ संघर्ष किस प्रकार स्वतंत्रता और फिर विभाजन की ओर जा कर खत्म हुआ?

1929 में कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव दिया । इस प्रस्ताव के आधार पर 26 जनवरी 1930 को पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। पंडित नेहरू ने रावी नदी के किनारे तिरंगा लहराया। पूर्ण स्वराज की माँग को ब्रिटिश सरकार द्वारा नकारे जाने की स्थिति में गाँधीजी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाने की बात कही।

1930 में गाँधीजी ने ऐलान किया की वह नमक कानून तोड़ने के लिए पदयात्रा पर निकलेंगे और इसी से सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा नमक पर टैक्स लगाना पाप है क्योंकि नमक भारतीयों के भोजन का एक बुनियादी हिस्सा है।

विचारों की तिजोरी

आपको क्या लगता है गाँधीजी ने नमक के मुद्दे को ही आंदोलन शुरू करने के लिए क्यों चुना?

सविनय अवज्ञा आंदोलन

गांधी जी ने ब्रिटिश शासक के विरुद्व ये आन्दोलन शुरू किया जहाँ आम लोग मिलकर ब्रिटिश शासन के अत्याचारी नीतियों का अहिंसक रुप में विरोध करने लगें। इस आन्दोलन की शुरूआत दांडी मार्च से शुरु हुई।

गाँधीजी और उनके अनुयायी साबरमती से डांडी तक (लगभग 240 की. मी दूर) पैदल चल कर गए, तट पर बिखरा नमक इकट्ठा करते हुए नमक कानून का उल्लंधन किया।

सविनय अवज्ञा आंदोलन में किसानों, आदिवासियों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सरकार ने दमनकारी रूख अपनाते हुए हजारों को जेल में डाल दिया। इन संघर्षो के चलते आखिरकार 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट में प्रांतीय स्वतंत्रता का प्रस्ताव मान लिया गया। 1937 में प्रांतीय विधायिकाओं के लिए हुए चुनावों में 11 में से 7 प्रांतों में कांग्रेस ने सरकार बनाई।

शब्द भण्डार

विधायक : राजनीतिक सभा जैसे विधान सभा, राज्य सभा
दमन : बलपूर्वक शांत करने का काम

1939 में दूसरा विश्व युद्ध छिड गया। कांग्रेस के नेताओं ने युद्ध में ब्रिटिश सरकार को मदद करने के बदले भारत को स्वतंत्र करने की माँग की। अंग्रेजों के यह बात न मानने पर कांग्रेस की सरकारों ने विरोध में इस्तीफा दे दिया।

भारत छोड़ो आंदोलन (1940-43)

दूसरे विश्व युद्ध के बाद गाँधीजी ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आंदोलन का एक नया चरण शुरू किया। अंग्रेजों को तुरंत भारत छोड़ने की चेतावनी देते हुए उन्होंने भारत छोडो आंदोलन शुरू किया। "करो या मरो" का नारा दिया। अंग्रेजों ने फिर दमन का रास्ता अपनाया-गाँधीजी समेत अन्य नेताओं को जेल में डाल दिया गया। कई हजार लोग गिरफ्तार किए गए और बहुत सारे लोग मारे गए।

इस आंदोलन में युवा और किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने अपनी पढ़ाई लिखाई छोड़ दी और आंदोलन में कूद पड़े। संचार और राजसत्ता के प्रतीकों पर हमले हुए। आखिरकार इस विद्रोह ने ब्रिटिश राज को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

सांप्रदायिकता, विभाजन और स्वतंत्रता की ओर

ऑल इंडिया मुस्लिम लीग - जिसका गठन 1906 में हुआ था - ने मुसलमानों के लिए एक अलग निर्वाचन क्षेत्र की माँग की जिसे 1909 में सरकार ने मान लिया। अब परिषदों की कुछ सीटें केवल मुसलमान उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कर दीं गई जिन्हें मुसलमान मतदाताओं द्वारा चुनकर ही भेजा जा सकता था।

1930 के दशक के आखिरी सालों से लीग मुसलमानों और हिन्दुओं को अलग-अलग "राष्ट्र" मानने लगी थी। 1937 के चुनावों के बाद उन्हें अपने अल्पसंख्यक होने की वजह से प्रतिनिधित्व न मिलने का डर सताने लगा। 1945 में विश्व युद्ध खत्म होने के बाद जब अंग्रेजों ने लीग और कांग्रेस से बातचीत शुरू की तो यह विफल हो गई क्योंकि लीग का कहना था कि उसे ही भारतीय मुसलमानों का एकमात्र प्रतिनिधि माना जाए। 1946 में जब दोबारा चुनाव हुए तो मुसलमानों के लिए आरक्षित सीटों पर लीग को बेजोड सफलता मिली। पाकिस्तान की माँग और मजबूती से सामने रखी गई। 1946 में ब्रिटिश सरकार ने केबिनेट मिशन भारत भेजा जिसने सुझाव दिया कि भारत का विभाजन नहीं हो पर मुस्लिम बहुसंख्यक क्षेत्रों को कुछ स्वायत्तता (स्वशासन) देते हुए एक महासंध के रूप में संगठित कर दिया जाए। कांग्रेस और लीग दोनों ही इन प्रावधानों से सहमत नहीं थे। अब विभाजन का होना तय ही था।

फूट डालो और शासन करो

ब्रिटिश शासन ने फूट डालो और राज करो की नीती अपनाई जहाँ वह दो समूहों के बीच फूट डालते थे ताकि उन्हें शासन करने में आसानी हो।

पाकिस्तान की माँग मनवाने के लिए 16 अगस्त 1946 को लीग ने "प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस" मानाने का बुलावा दिया। कलकत्ता में दंगे भड़क उठे जो कई दिन तक चलते रहे। हजारों लोग मारे गए और दंगे दूसरी जगहों पर भी फैलने लगे। देश हिंसा और विभाजन की ओर बढ़ चला।

15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ लेकिन इसकी भारी कीमत हमें विभाजन के रूप में चुकानी पड़ी। करोडों लोग बेघर हो गए, लाखों मारे गए, महिलाऐं हिंसा और क्रूर अत्याचार की शिकार हुई और भारत की शक्ल सूरत ही बदल गई। इस सब की नींव पर दो नए देशों का जन्म हुआ – भारत और पाकिस्तान। दो सौ सालों की गुलामी से भारत आजाद हो गया लेकिन विभाजन की पीड़ा के साथ।

टाइम लाईन – 1930 से 1947

1929	कांग्रेस द्वारा पूर्ण स्वराज प्रस्ताव पारित
26th जनवरी 1930	देश में पहला स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। गाँधी जी ने नमक कानून तोड कर सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत की
1935	गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट। प्रांतीय स्वायत्ता की शुरूआत।
1937	प्रांतीय विधायिकाओं के चुनाव में 11 में से सात प्रांतों में कांग्रेस की सरकार बनी।
1939	दुसरे विश्व युद्ध की शुरूआत। स्वतंत्रता की माँग न मानने पर कांग्रेस की सरकारों द्वारा इस्तीफा।
1940-1943	भारत छोड़ो आंदोलन।
1945	विश्व युद्ध की समाप्तिः शिमला सम्मेलन असफलः लीग और कांग्रेस में असहमति।
1946	चुनावों में मुस्लिम लीग की भारी जीत, कैबिनेट मिशन की विफलता और कलकत्ता में दंगों का भडकाना।
1947	स्वतंत्रता और विभाजन

शब्द भण्डार

खंडित : टूटा हुआ

शरणार्थी : असहाय और विस्थापित व्यक्ति

एक नए और खंडित राष्ट्र की चुनौतियाँ

अगस्त 1947 में जब भारत आजाद हुआ तो हमारे सामने कई बड़ी चुनौतियाँ थीं। बटवारे की वजह से 80 लाख शरणार्थी पाकिस्तान से भारत आ गए थे। इनके लिए रहने का इंतजाम करना और रोज़गार देना एक बड़ी समस्या थी। उसके बाद राजाओं और नवाबों के शासन में चल रही लगभग 500 रियासतों को नए राष्ट्र में शामिल करना भी एक बड़ा काम था। भारत और भारतीयों को गरीबी से मुक्त करना और आधुनिक, तकनीकी निर्मित करना नए भारत का एक बड़ा लक्ष्य था। एक ऐसी राजनैतिक व्यवस्था भी विकसित करनी थी जो सबकी आशाओं पर पूरी उतर सके।



अभ्यास

प्रश्न 1 : सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाएः-

1. इनमें से कौन गरमपंथी नेता नहीं है ?
   - a. बिपिन चंद्र पाल
   - b. लाला लाजपत राय
   - c. फिरोज़शाह मेहता
   - d. बाल गंगाधर तिलक

2. दी गई घटनाओं का सही क्रम क्या है?
   - i. बंग भंग आंदोलन ii. असहयोग आंदोलन
   - iii. भारत छोडो आंदोलन iv. जालियाँवाला हत्याकांड
   - a. i, ii, iii, iv b. iv, iii, ii, i
   - c. i, iv, ii, iii d. iii, iv, ii, i

3. गाँधी जी ने असहयोग आंदोलन वापस क्यों ले लिया ?
   - a. विश्व युद्ध के शुरू होने की वजह से
   - b. उन्होंने अंग्रेजों के साथ संधि कर ली थी।
   - c. चौरी -चौरा में हुई हिंसात्मक घटना की वजह से।
   - d. सरकार द्वारा माँगे मान लिए जाने पर।

4. "करो या मरो" का नारा किसने दिया?
   - a. रविंद्रनाथ टैगोर b. गाँधी जी
   - c. मोहम्मद अली जिन्नाह d. बाल गंगाधर तिलक

5. शुरूआती दौर में इनमें से कौन सी माँग कांग्रेस ने नहीं रखी ?

a. पूर्ण स्वराज की माँग

b. लगान कम किया जाए, सिंचाई के लिए अनुदान दिया जाए।

c. सरकार में भारतीयों को ऊँचे पद दिए जाऐं।

d. सिविल सेवा की परीक्षा लंदन के साथ साथ भारत में भी ली जाए।

प्रश्न 2 : भारत का विभाजन क्यों और कैसे हुआ ? उसका नतीजा क्या था ? क्या आज भी इस विभाजन के नतीजे आपको देश में महसूस होते हैं ? क्यों/क्यों नहीं ?

उत्तर 2 : ______________________________

____

____

____

____

प्रश्न 3 : दिये गए अनुच्छेद को पढें व सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर दें -

आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में आदिवासी और गरीब किसानों ने बहुत सारे "वन सत्याग्रह" किए। वे कई बार अपने जानवरों को बिना चराई शुल्क अदा किए जंगल में छोड़ देते थे। उनका विरोध इसलिए था क्योंकि औपनिवेशिक सरकार ने वन संसाधनों पर उनके अधिकारों को बहुत सीमित कर दिया था। उन्हें यकीन था कि गाँधीजी उन पर लगे कर को कम करा देंगे,वन कानूनों को खत्म करा देंगे। उन्हें उम्मीद थी कि जल्दी ही गाँधी राज स्थापित होने वाला है। कई जगह के लोग गाँधी जी को एक तरह का मसीहा मानने लगे थे जो उन्हें मुसीबतों से छुटकारा दिला सकता है। किसानों को लगता था गाँधीजी जमींदारों के खिलाफ उनकी मदद करेंगे, खेत के हर मजदूर को लगता था कि गाँधीजी उन्हें जमीन दिला देंगे। कई बार आम लोगों ने खुद अपनी उपलब्धियों के लिए भी गाँधीजी को श्रेय दिया।

1. आदिवासी और गरीब किसानों ने वन सत्याग्रह क्यों किये ?

____

____

____

2. गाँधीजी से अलग-अलग लोगों को क्या उम्मीदें थीं? वे उन्हें किस रूप में देखते थे?

प्रश्न 3 : खिलाफात और असहयोग आंदोलन के माध्यम से किस प्रकार हिंदु मुस्लिम एकता को बल मिला?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और कारण लिखिए।

i. 1907 में कांग्रेस टूट गई।

ii. 1905 में वाइसराय कर्जन ने बंगाल का विभाजन कर दिया।

iii. गाँधीजी ने नमक कानून तोड़कर सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत की।

iv. रवींद्रनाथ टैगोर ने अपनी पीड़ा और गुस्सा जताते हुए नाइटहुड की उपाधि वापस लौटा दी।

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक अपने शिक्षक की मदद लीजिए।

भूगोल

पाठ 1
सौरमण्डल में पृथ्वी
(NCERT पाठ 1)

हम क्या सीखेंगे :

- सौरमण्डल को समझेंगे तथा तारों, ग्रहों और उपग्रहों के बीच अंतर समझ सकेंगे।
- पृथ्वी का सूर्य और चंद्रमा से क्या संबंध है ?
- पृथ्वी किस प्रकार एक अनोखा ग्रह है ?

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढने पर आप के मन में कौन - कौन से सवाल उठते हैं ? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढ़ने की कोशिश करें।

हम जानते हैं :

रात में आकाश में चंद्रमा और तारे दिखाई देते हैं और दिन में सूर्य, जो हमें प्रकाश और उष्मा देता है।

आओ कदम बढाएँ :

मैं किस प्रकार ब्रह्मांड का एक हिस्सा हूँ ?

1. ये है एक स्कूल जो दिल्ली में हैं। हम भी दिल्ली के एक स्कूल में पढ़ते हैं।	

2. ये है मेरा देश भारत जो कि पृथ्वी पर है। दिल्ली भारत देश में है। भारत विश्व के कई अन्य देशों की तरह पृथ्वी पर है।	
3. पृथ्वी जो कि एक ग्रह है सौरमंडल का एक हिस्सा है। चित्र :- i. ग्लोब (पृथ्वी का मॉडल) ii. अंतरिक्ष से लिया गया पृथ्वी का चित्र।	
4. सौरमंडल में सूर्य, आठ ग्रह, उपग्रह और अन्य खगोलीय या आकाशीय पिंड होते हैं। इस तरह के अनेकों सौरमंडल आकाशगंगा में हैं।	

5. आकाशगंगा में करोड़ों तारे, धूल के बादल व गैसें होती हैं। हमारी आकाशगंगा का नाम 'मिल्की वे' है। ब्रह्मांड में अनेकों आकाशगंगाएं हैं।	
6. ब्रह्मांड बहुत ही विशाल है इसको मापना बहुत ही कठिन है। वैज्ञानिक अभी भी इसके बारे में जानकारी इकट्ठी करने में लगे हुए हैं। हवल टेलिस्कोप ने ब्रह्मांड के एक छोटे से हिस्से में इतनी सारी आकाशगंगाओं की चित्र खींची है।	

भाग-1 : सूर्य : "एक तारा"

फोकस प्रश्न

सूर्य क्या है और वह हमारे जीवन को कैसे संभव बनाता है?

शिक्षक संकेत :
विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों पर कक्षा में चर्चा करें और उन सभी को ब्लैकबोर्ड पर लिखते जाएं जैसे सूर्य, चाँद, तारे, बादल, चिड़िया आदि।

दिए हुए स्थान में आकाश का चित्र बनाएं:

दिन का आकाश	रात का आकाश

शब्द भंडार :

खगोल	:	आकाश
पिंड	:	गोलाकार आकृति
अध्ययन	:	पढ़ना
नक्षत्रमंडल	:	तारों द्वारा बनाई गई विभिन्न आकृतियाँ

रात के समय आकाश कितना सुंदर दिखाई देता है। छोटे-छोटे लाखों तारे और चंद्रमा आकाश में चमकते दिखाई देते हैं। आकाश में दिखने वाली व चमकने वाली, सभी चीजें खगोलीय पिंड कहलाती है।

मनुष्य हमेशा से ही आकाश के बारे में जानने के लिए उत्सुक रहता है। आकाश और खगोलीय पिंडो (सूर्य, चन्द्रमा, तारे, ग्रह, उपग्रह) के बारे में अध्ययन करना खगोलशास्त्र कहलाता है तथा जो यह अध्ययन करते हैं, वे खगोलशास्त्री कहलाते हैं। आर्यभट्ट प्राचीन भारत के प्रसिद्ध खगोलशास्त्री थे।

हमारे पूर्वज तारों से बनने वाली आकृतियों का प्रयोग अपने दैनिक जीवन में करते थे। तारों के विभिन्न समूह विभिन्न आकृतियाँ बनाते हैं। इन विभिन्न आकृतियों को नक्षत्रमंडल कहते हैं।

सप्तऋषि सात तारों का समूह है जो आकाश में बहुत आसानी से पहचाना जाता है। सप्तऋषि, एक और नक्षत्रमंडल अर्सा मेजर या बिग बेयर का भाग है। यह ध्रुव तारे की ओर संकेत करता है।

शिक्षक संकेत :

तारों द्वारा बनाई जाने वाली कुछ और आकृतियों को ब्लेकबोर्ड पर बनाए व कक्षा में इसके विषय में बताइए।

ध्रुव तारे से उत्तरी दिशा के बारे में पता चलता है। यह आसमान में हमेशा एक ही स्थान पर दिखाई देता है।

क्या आपने दिन में कोई तारा देखा है ?

इस समय जो रोशनी आ रही है वह कहाँ से आ रही है ?

सूर्य भी एक तारा है जिससे हमें प्रकाश व ऊष्मा प्राप्त होते हैं। तारे गैसों से बने होते हैं। इनमें अपना प्रकाश होता है। ये बहुत ही गर्म होते हैं। रात के आकाश में दिखाई देने वाले तारें भी सूर्य के समान ही हैं पर वह हमसे बहुत अधिक दूर होने के कारण बहुत ही छोटे दिखाई देते हैं। ये दिन के आकाश में भी अपने स्थान पर ही होते हैं, पर सूर्य के तेज प्रकाश के कारण हमें दिखाई नही देते।

शब्द भंडार :

प्रकाश	:	रोशनी
उष्मा	:	ताप, गर्मी

सुबह व शाम के समय जब सूर्य का प्रकाश कम होता है तब हम चंद्रमा व तारों को आकाश में देख सकते हैं।

प्रश्न 1 : अपने साथी के साथ मिलकर सोचें और लिखें: यदि सूर्य न हो तो, क्या होगा?

उत्तर 1 : ______________________________

____

____

सूर्य का प्रकाश और ताप जीवन को संभव बनाने में सहायक है। सूर्य के प्रकाश के बिना चारों ओर अंधेरा छा जाएगा और कभी दिन भी नहीं होगा। मानव सहित सभी जीव-जंतु और पेड़-पौधे अपना भोजन सूर्य की सहायता से प्राप्त करते हैं। सूर्य के ताप के बिना यहाँ बहुत ठंड हो जाएगी और पौधे अपना भोजन नहीं बना सकेंगे।

शिक्षक संकेत :

प्रकाश संश्लेषण के विषय में बताए और साथ ही जीव-जगत की पौधों पर निर्भरता को स्पष्ट करें।

मुख्य तत्व :

वे सभी खगोलीय पिंड जिनमें अपनी उष्मा व प्रकाश होता है तारे कहलाते हैं।

विचारों की तिजोरी :

- प्रकाश की गति लगभग 3,00,000 किमी./प्रति सेकेण्ड है। इस तेज गति के बावजूद सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुँचने में लगभग 8 मिनट का समय लगता है।
- जरा सोचो, जून माह में कितनी गर्मी होती है। हम दोपहर में घर से बाहर भी नहीं निकल पाते। तब हमारे आस-पास का तापमान अधिक से अधिक 48°C होता है। सूरज के घरातल का तापमान 6000°C होता है।
- हमे कभी सूर्य की तरफ नहीं देखना चाहिए। यह हमारी आँखों को नुकसान पहुँचा सकता है।



प्रश्न 1 : क्या सूर्य एक आग का गोला है ?

उत्तर 1 :

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : आकाश में क्या-क्या दिखाई देता है, लिखिएः

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : तारे क्या हैं ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : उत्तरी दिशा के बारे में किस तारे से पता चलता है ?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : तारों द्वारा बनाई किसी एक आकृति का नाम लिखिए।

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : तारे छोटे क्यों दिखाई देते हैं ?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : सूर्य से हमें क्या प्राप्त होता है ?

a. उष्मा व प्रकाश   b. लोहा   c. पत्थर

उत्तर 6 :

प्रश्न 7 : सूर्य किस प्रकार हमारे लिए सहायक है ?

उत्तर 7 :

भाग-2 : सौरमण्डल में पृथ्वी

फोकस प्रश्न

1. जिस पृथ्वी पर हम रहते है वह कहाँ है?
2. क्या पृथ्वी के अलावा ऐसी कोई और जगह है जहाँ हम रह सकते हैं?

शब्द भंडार :

केन्द्र	:	मध्य
कक्षा	:	ग्रहपथ

सूर्य, ग्रह, उपग्रह आदि मिलकर सौरमंडल का निर्माण करते हैं। इसे सौरपरिवार कहा जाता है। बहुत से ऐसे खगोलीय पिंड है, जिनमे अपना प्रकाश नहीं होता। वह सूर्य के प्रकाश के कारण चमकते हैं। हमारी पृथ्वी, जिस पर हम रहते हैं, उनमें से एक है। पृथ्वी एक ग्रह है और इसके समान सात अन्य ग्रह और हैं। ये आठ ग्रह सूर्य के खिंचाव बल के कारण सूर्य के चारों ओर अपनी अपनी कक्षा में चक्कर लगाते हैं और सूर्य से ऊष्मा और प्रकाश लेते हैं। सूर्य सौरमंडल का केंद्र होता है और इसका खिंचाव बल सौरमंडल को बाँधे रखता है ।

अगर सूर्य का खिंचाव बल न हो तो सभी ग्रह जो सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं कहीं दूर ब्रह्मांड में उड़ जाएंगे जैसे- एक गेंद को रस्सी से बाँधकर अपने ऊपर चारों और घुमाते हुए छोड़ दें।

मुख्य तत्व :

ग्रह : वे खगोलीय पिंड जिनमें अपनी उष्मा व प्रकाश नहीं होता और जो सूर्य के चारों ओर अपनी-अपनी कक्षा में चक्कर लगाते हैं।



ये सभी ग्रह सूर्य से अलग-अलग दूरी पर है। जो ग्रह सूर्य के करीब है वहाँ सूर्य का प्रकाश और ताप बहुत अधिक होगा और जो ग्रह सूर्य से दूर है वहां उतना ही अंधेरा और ठंड होगी। इसी प्रकार जो ग्रह जितना पास है, उसे सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने में कम समय लगेगा तथा दूर वाले को अधिक समय लगेगा। हमारी पृथ्वी अपना चक्कर 365 दिन 6 घंटे में पूरा करती है, यानी एक वर्ष।

पृथ्वी सूर्य का एक चक्कर 365 दिन में काटती है।



नीचे दी हुई तालिका 1 में देखो और बताओ :

मंगल ग्रह कितने समय में सूर्य के चारों और अपना एक चक्कर पूरा करता है:

तालिका : 1

सौरमण्डल के ग्रह

ग्रह का नाम		सूर्य से दूरी के अनुसार क्रम	सूर्य के चारों और चक्कर में लगने वाला समय	प्राकृतिक उपग्रह	कुछ रोचक जानकारी
	बुध	पहला	88 दिन	0	सूर्य के सबसे समीप, व सबसे छोटा
	शुक्र	दूसरा	255 दिन	0	सबसे चमकीला पृथ्वी का जुड़वाँ ग्रह
	पृथ्वी	तीसरा	365 दिन	1	अनोखा ग्रह, नीला ग्रह
	मंगल	चौथा	687 दिन	2	लाल ग्रह
	बृहस्पति	पाँचवा	लगभग 12 वर्ष	16	सबसे बड़ा ग्रह

	शनि	छठा	लगभग 29 वर्ष	30 से अधिक	चारों ओर छल्ले, सबसे हल्का ग्रह
	अरुण	सातवाँ	84 वर्ष	लगभग 17	हरा ग्रह
	वरुण	आठवाँ	164 वर्ष	8	सबसे दूर, सबसे ठंडा

Image Source: Nasa

ग्रहों के चक्कर में लगने वाला समय पृथ्वी के दिन और साल में लगने वाले समय के आधार पर दिखाया गया है।

तालिकाः 1 में दी हुई जानकारी के अनुसार सभी ग्रहों के अलग अलग कार्ड्स बनायें और अपने साथियों के साथ चर्चा करें।

कक्षा में चर्चा :

सर : रवि, सूर्य से दूरी के अनुसार पहले तीन ग्रहों के नाम बताओ।

रवि : बुध, शुक्र ,पृथ्वी

सर : अगले दो ग्रह कौन से हैं, नगमा तुम बताओ।

नगमा : मंगल और बृहस्पति

सर : अंकुर अब बाकी के बचे हुए ग्रह बताओ

अंकुर : शनि, अरुण , वरुण

सर : सभी आठ ग्रहों में से **पृथ्वी एक अनोखा ग्रह है।**

नगमा : अनोखा किसे कहते हैं ?

सर : अनोखा मतलब 'सबसे अलग'। पृथ्वी सबसे अलग है क्योंकि अन्य किसी भी ग्रह पर जीवन संभव नही है।

रवि : इसका मतलब अन्य किसी ग्रह पर न तो जल है और न ही वायु।

सर : हाँ रवि, जल और वायु के अलावा, वहाँ उचित मात्रा में प्रकाश और ऊष्मा भी नहीं है। कहीं बहुत ज्यादा गर्म है तो कहीं बहुत ही ठंडा। इसलिए हमारी पृथ्वी एक अनोखा ग्रह है।

नगमा : अरे वाह! मैं आज अपने घर में सबको बताऊंगी कि मैं एक अनोखे ग्रह पर रहती हूँ।

सर : पृथ्वी पर जल होने के कारण इसे नीला ग्रह भी कहते हैं।

प्रश्न 1 : क्या आपको अन्य ग्रहों के बारे में कुछ रोचक जानकारी है? तालिका 1 में देखिए और लिखिए।

बुध ____________________

मंगल ____________________

बृहस्पति ____________________

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : सही उत्तर पर निशान लगाएं:

(i) सौरमंडल में कुल कितने ग्रह हैं ।

a. 10 ☐ b. 9 ☐

c. 6 ☐ d. 8 ☐

(ii) सूर्य के चारों ओर पृथ्वी कितने दिनों में अपना चक्कर पूरा करती है:

a. 370 ☐ b. 355 ☐

c. 365 ☐ d. 363 ☐

(iii) बताइए किस ग्रह पर सबसे कम तापमान होगा (सौरमंडल का चित्र देखिये):

a. शुक्र ☐ b. मंगल ☐

c. अरुण ☐ d. वरुण ☐

(iv) इनमे से कौन सा ग्रह अपना चक्कर सबसे जल्दी पूरा करेगा (सौरमंडल का चित्र देखिये) :

a. पृथ्वी ☐ b. शुक्र ☐

c. बृहस्पति ☐ d. शनि ☐

(v) पृथ्वी अनोखा ग्रह है क्योंकि यहाँ

a. जीवन है ☐ b. आकाश है ☐

c. पर्वत है ☐ d. जमीन है ☐

(vi) खगोलीय पिंडों पर गोला लगाइए:

हवा तारे पहाड़ जल सूर्य

पेड़ ग्रह नदी चंद्रमा चिड़िया

भाग-3 : चंद्रमा एक उपग्रह

फोकस प्रश्न

पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है तो क्या वो चंद्रमा का भी चक्कर लगाती है?

शब्द भण्डार :

प्राकृतिक : प्रकृति द्वारा प्राप्त

अभी हमने पढ़ा कि ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। ग्रहों के चारों ओर चक्कर लगाने वाले खगोलीय पिंडों को उपग्रह कहा जाता है। चंद्रमा पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह है। पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है तथा चंद्रमा पृथ्वी का चक्कर लगाता है। वह अपना चक्कर 27 दिन में पूरा करता है।



मुख्य तत्व :

उपग्रह : ग्रहों के चारों ओर चक्कर लगाने वाले खगोलिय पिंडों को उपग्रह कहा जाता है।

ऊपर दी हुई तालिका-1 देखो, बुध और शुक्र के अलावा सभी ग्रहों के अपने-अपने चंद्रमा यानि प्राकृतिक उपग्रह हैं। बृहस्पति ग्रह के सबसे अधिक उपग्रह है।

आपने चांद को विभिन्न रूपों में देखा होगा, इसका आकार अलग-अलग होता है। जिस दिन आकाश में पूरा चंद्रमा दिखाई देता है उस दिन को पूर्णिमा या पूर्णमासी कहा जाता है। आकाश में जिस रात चंद्रमा दिखाई नहीं देता, उसे अमावस्या कहा जाता है। (मौसम खराब ना होने पर)

चंद्रमा पर न तो जल है और न ही वायु। आपने अक्सर इस पर कुछ छवियाँ देखी होंगी जो इसकी जमीन पर पर्वत, मैदान एवं विशाल गड्ढे हैं। चंद्रमा पर जाने वाले पहले व्यक्ति का नाम नील आर्मस्ट्रांग था।

शब्द भण्डार :

कृत्रिम : मानव द्वारा निर्मित

कुछ उपग्रह मानव द्वारा बनाए जाते हैं। वे कृत्रिम उपग्रह कहलाते हैं। ये वैज्ञानिकों के द्वारा बनाये जाते हैं।इन्हें रॉकेट की सहायता से अंतरिक्ष में भेजा जाता है एवं पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कर दिया जाता है। यह पृथ्वी के साथ-साथ इसके चारों ओर एक ही स्थान पर चक्कर लगाते हैं। इनकी सहायता से हमें ब्रह्मांड के बारे में जानकारी मिलती है। इन्हीं की सहायता से हम संचार माध्यमों, जी.पी.एस (GPS) व टेलीविजन का इस्तेमाल कर पाते हैं।

शिक्षक संकेत :

दैनिक जीवन में और कहाँ-कहाँ कृत्रिम उपग्रहों की सहायता ली जाती है, चर्चा करें।



चित्र : मानव-निर्मित उपग्रह

विचारों की तिजोरी :

कुछ भारतीय कृत्रिम उपग्रहः INSAT, IRS, EDUSAT

शिक्षक संकेत :

अध्यापक व्यास की अवधारणा को स्पष्ट करें।

चंद्रमा का आकार सूर्य के आकार की तुलना में बहुत ही छोटा है पर यह पृथ्वी के ज्यादा करीब है इसलिए बड़ा दिखाई देता है।

सूर्य का व्यास पृथ्वी के व्यास से 109 गुना बड़ा है।

पृथ्वी का व्यास चंद्रमा के व्यास से लगभग 4 गुना बड़ा है।



सूरज तो बहुत ही बड़ा है

पृथ्वी और चन्द्रमा

पृथ्वी और चन्द्रमा के आकार को दर्शाता एक काल्पनिक चित्र

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : चंद्रमा कितने दिनों में पृथ्वी का चक्कर पूरा करता है। ______________

प्रश्न 2 : क्या चंद्रमा पर जीवन संभव है। ______________

प्रश्न 3 : किसी एक कृत्रिम उपग्रह का नाम लिखे। ______________

प्रश्न 4 : बताइए कौन किसका चक्कर लगाता है :

पृथ्वी : ______________

चन्द्रमा : ______________

अभ्यास

प्रश्न 1 : मिलान करो –

सौरमंडल का केंद्र	चंद्रमा
पृथ्वी का जुड़वाँ ग्रह	ध्रुव तारा
इस तारे से उत्तर दिशा का पता चलता है	शुक्र ग्रह
पूरे चन्द्रमा दिखाई देने वाली रात	सूर्य
पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह	नक्षत्रमंडल
बिग–बीयर	पूर्णमासी

प्रश्न 2 : खाली स्थान भरिए –

i. ग्रहों के पास अपनी ______________ तथा प्रकाश नहीं होता। (चमक/ऊष्मा)

ii. सूर्य के तेज ______________ के कारण दिन में चंद्रमा तथा तारे नहीं दिखाई देते। (प्रकाश/असर)

iii. सूर्य व उसके चारों ओर चक्कर लगाने वाले आठों ग्रहों के समूह को ______________ कहते हैं। (सौरमंडल/तारामंडल)

iv. ______________ प्राचीन भारत के प्रसिद्ध खगोल शास्त्री थे। (आर्यभट्ट/चरक)

प्रश्न 3 : निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

i. ग्रह और तारे में क्या अंतर है ?

ii. मनुष्य पृथ्वी के अलावा अन्य किसी ग्रह पर क्यों नहीं रहता ?

iii. अगर सूर्य अपना कार्य करना बंद कर दे तो क्या होगा ?

iv. उपग्रह किसे कहते हैं ?

v. वरुण ग्रह को सूर्य के चारों ओर अपना चक्कर पूरा करने में सबसे अधिक समय क्यों लगता है ?

vi. सूर्य किस बल के कारण सौरमंडल को बाँधे रखता है ?

प्रश्न 4 : वाक्यों को सही करके लिखिए–

i. सूर्य एक ग्रह है।

ii. सौरमंडल में सभी ग्रहों पर जीवन संभव है।

iii. पौधे चाँद के प्रकाश में अपना भोजन बनाते हैं।

iv. पृथ्वी चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाती है।

v. सबसे बड़ा ग्रह शनि है।

प्रश्न 5 : ढूंढो और गोला लगाओ –

i. बाएं से दाएं

a. सबसे दूर व ठंडा ग्रह

b. सूर्य से सबसे नजदीक ग्रह

c. लाल ग्रह

d. सूर्य से दूरी के अनुसार तीसरे नंबर का ग्रह

च	दो	बु	ध	शा	टू	ग
पृ	थ्वी	न	ता	म	का	ख
आ	स	न	व	रू	ण	था
सू	र	ज	र्य	सि	भ	ही
फ	मं	ग	ल	ता	रा	ट
प	य	मो	की	ट	न	धि

ii. ऊपर से नीचे –

a. हरा ग्रह

b. सबसे बड़ा ग्रह

c. पृथ्वी का जुड़वां ग्रह

d. सूर्य से दूरी के अनुसार छठा ग्रह

ब्र	म	ली	हा	हा	ट	बृ
द	क	अ	म	शु	ख	ह
क	म	रु	द	क्र	थी	स्प
च	प	ण	न	धा	चं	ति
श	ण	ई	मं	न	ऊ	दि
नि	ग	ल	ग्र	ह	न	त

प्रश्न 6 : सही उत्तर पर निशान लगाओ और खाली स्थान में लिखो –

i. सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुँचने में लगभग ______________ का समय लगता है।

a. 10 मिनट ☐ b. 8 मिनट ☐ c. 8 सेकंड ☐

ii. ______________ के सर्वाधिक उपग्रह हैं।

a. बृहस्पति ☐ b. शनि ☐ c. मंगल ☐

iii. चंद्रमा पर जाने वाले पहले व्यक्ति का नाम ______________ था।

a. राकेश मल्होत्रा ☐ b. नील आर्मस्ट्रांग ☐ c. स्टीवन ☐

iv. सभी चीजें जो आसमान में दिखाई देती है ______________ पिंड कहलाती है

a. खगोलीय ☐ b. उष्मीय ☐ c. जलीय ☐

v. तारों के विभिन्न समूहों द्वारा बनाई गई आकृतियों को ______________ कहते हैं ।

a. सौरमंडल ☐ b. नक्षत्रमंडल ☐ c. वायु मंडल ☐

प्रश्न 7 : सभी ग्रहों को सूर्य से दूरी के अनुसार सही क्रम में लगाए (पास से दूर)

शुक्र, बृहस्पति , शनि , वरुण , मंगल , बुध , अरुण , पृथ्वी

____

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

____

____

____

____

____

____

पाठ 2

ग्लोब : अक्षांश एवं देशांतर

(NCERT पाठ 2)

हम क्या सीखेंगे :

- ग्लोब पृथ्वी का एक प्रतिरूप है जिसके द्वारा हम पृथ्वी पर स्थित महासागरों, महाद्वीपों व विभिन्न देशों की स्थिति के बारें में समझ पाएंगे।
- पृथ्वी पर किसी भी स्थान की सटीक स्थिति बताने के लिए अक्षांश एवं देशांतर रेखाओं का प्रयोग किया जाता हैं।
- पृथ्वी के किस-किस स्थान पर गर्मी या ठण्ड रहने की संभावना रहती है।
- समय का निर्धारण कैसे किया जाता है।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए, इसे पढ़ने पर आप के मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढ़ने की कोशिश करें।

भाग-1 : ग्लोब

फोकस प्रश्न

1. ग्लोब क्या होता है ?
2. पृथ्वी को समझने के लिए ग्लोब का क्या महत्व है?

महत्वपूर्ण जानकारी :

हमारी पृथ्वी पूरी तरह से गोल नही है। यह उत्तरी व दक्षिणी ध्रुवों पर थोड़ी चपटी तथा बीच में से थोड़ी उभरी हुई है। पृथ्वी के इस आकार को भू-आभ कहा जाता है। लेकिन पृथ्वी का यह चपटापन उत्तर व दक्षिण ध्रुवों पर न के बराबर है जो कि 22-22 किमी. है। इसलिए हमें पृथ्वी हमेशा गोल ही दिखाई देती हैं।

शिक्षक संकेत :

इन प्रश्नों के उत्तरों की चर्चा कक्षा में करने के बाद शिक्षक ग्लोब के बारे में चर्चा कर सकते हैं। शिक्षक अपनी कक्षा में विद्यार्थियों को ग्लोब दिखाये और महासागरों, महाद्वीपों व विभिन्न देशों के बारे में चर्चा करें। (चित्र 2.1 की सहायता से)

ग्लोब के बारे में समझने के लिए नीचे दिए गये प्रश्न पर चर्चा करें।

प्रश्न 1 : विद्यार्थियों को चार निम्न आकृति दिखाए व पूछें कि इनमें से कौन सी आकृति ग्लोब के आकार के समान है ?



उत्तर :

प्रश्न 2. इनमें से कौन सी वस्तु अपने 'अक्ष' पर घूमती है ?



उत्तर :

शब्द भण्डार :

अक्ष : एक काल्पनिक रेखा, जो पृथ्वी के बीच से होकर उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव को जोड़ती है। अक्ष को धुरी भी कहते है।

ग्लोब पृथ्वी का एक प्रतिरूप है, जिस पर देशों, महाद्वीपों तथा महानगरों को उनके छोटे आकार के रूप में दिखाया जाता है। ग्लोब को रंगीन बनाया जाता है जिसमें नीला रंग जल को दर्शाता है तथा अन्य रंग जमीन व पर्वतों को दर्शातें हैं। ग्लोब अलग-अलग आकार के हो सकते हैं। जैसे- पॉकेट में रखने वाले ग्लोब, गुब्बारे वाले ग्लोब, बहुत बड़े आकार के ग्लोब इत्यादि।

एक काल्पनिक रेखा, जो पृथ्वी के बीच से होकर उत्तरी ध्रुव व दक्षिणी ध्रुव को जोड़ती है उसे पृथ्वी का अक्ष कहते है

हम देखते है कि ग्लोब पर दिखाए हुए उत्तरी ध्रुव व दक्षिणी ध्रुव के बीच से एक सूई होकर गुजरती है। हम इस पर ग्लोब को घुमा सकते हैं। ऐसी ही एक काल्पनिक रेखा पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव व दक्षिणी ध्रुव को जोड़ती है। इस काल्पनिक रेखा को पृथ्वी का अक्ष कहते हैं। जैसे ग्लोब सूई पर घूमता है, वैसे ही पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती है।

हमें यह बात ध्यान रखनी है कि पृथ्वी पर वास्तविक रूप में ऐसी कोई रेखा नहीं है।

ग्लोब के बारें में चर्चा करने के बाद निम्न प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करें।

प्रश्न 1.अक्ष से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर 1 : ______________________________

____

प्रश्न 2 : कौन सा देश ग्लोब पर सबसे बड़ा दिखाई देता है?

उत्तर 2 : ______________________________

प्रश्न 3.भारत देश के आस-पास कौन से देश दिखाई देता हैं?

उत्तर 3 : ______________________________

____

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पृथ्वी के छोटे प्रतिरूप को ____________ कहते हैं।

क. मंगल ख. ग्लोब ग. अक्ष घ. ध्रुव

प्रश्न 2 : ग्लोब पर नीला भाग ____________ को दर्शाता है।

क. जमीन ख. पर्वत ग. जल घ. आकाश

प्रश्न 3 : पृथ्वी अपने ____________ पर घूमती है।

क. अक्ष ख. कक्ष ग. वृत घ. ध्रुव

हमने सीखा :

- ग्लोब पृथ्वी का छोटा प्रतिरूप है।
- पृथ्वी पर नीला भाग पानी को दिखाता है।
- पृथ्वी पर एक काल्पनिक रेखा झुकी हुई अवस्था में स्थित है जिसे अक्ष कहते है।
- पृथ्वी के दो ध्रुव है- उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव।

अभ्यास

प्रश्न 1 : लिखिए : आप ने ग्लोब के बारें में ऐसी क्या चार चीजें सीखीं, जिनसे आपको पृथ्वी को समझने में मदद मिली।

उत्तर 1 : ____________________

____

____

____

भाग-2 : स्थान की सटीक स्थितिः संदर्भ रेखाएँ - अक्षांश एवं देशांतर

किसी स्थान की सटीक स्थिति जानने के लिए संदर्भ रेखाएँ जो कि अक्षांश एवं देशांतर होती हैं कि, चर्चा करने से पहले निम्नलिखित क्रियाकलाप किया जा सकता है।

अक्षांश व देशांतर रेखाओं को समझने के लिए क्रियाकलाप :

- प्रत्येक विद्यार्थी एक कागज लें।
- अब इस कागज को एक तरफ से पंखे की तरह मोड़ना शुरू करें।
- इसी तरह कागज को दूसरी तरफ से भी करें।
- अब आप देखेंगे कि आपके कागज पर कुछ रेखाएँ बन गई है जिन्हें हम संदर्भ रेखाएँ कहते हैं, जैसा कि चित्र 2.2 में दिखाया गया है।
- सतह एक और सतह दो की इन संदर्भ रेखाओं को A , B , C , D....तथा 1,2,3,4.....का नाम दें।
- जहाँ ये रेखाएँ एक-दूसरे को काट रही है उस जगह पर कहीं भी पांच बिंदु अंकित करें।
- इन अंकित बिंदुओं को निम्नलिखित नाम दें (यह नाम सांकेतिक हैं विद्यार्थी इन बिंदुओं को ओर कोई भी नाम दे सकते हैं।)

⇨ मेरा घर
⇨ मेरा विद्यालय
⇨ मेरा पार्क
⇨ मेरी नदी
⇨ मेरा पेड़



चित्र – 2.2 : संदर्भ रेखाएँ

अब आप अपने कागज पर देखें कि आपका घर सतह एक की कौन सी लाइन पर है और सतह दो की कौन सी लाइन उसे काट रही है।

उदहारण के लिए मेरा घर C:8 में स्थित है।

प्रश्न 1 : अब आप अपने विद्यालय, पार्क, नदी व अपने पेड़ की स्थिति इस कागज पर देखें व लिखें कि वह कहाँ स्थित है ।

उत्तर : ______________________

____

____

जिस तरह कागज को दोनों तरफ से, पंखे की तरह मोड़ने पर रेखाओं का जाल बन गया और इस जाल का इस्तेमाल करके छात्र ने अपने घर, पार्क इत्यादि की स्थिति का पता लगाया, उसी तरह पृथ्वी पर भी इस तरह की कुछ रेखाएँ मानी (जो वास्तविक रूप में नहीं) गयी हैं इन्हें संदर्भ रेखाएँ कहा जाता है, जिन्हें मिलाकर पृथ्वी पर किसी भी स्थान की सटीक स्थिति का पता लगाया जा सकता है। अब हम इन रेखाओं के बारें में चर्चा करेंगे। **ग्रिड को हिंदी में जाल कहते हैं।**

अक्षांश रेखाएँ

अभी हमने पृथ्वी के छोटे प्रतिरूप ग्लोब के बारे में जाना। पृथ्वी को एक अन्य काल्पनिक रेखा दो बराबर भागों में बाँटती है, जिसे भूमध्य रेखा कहा जाता है। पृथ्वी के उत्तर में स्थित आधे भाग को उत्तरी गोलार्ध व पृथ्वी के दक्षिण में स्थित आधे भाग को दक्षिणी गोलार्ध कहा जाता है। (चित्र 2.3)



चित्र 2.3 : भूमध्य रेखा

भूमध्य रेखा से ध्रुवों तक स्थित सभी समानांतर वृतों को अक्षांश रेखाएँ कहा जाता है, भूमध्य रेखा को शून्य अंश माना गया है (चित्र 2.4)



चित्र 2.4 : अक्षांश रेखाएँ (NCERT 2.2)

शिक्षक संकेत :

कक्षा में शिक्षक अक्षांश रेखाओं को ग्लोब पर दिखाएं।

अक्षांश रेखाओं के द्वारा हमें यह पता लगता है कि हम भूमध्य रेखा से कितनी दूर हैं अर्थात कितने डिग्री उत्तर में या कितने डिग्री दक्षिण में स्थित हैं। भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर गर्मी कम होती जाती है और ठण्ड बढ़ती जाती है।

शब्द भंडार :

सन्दर्भ रेखाएं : पृथ्वी पर किसी स्थान की सटीक स्थिति जानने के लिए काल्पनिक रेखाएं, जिन्हें अक्षांश रेखा और देशांतर रेखा कहते हैं।

भूमध्य रेखा : एक काल्पनिक रेखा जो पृथ्वी को दो बराबर गोलार्धों में बांटती है, जिन्हें उत्तरी गोलार्ध और दक्षिणी गोलार्ध कहते हैं। भूमध्य रेखा को विषुवत वृत्त भी कहा जाता है तथा इसे अंग्रेजी में **equator** कहते हैं।

अक्षांश रेखा : भूमध्य से दोनों ध्रुवों तक समान्तर वृत्त अक्षांश रेखा कहलाते हैं। अक्षांशों को अंश में मापा जाता है। भूमध्य रेखा को **0°** अंश मानते हैं। उत्तरी ध्रुव को **90°** उ० माना जाता है और दक्षिणी ध्रुव को **90°** द० माना जाता है। अक्षांश रेखाओं को समानांतर **(parallel)** रेखाएँ भी कहा जाता है।

देशांतर रेखा : उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से जोड़ने वाली काल्पनिक संदर्भ रेखाओं को देशांतर रेखाएँ कहते हैं।

प्रमुख याम्योत्तर : वह देशांतर जो पृथ्वी को पूर्व से पश्चिम में दो बराबर भागों में बाँटती है। इन्हें पश्चिमी गोलार्ध और पूर्वी गोलार्ध कहते हैं। प्रमुख याम्योत्तर को प्रमुख देशांतर भी कहा जाता है। इसका मान 0° देशांतर अंश है।

ग्रिड : अक्षांश और देशांतर रेखाएँ मिलकर एक जाल (नेटवर्क) बनाते हैं जिसे ग्रिड कहते हैं। इन रेखाओं को अंश (डिग्री, मिनट और सेकंड) में गिना जाता है। इन ग्रिड के द्वारा हम पृथ्वी पर स्थित किसी भी स्थान की सटीक स्थिति का पता लगा सकते हैं। आज कल तो स्मार्ट फोन पर यह सटीक स्थिति आसानी से मिल सकती है। स्मार्ट फोन हो तो देखिये आप कहाँ खड़े हैं।

मुख्य तत्व :

180° पूर्व देशांतर अंश और 180° पश्चिम देशांतर अंश एक ही रेखा पर स्थित है जिसे अंतर्राष्ट्रीय-तिथि रेखा कहा जाता है। इस रेखा के पश्चिमी स्थान पूर्वी स्थान से एक दिन पीछे होते हैं। कैसे? सोचिये!



चित्र 2.5 : भूमध्य रेखा से दूरी

देशांतर रेखाएँ

किसी स्थान की स्थिति जानने के लिए अक्षांश के अलावा देशांतर रेखाओं को जानना भी बहुत जरूरी है। पृथ्वी को एक अन्य काल्पनिक रेखा दो बराबर भागों में बाँटती है जिसे प्रमुख याम्योतर कहते हैं यह रेखा पृथ्वी को पूर्वी व पश्चिमी गोलार्ध में बाँटती हैं । (चित्र 2.6)



चित्र 2.6 : प्रमुख याम्योतर रेखा

उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से जोड़ने वाली काल्पनिक संदर्भ रेखाओं को देशांतर रेखाएँ कहा जाता है। इन रेखाओं के बीच की दूरी को देशांतर के अंशों में मापा जाता है। सभी देशांतर रेखाओं की लंबाई समान होती है। (चित्र 2.7)



चित्र 2.7 : देशांतर रेखाएँ (NCERT VI 2-5)

ग्रीनिच (ग्रेट ब्रिटेन) में ब्रिटिश राजकीय वेधशाला से होकर गुजरने वाली देशांतर रेखा को प्रमुख देशांतर या याम्योत्तर कहा जाता है, जिसका मान 0° देशांतर अंश है। देशांतर रेखाओं के द्वारा हमें यह पता लगता है कि, हम प्रमुख याम्योतर से कितने डिग्री पूर्व में या कितने डिग्री पश्चिम में स्थित है (चित्र 2.8)



चित्र 2.8 : प्रमुख याम्योतर से दूरी

पृथ्वी पर जहाँ अक्षांश व देशांतर रेखाएँ एक दूसरे को काटती है उन्हें ग्रिड कहा जाता है। पृथ्वी पर इस तरह की ग्रिड का पूरा जाल फैला हुआ है। इस ग्रिड को हम पृथ्वी पर किसी भी स्थान की सटीक स्थिति जानने के लिए प्रयोग में लाते हैं (चित्र 2.9)।



चित्र 2.9 अक्षांश व देशांतर रेखाओं से बनी ग्रिड

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1. अक्षांश रेखा का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

उत्तर 1 : ______________________________

____

प्रश्न 2. अक्षांशों को ______________ में मापा जाता है।

क. कटिबंध ख. अंश ग. वृत्त घ. रेखा

प्रश्न 3. देशांतर रेखा का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

उत्तर 3 : ______________________________

____

प्रश्न 4. इन रेखाओं का हम कैसे उपयोग करते है ?

उत्तर 4 : ______________________________

____

प्रश्न 5. ग्रीनिच स्थान ______________ में स्थित है।

क. ग्रेट-ब्रिटेन ख. भारत ग. रूस घ. पेरिस

हमने सीखा :

- पृथ्वी को समझने के लिए कुछ काल्पनिक संदर्भ रेखाओं को माना गया है।
- भूमध्य रेखा पृथ्वी को दो बराबर भागों में बाँटती है। जिसे उत्तरी गोलार्ध व दक्षिणी गोलार्ध कहते हैं।
- प्रमुख याम्योतर रेखा पृथ्वी को दो बराबर भागों में बाँटती है जिसे पूर्वी गोलार्ध व पश्चिमी गोलार्ध कहते हैं।
- भूमध्य रेखा से ध्रुवों तक स्थित सभी समानांतर रेखाओं या वृतों को अक्षांश रेखाएँ कहा जाता है।
- उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव से जोड़ने वाली काल्पनिक रेखाओं को देशांतर रेखा कहा जाता है।
- ग्रीनिच (ग्रेट- ब्रिटेन) से होकर गुजरने वाली देशांतर रेखा को प्रमुख (याम्योतर) देशांतर रेखा माना गया है।

अभ्यास

प्रश्न 1 : ग्लोब को देखते हुए भारत की अक्षांशीय व देशांतरीय स्थिति का पता लगाइए तथा वह कौन से गोलार्द्ध में स्थित है यह भी बताइए ?

उत्तर 1 : ______________________________

____

भाग-3 :

पृथ्वी के ताप कटिबंध व समय की गणना

इस भाग में हम पृथ्वी के ताप कटिबंधो व समय की गणना कैसे की जाती है, इस पर चर्चा करेंगे।

शिक्षक संकेत :
यह प्रश्न बाद के लिए है शिक्षक यहाँ पहले ताप कटिबंधो के बारें में चर्चा करें

फोकस प्रश्न

उत्तरी भारत व दक्षिणी भारत का तापमान एक ही समय पर अलग-अलग क्यों होता है ? आइये जानते है।

कुछ महत्त्वपूर्ण अक्षांश रेखाएँ (चित्र 2.10)

हमने पिछले खण्ड में अक्षांश रेखाओं के बारें में जाना था अब हम कुछ प्रमुख अक्षांश रेखाओं के बारें में चर्चा करेगें।

भुमध्य रेखा (0° अक्षांश)

उत्तर ध्रुव (90° उत्तरी अक्षांश) कर्क रेखा (23.5° उत्तरी अक्षांश) उत्तर ध्रुव वृत्त (66.5 ° उत्तरी अक्षांश)	उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित अक्षांश रेखाएँ
दक्षिण ध्रुव (90 ° दक्षिणी अक्षांश) मकर रेखा (23.5° दक्षिण अक्षांश) दक्षिण ध्रुव वृत (66.5 ° दक्षिण अक्षांश)	दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित अक्षांश रेखाएँ



चित्र 2.10 : ताप कटिबंध दर्शाती हुई महत्वपूर्ण अक्षांश रेखाएँ

पृथ्वी के ताप कटिबंध (चित्र 2.10) : पृथ्वी के तीन ताप कटिबंध हैं जिनके बारें में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी नीचे तालिका में दी गई है :

उष्ण कटिबंध	शीतोष्ण कटिबंध	शीत कटिबंध
कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच का क्षेत्र	उत्तरी गोलार्द्ध में कर्क रेखा व उत्तरी ध्रुव वृत के बीच का क्षेत्र दक्षिणी गोलार्ध में मकर रेखा व दक्षिणी ध्रुव वृत के बीच का क्षेत्र	उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तर ध्रुव वृत व उत्तरी ध्रुव के बीच का क्षेत्र दक्षिणी गोलार्ध में दक्षिण ध्रुव वृत्त व दक्षिणी ध्रुव के बीच का क्षेत्र
सूर्य वर्ष में एक बार दोपहर में सिर के ठीक ऊपर होता है।	सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती है	सूर्य क्षितिज से ज्यादा ऊपर नहीं आ पाता
सबसे अधिक गर्मी होती है।	न अधिक गर्मी न अधिक ठंड	बहुत अधिक ठंड होती है।

ऊपर दी गई तालिका को देखकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करें।

प्रश्न 1 : किस कटिबंध में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है ?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : किस कटिबंध में सबसे अधिक ठण्ड पड़ती है।

उत्तर 2 : ____________________

प्रश्न 3 : किस कटिबंध में सूर्य क्षितिज से ज्यादा ऊपर नहीं आ पाता है?

उत्तर 3 : ____________________

प्रश्न 4 : उष्ण-कटिबंध क्षेत्र किन अक्षांश रेखाओं के बीच स्थित है?

उत्तर 4 : ____________________

समय की गणना

प्राचीन काल में समय की गणना करने के लिए सबसे अच्छा साधन पृथ्वी, चंद्रमा व अन्य ग्रहों की गति थी और किसी भी स्थान के समय का अनुमान सूर्य के द्वारा बनने वाली परछाई से लगाया जाता था। आज विज्ञान की उन्नति के कारण हम किसी भी स्थान के समय का सही पता लगा सकते हैं। आइए अब हम यह समझते है कि समय की गणना कैसे की जाती है।

जैसे कि हम जानते हैं पृथ्वी पश्चिम से पूर्व (घड़ी की सुई की विपरीत दिशा में – anti-clock wise) की ओर चक्कर लगाती है और ग्रीनिच का मान 0° देशांतर अंश है। अतः वे स्थान जो ग्रीनिच के पूर्व में पढ़ते हैं, उनका समय ग्रीनिच समय से आगे होगा और जो स्थान ग्रीनिच से पश्चिम में है उनका समय ग्रीनिच से पीछे होगा (चित्र 2.11)।



चित्र 2.11 : विश्व के समय क्षेत्र

समय की गणना निम्नलिखित विधि से की जा सकती है:

पृथ्वी अपने अक्ष पर 24 घंटे में एक चक्कर लगाती है यानि वह 24 घंटे में 360° घूम जाती है।

अतः वह 1 घंटे में 15° व 4 मिनट 1° घूमती है। अब मान लीजिए ग्रीनिच में दोपहर के 12:00 बज रहे हैं तो ग्रीनिच से 10° पूर्व में समय होगा 10 X 4 = 40 मिनट यानि 10° पूर्व में 12:40 P.M. हो रहें होंगे।

इसी तरह ग्रीनिच से 10° पश्चिम में समय 40 मिनट पीछे होगा यानि वहां 11:20 A.M. हो रहे होंगे।



चित्र 2.12 : भारत की मानक याम्योतर

मुख्य तत्व :

G.M.T. (Greenwich Mean Time) ग्रीनिच (ग्रेट ब्रिटेन) में स्थित है तथा विश्व का मानक समय है।

I.S.T. (Indian Standard Time) भारतीय मानक समय विश्व के मानक समय से 5½ घंटे आगे है।

भारत में 82.30° पूर्व देशांतर को भारत का मानक याम्योत्तर माना गया है। (चित्र 2.12)

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पृथ्वी के ______________ ताप कटिबंध है

क. चार   ख. पाँच   ग. तीन   घ. दो

प्रश्न 2 : सबसे अधिक गर्मी ______________ कटिबंध में पड़ती है

क. शीत   ख. ऊष्ण   ग. शीतोष्ण

प्रश्न 3 : सबसे अधिक सर्दी ______________ कटिबंध में पड़ती है

क. शीत   ख. ऊष्ण   ग. शीतोष्ण

प्रश्न 4 : पृथ्वी पश्चिम से पूर्व ______________ चक्कर लगाती है।

क. घड़ी की सुई की विपरीत दिशा में (anti clock wise)

ख. घड़ी की सुई की दिशा में (clock wise)

प्रश्न 5 : पृथ्वी 24 घंटे में ______________ घूम जाती है।

क. 360°   ख. 90°   ग. 180°   घ. 4°

प्रश्न 6 :कर्क रेखा ______________ पर स्थित है।

क. 23.5 ° उत्तरी अक्षांश   ख. 23.5 ° दक्षिणी अक्षांश   ग. 66.5 ° उत्तरी अक्षांश

प्रश्न 7 :मकर रेखा ______________ अक्षांश पर स्थित है।

क. 23.5 ° उत्तरी अक्षांश   ख. 23.5 ° दक्षिणी अक्षांश   ग. 66.5 ° उत्तरी अक्षांश

हमने सीखा :

पृथ्वी के तीन प्रमुख ताप कटिबंध है- ऊष्ण, शीतोष्ण, शीत।

पृथ्वी पश्चिम से पूर्व घड़ी की सूई की विपरीत दिशा में (anti & clock wise) चक्कर लगाती है।

समय के निर्धारण के लिए देशांतर रेखाओं का प्रयोग किया जाता है।

अभ्यास

प्रश्न 1 : पता लगाएं कि भारत किस ताप कटिबंध में आता है और उसका भारत देश पर क्या प्रभाव पड़ता है।

उत्तर :

प्रश्न 2 : पता लगाएं कि अमरीका में न्यू यॉर्क और भारत में दिल्ली में कितने समय का अंतर है। आपने कैसे गणना की? यदि न्यू यॉर्क में सुबह के 5:00 बज रहे हैं तो दिल्ली में उस समय क्या बज रहा होगा?

उत्तर :

प्रश्न 3 : सिंगापूर और दिल्ली में कितने समय का अंतर है? यदि सिंगापूर में शाम के 5:00 बज रहे हैं तो दिल्ली में उस समय क्या बज रहा होगा? आपने कैसे हिसाब लगाया?

उत्तर :

प्रश्न 4 : प्राचीन काल में समय का पता कैसे लगाते थे और आज हम समय का अनुमान कैसे करते हैं? उदाहरण सहित समझाये।

उत्तर :

प्रश्न 5: हम किन रेखाओं को सन्दर्भ रेखाएं कहते हैं? हम इनका कैसे प्रयोग कर सकते हैं? उदाहरण दे कर समझाये।

उत्तर :

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 3

पृथ्वी की गतियाँ

(NCERT पाठ 3)

हम क्या सीखेंगे :

- पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमने (घूर्णन) के साथ साथ सूर्य के चारों ओर भी घूमती (परिक्रमण) रहती है।
- पृथ्वी के घूर्णन के कारण दिन और रात बनते हैं।
- परिक्रमण की स्थिति में पृथ्वी का अक्ष एक ही दिशा में झुका हुआ रहता है।
- पृथ्वी के परिक्रमण के कारण ऋतुओं में परिवर्तन होता है।
- पृथ्वी का झुका हुआ अक्ष ऋतु बदलने और दिन की लम्बाई बदलने का कारण है।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढ़ने पर आपके मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढ़ने की कोशिश करें।

हम जानते हैं :

सौरमंडल के केंद्र में सूर्य स्थित है और सभी ग्रह सूर्य के चारों ओर अपनी एक निश्चित दिशा में घूमते हैं

भाग-1 : घूर्णन : दिन और रात का बनना

फोकस प्रश्न

1. घूर्णन से आप क्या समझते हैं?
2. दिन ओर रात कैसे बनते हैं?

प्रश्न 1 : हमें कैसे पता चलता है कि दिन है या रात? अपनी समझ से लिखिए।

उत्तर 1 :

प्रश्न 2. आप क्या सोचते हैं, दिन रात में कैसे बदलता है?

उत्तर 2 : ____

____

विद्यार्थियों से लिखवाने के बाद उनके इन कारणों की चर्चा कक्षा में साँझा करें

आओ देखें कि दिन-रात कैसे बनते हैं

आप सब मिल कर अपनी कक्षा में से दो विद्यार्थी चुनें, जिसमें से एक सूरज बने और दूसरा पृथ्वी।

1. पहले विद्यार्थी को सूरज बनाकर कक्षा में खड़ा करें।
2. दूसरे विद्यार्थी (पृथ्वी) को कहा जाये कि वह पहले विद्यार्थी (सूरज) के चारों तरफ एक वृताकार आकृति में घूमे। यहाँ बाकि विद्यार्थियों की यह भूमिका है कि वे देखें कि दूसरा विद्यार्थी जो पृथ्वी बना है पहले विद्यार्थी के चारों ओर ठीक दिशा में घूम रहा है या नहीं (पश्चिम से पूर्व की ओर)।
3. शिक्षक कक्षा में पृथ्वी की घूर्णन की अवस्था को बताते हुए (पृथ्वी) विद्यार्थी को अपनी जगह घूमते हुए सूरज के चारों ओर चक्कर लगाने को कहें।
4. विद्यार्थी यह निरीक्षण करें कि जब (पृथ्वी) विद्यार्थी अपने अक्ष पर घूमता हुआ पहले विद्यार्थी (सूर्य) के चारों ओर चक्कर लगाता है तो दूसरे विद्यार्थी का किसी भी समय केवल एक ही भाग सूरज (विद्यार्थी) की तरफ होता है और दूसरा भाग विपरीत दिशा की तरफ होता है।
5. विद्यार्थी यह समझ सकेंगे कि पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमते हुए जब सूरज के चारों ओर चक्कर लगाती है तो चक्कर लगाते हुए जो भाग पृथ्वी का सूर्य की तरफ होता है वहाँ दिन होता है और जो भाग बाहर की तरफ है वहाँ सूरज की किरणें नहीं पड़तीं, यानी अँधेरा रहता है और रात होती है।

हम जानते हैं कि पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5° झुकी हुई है इस झुकी हुई अवस्था में पृथ्वी जब अपने अक्ष पर घूमती है तो इसे **घूर्णन** कहा जाता है।



चित्र 3.1 घूर्णन के कारण पृथ्वी पर दिन ओर रात (NCERT 3.2)

पृथ्वी अपनी अक्ष पर पश्चिम से पूर्व की दिशा में घूमती है। एक घूर्णन को पूरा होने में 24 घंटे से थोड़ा अधिक समय लगता है।

ग्लोब पर वह वृत जो दिन और रात को अलग करता है उसे प्रदीप्ति वृत (circle of illumination) कहते हैं। (चित्र 3.1) पृथ्वी का आकार गोले के समान है और यह गोला लगातार अपने अक्ष पर घूमता रहता है। जिसकी वजह से एक समय पर पृथ्वी का आधा भाग ही सूर्य की रोशनी प्राप्त करता है और आधे भाग पर अंधेरा रहता है। इसलिए पृथ्वी के जिस भाग पर सूर्य की रोशनी पड़ती है वहाँ दिन होता है और जहां सूर्य की रोशनी नहीं पड़ती वहाँ रात होती है।



चित्र 3.2

ऊपर दिए गए चित्र में प्रदीप्ति वृत कहाँ बनेगा? पृथ्वी पर रेखा खीचकर बताएं। दिन और रात कैसे बनते हैं यह भी बताएं।

शब्द भंडार :

पृथ्वी का घुर्णन	:	अक्ष पर घूमना
प्रदीप्ति वृत	:	जो वृत पृथ्वी पर दिन और रात को अलग करता है
दैनिक गति	:	एक घूर्णन के लिए लिया गया समय

लीप वर्ष

लीप वर्ष : जिस वर्ष की फरवरी मास में 29 दिन और पूरे वर्ष में कुल 366 दिन होते हैं वह वर्ष लीप वर्ष कहलाता है। पृथ्वी अपने अक्ष पर 24 घंटे में एक चक्कर पूरा करती है जिसे पृथ्वी की **दैनिक गति** कहते हैं। पृथ्वी सूर्य का चक्कर 365 दिन व 6 घंटों में पूरा करती है। सुविधा के लिए यह अतिरिक्त 6 घंटे, हर वर्ष में नहीं जोड़े जाते हैं. हर चार वर्ष के बचे हुए 6 घंटे जोड़ कर एक दिन बन जाता है (4 वर्ष X 6 घंटे = 24 घंटे यानि एक दिन)। यह दिन हर चौथे वर्ष, फरवरी माह में जोड़ा जाता हैं. अतः हर चौथे साल की फरवरी में 28 की जगह 29 दिन होते हैं। और हर चौथा साल 365 की जगह 366 दिन का होता है। 366 दिन वाले वर्ष को लीप वर्ष कहा जाता है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना ______________ कहलाता है।

क. घूर्णन　　ख. परिक्रमण　　ग. रात

प्रश्न 2 : लीप वर्ष में ______________ दिन होते हैं?

क. 367　　ख. 365　　ग. 366

प्रश्न 3 : वह वृत जो पृथ्वी पर दिन और रात को अलग करता है उसे ______________ कहते है।

क. प्रदीप्ति वृत　　ख. रेखा　　ग. सूर्य

प्रश्न 4 : पृथ्वी अपने अक्ष पर ______________ घंटे में एक चक्कर पूरा करती है जिसे पृथ्वी की ______________ कहते हैं।

क. 23, घूर्णन गति　　ख. 25, रोजाना गति　　ग. 24, दैनिक गति

प्रश्न 5 : पृथ्वी अपने अक्ष पर ______________ झुकी हुई है

क. 24. 5°　　ख. 66. 5°　　ग. 23.5°

घ. 25. 5°

हमने सीखा :

- पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना घूर्णन कहलाता है।
- पृथ्वी के अपने अक्ष पर घूमते रहने के कारण दिन और रात बनते हैं।
- लीप वर्ष हर चौथे साल में 366 दिन वाले वर्ष को कहते हैं।

अभ्यास

प्रश्न 1 : सोचिये और लिखिए : अगर पृथ्वी अपने अक्ष पर न घूमे तो क्या होगा?

उत्तर 1 : ______________________________

____

भाग-2 : परिक्रमण व पृथ्वी के अक्ष का स्थिर रहना

फोकस प्रश्न

शिक्षक संकेत :

परिक्रमण की अवधारणा को समझने के लिए निम्नलिखित गतिविधि की जा सकती है:

1. कक्षा में शिक्षक अपने साथ ग्लोब लेकर जाएं।

1. परिक्रमण घूर्णन से कैसे अलग है ?

हमने पिछले भाग में यह समझा कि पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना घूर्णन कहलाता है और पृथ्वी घूर्णन के समय सूर्य के चारों ओर भी घूमती है।

2. कक्षा में किसी एक विद्यार्थी को सूर्य बनने के लिए कहें।

3. अब कक्षा के कुछ विद्यार्थियों को एक-एक करके ग्लोब को सूर्य के चारों ओर घुमाने के लिए कहें।

4. यहाँ शिक्षक देखें कि, जब एक विद्यार्थी ग्लोब को सूर्य के चारों ओर घूमा रहा है तो वह क्या अक्ष को भी इधर-उधर घूमा रहा है या अक्ष अपनी जगह स्थिर है।

5. शिक्षक विद्यार्थियों को यह बताएँ कि जब पृथ्वी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है तो उसका अक्ष एक ही दिशा में स्थिर रहता है और पृथ्वी की स्थिति में परिवर्तन होता रहता है।

6. इस क्रियाकलाप को समझने के लिए चित्र 3.3 की सहायता ली जा सकती है

आइये समझें पृथ्वी सूर्य के चारों ओर कैसे घूमती है और यह घूमना क्या कहलाता है।



चित्र 3.3 पृथ्वी का परिक्रमण

इस गतिविधि के माध्यम से हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5° एक ही दिशा में झुकी रहती है और पृथ्वी जब सूर्य के चारों और घूमती है तो इसे परिक्रमण कहते है। जब पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है तो पृथ्वी का अक्ष एक ही दिशा में स्थिर रहता है (जैसा कि चित्र 3.3 में दिखाया गया है) लेकिन पृथ्वी की अपनी स्थिति में परिवर्तन होता रहता है।

अतः पृथ्वी घूर्णन व परिक्रमण साथ साथ करती है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पृथ्वी जब सूर्य के चारों और घूमती है तो इसे ______ कहा जाता है।

क. घूर्णन   ख. परिक्रमण   ग. दिन

प्रश्न 2 : पृथ्वी सूर्य के चारों और घूमती है तो उसका ______ स्थिर रहता है लेकिन पृथ्वी की अपनी स्थिति में ______ होता रहता है।

क. अक्षांश, रुकना   ख. अक्ष, परिवर्तन   ग. गति, स्थिर

प्रश्न 3 : सौरमंडल के केंद्र में ______ स्थित है।

क. सूर्य   ख. पृथ्वी   ग. चन्द्रमा

हमने सीखा :

- पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर घूमना परिक्रमण कहलाता है
- सूर्य के चारों ओर घूमते समय पृथ्वी का अक्ष एक ही दिशा में स्थिर रहता है।

अभ्यास



चित्र 3.4

ऊपर दिए हुऐ चित्र को देखें ओर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करें

प्रश्न 1 : किस स्थिति में उत्तरी ध्रुव सूर्य की तरफ झुका हुआ होगा ?

स्थिति 1 2 3 4

प्रश्न 2 : किस स्थिति में दक्षिणी ध्रुव सूर्य की तरफ झुका हुआ होगा ?

स्थिति 1 2 3 4

प्रश्न 3 : किन स्थितियों में कोई भी ध्रुव सूर्य की तरफ झुका हुआ नहीं होगा ?

स्थिति 1 2 3 4

भाग-3 : आओ पता लगाएं : ऋतुएँ कैसे बनती हैं

फोकस प्रश्न

1. ऋतुएँ किस वजह से परिवर्तित होती रहती हैं ?
2. दिन और रात छोटे-बड़े कैसे होते हैं ?
3. दिन और रात की लम्बाई

पिछले भाग में हमने पृथ्वी की गतियों घूर्णन व परिक्रमण के बारें में जाना और पृथ्वी घूर्णन ओर परिक्रमण साथ-साथ करती है यह भी समझा।

शिक्षक संकेत :
शिक्षक दिन और रात की लम्बाई की अवधारणा को समझाने के लिए ग्लोब का प्रयोग करें।

इस भाग में हम ऋतुएँ कैसे बनती हैं व दिन और रात छोटे-बड़े क्यों होते हैं इस पर चर्चा करेंगे जिसके लिए निम्नलिखित गतिविधि की जा सकती है।

चित्र 3.5 व 3.6 को देखें व दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करें।



चित्र 3.5 दिन और रात की लम्बाई

प्रश्न 1 : निम्नलिखित शब्दों को ऊपर दिये गये चित्र में बनाएं व लिखें।
सूर्य, पृथ्वी, पृथ्वी का अक्ष, विषुवत वृत, उत्तरी गोलार्ध, दक्षिणी गोलार्ध, उत्तर ध्रुव, दक्षिण ध्रुव, प्रदीप्ति वृत्त, मकर रेखा, कर्क रेखा, भूमध्य रेखा

प्रश्न 2 : उपरोक्त चित्र में ____________ ध्रुव सूर्य की तरफ झुका हुआ है

प्रश्न 3 : उपरोक्त चित्र में प्रदीप्ति वृत पर बिंदु A पर सूर्योदय व B पर सूर्यास्त होता है।
निम्नलिखित वाक्यों को पढ़ें, अपने साथी के साथ चर्चा करें व उत्तर लिखें ।

i. हमें बिंदु A से B (घड़ी की सूई की विपरीत दिशा में) तक जाने में ज़्यादा समय लगेगा या बिंदु B से A तक आने में ज़्यादा समय लगेगा और क्यों?

ii. आपकी समझ में यहाँ दिन लंबा होगा या रात और क्यों?

सामान्यतः एक वर्ष के दौरान हमें गर्मी, सर्दी, वसंत और शरद ऋतु का एहसास होता है। सूर्य के चारों ओर घूमते समय पृथ्वी की स्थिति में परिवर्तन के कारण हमें इन ऋतुओं में परिवर्तन देखने को मिलता है। हम चित्र 3.5 में देखेंगे कि 21 जून को उत्तरी ध्रुव सूर्य की तरफ झुका है ओर सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर सीधी पड़ती हैं क्योंकि उत्तरी गोलार्ध के बहुत बड़े भाग में सूर्य की रोशनी प्राप्त होती है इसलिए विषुवत वृत के उत्तरी भाग में गर्मी का मौसम होता है। 21 जून को इन क्षेत्रों में सबसे लम्बा दिन तथा सबसे छोटी रात होती है, पृथ्वी की इस अवस्था को **उत्तर अयनांत** कहा जाता है। (उत्तरायण)

शब्द भण्डार :		
	अयनांत	: साल में दो दिन ऐसे आते हैं जब दिन एक गोलार्ध में सबसे लंबा होता है और उसी दिन दूसरे गोलार्द्ध में रात सबसे बड़ी होती है।
	उत्तरायण	: उत्तरी गोलार्ध में वो एक दिन जब दिन सबसे लम्बा और रात सबसे छोटी होती है।
	दक्षिणायन	: दक्षिणी गोलार्ध में वो एक दिन जब दिन सबसे लम्बा और रात सबसे छोटी होती है।
	विषुव	: वह दिन जब कोई भी ध्रुव सूर्य की ओर नहीं झुका होता हैं सूर्य की किरणें भू-मध्य रेखा पर सीधी पड़ती।

जबकि 22 दिसम्बर को दक्षिणी ध्रुव सूर्य की तरफ झुका है और सूर्य की किरणें मकर रेखा पर सीधी पड़ती हैं, क्योंकि दक्षिणी गोलार्ध के बहुत बड़े भाग में सूर्य की रोशनी प्राप्त होती है। इसलिए विषुवत वृत के दक्षिणी भाग में गर्मी का मौसम होता है। 22 दिसम्बर को इन क्षत्रों में सबसे लम्बा दिन तथा सबसे छोटी रात होती है पृथ्वी की इस अवस्था को दक्षिणी अयनांत कहा जाता है। (दक्षिणायन)

21 मार्च व 23 सितम्बर को सूर्य की किरणें भू-मध्य रेखा पर सीधी पड़ती हैं इस दिन कोई भी ध्रुव सूर्य की ओर झुका हुआ नहीं होता। इसीलिए इन दोनों तारीख को दिन और रात बराबर होते हैं, और पृथ्वी की इस अवस्था को विषुव कहा जाता है।



चित्र 3.6 पृथ्वी का परिक्रमण व ऋतुएँ

- यह बात ध्यान रखने योग्य है कि जब उत्तरी गोलार्ध में गर्मी होती है तो दक्षिणी गोलार्ध में इसके विपरीत सर्दी होती है और जब दक्षिणी गोलार्ध में गर्मी होती है तो उत्तरी गोलार्ध में सर्दी का मौसम होता है।
- भारत में एक साल में 6 ऋतुएँ आती हैं जिनके नाम हैं वसंत ऋतु (मार्च से अप्रैल), ग्रीष्म ऋतु (मई से जून), वर्षा ऋतु (जुलाई से सितम्बर), शरद ऋतु (अक्टूबर से नवम्बर), हेमंत ऋतु (दिसम्बर से 15 जनवरी), शिशिर ऋतु (16 जनवरी से फरवरी)।

चित्र 3.7 को देखें व दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करें :



चित्र 3.7

प्रश्न 4 : निम्नलिखित शब्दों को ऊपर दिये गये चित्र में दर्शाएं :

सूर्य, पृथ्वी, पृथ्वी का अक्ष, उत्तरी गोलार्ध, दक्षिणी गोलार्ध, उत्तरी ध्रुव, दक्षिणी ध्रुव, प्रदीप्ति वृत्त, मकर रेखा, कर्क रेखा, भूमध्य रेखा

प्रश्न 5 : निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर उनका उत्तर दें।

i. कौन सा गोलार्ध अधिक गर्मी और प्रकाश प्राप्त करेगा? ______

ii. उत्तरी गोलार्ध में गर्मी या सर्दी में से कौन-सी ऋतु होगी? ______

iii. दक्षिणी गोलार्ध में गर्मी या सर्दी में से कौन-सी ऋतु होगी? ______

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : जून को उत्तरी गोलार्ध में ______ का मौसम होता है।

क. गर्मी   ख. सर्दी   ग. वसंत   घ. शरद

प्रश्न 2 : ______ को भू-मध्य रेखा पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती है।

क. 21 मार्च व 23 सितम्बर   ख. 21 जून व 23 दिसम्बर

ग. 23 मार्च व 21 सितम्बर   घ. 21 अप्रैल व 23 नवम्बर

प्रश्न 3 : 22 दिसंबर को उत्तरी गोलार्ध में ______ का मौसम होता हैं।

क. गर्मी   ख. शरद   ग. वसंत   घ. सर्दी

प्रश्न 4 : 21 जून को ______ पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं।

क. मकर रेखा   ख. कर्क रेखा   ग. भूमध्य रेखा

प्रश्न 5 : 22 दिसम्बर को ______ पर सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं।

क. मकर रेखा   ख. कर्क रेखा   ग. भूमध्य रेखा

हमने सीखा :

- पृथ्वी के परिक्रमण के कारण ऋतुओं में परिवर्तन होता है।
- 21 जून के आस-पास उत्तरी गोलार्ध (जैसे- भारत) में अधिक गर्मी व दक्षिणी गोलार्ध (जैसे-ऑस्ट्रेलिया) में अधिक सर्दी का मौसम होता है।
- इसके विपरीत 22 दिसम्बर के आस-पास उत्तरी गोलार्ध (जैसे भारत) में अधिक सर्दी व दक्षिणी गोलार्ध (जैसे ऑस्ट्रेलिया) में अधिक गर्मी का एहसास होता है।

अभ्यास

प्रश्न 1 : सोचिये और लिखिए : अगर पृथ्वी सूर्य के चारों ओर न घूमती तो क्या होता ?

उत्तर 1 :

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढ़ने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 4

मानचित्र

(NCERT पाठ 4)

हम क्या सीखेंगे :

- मानचित्र का इस्तेमाल करना : उस पर दर्शाए गए दिशाओं और स्थानों को पहचानना।
- दिशा, दूरी, प्रतीक को ध्यान में रखते हुए, मानचित्र बनाना।
- मानचित्र के प्रकार और उन पर बने हुए विभिन्न छोटे-छोटे प्रतीकों के बारे में समझ बनाना।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढ़ने पर आपके मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढने की कोशिश करें।

हम जानते हैं :

1. ग्लोब क्या है।
2. मानचित्र (नक्शा) कैसे दिखते हैं।
3. सूरज पूर्व दिशा से निकलता दिखाई देता है।

आओ कदम बढ़ाएँ :

आज कक्षा में मैडम जी ने यह कविता सुनाई और बच्चों से जवाब पूछेः

"कहाँ-कहाँ देखा है नक्शा?

नक्शे में क्या-क्या है देखा?

क्या-क्या बात समझ में आई?

रंगों ने क्या बात सिखाई?

प्रतीक क्या चीज है भाई? कहाँ नदी कहाँ पर्वत खाई?

दूरी कैसे मापे इसमें, दिशा को कैसे जांचें इसमें ?

मानचित्र का क्या है मतलब, जब ग्लोब मिलता है सब जग।

प्रश्न 1: आप ने नक्शा कहाँ देखा है? नक्शे पर क्या देखा है?

उत्तर 1 :

भाग-1

फोकस प्रश्न

मानचित्र क्या होता है?

विषय वस्तु :

आपने पिछले अध्यायों में ग्लोब के बारे में समझा और इसका प्रयोग किस प्रकार किया जाता है यह जाना। जब हम पूरी पृथ्वी का अध्ययन करना चाहते हैं, तो ग्लोब का उपयोग कर सकते हैं। लेकिन जब हम पृथ्वी के एक हिस्से का अध्ययन करना चाहते हैं जैसे भारत, या हमारा शहर-दिल्ली या हमारा गाँव, ग्लोब हमें पर्याप्त जानकारी नहीं देता है। ऐसी परिस्थितियों में हम मानचित्र का उपयोग करते हैं।

मानचित्र पृथ्वी की सतह या इसके एक भाग का चपटी सतह पर खींचा गया चित्र है।

मानचित्र के प्रकार



नक्शे तीन तरह के होते हैं :-

1. भौतिक मानचित्र

जो नक्शे रंग-बिरंगे पर्वत, पठार, मैदान, नदी, महासागर आदि दिखाते हैं, इन्हे भौतिक मानचित्र कहते है। मानचित्र में अलग अलग रंगों के उपयोग जानना जरूरी हैं। नीला रंग जल के लिये, भूरा पर्वत के लिये, पीला पठार के लिये और हरा रंग मैदान दिखाने के लिये।

कक्षा कार्य 1 :



चित्र 4.1 भारत का भौतिक मानचित्र

प्रश्न 1 : भौतिक मानचित्र क्या दिखाते हैं?

उत्तर 1 : ____________________

____

प्रश्न 2 : भारत के भौतिक मानचित्र पर

i. नीला रंग क्या दिखाता है? ____________

ii. पीला रंग क्या दिखाता है? ____________

iii. हरा रंग क्या दिखाता है? ____________

iV. भूरा रंग क्या दिखाता है? ____________

प्रश्न 3 : भारत के भौतिक मानचित्र में महासागर को छोड़ के सबसे अधिक स्थान

(क) पठार हैं ☐ (ख) पर्वत हैं ☐ (ग) मैदान हैं ☐ (घ) नदियाँ हैं ☐

2. राजनीतिक मानचित्र

शिक्षक संकेत :

दिल्ली व भारत का राजनीतिक मानचित्र दिखा कर सीमाएँ भी दिखाएं।

राज्यों, देशों, नगरों, शहरों तथा गावों और विश्व के विभिन्न देशों व राज्यों तथा उनकी सीमाओं को दर्शाने वाले मानचित्रों को राजनीतिक मानचित्र कहते है।

चित्र 4.2 : दिल्ली का राजनीतिक मानचित्र

चित्र 4.3 : भारत का राजनीतिक मानचित्र

प्रश्न 1 : भारत के राजनीतिक मानचित्र में दिल्ली ढूँढें।

प्रश्न 2 : भौतिक और राजनीतिक मानचित्रों में क्या दो समानताएँ और क्या दो अंतर हैं? इनको बनाने के क्या मकसद रहे होंगे।

3. थीमैटिक मानचित्र

नीचे दिए गए तीन तरह के नक्शे देखिए, यह क्या दर्शाते हैं?

ये नक्शे अलग-अलग खास जानकारी वाले हैं। एक सड़कों वाला, दूसरा वर्षा वाला, तीसरा वनों वाला, ऐसे और भी होते हैं। इनका नाम है थीमैटिक मानचित्र।

चित्र 4.4 उत्तरी भारत की मुख्य सड़कें



चित्र 4.5 दिल्ली मेट्रो का मानचित्र



चित्र 4.6 भारत वन मानचित्र

शिक्षक संकेत :

समूह में चर्चा करें, फिर शिक्षक सब से पूछें और ब्लैकबोर्ड पर लिखें।

प्रश्न 1 : चित्र 4.4 में आप सड़क से गांधीनगर (गुजरात) से कोलकत्ता जाते हुए कौन कौन से शहरों से गुजरेंगे ?

उत्तर 1 : ______________________________

प्रश्न 2 : चित्र 4.5 में भारत के कौन से क्षेत्र में सबसे ज़्यादा वर्षा होती है?

उत्तर 2 : ______________________________

प्रश्न 3 : चित्र 4.6 में जहाँ अधिक वर्षा होती है वहाँ वन घने हैं। सही या गलत?

उत्तर 3 : ______________________________

प्रश्न 4 : दिल्ली के आस पास घने वन नहीं दिखते। क्यूँ?

उत्तर 4 : ______________________________

हम ने देखा मानचित्र कई तरह के होते हैं। जब बहुत से मानचित्रों को एक साथ किताब में रख दिया जाता है उसे एटलस कहते हैं।

भाग 2 : मानचित्र के तीन घटक

फोकस प्रश्न

1. मानचित्र और चित्र में क्या अंतर है?
2. ऐसा क्यों है कि छोटे से मानचित्र पर बड़ी-बड़ी दूरियाँ समा जाती हैं?

शिक्षक संकेत :

छात्रों को छोटे समूह में विद्यालय का नक्शा बनाने को कहें, फिर दो-तीन समूह से एक एक छात्र को ब्लैकबोर्ड पर बुलाएँ और उन्हें बोर्ड पर स्कूल का मानचित्र बनाने को कहें। कक्षा के और विद्यार्थी अपनी जगह से सुझाव दें जब तक ब्लैकबोर्ड पर एक मानचित्र हो जिससे सब सहमत हो।

कक्षा कार्य 1:

अपनी कॉपी में आप स्कूल का नक्शा बनाएँ :

मानचित्र के 3 घटक

हम अब मानचित्र के इन तीन घटक के बारे में सीखेंगे।

1. दूरी
2. दिशा
3. प्रतीक

दूरी :

मानचित्र एक चित्र होता है जो पूरे विश्व या उसके एक भाग को एक पन्ने पर दर्शाता है। वास्तविक दूरी को एक पन्ने पर खीचने के लिए एक पैमाना चुना जाता है। पैमाना स्थल पर वास्तविक दूरी तथा मानचित्र पर दिखाई गई दूरी के बीच का अनुपात होता है।

उदाहरण : यदि आपके विद्यालय और घर के बीच की दूरी 10 किमी. है, जिसे मानचित्र पर 2 सिमी. की दूरी दिखाई गई है, हम समझ सकते हैं कि मानचित्र का 1 सिमी. स्थल के 5 किमी. को दर्शाएगा। आपके रेखाचित्र का पैमाना होगा 1 सेमी. = 5 किमी.।

जरा सोचिए : पैमाना किसी भी मानचित्र के लिए महत्वपूर्ण क्यों है? इससे हमें क्या पता लग सकता है?

अगर आपको पैमाने की जानकारी है तो आप मानचित्र पर दिए गए किसी भी दो स्थानों के बीच दूरी का पता लगा सकते हैं।

छोटा पैमाने वाला मानचित्र : बड़ी दूरी को दर्शाने के लिए : जैसे 1 सेमी. = 500 किमी.

शिक्षक संकेत :

छात्रों को पहले चर्चा कराएँ कि मानचित्र (चित्र 4.7) में क्या क्या दर्शाया गया है।

बड़े पैमाने का मानचित्र स्थान की अधिक जानकारी देता है। जैसे गांव मानचित्र का पैमाना 1 सेमी. = 100 मीटर हो तो उसमें बहुत कुछ दिखा सकते हैं।



चित्र 4.7 एक गाँव का मानचित्र

आओ कुछ देखकर सीखें :

चित्र 4.7 को देखिये वहां एक पैमाना बना है। इसका उपयोग स्थानों के बीच की दूरी मापने में किया जाता है।

लिखिए इस मानचित्र का पैमाना क्या है: ____________________

1 सेमी. = 10 मीटर सही उत्तर !

अब आपको बताया जाये कि मानचित्र में कुआँ और वृक्ष की दूरी 5 सेमी. है, तो कुआँ और वृक्ष की वास्तविक दूरी क्या है ? ____________________

उत्तर : अगर 1 सेमी. = 10 मीटर, 5 सेमी = 5 x 10 = 50 मीटर! सही!

अब पोस्ट ऑफिस (A) करीम के घर (E) से मानचित्र में 12 सेमी. की दूरी पर है! तो बताइए, पोस्ट ऑफिस (A) और करीम के घर (E) में वास्तविक दूरी क्या होगी ? ____________________

उत्तर : अगर 1 सेमी. = 10 मीटर, 12 सेमी = 12 x 10 = 120 मीटर! सही उत्तर!

लेकिन आप एक पक्षी की तरह उड़ कर E से A तक सीधे नहीं जा सकते! आपको सड़क पर चलना होगा!

अब करीम के घर से पोस्ट ऑफिस कितनी दूर है ? मानचित्र पर सेमी. में दूरियाँ मापिये :

E से C = ____________________ सेमी.

C से M = ____________________ सेमी.

M से B = ____________________ सेमी.

B से A = ____________________ सेमी.

इन दूरियों को जोड़ के करीम के घर से पोस्ट ऑफिस मानचित्र पर दूरी = ____________________ सेमी.

वास्तविक दूरी = मानचित्र की दूरी ____________________ सेमी. 10 मीटर = ____________________ मीटर

दिशा :

कई नक्शों के ऊपर सीधे हाथ की तरफ तीर का जैसा निशान होता है। इसके ऊपर उत्तर भी लिखा है। उत्तर का क्या मतलब ? उत्तर का मतलब है उत्तर दिशा, नीचे दक्षिण दिशा, सीधे हाथ की तरफ पूर्व और उल्टे हाथ की तरफ पश्चिम दिशा होती है। इन्हे प्रधान दिग्बिंदु कहते हैं।



चित्र 4.8 : प्रधान दिग्बिंदु – चार मुख्य दिशाएँ



चित्र 4.9 : प्रधान दिग्बिंदु और चार बीच की दिशाएँ

शिक्षक संकेत :

बोर्ड पर यह रेखा चित्र बनाएं (चित्र 4.9)

इनके बीच की चार दिशाएँ होती हैं – उत्तर-पूर्व, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम।



चित्र 4.10 : दिक्सूचक

दिक्सूचक

मैडम जी ने एक गोल घड़ी जैसी चीज निकाली। इसमें एक सूई ऊपर से थोड़ी लाल थी। यह सुई हमेशा उत्तर दिशा को दिखाती है। नीचे वाली सुई का भाग दक्षिण दिशा को दिखाता है। मैडम जी ने इस यंत्र का नाम दिक्सूचक बताया। यह यंत्र भी दिशाओं को बता सकता है।

अंग्रेजी में इस यंत्र को कम्पास (Compass) कहते हैं।

अपने साथी के साथ चित्र 4.7 से निम्नलिखित दिशाओं का पता लगाइए:

1. विकास के घर से सामुदायिक केंद्र की दिशा ? ____________
2. दुकानों से विद्यालय की दिशा ? ____________
3. पोस्ट ऑफिस से करीम के घर की दिशा ? ____________
4. खेल के मैदान से विकास के घर की दिशा ? ____________

प्रतीक :

मानचित्र का तीसरा महत्वपूर्ण घटक प्रतीक हैं। मानचित्र पर कुछ विभिन्न विशेषताओं के वास्तविक आकार दिखाना संभव नहीं है। विशेषताओं, जैसे इमारतों, सड़कों, पुलों, पेड़ों, रेलवे लाइनों या कुएं आदि को कुछ निशान द्वारा दिखाया जाता है। चित्र 4.11 में यह निशान दिखाए हैं। इन्हें प्रतीक या रूढ़ चिन्ह कहते हैं। पूरी दुनिया में यह प्रतीक समान होते हैं।



चित्र 4.11 : प्रतीक

अपने साथी के साथ नीचे दी गयी जगह में एक ख्याली शहर का मानचित्र बनाइये और शहर के कुछ जरूरी पाँच या छह स्थान दिखाएं जैसे रेलवे स्टेशन, पोस्ट ऑफिस, पुल, पेड़, बस्ती, पुलिस स्टेशन इत्यादि। लेकिन मानचित्र पर जगहों के नाम न लिख कर प्रतीकों का प्रयोग करें।

हमने सीखा :

- मानचित्र पृथ्वी की सतह या इसके एक भाग का पैमाने के माध्यम से चपटी सतह पर खींचा गया चित्र है।
- मानचित्र विभिन्न प्रकार के होते है, जिनमे प्रमुख है भौतिक मानचित्र, राजनीतिक मानचित्र और थिमैटिक मानचित्र।
- मानचित्र के तीन घटक हैं : दूरी, दिशा और प्रतीक।
- दूरी पैमाने के माध्यम से दर्शायी जाती है, दिशा दर्शाने के लिए प्रधान दिग्बिंदु और चार बीच की दिशाओं का प्रयोग किया जाता है, और प्रतीक चिन्ह होते हैं, जिन के द्वारा मानचित्र पर कुछ विशेषताएँ दिखाई जाती हैं।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : राजनीतिक मानचित्र पर सीमा किस चिन्ह से दिखाते हैं?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 2 : राजनीतिक मानचित्र पर राजधानी किस चिन्ह से दिखाते हैं?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 3 : हमें मानचित्र की आवश्यकता क्यों होती है?

उत्तर : ____________________

____

प्रश्न 4 : मानचित्र पर दिशाएँ कैसे दिखाते हैं?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 5 : हम मानचित्र पर दूरी कैसे समझते हैं? उदाहरण दे कर समझाइए।

उत्तर : ____________________

प्रश्न 6 : दिक्सूचक क्या है? उसके प्रयोग का उदाहरण दे कर समझाएं।

उत्तर 6 : ____________________

____

प्रश्न 7 : मानचित्र पर प्रतीक क्यों जरूरी हैं? उदाहरण दे कर समझाएं।

उत्तर 7 : ______________________

____

प्रश्न 8 : प्रधान दिग्बिंदु कौन से हैं? रेखाचित्र बनाकर में नीले रंग में लिखें। प्रधान दिग्बिंदु के बीच की दिशाओं को लाल रंग में लिखें।

उत्तर 8 : ______________________

____

मानिकलाल का मकान

मानिकलाल कक्षा 6 का छात्र है। उसकी कक्षा की साथी लता ने जब मानिकलाल के जन्मदिन पर उसके घर का रास्ता पूछा तो उसने नक्शा बना कर दे दिया।



अब आप सोच समझकर बताएँ :

प्रश्न 1 : लता का घर मानिकलाल के मकान से कितनी दूरी पर है? (नक्शे मे सड़क के रास्ते को फुट से नापें)

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : लता को पोस्ट ऑफिस से किस दिशा की ओर जाना चाहिए?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : किस संकेत से तालाब को बताया गया है?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : यदि इस नक्शे मे 1 सेमी की दूरी असल मे 1द्र मीटर हो तो लता के घर से मानिकलाल के मकान की दूरी कितनी है?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : इस संकेत PO से क्या दिखाया गया है?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : स्कूल कौन सी दिशा में है?

उत्तर 6 :

प्रश्न 7 : बारात घर किस दिशा में है?

उत्तर 7 :

प्रश्न 8 : नीचे दिए गये डब्बों को भरिये।



यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

शिक्षक संकेत :

1. कक्षा मे ग्लोब भी रखें और इसकी तुलना बच्चों को ही मानचित्र से करने दें।
2. इस बात पर चर्चा करें कि पर्यटक अपने साथ मानचित्र क्यों रखते हैं? वे उसमे बार बार क्या देखते हैं?
3. कार्बन पेपर से या बटर पेपर से नक्शों को छापें।
4. किसी नक्शे के सभी घटकों की खाली रेखा मानचित्र पर हुबहू नकल करें।
5. दो-दो के समूहों में नक्शे में जगह ढूंढ़ने का खेल खेलें।
6. अपने हाथ से भारत का नक्शा बनाने का अभ्यास करें।
7. भारत के राज्यों को खाली नक्शे में सही जगह पर भरने का अभ्यास करें ।
8. भौतिक मानचित्र पर पर्वत, मैदान और पहाड़ी प्रदेशों में क्रमशः भूरा, हरा और पीला रंग भरवाएं।

शिक्षक को बुलावा :

यदि विद्यार्थी अब अपने आप नक्शा बनाएं और एक जगह से दूरी जगह तक का रास्ता, दिशाओं सहित, दर्शाएं और लिखें तो यह अधिगम का हस्तांतरण (Transfer of Learning) का सबूत होगा। जैसे : स्कूल से अपने घर जाने के रास्ते का मनचित्र बनाओ और दिशाएं बताते हुए रास्ता शब्दों में लिखो। करा के देखिये कितना सीखें हैं आपके छात्र!

पाठ 5

हमारा देश : भारत

(NCERT पाठ 7)

हम क्या सीखेंगे :

- महाद्वीप तथा महासागर क्या हैं और कहाँ हैं?
- भारत देश के पड़ोसी देश कौन-कौन से हैं?
- भारत में राजनीतिक और प्रशासनिक विभाजन किस प्रकार हैं?
- भारत में विभिन्न भौतिक स्वरूप किस प्रकार के हैं और कौन-कौन से हैं?

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए, इसे पढ़ने पर आप के मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढ़ने की कोशिश करें।

हम जानते हैं :

1. ग्लोब पर या विश्व के मानचित्र पर 7 महाद्वीप हैं और भारत एशिया महाद्वीप में स्थित है।
2. अक्षांश-देशान्तर क्या है।
3. मानचित्र के क्या घटक हैं।

आओ कदम बढाएँ :

प्रश्न 1 : भारत किस महाद्वीप में है?

भाग-1 : महाद्वीप और महासागर

फोकस प्रश्न

1. विश्व के मानचित्र में कौन–कौन से महाद्वीप और महासागर हैं ?



चित्र 5.1 विश्व–महाद्वीप और महासागर

चित्र 5.1 देखिये और बताइयेः

प्रश्न 1 : विश्व में कितने महाद्वीप हैं और उनके नाम क्या हैं ?

उत्तर : विश्व में ____________ महाद्वीप हैं।

महाद्वीपों के नाम हैंः

1. ____________
2. ____________
3. ____________
4. ____________
5. ____________
6. ____________
7. ____________

प्रश्न 2 : विश्व में कितने महासागर हैं और उनके नाम क्या हैं ?

उत्तर : विश्व में ____________ महासागर हैं।

महासागरों के नाम हैंः

1. ____________ 2. ____________

3. ____________ 4. ____________

5. ____________

प्रश्न 3 : भारत किस महाद्वीप में स्थित है ?

उत्तर : ____________________________

प्रश्न 4 : भारत के दक्षिण में ____________ महासागर है।

प्रश्न 5 : सही उत्तर चुनिएः

1. भारत उत्तरी / दक्षिणी गोलार्ध में स्थित है।

2. भारत पश्चिमी / पूर्वी गोलार्ध में स्थित है।

विचारों की तिजोरी :

पृथ्वी पर सात प्रमुख महाद्वीप हैंः एशिया, यूरोप, अफ्रीका, उत्तर अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, आस्ट्रेलिया तथा अंटार्कटिका।

विश्व में पाँच मुख्य महासागर माने जाते हैं : अटलांटिक, प्रशांत, आर्कटिक, दक्षिणी और हिंद महासागर।

भारत कहाँ स्थित है :

शिक्षक संकेत :

कक्षा में भारत का राजनीतिक नक्शा, भारत का भौतिक नक्शा और ग्लोब होना जरूरी है। हर स्टेप पर नक्शा की सहायता से समझाइए।

स्टेप 1. अपनी अभ्यास पुस्तिका (कॉपी) में भारत का मानचित्र बनाइये।

स्टेप 2. नीचे दी गयी जानकारी के अनुसार दोनों अक्षांश, दोनों देशांतर और कर्क रेखा दर्शाइए।

भारत उत्तरी गोलार्ध में अक्षांश 8.4' ऊ. और 37.6' ऊ. के बीच स्थित है (चित्र 5.2)।

उत्तरी अक्षांश रेखा 23.5° कर्क रेखा कहलाती है। कर्क रेखा भारत के बीचों बीच, पश्चिम में गुजरात से लेकर पूर्व में मिज़ोरम तक कुल आठ राज्यों से होकर गुज़रती है (चित्र 5.4)।

पश्चिम से लेकर पूर्व तक भारत का विस्तार 68 डिग्री 7 मिनट (68° 7') पर्वू से लेकर 97 डिग्री 25 मिनट (97° 25') पूर्व देशांतर के बीच है।

भारत में लगभग 30 (29.3) देशांतर है। (गुजरात से अरुणाचल प्रदेश)

1 देशांतर बढ़ने पर 4 मिनट समय का फ़र्क आ जाता है। इस प्रकार पूरे भारत में ही दो घंटे का फर्क आ जाता है। (30 x 4 मिनट = 120 मिनट = 2 घंटे)।

भारत के लगभग बीच से गुज़रती हुई खड़ी रेखा (देशांतर) 82° 30' पूर्व को शहर मिर्ज़ापुर से गुजरती है। इसी से भारत का मानक समय भी तय होता है। इसे भारत का मानक याम्योत्तर भी कहते हैं।



चित्र 5.2

> **शिक्षक संकेत :**
>
> छात्र स्थानिक समय और भारतीय मानक समय में अंतर ठीक से समझ लें।

दिल्ली 77° 6' पश्चिम पर स्थित है। जब मिर्ज़ापुर में दोपहर के 12 बजते हैं तो दिल्ली का स्थानीय समय अनुसार सुबह के 11. 30 बजते हैं। स्थानीय समय दोपहर के 12 बजे सूर्य आकाश में अपने उच्चतम बिन्दु पर होता है। दिल्ली के स्थानीय समय के अनुसार दोपहर के 12 बजे, मिर्ज़ापुर में स्थानीय समय अनुसार 12.30 होंगे।

> **विचारों की तिजोरी :**
>
> हम जानते हैं कि वस्तुओं की छाया सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सबसे लंबी है, और स्थानीय समय ठीक दोपहर के 12 बजे सबसे छोटी होती है।

क्या जाना क्या सीखाः

प्रश्न 1 : भारत किन अक्षांशों के मध्य स्थित है ?

उत्तर :

प्रश्न 2 : भारत किन देशांतरों के मध्य स्थित है ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 3 : भारत का मानक समय रेखा कौन से देशांतर पर स्थित है ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 4 : भारत का मानक याम्योत्तर कौन से शहर में स्थित है ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 5 : कर्क रेखा किन किन राज्यों से होकर गुजरती है ? (मानचित्र में देखिए और लिखिए)

उत्तर : ____________________

भाग-2 : भारत के पड़ोसी देश

फोकस प्रश्न

1. भारत के पड़ोसी देश कौन-कौन से देश हैं ?

   छोटे समूह में मिलकर भारत के पड़ोसी देश कौन से हैं नीचे लिखिए:

1. ____________	6. ____________
2. ____________	7. ____________
3. ____________	8. ____________
4. ____________	9. ____________
5. ____________	

शिक्षक संकेत :

शिक्षक छात्रों से उत्तर कर ब्लैकबोर्ड पर लिखें।

स्टेप 2 : भारत का नक्शा बनाएं और पड़ोसी देश दिखाएं।

स्टेप 3 : 5.3 में देखें और अपने नक्शे से मिलाए। यदि कुछ पड़ोसी देशों के नाम ठीक न हों तो उन्हें सही करें।



चित्र 5.3 : भारत एवं उसके पड़ोसी देश

> **यह भी जानें :**
>
> भारत बहुत बड़ा देश है। उत्तर में यह हिमालय के ऊँचे शिखरों से घिरा है। पश्चिम में अरब सागर, पूर्व में बंगाल की खाड़ी और दक्षिण में हिंद महासागर हैं। (भारत और श्रीलंका को पाक जलसंधि अलग करती है।) कुछ देशों की स्थलीय सीमा तथा कुछ देशों की जलीय सीमा भारत देश से जुड़ी है।

क्या जाना क्या सीखाः

प्रश्न 1 : किन 7 देशों की स्थलीय सीमा भारत से जुड़ी है ?

1. ____________ 5. ____________

2. ____________ 6. ____________

3. ____________ 7. ____________

4. ____________

प्रश्न 2 : भारत की दक्षिण के दो पड़ोसी देश कौन से हैं? (जलीय)

1. ____________ 2. ____________

प्रश्न 3 : भारत के उत्तर के तीन पड़ोसी देश कौन से हैं ?

1. ____________ 3. ____________

2. ____________

प्रश्न 4 : भारत के पूर्व के 2 पड़ोसी देशों के नाम लिखो।

1. ____________ 2. ____________

प्रश्न 5 : भारत के पश्चिम के 2 पड़ोसी देशों के नाम लिखो।

1. ____________ 2. ____________

प्रश्न 6 : ऐसे 5 पड़ोसी देशों के नाम लिखिए जिनकी सीमाएँ भारत देश और समुद्र से जुड़ी हैं ।

1. ____________ 4. ____________

2. ____________ 5. ____________

3. ____________

प्रश्न 7 : कौन सी जलसंधि भारत को श्रीलंका से अलग करती है?

उत्तर 7 : ____

भाग-3 : भारत के राज्य

फोकस प्रश्न

भारत के कितने राज्य हैं और वह कहाँ स्थित हैं ?

चित्र 5.4 : भारत का राजनीतिक मानचित्र

स्टेप 1 : नीचे दिये गए स्थान में जितने राज्य आप को याद हैं उनके नाम लिखिए।

शिक्षक संकेत :

सभी राज्यों की सूची कॉपी में तैयार करवाएं।

स्टेप 2 : छोटे समूह में साथियों के साथ चर्चा करके जो राज्य आपसे छूट गए हों उनको भी अपनी सूची में जोड़ें।

स्टेप 3 : जो नक्शा भाग-1 में आपने बनाया था, उस पर भारत के राज्यों की स्थिति बताएं। पेंसिल का उपयोग करें ताकि सही करना हो तो कर सकेंगे।

अब इन प्रश्नों के उत्तर ढूंढिए:

प्रश्न 1 : सबसे बड़ा राज्य कौन सा है ?

उत्तर 1 : ______________________________

प्रश्न 2 : सबसे छोटा राज्य कौन सा है ?

उत्तर 2 : ______________________________

भारत का कुल क्षेत्रफल 32.8 लाख वर्ग किलोमीटर है। भारत उत्तर से दक्षिण 3200 किलोमीटर तथा पूर्व से पश्चिम 2900 किलोमीटर है। सन 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल आबादी भी लगभग 125 करोड़ थी जबकि चीन की आबादी 134 करोड़ थी।

भारत में कुल 29 राज्य हैं जिनका निर्माण मुख्यतः भाषाओं के आधार पर हुआ है। भारत में 7 केंद्र शासित प्रदेश भी हैं। राजस्थान क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा तथा गोआ सबसे छोटा राज्य है। आबादी के आधार पर उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा और सिक्किम में सबसे कम लोग रहते हैं। भारत की राजधानी दिल्ली है।

शिक्षक संकेत :

शिक्षक केन्द्रशासित का अर्थ स्पष्ट करें व सूची तैयार करवाएं।

क्या जाना क्या सीखाः

प्रश्न 1 : भारत के कौन-कौन से राज्य समुद्र के किनारे स्थित हैं ?

1. ____________ 2. ____________

3. ____________ 4. ____________

5. ____________ 6. ____________

7. ____________ 8. ____________

9. ____________ 10. ____________

11. ____________ 12. ____________

प्रश्न 2 : भारत को कितने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में बाँटा गया है ?

राज्य ____________ केंद्र-शासित प्रदेशों ____________

प्रश्न 3 : भारत के दो ऐसे राज्यों के नाम लिखिए जो क्षेत्रफल में बहुत छोटे हैं।

1. ____________ 2. ____________

प्रश्न 4 : भारत के राज्य और उनकी राजधानी दिए हुए नक्शे पर लिखिए और रंग भरें।

उत्तर 4 : ____

भाग-4 : भारत का भौतिक स्वरुप

फोकस प्रश्न

भारत में कौन-सी मुख्य स्थलाकृतियाँ पाई जाती हैं ?

चित्र 5.5 : विभिन्न स्थलरुप

भारत के भौतिक विशेषताएँ पढ़ने से पहले पृथ्वी के विभिन्न स्थलरुप को समझें।

- पहाड़ी : एक स्थलीय भाग जो आस-पास की भूमि से ऊँची उठी होती है।
- पर्वत : 600 मीटर से अधिक ऊँचाई एवं खड़ी ढाल वाली पहाड़ी को पर्वत कहा जाता है।
- पर्वत श्रृंखला : बहुत सारे पहाड़ या पर्वत, जहाँ एक पर्वत दूसरे पर्वत से जुड़ा रहता है। पर्वत श्रृंखला कहलाते हैं।
- मैदान : मैदान समतल भूमि के बहुत बड़े भाग होते हैं। वे सामान्यतः मध्य समुद्र तल से 200 मीटर से अधिक ऊंचे नहीं होते।
- पठार : पठार उठी हुई एवं सपाट भूमि होती है। यह आस पास के क्षेत्रों से अधिक उठा होता है तथा इसका उपरी भाग मेज के सामान सपाट होता है।
- प्रायद्वीप : भूमि का वह भाग जो तीन तरफ जल से और एक तरफ स्थल से घिरा होता है।
- द्वीप : द्वीप वो भूमि का टुकड़ा होता है जो चारों और पानी से घिरा हुआ हो।
- खाड़ी : भूमि का वह भाग जो तीन तरफ से भूमि और एक तरफ जल से घिरा हो।

अभ्यास

अपनी कॉपी में एक चित्र बनाएं जहाँ विभिन्न स्थलाकृतियाँ हो और उनके नाम भी लिखिए।

भारत के भौतिक मानचित्र को देखकर अपने साथी के साथ नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।



चित्र 5.6 : भारत का भौतिक मानचित्र

प्रश्न 1 : उत्तर में भारत किस पर्वत के ऊंचे शिखरों से घिरा है?

उत्तर 1 : ___

प्रश्न 2 : पश्चिम और पूर्व के सागरों के नाम बताइए।

उत्तर 2 : ___

प्रश्न 3 : मानचित्र में कौन से पठार दिखाए हैं?

उत्तर 3 : ___

प्रश्न 4 : मरुस्थल मानचित्र में कहाँ है? दिशा बताइए।

उत्तर 4 : ___

प्रश्न 5 : पर्वतों की कौन-कौन सी श्रंखला दिख रही हैं?

उत्तर 5 : ___

आप जानते हैं कि मानचित्र पर भूरा रंग पर्वत दिखाता है, नीला रंग जल, हरा रंग मैदान और पीला रंग पठार।

भारत में कुल 6 भौतिक स्वरूप हैं (चित्र 5.7) :

- उत्तरी पर्वत : भारत के उत्तर में पहरेदार जैसी हिमालय पर्वत माला है।
- मैदान : पर्वत के नीचे उत्तर का उपजाऊ मैदान।
- थार मरुस्थल : भारत के पश्चिम में थार मरुस्थल है।
- प्रायद्वीपीय पठार : मैदान के नीचे प्रायद्वीपीय पठार।
- तटीय मैदान : पूर्वी किनारे पर और पश्चिमी किनारे पर तटीय मैदान।
- द्वीप : पूर्व में अंडमान-निकोबार द्वीप समूह व पश्चिम में लक्षद्वीप समूह हैं।

इस प्रकार भारत के कुल 6 भौतिक विभाग हैं।



चित्र 7.3 : भारत: भौतिक विभाजन

चित्र 5.7 : भारत के भौतिक विभाग

शब्द भंडार :

उपजाऊ : मिट्‌टी जिसमें पौषक तत्व हो।

हिमालय (हिम+आलय) का मतलब होता है बर्फ का घर। हिमालय से निकलने वाली नदियों में साल भर पानी रहता है क्योंकि यह धीरे-धीरे पिघलती बर्फ से बनती हैं। सबसे उत्तर में हिमाद्री या हिमालय पर्वत की श्रृंखला है। इसके नीचे या दक्षिण में मध्य हिमालय या हिमाचल है और सबसे नीचे या हिमाचल के नीचे शिवालिक श्रृंखला है। हिमालय की नदियाँ अपने साथ लाए उपजाऊ मिट्टी (जलोढ़) को मैदानी भागों में बिछा देती हैं। इसलिए मैदान उपजाऊ है, यहाँ पेड़ पौधे, अनाज के खेत, फलों के बाग सब पनपते हैं ।



भारत का दक्षिण का आकार, गाजर जैसा त्रिभुज भाग, यही प्रायद्वीपीय पठार है। इस पठार के कई भाग हैं जिनमे से एक दक्कन का पठार हैं। प्रायद्वीपीय यानि 'तीन' ओर पानी से घिरा स्थल तथा दक्कन का मतलब दक्षिण है। इसके उत्तर पश्चिम में विश्व की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला अरावली स्थित है। पठार के साथ-साथ समुद्र किनारे पूर्वी और पश्चिमी समुद्र तटीय मैदान हैं, साथ ही पूर्व में बंगाल की खाड़ी में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा पश्चिम में अरब सागर में लक्षद्वीप समूह स्थित है।

लक्षद्वीप प्रवाल द्वीप समूह है जो कि छोटे समुद्री जंतुओं के कंकालों से बनते हैं। कंकाल के ऊपर कंकाल जमा होते होते द्वीप बन जाते हैं।

क्या जाना क्या सीखाः

प्रश्न 1 : भारत के महा मरुस्थल का नाम लिखें।

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : भारत में कुल कितने भौतिक स्वरूप हैं ? उनके नाम लिखिए।

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : विश्व की सबसे पुरानी श्रृंखला कौन सी है?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : मरुस्थल में पेड़-पौधे कैसे होते हैं और क्यों ?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : हिमालय पर्वत को किन-किन समानांतर श्रृंखलाओं में बाँटा जाता है ?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : उत्तर के मैदान उपजाऊ क्यों हैं ?

उत्तर 6 :

प्रश्न 8 : प्रायद्वीपीय पठार की 2 पर्वत श्रृंखलाओं के नाम लिखिए।

1. ______ 2. ______

भारत की नदियाँ

शिक्षक संकेत :

छात्रों को दिये गए चारों स्टेप अपने आप करने दें, बस नजर रखें कि सब को कार्य समझ आ रहा है।

स्टेप 1 : चित्र 7.3 को देख कर प्रश्न आपको जितनी नदियाँ दिखती हैं उनके नाम लिखिए।

शिक्षक संकेत :

छात्रों से पूछ कर उत्तर और दक्षिण की नदियों के नाम ब्लैकबोर्ड पर लिखें. फिर नक्शे पर दिखाएं यह नदियाँ कहाँ शुरू होती हैं, कैसे बहती हैं और कहाँ समुद्र में गिरती हैं।

स्टेप 2 : अब अपने साथी के साथ मिलकर देखिये क्या कुछ नदियां छूट गयी हों तो उन्हें भी लिख दें।

स्टेप 3 : नक्शे को देख कर आप दोनों साझा करें कौन सी नदियाँ उत्तर भारत में हैं और कौन सी दक्षिण भारत में हैं। उत्तरी नदियों के डब्बे में ''उ०'' और दक्षिणी नदियों के डब्बे में ''द०'' लिख दें।

स्टेप 4 : उत्तर भारत की नदियों में हिमालय से निकलने वाली सिंध, गंगा, ब्रह्मपुत्र तथा उनकी सहायक नदियाँ हैं। गंगा और ब्रह्मपुत्र पूर्व में बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं। गंगा और ब्रम्हपुत्र नदियाँ समुद्र में गिरने से पहले संसार का सबसे बड़ा डेल्टा बनाती हैं, जिसे सुंदरवन का डेल्टा कहा जाता है। यह त्रिभुजाकार है। सिंध नदी अरब सागर में गिरती है

दक्षिण भारत के पूर्वी तट पर पूर्वी घाट है। यह बीच-बीच में टूटा हुआ तथा असमान हैं।

पश्चिमी तट पर फैली पश्चिमी घाट पर विस्तार एक समान रूप में है। यही विंध्य और सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाएं हैं। नर्मदा और तापी नदियाँ भी यहीं बहती हैं, जो कि डेल्टा नहीं बनतीं क्योंकि वह बहुत तेज बहती हैं, और सीधा अरब सागर में गिर जाती हैं।

पश्चिमी घाट के पश्चिम में तथा पूर्वी घाट के पूर्व में तटीय मैदान स्थित हैं। पश्चिमी तटीय मैदान काफी सेकरे हैं, जबकि पूर्वी तटीय मैदान चौड़े हैं। वहाँ पूर्व की ओर बहने वाली नदियाँ हैंः महानदी, गोदावरी, कृष्णा तथा कावेरी बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं। यह नदियाँ बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले डेल्टा बनाती हैं।



चित्र 5.8 : भारत की मुख्य नदियाँ

क्या जाना क्या सीखाः

प्रश्न 1 : पूर्वी घाट की ओर समुद्र में गिरने वाली नदियाँ कौन सी हैं ?

उत्तर 1 : ______________________

प्रश्न 2 : कौन सी दो नदियाँ पश्चिमी घाट की ओर बहती है ?

उत्तर 2 : ______________________

प्रश्न 3 : संसार का सबसे बड़ा डेल्टा कहाँ स्थित है ?

उत्तर 3 : ______________________

प्रश्न 4 : उत्तर और दक्षिण भारत की नदियों में क्या अंतर है ?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : नर्मदा और तापी नदियाँ डेल्टा क्यों नहीं बनातीं ?

उत्तर 5 :

भारत के द्वीप समूह

भौतिक मानचित्र पर बंगाल की खाड़ी में छोटे-छोटे बिंदु गोले की एक लाइन ढूंढिए। यह अंडमान निकोबार द्वीपों का समूह है। ऐसे ही बाईं तरफ अरब सागर में नीचे की ओर लक्षद्वीप समूह है। दक्षिण भारत में केरल के तट से कुछ दूर स्थित प्रवाल द्वीप है।

2004 में सुनामी से अंडमान निकोबार द्वीप का दक्षिणी बिंदु, इंदिरा पॉइंट समुद्र में समा गया था। सुनामी समुद्र तट पर भूकंप आने के कारण विशाल सागरीय तरंगों का तूफान होता है। यह बहुत ही विनाशकारी प्राकृतिक आपदा है।

छात्र अपने भौतिक मानचित्र में अंडमान निकोबार द्वीपों का समूह और लक्षद्वीप समूह को डालें।

विचारों की तिजोरी :

मालदीप और श्रीलंका भी एक द्वीपीय देश है।

क्या जाना क्या सीखाः

प्रश्न 1 : भारत में कौन से दो द्वीप समूह हैं ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : भारत का दक्षिणी पड़ोसी देश कौन है जो लक्षद्वीप के पास स्थित है ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : लक्षद्वीप किस सागर में स्थित है ?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : अंडमान निकोबार द्वीप समूह किस सागर में स्थित है ?

उत्तर 4 :

हमने सीखा :

भारत एक बहुत बड़े भौगोलिक विस्तार वाला देश है। हिमालय से हिंद महासागर तक और अरब सागर से बंगाल की खाड़ी तक यह फैला हुआ है। इसमें मरुस्थल भी है, पर्वत भी, पठार भी , मैदान भी और द्वीप समूह भी। भारत में 29 राज्य, 7 केंद्र शासित प्रदेश है। भारत के आसपास 9 पड़ोसी देश हैं। कर्क रेखा 23.30’ उत्तरी अक्षांश भारत के बीच से गुजरती है। 82°30' पूर्वी देशांतर भारत का मानक याम्योत्तर है। भारत में 6 मुख्य भौतिक स्वरूप हैं।

अभ्यास

प्रश्न 1 : प्रायद्वीप किसी द्वीप से कैसे भिन्न होता है ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 2 : भारत का कौन-सा भाग एक प्रायद्वीप हैं ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 3 : किसी एक पहाड़ी राज्य का नाम लिखिए।

उत्तर : ____________________

प्रश्न 4 : किसी एक मैदानी राज्य का नाम लिखिए।

उत्तर : ____________________

प्रश्न 5 : पाक जलसंधि भारत को किस पड़ोसी देश से अलग करती है ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 6 : प्रवाल द्वीप क्या है ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 7 : आप कहाँ निवास करते हैं ? यह क्षेत्र पहाड़ी है, मैदानी है या पठारी ?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 8 : अध्यापिका-अध्यापक जी या फिर माता-पिता की मदद से अपने राज्य के बारे में लिखकर तालिका भरिए।

1. राज्य का नाम	2. राज्य की राजधानी	3. राज्य की दिशा	4. जनसंख्या
5. मुख्यमंत्री का नाम	6. प्रमुख भाषा	7. जलवायु	8. प्रमुख नदी
9. प्रमुख पर्वत	10. पठार/मैदान/तट/ मरुस्थल	11. मुख्य भोजन	12. मुख्य पोषक
13. मुख्य पर्व	14. मुख्य नृत्य	15. वन एवं जीव-जंतु	16. अन्य प्रसिद्ध स्मारक
17. राज्य का मानचित्र कटिंग चिपकायें।			

18. राज्य से संबंधित कोई चित्र चिपकायें।

B. भारत के राजनीतिक खाली (blank) मानचित्र में राज्य और केंद्र शासित प्रदेश दिखाइए। उनकी राजधानियों के नाम स्मरण रखें।

C. भारत के भौतिक खाली (blank) मानचित्र में पड़ोसी देश तथा भारत के भौतिक स्वरूप दिखाइए और नाम लिखिए। आप रंगों का भी प्रयोग कर सकते हैं। नदियां और उनके बहने की दिशाएं, पर्वत श्रंखलाएं, द्वीप समूह, मरुस्थल, दक्कन पठार, पश्चिम और पूर्व घाट भी दर्शाएं।

D. सोचिये : अपना मानचित्र बना कर उसे ऊपर दिए गए भौतिक मानचित्र से मिलाइये।

प्रश्न 1 : आपने क्या क्या सीखा ?

उत्तर 1 : ____________________

____

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

____

____

____

____

____

पाठ 6

हमारा पर्यावरण

(NCERT पाठ 1)

हम क्या सीखेंगे :

- अपने पर्यावरण को जानेंगे तथा हमारे जीवन में इसके महत्त्व को समझेंगे।
- पर्यावरण के विभिन्न अंगों और उनके आपसी सम्बन्ध को जानेंगे।
- पर्यावरण में बदलाव और इसके संरक्षण को समझेंगे।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढ़ने पर आपके मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढ़ने की कोशिश करें।

हम जानते हैं :

- हमारे चारों ओर बहुत से लोग जैसे-मेरा परिवार, मेरे दोस्त,मेरे रिश्तेदार आदि होते हैं।
- बहुत से जीव-जन्तु व पेड़-पौधे होते हैं
- बहुत सी वस्तुएँ होती हैं जो मेरे काम आती हैं।

भाग-1 : पर्यावरण और उसके अंग

फोकस प्रश्न

जो मेरे चारों और होता है उसे क्या कहते हैं?

हमें अपने चारों ओर क्या-क्या दिखाई देता है, सोचिये और दिए हुए खाली स्थानों पर लिखिएः



हमें अपने चारों ओर क्या-क्या दिखाई देता है

शिक्षक संकेत :

ब्लैकबोर्ड पर इस प्रकार माइंड मैपिंग कराएं ।

इन सभी चीजों से मिलकर हमारा पर्यावरण बनता है।

शब्द भण्डार : पर्यावरण = परि + आवरण

परि : चारों ओर

आवरण : घेरा हुआ

पर्यावरण – जो भी हमारे आसपास हमे दिखाई देता है या महसूस होता है उसे 'पर्यावरण' कहते हैं। किसी भी प्राणी के चारों ओर पाए जाने वाले लोग, स्थान, वस्तुएँ एवं प्रकृति उसके पर्यावरण के अंग होते हैं।



मेरा पर्यावरण

क्या मेरे आस-पास दिखने वाली सभी चीजों को इन्सान ने बनाया हैः (सोचिए और लिखिए)

इन चित्रों को देखिए और पहचानिए इनमें क्या अंतर है। (नीचे दिए गए स्थान पर लिखिए)



शिक्षक संकेत :
छात्रों के उदाहरण ब्लैकबोर्ड पर लिखें और चर्चा करें।

हमारे चारों ओर कुछ वस्तुओं का निर्माण प्रकृति ने किया है तथा कुछ वस्तुओं का निर्माण मानव द्वारा किया गया है।

प्राकृतिक : हमें जो प्रकृति से मिलता है, जैसे हवा, पानी, पर्वत, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी आदि।

मानव-निर्मित : वह वस्तुएँ जिसका निर्माण मानव ने किया है जैसे- पेन, पेन्सिल, इमारत, कार, खिलौने, बर्तन आदि।

क्या मेरे आस-पास दिखने वाली सभी चीजें जीवित है ?---

इन चित्रों को देखिए और पहचानिए इनमें क्या अंतर है। (नीचे दिए गए स्थान पर लिखिए)





जीव व अजीव दोनों हमारे पर्यावरण के अंग हैं।

जीव : जीव अर्थात 'जीवन के साथ' जो भी जीवित है (सांस लेते हैं, बड़े होते हैं) वह जीव कहलाते हैं जैसे- पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, मनुष्य।

अजीव : जिनमें जीवन नहीं होता वह अजीव वस्तुएँ कहलाते हैं जैसे- घड़ी, किताब, घर, गाड़ी आदि।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पर्यावरण किसे कहते हैं ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : फूलों की पत्तियों में आसपास दिखने वाली चीजों के नाम लिखो और जीव में हरा व अजीव में लाल रंग भरिए।



देखिये और लिखिए

प्रश्न 3 : फूलों की पत्तियों में आसपास दिखने वाली चीजों के नाम लिखिए और मानव निर्मित वस्तुओं में नीला रंग तथा प्राकृतिक वस्तुओं में पीला रंग भरिए।



(हम पत्तियों में लाइन, बिंदु व शेड भी कर सकते हैं।)

आओ खेलें :

एक छोटे समूह में मिलकर अपने विद्यालय में जीव-अजीव, प्राकृतिक व मानव निर्मित वस्तुओं की सूची बनाएं। (कोई 10)

Note - (शिक्षक बारी-बारी से हर समूह से एक-एक शब्द बोलने को कहें और बाकी समूहों से बोले जाने वाला शब्द अगर उन्होंने लिखे हैं तो काटने के लिए कहें। जिस समूह के पास बिलकुल अलग शब्द बचे वह जीत जाएगा।)

भाग-2 : पर्यावरण के घटक

फोकस प्रश्न

अपने पर्यावरण को हम विभिन्न भागों में कैसे बाँट सकते हैं?



पर्यावरण के घटक

पर्यावरण के तीन मुख्य घटक होते हैं :

1. प्राकृतिक पर्यावरण : प्राकृतिक पर्यावरण में जीव और अजीव दोनों शामिल होते हैं।

2. मानव निर्मित पर्यावरण : मानव निर्मित पर्यावरण में मानव द्वारा बनाई गई रचनाएँ शामिल होती हैं। जैसेः सड़क, पुल, पार्क, इमारत आदि।

3. मानव : मानव पर्यावरण का उपयोग व निर्माण करता है इसलिए वह पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा व घटक है।

इस प्रकार प्राकृतिक पर्यावरण में जीवीय व अजीवीय शामिल हैं और मानवीय पर्यावरण में मानव द्वारा की जाने वाली गतिविधियाँ, आपसी व्यवहार व रचनाएँ शामिल होती हैं।

भूमि, जल, वायु, पेड़-पौधे एवं जीव-जन्तु मिलकर प्राकृतिक पर्यावरण बनाते हैं ,इसे निम्न प्रकार समझा जा सकता है:

प्राकृतिक पर्यावरण

↓

स्थलमंडल | जलमंडल | वायुमंडल | जैवमंडल

- आप कहाँ रहते हो ? ____________
- आपका घर कहाँ बना है ? ____________
- आपके घर के पास दुकान, पार्क, आपके रिश्तेदार का घर किस पर / कहाँ बना हुआ है ? ____________
- किसान खेती कहाँ पर करते हैं ? ____________
- आपने लालकिला देखा है, वो किस पर बना हुआ है ? ____________

Note: (शिक्षक इस प्रकार प्रश्न करें व छात्रों को स्वयं निष्कर्ष निकलने दें.....)

पूरी दुनिया में जहाँ भी लोग रहते हैं, खेती करते हैं, मैदान,पर्वत,पार्क सब स्थलमंडल कहलाता है।

शब्द भण्डार :

स्थल	:	स्थान
मंडल	:	क्षेत्र
स्थलमंडल	:	पृथ्वी की ठोस परत
जलमंडल	:	जल का क्षेत्र

स्थलमंडल : हमारी पृथ्वी की ऊपरी ठोस परत (जिस पर हम रहते हैं) स्थलमंडल कहलाती है। यह पत्थर और मिट्टी की पतली परत से मिलकर बनती है। इस पर पर्वत, मैदान, पहाड़, गांव, शहर, वन आदि होते हैं । पशुओं के लिए घासस्थल व खनिज संपदा भी यहीं होते हैं ।

प्रश्न 1 : आपने जल को कहाँ-कहाँ व किस रूप में देखा है ?

उत्तर 1 : ____________

____

पूरी दुनिया में जहाँ भी जल का क्षेत्र होता है वह जलमंडल कहलाता है।

जलमंडल : जलमंडल में पूरे संसार की नदियाँ, तालाब, झीलें, सागर, महासागर शामिल होते हैं। जल के क्षेत्र को जलमंडल कहा जाता है।

प्रश्न 1 : जीने के लिए क्या जरुरी है?

उत्तर 1 : ______________________________

____

प्रश्न 2 : क्या वायु नजर आती है?

उत्तर 1 : ______________________________

____

प्रश्न 3 : क्या होगा अगर वायु नही होगी?

उत्तर 1 : ______________________________

____

वायुमंडल : पृथ्वी के चारों ओर फैली वायु की परत को वायुमंडल कहते हैं। ये सूर्य की झुलसाने वाली गर्मी व हानिकारक किरणों से हमारी रक्षा करती है। वायुमंडल में परिवर्तन होने से मौसम और जलवायु का परिवर्तन होता है।

प्रश्न 1 : किन्हीं पाँच सजीवों के नाम लिखिए:

उत्तर 1 : ______________________________

जैवमंडल : जहाँ भी स्थल,जल और वायु मिलते हैं वहीं जीवन सम्भव हो पाता है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जन्तु मिलकर जैवमंडल का निर्माण करते हैं।

पर्यावरण के क्षेत्र

मानवीय पर्यावरण

मानव बहुत पहले जंगलो में रहता था उसकी आवश्यकताएं कम थीं व जीवन सरल था। धीरे-धीरे उसने अपना घर व परिवार बनाया। मानव द्वारा कृषि एवं पशुपालन किया जाने लगा, गाँव और बस्तियाँ भी बसने लगीं। वह आसपास रहने वाले लोगों के संपर्क में आने लगा। नई तकनीकों का प्रयोग कर अब खूब अन्न उपजाया जाने लगा व कई अन्य काम भी किये जाने लगे। लोग एक-दूसरे के साथ आपसी व्यवहार करने लगे जैसेः किशन मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करता था और मदन गेहूँ उगाता था। किशन अपनी जरुरत के लिए मदन से गेहूँ लेता था और बदले में उसे बर्तन देता था। एक दूसरे के साथ आपस में वस्तुओं को बदलना वस्तु-विनिमय कहलाता है। इस पद्धति में धन का लेन-देन नही किया जाता था।आज भी आपस में, अपने समाज में, राज्यों में तथा बड़े-बड़े देशों के बीच वस्तु-विनिमय पद्धति को अपनाया जाता है।

हमारा एक-दूसरे के साथ आपसी व्यवहार करना मानवीय पर्यावरण का हिस्सा है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : प्राकृतिक पर्यावरण में क्या क्या शामिल है ?

उत्तर 1 : ______________________

प्रश्न 2 : सही मिलान करोः

i. जैवमंडल	पृथ्वी को घेरने वाली वायु की चादर
ii. वायुमंडल	जलीय क्षेत्र
iii. जलमंडल	हमारे आसपास का क्षेत्र
iv. पर्यावरण	पेड़-पौधे जीव और जंतु

प्रश्न 3 : मानवीय पर्यावरण में क्या शामिल है ?

उत्तर : ______________________

____

प्रश्न 4 : मानव किस प्रकार पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है ?

उत्तर : ______________________

____

प्रश्न 5 : वस्तुओं की अदला-बदली करना क्या कहलाता है ?

उत्तर : ______________________

____

भाग-3 : पारितंत्र

फोकस प्रश्न

क्या सभी स्थानों पर एक जैसी प्राकृतिक विशेषतायें व जीव-जन्तु पाए जाते है ?

कक्षा में चर्चा :

जेस्सी : वाह, इतनी तेज बारिश! मुझे तो अपना केरल याद आ गया।

हीरा : केरल! क्या वहाँ इतनी अधिक बारिश होती है?

जेस्सी : हाँ! हमारे यहाँ हरे-भरे खेतों और नारियल के बागान में लगातार बारिश होती है।

हीरा : मैं तो जैसलमेर में रहता हूँ और हमारे यहाँ वर्षा होती ही नहीं है। दूर-दूर तक रेत नजर आती है और कुछ एक कीकर के पेड़ ही दिखाई देते हैं ।

> जैसलमेर राजस्थान में है, भारत के मानचित्र में राजस्थान और केरल को ढूँढ़िए। (मानचित्र पाठ के अंत में दिया है)

रवि : हीरा, तुम्हारे वहाँ ऊँट भी तो होते हैं।

हीरा : हाँ, ऊँट के साथ-साथ सांप, छिपकली एवं अनेक कीट भी देखने को मिलते है।

रवि : इसका अर्थ हुआ विभिन्न स्थानों पर पाए जाने जीव जन्तु,पेड़ पौधे और लोगों के रहन-सहन के तरीके भी भिन्न-भिन्न होते हैं।

शिक्षक : बिलकुल सही रवि यह किसी स्थान का परितंत्र कहलाता है जिसमे किसी एक क्षेत्र (समतल भूमि, वन, पहाड़, जलाशय, सागर आदि) में रहने वाले समस्त जीव हवा, मिट्टी व जल के साथ तालमेल रख कर जीते हैं ।

कोई भी क्षेत्र विशेष जहाँ सभी पेड़-पौधे, जीव-जन्तु एवं मानव अपने आसपास के पर्यावरण पर आश्रित होते हैं। जीवधारियों का जीवन जीने के लिए एक-दूसरे पर निर्भर होना व आसपास के पर्यावरण के साथ सम्बन्ध पारितंत्र का निर्माण करता है।

> **शिक्षक संकेत :**
>
> छात्रों से पूछें यह किस जगह का चित्र है और चित्र में क्या-क्या दिखाई दे रहा है और जो शब्द वे दें, उन्हें ब्लैकबोर्ड पर लिखें, फिर पारितंत्र की और थोड़ी चर्चा करें।



एक ताल का परितंत्र

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पारितंत्र का क्या अर्थ है ?

उत्तर 1 : ______________________

____



पारितंत्र

प्रश्न 2 : उपरोक्त चित्र में दर्शाए गए विभिन्न पारितंत्रों का वर्णन करिये।

i. ______________________

ii. ______________________

iii. ______________________

प्रश्न 3 : अपने क्षेत्र (पारिस्थितिक तंत्र) में पाए जाने वाले दो जीव (पशु या पक्षी) और दो पेड़ के नाम लिखो।

उत्तर 1 : ______________________

भाग-4 : पर्यावरण में बदलाव

फोकस प्रश्न

जिस पर्यावरण में आप रहते हैं क्या वो हमेशा से ऐसा ही है ?

पर्यावरण में बदलाव क्यों और कैसे होता है ?



सीता की कहानी से आपको पर्यावरण के बदलाव के बारे में क्या समझ आ रहा है? अपने साथी के साथ चर्चा कर के पर्यावरण के बदलाव पर अपने विचार लिखिए।

अपने चारों ओर रोजाना काम में आने वाली वस्तुओं को देखो। इनका निर्माण किसी न किसी कारखाने में हुआ होगा। आपकी पानी की बोतल, आपका बस्ता, कपड़े, मोटर आदि सब।

कारखानों में काम करने के लिए मजदूर भी गाँव से आकर शहरों में बस गए होंगे। अब उनके रहने के लिए कोई जगह बनाना हो, बड़ी इमारतें बनानी हों, कारखानों का धुआँ या उनका दूषित जल हो, यही पर्यावरण को प्रभावित करता है। इसे पर्यावरण में बदलाव कहा जाता है।

ये बदलाव हमारे लिए सहायक भी होते हैं परंतु आवश्यकता से अधिक होने पर यह हमारे पर्यावरण को हानि पहुँचाते हैं।

अत्यधिक जनसंख्या व प्रदूषण भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। वस्तुओं का सही प्रकार उपयोग हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक हो सकता है।

हम निम्न तीन बातों को ध्यान में रखकर अपने पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं। इन्हें 3R के नाम से जाना जाता है।

REDUCE – उपभोग को कम करना।

RECYCLE – वस्तुओं का पुनः चक्रण (पिघला कर दोबारा बनाना)।

REUSE – वस्तुओं का पुनः उपयोग।

शिक्षक संकेत :

कक्षा को छोटे समूहों में बाँटे और उन्हें कुछ प्रश्नों की सूची तैयार करने को कहें जो कि जानकरी लेते समय पूछे जा सकते हैं।

कार्य-कलाप :

अपने परिवार में किसी बुजुर्ग से अपने आसपास हुए किसी बदलाव के बारे में जानें और लिखें।

पर्यावरण में बदलाव किस प्रकार पर्यावरण को हानि पहुँचा सकता है, कुछ उदाहरण दे कर लिखिए।

____

____

____

खाली स्थान भरिए :

R_____D_____C_____

R____C____C____E

R____U____E

दाल और चावल को धोने के बाद बचे हुए पानी को गमले में डालना क्या कहलाएगा ____________ ?

हमने सीखा :

जो भी जीव व अजीव घटकों का समूह हमारे चारों ओर है वह हमारा पर्यावरण होता है।

पर्यावरण प्राकृतिक व मानवीय घटकों से मिलकर बनता है। प्राकृतिक पर्यावरण में जीव और अजीव दोनों शामिल होते है। मानवीय पर्यावरण में मानव और मानव द्वारा बनाई गई रचनाएँ शामिल हैं। इस प्रकार पर्यावरण को मुख्य रूप से तीन अंगो व घटकों में बाँटा जा सकता है।

(1) प्राकृतिक पर्यावरण (2) मानव निर्मित (3) मानव।

मानव सबसे महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि वह पर्यावरण का उपयोग व निर्माण करता है।

प्राकृतिक पर्यावरण में स्थलमंडल, जलमंडल, वायुमंडल व जैवमंडल शामिल होते हैं ।

मानव द्वारा की जाने वाली सभी गतिविधियाँ मानवीय पर्यावरण का हिस्सा हैं जिसमे मानव मानव के साथ आपसी व्यवहार करता है। वस्तु विनिमय पद्धति इसी में आती है जिसमे किसी सामान के बदले अपनी जरूरत का कोई सामान ले लिया जाता है। इसमें धन का लेन देन नहीं किया जाता।

किसी क्षेत्र विशेष में जहाँ सभी जीवधारी अपने आसपास के पर्यावरण व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं वह उनका पारितंत्र कहलाता है।

पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार है, यह हमें सांस लेने के लिए हवा, पीने के लिए जल, खाने के लिए भोजन एवं रहने के लिए भूमि प्रदान करता है।

मानव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्यावरण का उपयोग व रचनाओं का निर्माण करता है। इसे प्राकृतिक पर्यावरण में बदलाव करना कहते हैं। सावधानी पूर्वक पर्यावरण का उपयोग करने से इसका संरक्षण किया जा सकता है।

अभ्यास

प्रश्न 1 : पर्यावरण के प्रमुख घटक कौन-कौन से हैं ?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : सभी स्थानों में एक जैसा पारितंत्र क्यों नहीं होता है ?

उत्तर 2 : ____________________

प्रश्न 3 : जैवमंडल क्या है ?

उत्तर 3 : ____________________

प्रश्न 4 : वस्तु विनिमय प्रणाली किसे कहा जाता है ?

उत्तर 4 : ____________________

प्रश्न 5 : प्रत्येक के विषय में एक या दो वाक्य लिखिए :

i. स्थलमंडल ____________________

ii. जलमंडल ____________________

iii. वायुमंडल ____________________

iv. जैवमंडल ____________________

प्रश्न 6 : सही उत्तर पर निशान लगाएं :

i. इनमें से कौन सा पर्यावरण के लिए खतरा है?

a. वर्षा वृद्धि　　b. जनसंख्या वृद्धि　　c. फसल वृद्धि

ii. निम्न में से कौन सा मानव निर्मित पर्यावरण का घटक है:

a. जल　　b. पहाड　　c. इमारतें

iii. इनमे से कौन सा 3R से जुड़ा है :

a. REFRESH　　b. REUSE　　c. RESTORE

iv. अपनी आवश्यकता के अनुसार वस्तुओं को एक-दूसरे से बदलना कहलाता है :

a. बदलाव　　b. मानव निर्मित　　c. वस्तु विनिमय

प्रश्न 7 : अपने आसपास स्थलमंडल को देखें और वहां क्या क्या बना है उसकी सूची बनाइए।

उत्तर 7 : ____________________

प्रश्न 8 : जल के चार उपयोग बताइए।

उत्तर 8 : ____________________　____________________

____________________　____________________

प्रश्न 9 : (i) स्कूल से घर जाते हुए आसमान को देखिये और लिखिए आज मौसम कैसा है- धूप है, बारिश है, कोहरा है इत्यादि।

(ii) मौसम सम्बंधी घटनाएँ कौन से मंडल में होती हैं?

उत्तर 9 : (i) ____________________

(ii) ____________________

प्रश्न 10: आप अपने आस-पास कैसा पर्यावरण चाहते हैं, उसका एक चित्र बनाइए।

उत्तर

प्रश्न 11 : सही करके लिखिए :

i. पर्यावरण के 5 घटक होते हैं ।

ii. पृथ्वी के चारो ओर फैली वायु की परत को जलमंडल कहते हैं ।

iii. जिसमें जान नहीं होती वह सजीव होता है।

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 7

वायु

(NCERT पाठ 4)

हम क्या सीखेंगे :

- वायु विभिन्न पदार्थों का मिश्रण है और पृथ्वी पर वायु का स्वरुप कैसा है।
- वायु हमारे जीवन के लिए कई तरह से उपयोगी है। कैसे ?
- मौसम और जलवायु पर वायु का प्रभाव।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढ़ने पर आपके मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं ? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूँढ़ने की कोशिश करें।

भाग-1 : वायुमंडल

फोकस प्रश्न

यदि हमें वायु न मिले तो क्या होगा ?

वायुमंडल – पृथ्वी के चारों ओर फैले वायु के आवरण को वायुमंडल कहते है।



चित्र–1

वायुमंडल की प्रमुख गैसः

जीवित रहने के लिए वायु चाहिए वायु पेड़ पौधों से उत्पन्न होती है वायु मौसम और जलवायु को प्रभावित करता है

नाइट्रोजन : वायु-मंडल का बड़ा भाग नाइट्रोजन गैस से बना है, जो पेड़ पौधों के बढ़ने में सहायक होती है।

शब्द भण्डार :

प्रचुरता	:	बड़ी मात्रा में उपलब्धत
आवरण	:	परत
ऑक्सीजन	:	प्रचुरता में मिलने वाली दूसरी गैस जो सभी जीव-जन्तुओ व मनुष्यों के जीवित रहने के लिए आवश्यक है।

कार्बन डाईऑक्साइड : मनुष्य व जीव-जन्तु दोनों ऑक्सीजन लेते हैं और कार्बन डाईऑक्साइड छोड़ते हैं। इसके विपरीत पेड़ पौधे कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं। इस तरह वायुमंडल का संतुलन बना रहता है।

संवाद :

बच्चा	:	वायु क्या है?
अध्यापक	:	वायु जीवन है।
बच्चा	:	वायु कहाँ मिलती है?
अध्यापक	:	हर स्थान पर जहाँ हम रहते हैं।
बच्चा	:	क्या हम वायु को देख सकते हैं?
अध्यापक	:	हाँ, देख भी सकते हैं और नहीं भी।
बच्चा	:	वो कैसे?
अध्यापक	:	आओ देखें।

चित्र-2 : उड़ते हुए गुब्बारे की सहायता से

चित्र-3 : उड़ते हुए पत्तों की सहायता से

चित्र-4 हवा भरी हुई टायर की ट्यूब से

चित्र-5 हवा से भरी हुई फुटबाल से

वायु को दर्शाते हुए ऐसी वस्तुओं के अन्य उदहारण खोजो जिन में हवा भरी होती है या हवा की सहायता से उड़ती और हिलती हैं।

1. ______________ 2. ______________

3. ______________ 4. ______________

ऑक्सीजन की मात्रा ज्यादा पेड़ लगने से बढ़ती है व प्रदूषण से इसकी मात्रा घटती है।

ग्लोबल वार्मिंग : प्रति वर्ष वायु मंडल में करोड़ों टन कार्बन डाईआक्साइड की बढ़ोतरी होती है जिससे पृथ्वी का तापमान बढ़ जाता है जो मौसम ओर जलवायु को प्रभावित करता है। ''पृथ्वी के तापमान में वृद्धि को ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं।''

पृथ्वी के तापमान में वृद्धि के कारण :

1. वाहनों का बढ़ता धुआँ, पेट्रोल, डीज़ल, कोयला का बड़ी मात्रा में उपयोग।
2. फैक्ट्री के द्वारा निकलता धुआँ आदि।
3. बड़ी मात्रा में पेड़ों का काटा जाना।

चित्र-6

पृथ्वी के चारों ओर वायु की परतें हैं जिन्हें वायुमंडल कहते हैं। पृथ्वी पर सभी जीव-जन्तु वायुमंडल पर निर्भर हैं। वायुमंडल सूर्य की हानिकारक किरणों से हमारी रक्षा करता है। यदि वायुमंडल न हो तो हम सूर्य की अत्यधिक गर्म किरणों से जल सकते हैं और रात के समय अत्यधिक ठण्ड से जम सकते हैं। अतः वायुमंडल पृथ्वी पर रहने योग्य स्थिति बनाए रखता है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : मिलान करो : (वायुमंडल में गैसों की मात्रा)

i. ऑक्सीजन	a. 0.04%
ii. नाइट्रोजन	b. 21%
iii. कार्बन डाईऑक्साइड	c. 0.03%
iv. अन्य गैसें	d. 78%

प्रश्न 2 : रिक्त स्थान भरो : (ऑक्सीजन, कार्बन डाइऑक्साइड, प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, ऑक्सीजन)

i. वायु मंडल में प्रचुरता में मिलने वाली दूसरी गैस ______________

ii. मनुष्य व जीव जंतु ______________ सांस के द्वारा लेते हैं।

iii. पेड़ पौधे ______________ छोड़ते हैं।

iv. ______________ से ऑक्सीजन की मात्रा में कमी आती है।

v. पृथ्वी के तापमान में वृद्धि को ______________ कहते है।

भाग-2 : वायु मंडल की परतें

फोकस प्रश्न

वायु मंडल की परतें आपस में कैसे जुड़ी हुई हैं?

वायुमंडल की 5 परतें होती हैं। ये परतें पृथ्वी की सतह से आरंभ होती हैं।

1. **क्षोभमंडलः** यह वायुमंडल की सबसे महत्वपूर्ण परत है। इसकी ऊँचाई पृथ्वी से 8-13 कि.मी. तक है। हम इसी वायुमण्डल की परत में साँस लेते हैं। मौसम सम्बन्धी सभी घटनाएँ इस क्षोभमंडल में होती हैं। जैसे वर्षा, बादल, बिजली चमकना, तूफान-आंधी का आना, आदि।

2. **समताप मंडलः** क्षोभमंडल के ऊपर की परत को समताप मंडल कहते हैं। यह 50 कि.मी. तक की ऊँचाई तक फैली है। इस परत में तापमान एक समान होता है। हवाई जहाज उड़ाने के लिए यह परत उपयुक्त है। इसी के अंदर ओजोन गैस की परत है, जो सूर्य से आने वाली हानिकारक गैसों से हमारी रक्षा करती है।



चित्र 4.2 : वायुमंडल की परतें

3. **मध्य मंडल :** यह वायुमंडल की तीसरी परत है। यह समताप मंडल के ठीक ऊपर की परत है। यह लगभग 80 कि.मी. ऊँचाई तक फैली है। अंतरिक्ष से आने वाले उल्का पिंड इस परत पर आने पर जल जाते हैं।

4. **बाह्या/आयन मंडल :** यह वायुमंडल की चौथी परत है। इसकी ऊँचाई 80 से 400 कि.मी. तक फैली है। इस परत में बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान भी तेजी से बढ़ता है।

   वायरलेस (wireless) संचार जैसे मोबाइल, इंटरनेट, रेडियो आदि के उपयोग के लिए इस परत का इस्तेमाल होता है। पृथ्वी से प्रसारित रेडियो तरंगें इस परत द्वारा पुनः पृथ्वी पर भेज दी जाती हैं।

> वायुमंडल की 5 परतें हैं।
>
> सभी परतें महत्वपूर्ण हैं।
>
> यह पांचों परतें अलग अलग तरह से हमारे लिए उपयोगी हैं।

5. **बहिर्मंडल :** वायुमंडल की अंतिम और सबसे ऊपर की परत है। हल्की गैस जैसे हीलियम और हाइड्रोजन यहाँ से अंतरिक्ष में तैरती है। यह वायुमंडल की सबसे अंतिम परत है।

कुछ तथ्य

- ऊपर की तरफ जाने पर ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है। पृथ्वी पर इसकी मात्रा अधिक है। पृथ्वी पर ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने में पेड़-पौधों का बड़ा योगदान है।
- वायुमंडल छन्नी की तरह काम करता है एवं सूर्य से आने वाली हानिकारक किरणों, अंतरिक्ष से आने वाले उल्का पिंड आदि से हमारी रक्षा करता है।
- अंतरिक्ष में आवाज नहीं होती क्योंकि वायु के माध्यम से ही ध्वनि एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचती है।
- प्रदूषण के कारण वायुमंडल जहरीला होता जा रहा है। इसे स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए।

शिक्षक संकेत :

विद्यार्थियों के विचार ब्लैक बॉर्ड पर लिखें व चर्चा करें।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : मौसम की सभी घटनाएँ वायुमंडल की किस परत में होती है?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 2 : हवाई जहाज वायुमंडल की किस परत में उड़ते हैं?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 3 : ओजोन परत हमारी रक्षा किससे करती है ?

उत्तर :

प्रश्न 4 : पहचानो और वायुमंडल की परतों के नाम लिखो :



भाग-3 : मौसम एवं जलवायु

फोकस प्रश्न

वायुमंडल मौसम को कैसे प्रभावित करता है ?



ध्रवीय क्षेत्रों में सूर्य की किरणें नहीं पहुच पाती इसलिए यह ध्रुवीय क्षेत्र साल भर ठण्डे रहते हैं।

<u>मौसमः</u> वायुमंडल में प्रत्येक घंटे तथा दिन प्रति दिन के बदलाव को मौसम कहते हैं। आद्र और गर्म मौसम, हवादार मौसम, ठंडा मौसम और वर्षा का मौसम ये सभी मौसम के प्रकार हैं। मौसम नाटकीय रूप से दिन प्रतिदिन बदलता है।

<u>जलवायुः</u> लंबे समय तक किसी स्थान का औसत मौसम उस स्थान की जलवायु कहलाता है। ध्रुवों पर जलवायु हमेशा ठंडी रहती है।

<u>तापमानः</u> आप रोजाना जिस तापमान का अनुभव करते हैं वह वायुमंडल में मौजूद ताप और शीतलता का मिश्रित रूप है।

<u>वायुदाबः</u> वायुमंडल में पायी जाने वाली विभिन्न गैसों के भार को वायुदाब कहते है।

> वायुमंडल का तापमान रात, दिन और ऋतुओ के अनुसार बदलता है।
>
> गाँवों की अपेक्षा नगरों का तापमान ऊँचे भवन, अधिक जनसँख्या और अत्यधिक प्रदुषण के कारण अधिक होता है।
>
> सूर्य की किरणें पृथ्वी के बीच (सामने की तरफ़) में पड़ती हैं इसीलिए भू-मध्य रेखा के ऊपर और नीचे के क्षेत्रों में तापमान सूर्य की गर्मी के कारण बदलता रहता है।



धरातल के समीप वायु का भार अधिक होती है। ऊपर या ऊंचाई पर जाने पर वायु का दबाव कम होता है।

भारी वायु - ठंडें क्षेत्र में वायु दाब अधिक होता है (ध्रुवीय ठन्डे क्षेत्र)

हल्की वायु - गर्म क्षेत्र में वायु दाब कम रहता है। (रेगिस्तान)

वायु की गति-पवन

पवनें वायु का नियम है कि हवा उच्चदाब क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र की ओर चलती है। वायु की इस गति को पवन या हवा कहते हैं। पवन मंद गति व तेज गति से चलती है। अत्यधिक तेज पवनें हल्की चीजों को उड़ा ले जाती हैं। तूफान के समय मजबूत पेड़ो को भी उखाड़ फेंकती हैं।

पवनें तीन प्रकार की होती हैंः

1. **<u>स्थायी पवनें</u>** - ये हवाएं हमेशा चलती रहती हैं और इनकी दिशा भी निश्चित होती है। जैसे व्यापारिक पवनें, पछुआ पवनें, ध्रुवीय पवनें।
2. **<u>स्थानीय पवनें</u>** - जो पवने किसी स्थान विशेष में चलती हैं जैसे उत्तर भारत की गर्म पवन 'लू' स्थानीय पवने होती है।
3. **<u>मौसमी/सामयिक पवनें</u>** - किसी मौसम में या विशेष समय में चलने वाली हवाएं - जैसे भारत में गर्मी में चलने वाली मानसूनी हवा जो अपने साथ बारिश लाती हैं। स्थलीय हवा जो रात को जमीन से समुद्र की ओर चलती है। समुद्री हवा जो दिन के समय समुन्द्र से जमीन की तरफ चलती है।

<u>चक्रवात</u> : चक्रवात अत्यधिक तेज गति से चलने वाली पवन है। यह 'गोल आकृति' का रूप लिए तूफान की तेजी से किसी स्थान पर विनाश का कारण बनती है। यह जल व थल दोनों में आ सकती है। यह अत्यधिक विनाशकारी होती है।



चित्र 10

वर्षा के प्रकार

- **संवहनी वर्षा** मैदानी वर्षा
- **पर्वतीय वर्षा**
- **चक्रवाती वर्षा**

पौधों और जीव जंतुओं के जीवति रहने के लिए वर्षा बहुत महत्त्वपूर्ण है। इससे पृथ्वी को ताजा जल प्राप्त होता है। कम वर्षा सूखा लाती है और अधिक वर्षा बाढ़ लाती है।

1. **संवाहनी वर्षा :** मैदानी क्षेत्रों में गर्म वायु से जल वाष्पित होकर बादल का रूप लेता है, जिससे सामान्य वर्षा होती है।



संवहनी वर्षा

2. **पर्वतीय वर्षा :** बादल जब वायु के वेग से चलकर ऊँचे पर्वतों से टकराकर वहीं वर्षा कर देते हैं तो उस वर्षा को पर्वतीय वर्षा कहते हैं।



चक्रवाती वर्षा

3. **चक्रवाती वर्षा :** इस प्रकार की वर्षा गर्म और शीतल वायु राशियों के आपस में मिलने से होती है, क्योंकि हल्की गर्म वायु ऊपर उठती है तथा भारी शीतलता वायु नीचे बैइती है। अतः ऊपर ठने वाली वायु ठंडी होकर वर्षा करने लगती है।

पर्वतीय वर्षा

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : अत्यधिक गर्म मौसम में आप क्या खाते और पीते हैं सुची बनाओ 5-5 चीजें खाने और पीने की।

	खाने की चीजें	पीने की चीजें
i.	____________	____________
ii.	____________	____________
iii.	____________	____________
iv.	____________	____________
v.	____________	____________

प्रश्न 2 : मौसम और जलवायु में क्या अंतर होता है?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : ध्रुवों पर कैसा मौसम पाया जाता है?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : ठन्डे क्षेत्रों में वायु दाब कैसा पाया जाता है ?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : पवनें कितनी प्रकार की होती हैं?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : **सही–गलत** : सही वाक्य पर (✓) व गलत वाक्य पर (×) निशान लगायें।

i. चक्रवात अत्यधिक तेज चलने वाली पवनें हैं। ☐

ii. वायु में जल की मात्रा को आद्रता कहते हैं। ☐

iii. गर्म और ठंडी वायु के मिलने पर चक्रवाती वर्षा होती है। ☐

iv. बादल की बूंदों को वर्षा कहते हैं। ☐

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 8
जल
(NCERT पाठ 5)

हम क्या सीखेंगे :

- जल का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्त्व होता है।
- जल का चक्र और जल के स्रोत क्या होते हैं।
- ज्वार भाटा क्या होता है और इसके बनने के कारण क्या हैं।
- महासागर में जल धाराओं के बारे में जानेंगे।

आपके सवाल :

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढ़ने पर आपके मन में कौन-कौन से सवाल उठते हैं? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूँढ़ने की कोशिश करें।

भाग-1 जल चक्र

फोकस प्रश्न

जल कहाँ से आता है?



चित्र-1 जल चक्र

जल चक्र एक प्रक्रिया है, जिसमें भूमि पर उपलब्ध जल सूर्य के प्रकाश से गर्म होने पर भाप बनकर उड़ जाता है। इस प्रक्रिया को जलवाष्प कहते हैं। ऊपर जाकर ये वाष्प एकत्र होकर बादल का रूप लेता है। बादल वर्षा बनकर भूमि पर जल के रूप में गिरता है।

मुख्य तत्व :

जल के तीन रूप होते हैं :

1. जल या पानी
2. भाप या गैस
3. हिम या बर्फ

शब्द भण्डार :

वाष्पित	:	जल-भाप के रूप में
संघनन	:	भाप का पानी में बदलना
जलवाष्प	:	जल का भाप बनना
वर्षा	:	जल की बूंदें

ऐसा होने का मुख्य कारण है आकाश में ऊपर की सतह पर तापमान कम होना। ठंडा होते ही वाष्प पानी की बूदों में बदल जाता है। आप खुद देखिये -

गैस पर पतीले में पानी रखकर उबलने दो। जब उबलते पानी में से धुआँ जैसा वाष्प उठने लगे तो उस पर ठंडी स्टील की प्लेट कुछ क्षण के लिए रख दो। अब प्लेट हटा कर देखो तो उसमे पानी की बूँदें दिखाई देंगी। वाष्प का फिर पानी में बदलने की प्रक्रिया को **संघनन** कहते हैं।

जब जल की ये बूंदें भारी होती हैं तो ये बूँदें आकाश में नहीं रुक पातीं। अतः यह वाष्पित जल वर्षा की बूंदें बनकर नीचे भूमि पर वापिस आ जाता है। इस तरह यह प्रक्रिया लगातार चलती रहती है। इस जल-चक्र के कारण भूमि पर जल की मात्रा कम नहीं होती।

वाष्पित जल के स्रोत:

1. तालाब
2. झील
3. घड़े का पानी
4. तार पर सूखते कपड़े
5. सागर
6. महासागर

दो स्रोत जहाँ पानी भाप बनकर/वाष्पित होकर ऊपर उड़ जाता है। खाली जगह में भरिए।

1. ______
2. ______

कुछ प्रसिद्ध झील और नदियों के नाम : वुलर झील, डल झील (कश्मीर), नैनी झील (नैनी ताल) उत्तराखंड, चिल्का झील (उड़ीसा) आदि।

प्रमुख नदियाँ : गंगा नदी, यमुना नदी, ब्रह्मपुत्र नदी, सरस्वती नदी, झेलम नदी, कावेरी नदी, कृष्णा नदी, आदि।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : मिलान करो

i. पानी	(a) जल की बूंदें
ii. भाप	(b) वाष्पित जल
iii. वर्षा	(c) प्रत्येक जीव की जरुरत
iv. संघनन	(d) डल झील
v. कश्मीर	(e) भाप का जल में बदलना

प्रश्न 2 : खुद जांच करके देखें :

i. घर में खाना बनते समय देखें खाना गर्म होने पर भाप उड़ती है।

ii. चाय बनाते समय पानी उबलने पर पानी भाप बनकर उड़ता है।

iii. सर्दियों में नहाने के लिए पानी गर्म करते समय पानी भाप बनकर उड़ता है।

भाग-2 : जल के प्रमुख स्त्रोत

फोकस प्रश्न

पृथ्वी पर पानी कहाँ से आता है ?

शब्द भण्डार

हिमखंड : बर्फ के पहाड़

बहुमूल्य : कीमती

महा : विशाल/बहुत बड़ा

पृथ्वी पर जल के प्रमुख स्रोत:

महासागर : पृथ्वी के ठण्डे होने पर लाखों वर्षों तक हुई वर्षा के कारण महासागर और सागरों का निर्माण हुआ।

सागर : जल के वे स्त्रोत जो महासागर से छोटे होते हैं।

नदियां : बड़े-बड़े हिमखंड सूर्य की गर्मी से पिघल कर पानी का रूप लेते हैं जो नदियां बन जाते हैं।

झीलें : झीलें और तालाब के लिए पानी का स्रोत केवल वर्षा है।

तालाब : जब वर्षा का पानी किसी निचली जगह जमा हो जाता है तो वह तालाब का रूप ले लेता है।

हिमखंड : बर्फ के बड़े-बड़े पहाड़। हिमखंड सूर्य की गर्मी से पिघल कर पानी का रूप लेते हैं, और पर्वतों से होते हुए यह पानी नदियों का रूप लेता है। यह प्रक्रिया लगातार चलती रहती है।



चित्र–4 विश्व मानचित्र : कुछ प्रमुख नदियाँ और झीलें

➪ जीवित रहने के लिए जीव-जंतु,पेड़-पौधे आदि को जल की अत्यधिक आवश्यकता होती है। इसीलिए जल बहुमूल्य है। पृथ्वी पर जीवन का एकमात्र स्रोत जल है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : भूमि पर जल के स्रोत कौन-कौन से है ?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : नदियों में पानी कहाँ से आता है ?

उत्तर 2 : ____________________

प्रश्न 3 : पानी बहुमूल्य क्यों है ?

उत्तर 3 : ____________________

प्रश्न 4 : रिक्त स्थान भरो :

i. पृथ्वी पर जीवन का स्रोत ________ है।

ii. विश्व की सबसे बड़ी नदी ________ है।

भाग-3 : जल का वितरण

फोकस प्रश्न

पृथ्वी पर उपयोगी जल की मात्रा कितनी है ?

हम सभी जानते हैं पृथ्वी पर तीन चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है व एक चौथाई भाग जमीन है।



चित्र 6 भूमि के नीचे का जल

महासागर	-	97.3%
बर्फ खंड	-	02.0%
भूमिगत जल	-	00.68%
झीलों का स्वच्छ जल	-	0.009%
स्थलीय समुन्द्र एवं नमकीन झीलें	-	0.009%
वायुमंडल में पानी	-	0.00019%
नदियां	-	0.0001%
कुल जल	-	100.00 %

पृथ्वी पर जल की मात्रा तीन चौथाई है। किन्तु पीने योग्य पानी मात्र लगभग 1% ही उपलब्ध है। लगभग 97.3% पानी नमकीन है।

शब्द भण्डार :

वितरण	:	बाँटना
तीन चौथाई	:	किसी मात्रा को चार भाग में बाँटकर तीन भाग लेना एक भाग छोड़ देना
एक चौथाई	:	किसी मात्रा का चार भाग कर एक भाग लेना व तीन भाग छोड़ना
भूमिगत	:	भूमि के नीचे का

पानी की उपयोगिता

चित्र 7 कुएं से पानी खींचती औरतें

चित्र 8 दूर-दराज से पानी लाती औरतें

जल संरक्षणः

हम वर्षा के द्वारा जल प्राप्त करते हैं और जल को सुरक्षित रखते हैं। यह जल नदियों में, झीलों में, तालाब में, प्लास्टिक टैंक में और अन्य तरीकों से बचाकर रखा जाता है।

विश्व जल दिवस-22 मार्च : इस दिन जल बचाने की विभिन्न विधियों को प्रदर्शित किया जाता है।

चित्र 9 हाथ धोकर टंकी अवश्य बंद करें

चित्र 10 टंकी या पीने के पानी से गाड़ियों की धुलाई न करें

चित्र- 11 नल से टपकता पानी बंद करें

चित्र-12 बर्तन और कपडे धोने के लिए बाल्टी या टब का इस्तेमाल करें जिससे पानी कम खर्च हो।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : पृथ्वी पर सम्पूर्ण जल की मात्रा है।

i. 97.3% ii. 15% iii. 100%

प्रश्न 2 : पीने योग्य पानी की मात्रा है।

i. 97.3% ii. 0.20% iii. 1%

प्रश्न 3 : भूमि के नीचे जल की मात्रा है।

i. 1% ii. 0.68% iii. 100%

प्रश्न 4 : दिए गए तथ्यों पर (✓) या (✗) का निशान लगाए

i. पीने के पानी की मात्रा 100% हैं। ☐

ii. कुऐं का पानी मीठा होता है। ☐

iii. झील का पानी नमकीन होता है। ☐

iv. पृथ्वी पर ज्यादातर जल नमकीन है। ☐

v. भूमि के नीचे जल साफ व मीठा होता है। ☐

भाग-3 : महासागरीय हलचल और जलधाराएँ

फोकस प्रश्न

चन्द्रमा का पृथ्वी के नजदीक आने पर महासागर और सागर में हलचल क्यों होती है ?

धारा अर्थात बिना रुके चलना। महासागर और सागर में जल विशाल रूप में गति करता है जिसे जलधारा कहते हैं।

महासागरों में जल हमेशा गति करता है, शांत नहीं रहता।

महासागरीय गतियों को तरंगें, ज्वारभाटा एवं धाराएं कहते हैं।

तूफ़ान में तेज़ वायु चलने पर विशाल तरंगें उत्पन्न होती हैं।

महासागरीय धाराएं गर्म और ठंडी होती हैं।

ठंडी धाराएं ध्रुवों से विषुवत रेखा की ओर चलती हैं और गर्म धाराएं विषुवत रेखा से ध्रुवों की ओर चलती हैं।

अक्सर ठंडी जलधारा गर्म जलधारा की ओर गर्म जलधारा ठंडी जलधारा की ओर चलती है।

चित्र 13 तरंगे

महासागरीय जल- कभी शांत नहीं रहता है। यहाँ जल हमेशा गति करता है। महासागर में गति करने वाली लहरों को तरंगे, ज्वारभाटा एवं धाराएँ कहते हैं।

तरंगे- महासागरीय सतह पर जल लगातार उठता और गिरता रहता है। इन्ही लहरों के उठने और गिरने को तरंगें कहते हैं। कभी कभी अत्यधिक तेज तूफानी हवाओं के कारण ये लहरें 15 मीटर ऊँचाई तक ऊपर उठ जाती है। इन्हें ज्वारीय तरंगें कहते हैं। अब तक की लहरों में सुनामी लहरें तरंगों में सबसे विशाल हैं। ये 150 मीटर मापी गयी थीं। तरंगें 800 किलो मीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से आयी थीं। सुनामी से भारत के तटीय क्षेत्रों में अत्याधिक विनाश हुआ था। 26 दिसम्बर, 2004 भूकंप की तीव्रता 9.0 मापी गयी थी।

ज्वारभाटा- महासागरीय जल का गिरना एवं उठना 'ज्वारभाटा' कहलाता है। जब जल अत्यधिक ऊंचाई तक उठकर तट के बड़े हिस्से को डुबो देता है तो उसे ज्वार कहते हैं और जब जल निम्न स्तर पर आ जाता है और जल पीछे की ओर चला जाता है तो उसे भाटा कहते है। कहीं पर दिन में एक बार ज्वार-भाटा आता है और कहीं पर दो बार भी आता है।

पृथ्वी की सतह पर चन्द्रमा और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण शक्ति (खिंचाव) का प्रभाव पड़ता है। इसकी वजह से जल मंडल में कई प्रकार की हलचल होती रहती है।

लघु ज्वार भाटा

जब चन्द्रमा अपने प्रथम और अंतिम चतुषार्थ, अर्थात अमावस्या और पूर्णिमा के सातवें या आठवें दिन में होता है आप चित्र में देख सकते हैं। तब पृथ्वी एवं सूर्य का गुरूत्वाकर्षण बल दो अलग दिशाओं में महासागरीय जल पर पड़ता है, तो परिणाम स्वरुप ज्वार-भाटा कम ऊँचा आता है। इसे लघु ज्वारभाटा कहते हैं।



चित्र-14 लघु ज्वार भाटा

बृहत ज्वार भाटा (Spring Tides)

पूर्णिमा एवं अमावस्या के दिनों में सूर्य, चन्द्रमा और पृथ्वी तीनों एक सीध में होते हैं। इस समय महासागरों का पानी खिंच कर ऊँचा उठने लगता है और सबसे ऊँचे ज्वार आते हैं। इसी ज्वार को बृहत ज्वार कहते है। उच्च ज्वार नौसंचालन में सहायक होता हैं क्योंकि मछलियाँ आसानी से पकड़ी जा सकती हैं।

बृहत ज्वार भाटा और ब्रहतः ज्वार भाटा दोनों ही स्थति में तीनों एक दिशा में होतें हैं

सूर्य - चंद्रमा - पृथ्वी
सूर्य - पृथ्वी – चंद्रमा



चित्र-15 बृहत ज्वार भाटा



चित्र-16 बृहत ज्वार भाटा

महासागरीय धाराएँ:

1. महासागरीय धाराएँ निश्चित दिशा में चलती हैं। जो धाराएँ विषुवत रेखा से ध्रुवों की तरफ जाती हैं, उन्हें गर्म धाराएँ कहते हैं और जो धाराएँ ध्रुवों से विषुवत रेखा की तरफ जाती है उन्हें ठंडी जल धाराएँ कहते हैं। ये धाराएँ जिन देशों के तट से होकर बहती हैं, वहां धारा के अनुसार, तटवर्ती इलाको का मौसम ठंडा या गर्म होता है।



चित्र–17

2. जिस स्थान पर ठंडी और गर्म जलधारा मिलती है, वह स्थान मछली पालन का सर्वोत्तम मत्स्यन क्षेत्र माना जाता है। क्योंकि गर्म जल और ठन्डे जल के मिलने से वहां अनेक प्रकार के पानी के पत्ते उत्पन्न होने लगते हैं, जिन्हें प्लैंकटन कहते हैं। इस प्लैंकटन को खाने के लिए तमाम मछलियाँ वहां जमा हो जाती हैं और ये मछली पालन के क्षेत्र बन जाते हैं।
3. ग्रांड बैंक संसार का सबसे बड़ा मछली पालन क्षेत्र है। यहाँ ठंडी जल धारा लैब्रोडोर और गर्म जलधारा गल्फस्ट्रीम दोनों मिलती है।

क्या जाना क्या सीखा :

प्रश्न 1 : महासागरीय सतह पर जल का लगातार उठना व गिरना कहलाता है

i. तरंगें ii. ज्वार भाटा iii. जल चक्र

प्रश्न 2 : दिन में दो बार नियम से जल का उठना व गिरना कहलाता है

i. धारा ii. ज्वार भाटा iii. सुनामी

प्रश्न 3 : 15 मीटर तक उठी विशाल तरंगों को कहते है।

i. जलधारा ii. सुनामी iii. जलचक्र

प्रश्न 4 : उच्च ज्वार कब आते है। ✓ निशान लगाएं

i. जब पृथ्वी का जल चन्द्रमा के निकट होता है?

ii. जब चन्द्रमा पृथ्वी के जल से दूर होता है?

iii. जब चन्द्रमा पृथ्वी के पीछे होता है?

प्रश्न 5 : उच्च ज्वार सहायक होता है। ✓ निशान लगाएं

i. नौसंचाल में सहायक होता है।

ii. मछलियाँ आसानी से पकड़ी जा सकती है।

iii. विद्दुत उत्पन्न की जा सकती है।

चित्र 18 विश्व मानचित्र में कुछ प्रमुख जलधाराएँ

आओ जाँच करें :

- अपने घर में बाल्टी में पानी डालकर डंडे की सहायता से पानी को घुमाएं और देखें पानी में किस तरह की गति होती है।
- जांच करें यदि आपने कभी तालाब या झील देखी हो तो पानी किस दिशा में बहता है।
- कोहरा- अधिक गर्मी से जब अधिक सर्दी की ओर मौसम बदलता है तो रात की ठंडी हवा व दिन की गर्म हवा मिलने पर मौसम में नमी आती है, तो कोहरा बनता है। यह हमें जल्दी सुबह या रात के समय दिखाई देता है। जबकि दिन के समय सूर्य की गर्मी से नमी भाप बनकर उड़ जाती है। खुद से अनुसरण करके देखें।

ऐसा क्यों होता है। जानकारी एकत्रित करें।

अभ्यास

प्रश्न 1 : दो ठंडी जलधाराओं के नाम लिखोः

i. ______ ii. ______

प्रश्न 2 : दो गर्म जलधाराओं के नाम लिखोः

i. ______ ii. ______

प्रश्न 3 : पृथ्वी पर पीने के पानी के मुख्य स्रोत कौन-कौन से हैं ?

उत्तर 3 : ______

प्रश्न 4 : वर्षा की बूँदें कहाँ से आती हैं ?

उत्तर 4 : ______

प्रश्न 5: जल बचाने के कोई दो उपाय बताएं ?

उत्तर 5 : ______

प्रश्न 6 : हिमखंड क्या होते हैं ?

उत्तर 6 : ______

प्रश्न 7 : ज्वार और भाटा में क्या अंतर हैं ?

उत्तर 7 : ______

प्रश्न 8 : वर्षा के पानी को बचाकर रखने के दो कोई तरीके बताइए।

उत्तर 8 : ______

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

अध्याय 1 संसाधन

हम क्या सीखेंगे

- संसाधनों के विभिन्न प्रकारों के बारे में और उनका हमारे जीवन में महत्त्व।
- संसाधनों का संरक्षण एवं उनका सतर्कतापूर्वक प्रयोग।

आपके सवाल

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढने पर आप के मन में कौन - कौन से सवाल उठते हैं ? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढने की कोशिश करें।

शब्द भंडार सतर्कता : सावधानी

हम जानते हैं

हमारे आस पास बहुत सी वस्तुएँ हैं, जो हमारे काम आती हैं।

भाग 1 : संसाधन और उसके प्रकार

फोकस प्रश्न

1. सभी काम में आने वाली वस्तुओं को क्या कहा जाता है और क्या सभी संसाधन हमें प्रकृति से ही मिलते है?

सुबह उठने के बाद रात को सोने तक जो भी वस्तुएँ आपके काम में आती हैं, खाली स्थानों पर लिखिए। जैसे :- ''सुबह जब आप मुँह धोते हैं तो किस-किस चीज़ की जरुरत होती है।''



दिन से रात

ये सभी वस्तुएँ संसाधन कहलाती हैं।

प्रत्येक वस्तु जिसका उपयोग हम अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए करते हैं, वह संसाधन हैं। प्यास लगने पर हमें जल की आवश्यकता होती है तथा कॉपी पर लिखने के लिए पेन या पेंसिल की आवश्यकता होती है। विद्यालय से घर पहुँचने के लिए रिक्शा, हमारा खाना, फल, सब्जी, पानी की बोतल, सब कुछ संसाधन है। गर्मी लगने पर पंखा, कूलर तथा कमरे में लाइट भी संसाधन है।

> क्या मेरे घर में जो वस्तुएँ बेकार पड़ी हैं वह भी संसाधन है?
> नही, जब हम किसी वस्तु को प्रयोग में लाते हैं अर्थात् जब कोई वस्तु हमारी जरूरत को पूरा करती है,तभी वह संसाधन कहलाती है।

क्या जाना, क्या सीखा

प्रश्न 1 : आप की कक्षा में कौन-कौन से संसाधन हैं ?

उत्तर :

प्रश्न 2 : क्या घर में बेकार पड़ी हुई वस्तुएँ भी एक संसाधन है, हाँ या नहीं? बताइये क्यों।

उत्तर :

प्रश्न 3 : मिलान करो :

a. हम किसका उपयोग करते हैं

i. लिखने के लिए	पानी
ii. प्यास लगने पर	पेन
iii. समय देखने के लिए	पंखा
iv. गर्मी लगने पर	किताब
v. पढ़ने के लिए	घड़ी

संसाधनों के प्रकार:

सभी संसाधनों को मुख्य रूप से तीन प्रकारों में बाँटा जाता है। प्राकृतिक संसाधन, मानव निर्मित संसाधन और मानव।



संसाधन

1. **प्राकृतिक संसाधनः** वे संसाधन जो हमें प्रकृति से प्राप्त होते हैं, जैसे-वायु, जल, मृदा, खनिज आदि प्राकृतिक संसाधन कहलाते हैं। इनमें से बहुत से संसाधन प्रकृति के निःशुल्क उपहार हैं और सीधे ही उपयोग में लाए जा सकते हैं ।

प्राकृतिक संसाधन

शब्द भंडारः

निःशुल्क : जिसका कोई शुल्क या कीमत न हो

2. **मानव निर्मित संसाधनः** वे सभी संसाधन जिनका निर्माण मानव द्वारा किया जाता है, मानव निर्मित संसाधन कहलाते हैं। जैसे-पुल, सड़क, कागज, माचिस बर्तन, आपकी साइकिल और खिलौने आदि। मानव अपनी बुद्धि और कौशल तकनीक का इस्तेमाल कर वस्तुओं का निर्माण करता है।

मानव निर्मित संसाधन

सोचो और लिखो –

प्रश्न 1 : दिवाली पर मिलने वाले सुंदर दीये व गर्मियों में पानी को ठंडा रखने वाले मटके किससे बने होते हैं ?

उत्तर : ____

प्रश्न 2 : इन दियों और मटकों को कौन बनाता है ?

उत्तर : ____

शब्द भंडार

बहुमूल्य : जिसका मूल्य व महत्व अधिक हो

विशिष्ट : औरों की तुलना में कोई बड़ी विशेषता

तकनीक : कार्य करने का तरीका।

3. **मानव संसाधन** – आप कुछ प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग तभी कर सकते हैं, जब उन्हें आपकी आवश्यकता अनुसार बदला जाए और ये बदलाव मानव या मनुष्य करता है इसलिए मनुष्य एक विशिष्ट प्रकार का संसाधन है।

मनुष्य अपने ज्ञान कौशल व तकनीक की सहायता से ऐसा कर पाते हैं। अच्छा स्वास्थ्य, शिक्षा हमें बहुमूल्य संसाधन बनाने में मदद करते हैं।

- हमें विद्यालय में शिक्षा कौन देता है ? ____________________
- हमारे लिए खाना कौन बनाता है ? ____________________
- बीमार होने पर हमें सही कौन करता है ? ____________________
- होमवर्क करने में मेरी मदद कौन करता है ? ____________________
- स्वादिष्ट मिठाई कौन बनाता है ? ____________________
- मेरा सुंदर घर और विद्यालय किसने बनाया है ? ____________________

ये सभी मानव संसाधन हैं और मैं भी खुद एक मानव संसाधन हूं।

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : दिए गए गोलों में प्राकृतिक, मानव निर्मित व मानव संसाधन के नाम लिखिए:-



प्राकृतिक संसाधनों में हरा रंग, मानव निर्मित संसाधनों में लाल रंग व मानव संसाधन में पीला रंग भरो। शेड, बिंदु, लाइन भी कर सकते हैं।

भाग 2 : प्राकृतिक संसाधनों के प्रकार

फोकस प्रश्न

1. क्या सभी प्राकृतिक संसाधन सजीव हैं ?
2. क्या प्राकृतिक संसाधन हमेशा मिलते रहेंगे ?

प्राकृतिक संसाधनों को कई भागों में बाँटा जा सकता है।

प्राकृतिक संसाधन

- जैव
- अजैव
- नवीकरणीय
- अनवीकरणीय

शिक्षक संकेत : कुछ प्राकृतिक संसाधनों की Mind Maping कराएं

प्राकृतिक संसाधनों को जैव और अजैव के रूप में भी बाँटा जा सकता है।

जैव और अजैव संसाधन



जैव संसाधन - वे संसाधन होते हैं जिनमें जान होती है। इन्हें सजीव व जीवित संसाधन भी कह सकते हैं, जैसे - मानव,जीव-जन्तु,पेड़-पौधे।

अजैव संसाधन- वे संसाधन होते हैं जो बेजान है अर्थात जिनमें जीवन नहीं होता जैसे-पर्वत, नदी ,चट्टान,खनिज आदि। इन्हें निर्जीव भी कहा जा सकता है।

प्राकृतिक संसाधन

शब्द भंडार

पुनः : दोबारा

पूरित : पूरा हो जाना

ऊष्मा : ताप या गर्मी

प्रकाश : रोशनी

नवीकरणीय और अनवीकरणीय संसाधन

हम प्राकृतिक संसाधनों को नवीकरणीय और अनवीकरणीय संसाधनों में भी बाँट सकते हैं:

नवीकरणीय संसाधन - ऐसे संसाधन जो पुनः पूरित हो जाते हैं,मतलब हम इनका उपयोग करेंगे तो यह खत्म नहीं होंगे। इन पर हमारे द्वारा उपभोग का कोई प्रभाव नहीं होगा, जैसे - सूर्य की उष्मा व प्रकाश तथा वायु। जल, मृदा और वन भी नवीकरणीय संसाधन है, इनका असावधानी पूर्वक प्रयोग करने से इनकी कमी की समस्या हो सकती है। आज पूरे विश्व में पीने योग्य पानी की कमी होना एक बड़ी समस्या है।

अनवीकरणीय संसाधन - अनवीकरणीय संसाधन वे संसाधन हैं जिनका भंडार सीमित है।एक बार समाप्त हो जाने के बाद पुनः पूरित होने में हजारों वर्ष लग जाते हैं, जैसे - कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, खनिज इसके उदाहरण हैं।

यह भी जानें

कुछ संसाधन सभी जगह पाए जाते हैं, जैसे - वायु। इन्हें सर्वव्यापक कहा जाता है। (सर्व - सब जगह , व्यापक- फैला हुआ) और कुछ संसाधन किसी निश्चित स्थान पर ही पाए जाते हैं। वह स्थानिक संसाधन कहलाते हैं, जैसे- लोहा पेट्रोलियम आदि।

कक्षा में चर्चा

आज कक्षा में सर एक थैली में कुछ काली दिखने वाली वस्तु लाये हैं। रवि ने उत्सुकता से पूछा :

रवि : सर, आप आज क्या लाये हैं?

सर : यह एक संसाधन है, जिसे कोयला के नाम से जाना जाता है। क्या आपने इसे पहले देखा है ?

नगमा : हाँ सर, मैंने गाँव में अपनी अम्मा को अंगीठी में इसका प्रयोग करते हुए देखा है।

रीटा : हाँ, मैंने भी प्रेस वाले अंकल की प्रेस में इसे देखा है।

सर : बिल्कुल सही। इसके अलावा और भी बहुत सी जगह आप इसका प्रयोग होते हुए देख सकते हैं। बड़े उद्योगों में भी इसका उपयोग किया जाता है।

अंकुर : सर यह किस प्रकार का संसाधन है ?

सर : यह प्राकृतिक संसाधन हैं, जो कि अनवीकरणीय है।

नगमा : मतलब इसका भंडार सीमित है और इसको दोबारा बनने में हजारों वर्ष लगेंगे।

सरः हाँ! कोयले को जमीन के अंदर बनने में बहुत समय लगता है पर अगर हम सावधानीपूर्वक इसका उपयोग करें तो इसका बचाव किया जा सकता है।

रीटा : सर तो क्या हम कहीं भी जमीन खोदें तो हमें कोयला मिल सकता है ?

सर : नहीं रीटा, ऐसा नहीं है। यह स्थानिक है, अर्थात किसी निश्चित स्थान पर इसका भंडार उपलब्ध होता है। भारत में यह छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार आदि राज्यों में मिलता है।

ये भी जाने :

जिस स्थान से कोयला निकाला जाता है, उसे कोयले की खदान कहा जाता है।

अध्यापक संकेत

अध्यापिका मानचित्र की सहायता से वह राज्य जहाँ कोयला उपलब्ध है छात्रों को दिखाएं।

क्या जाना, क्या सीखा

प्रश्न 1 : किन्हीं पाँच जैव संसाधनों के नाम लिखिए।

उत्तर : ____

____

प्रश्न 2 : किन्ही पाँच अजैव संसाधनों के नाम लिखिए।

उत्तर : ______________________________

____

प्रश्न 3 : हमें सभी प्रकार के संसाधनों का उपयोग किस प्रकार करना चाहिए ?

उत्तर : ______________________________

____

प्रश्न 4 : क्या सभी प्रकार के संसाधन पुनः पूरित हो जाते हैं ? उदाहरण देते हुए समझाइये क्यों या क्यों नहीं।

उत्तर : ______________________________

____

प्रश्न 5 : सर्व-व्यापक का क्या अर्थ है ? किसी एक सर्व-व्यापक संसाधन का नाम लिखिए।

उत्तर : ______________________________

____

प्रश्न 6 : निम्नलिखित संसाधन किस प्रकार में आ सकते हैं-प्राकृतिक,मानव निर्मित,जैव-अजैव, नवीकरणीय अनवीकरणीय, सर्वव्यापक-स्थानीय

i. जल

1. ____________ 2. ____________

3. ____________ 4. ____________

ii. वायु

1. ____________ 2. ____________

3. ____________ 4. ____________

iii. बोतल

1. ______ 2. ______

3. ______ 4. ______

iv. लोहा

1. ______ 2. ______

3. ______ 4. ______

v. रस्सी

1. ______ 2. ______

3. ______ 4. ______

vi. पौधे

1. ______ 2. ______

3. ______ 4. ______

भाग 3 : संसाधन संरक्षण

फोकस प्रश्न

हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन न हों तो क्या हमारा जीवन संभव हो पायेगा ?

सोचो और लिखो

प्रश्न 1 : आप दूर शहर में अपने रिश्तेदार के यहाँ बिना किसी वाहन के कैसे जाएँगे ?

उत्तर : ______

प्रश्न 2 : क्या आप बिना कागज और पेन –पेंसिल के कुछ लिख पाएँगे ?

उत्तर : ______

प्रश्न 3 : क्या रसोई घर में चूल्हे और गैस स्टोव आदि न होने पर खाना बन पाएगा ?

उत्तर :

प्रश्न 4 : क्या होगा अगर खाना बनाने के लिए आटा, चावल, सब्जी, फल, दालें, मसाले ना हों ?

उत्तर :

प्रश्न 5 : अगर पानी नहीं होगा तो क्या होगा ?

उत्तर :

प्रश्न 6 : जिस वायु में हम सांस लेते हैं अगर वह प्रदूषित हो जाए तो क्या होगा ?

उत्तर :

शब्द भंडार

संरक्षण : बचाव

अध्यापक संकेत

छात्रों से उनके द्वारा किये गए प्रश्नों के उत्तर कक्षा में पूछें तथा उनकी व्याख्या करें।
अपने साथी के साथ मिलकर नीचे दिए गए प्रश्नों पर चर्चा करिए और लिखिए।

मानव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संसाधनों का उपयोग करता है। इन संसाधनों के बिना जीवन संभव नहीं है। संसाधनों का सतर्कतापूर्वक उपयोग करना और उन्हें नवीकरण के लिए समय देना, **संसाधन संरक्षण** कहलाता है।

संसाधनों का संरक्षण अनेक तरीकों से किया जा सकता है। हम 3R को अपना सकते हैः

1. प्रत्येक व्यक्ति अपने उपभोग को कम करे - Reduce
2. वस्तुओं का पुनः चक्रण (पिघला कर दोबारा बनाना) - Recycle
3. वस्तुओं का पुनः उपयोग - Reuse

इस प्रकार संसाधनों का भंडार समाप्त नहीं होगा और भविष्य में हमारी आने वाली पीढ़ियाँ भी सभी संसाधनों को लाभ उठा सकेंगी। यही सतत पोषणीय विकास कहलाता है।

सतत् पोषणीय विकास - वर्तमान पीढ़ी यानि हमारे द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संसाधनों का सावधानीपूर्वक उपयोग ताकि भावी पीढ़ियों की आवश्यकताएँ भी पूरी हो जायें। इसे टिकाऊ विकास भी कहते है।



ऊपर दी गई कहानी दिल्ली के एक सरकारी विद्यालय (GBSSS NO.1 GHONDA, DELHI) की है जहाँ छात्रों ने अपने अध्यापक श्री परविंदर कुमार जी के साथ मिलकर संसाधनों का कुशलतम उपयोग किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

नगमा, रवि, अंकुर और रीटा ने अपने-अपने घरों से पुराने समाचार पत्रों, व्यर्थ वस्त्रों तथा बांस की डंडियों से लिफाफे और थैले बनाए।

नगमा : ये सुंदर थैले व लिफाफे हम अपने दोस्तों को देंगे।

रवि : हमने संसाधनों का दोबारा उपयोग कर अच्छा कार्य किया है।

रीटा : मैं कागज को बेकार नहीं होने दूँगी क्योंकि कागज बनाने के लिए बहुत से पेड़ों को काट दिया जाता है।

अंकुर : मैं भी अपने घर में बिना आवश्यकता के बिजली के उपकरण नहीं चलाऊंगा क्योंकि बिजली बनाने के लिए जल और कोयले का इस्तेमाल होता है।

रवि : मैं जल व्यर्थ नहीं जाने दूँगा। एक बार इस्तेमाल हो चुके जल को दोबारा भी इस्तेमाल करूंगा।

नगमा : इस प्रकार हम अपने संसाधनों का संरक्षण कर सकते हैं।

जिस प्रकार नगमा, रवि, अंकुर और रीटा ने छोटे-छोटे प्रयास किये, आप भी कर सकते हैं और संसाधनों का लम्बे समय तक उपयोग कर सकते हैं।

अध्यापक संकेत

कक्षा में छात्रों को छोटे समूहों में बांट दें और ये गतिविधि कराएं।

कबाड़ से जुगाड़-

अपने-अपने घरों से काम में ना आने वाली वस्तुएँ इकट्ठी करो और मिलकर कक्षा में अपने लिए कुछ नया बनाओ जो काम में आए।

क्या जाना, क्या सीखा

प्रश्न 1 : पूरा करो-

i. उपभोग को कम करना- R_ D_ C_

ii. पुनःचक्रण - R_C_C_E

iii. पुनः उपयोग - R_U_E

प्रश्न 2 : सही करके लिखो -

i. हमें हमेशा लाइट और पंखे जलाकर रखना चाहिए।

____

ii. ब्रश करते समय नल को खुला छोड़ देना चाहिए ।

____

iii. संसाधनों के बिना जीवन संभव है ।

____

iv. संसाधनों का उपयोग लापरवाही से करना चाहिए ।

____

प्रश्न 3 : बताइए क्या कहलायेगा

पुनःचक्रण (Recycle), पुनः उपयोग (Reuse) या उपभोग को कम करना (Reduce)

i. प्लास्टिक के सामान को पिघलाकर दोबारा कुछ नया बनाना। ____________________

ii. दाल, चावल, फल व सब्जी को धोकर बचे पानी को गमलों में डालना। ____________________

iii. दीदी या भैया के छोटे हो गए वस्त्रों को पहनना। ____________________

iv. अपने मित्र, भाई या बहन की पुरानी किताबें पढ़ना । ____________________

v. कागज के कप या बर्तन की जगह बर्तन का उपयोग करना। ____________________

vi. घरों व कारखानों में से निकलने वाले गंदे पानी को साफ कर दोबारा उपयोग में लाना। __________

vii. कपड़े धोने के बाद बचे हुए पानी से फर्श या कार धोना। ____________________

viii. पुरानी किताबों को गलाकर दोबारा से नया कागज बनाना। ____________________

ix. घर में काम में आने वाले संसाधनों से कुछ नया तैयार करना। ____________________

x. प्लास्टिक की पॉलिथीन की जगह कपड़े के थैले का इस्तेमाल करना । ____________________

xi. पुराने अखबारों से लिफाफे बनाना। ____________________

xii. दो बाल्टी पानी के स्थान पर एक बाल्टी पानी से स्नान करना। ______________

xiii. साइकिल की पुरानी ट्यूब से रबड़ के छल्ले बनाना। ______________

हमने सीखा

- प्रत्येक वस्तु जिसका उपयोग हम अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए करते हैं, वह ______ (संसाधन / सामान) कहलाती है।
- संसाधन मुख्य रूप से ______ (पाँच / तीन) प्रकार के होते हैं – प्राकृतिक, मानव निर्मित और मानव ।
- जो संसाधन प्रकृति से प्राप्त होते हैं, वे ______ (कृत्रिम / प्राकृतिक) संसाधन कहलाते हैं।
- मानव द्वारा बनाये गए संसाधन, ______ (मानव निर्मित / प्राकृतिक) संसाधन कहलाते हैं।
- मानव एक ______ (विशिष्ट / साधारण) संसाधन है।
- जिन संसाधनों में ______ (पानी / जीवन) होता है, वे जैव संसाधन कहलाते हैं।
- ______ (अजैव / जैव) संसाधनों में जीवन नहीं होता।
- पुनः पूरित होने वाले संसाधन ______ (नवीकरणीय / स्थानीय) संसाधन कहलाते हैं।
- अनवीकरणीय संसाधनों का भंडार ______ (सीमित / असीमित) होता है।
- निश्चित स्थानों पर पाए जाने वाले संसाधन ______ (स्थानीय / सर्वव्यापक) संसाधन कहलाते हैं।
- संसाधनों का ______ (लापरवाही पूर्वक / सतर्कता पूर्वक) प्रयोग करना संसाधन संरक्षण कहलाता है।
- REDUCE, REUSE, RECYCLE द्वारा संसाधनों का ______ (संरक्षण / नाश) कर सकते हैं।
- वर्तमान में संसाधनों का सतर्कता पूर्वक उपयोग ताकि भावी पीढ़ियों की आवश्यकताएं भी पूरी हो जाएं ______ (स्थानीय / सतत्) पोषणीय ______ (विकास / वृद्धि) कहलाता है।

अभ्यास

निम्न प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 1 : संसाधन किसे कहते हैं ?

उत्तर :

प्रश्न 2 : सतत पोषणीय विकास क्यों आवश्यक है ?

उत्तर :

प्रश्न 3 : अनवीकरणीय संसाधन से आप क्या समझते हैं ? किन्ही दो अनवीकरणीय संसाधनों के नाम लिखिए।

उत्तर :

प्रश्न 4 : मानव किस प्रकार एक 'विशिष्ट' संसाधन है, लिखिए।

उत्तर :

प्रश्न 5 : अगर संसाधनों का संरक्षण ना किया जाए तो क्या होगा ?

उत्तर 5 : ______________________________

____

____

प्रश्न 6 : मिलान करों :-

प्रकृति के निःशुल्क उपहार	नवीकरणीय संसाधन
मानव	प्राकृतिक संसाधन
पुनःपूरित	विशिष्ट संसाधन
निश्चित स्थान पर पाए जाने वाले संसाधन	स्थानिक संसाधन

प्रश्न 7 : सही उत्तर पर निशान लगाइए।

i. निम्न में से कौन सा मानव निर्मित संसाधन है?

नदियाँ ☐ खनिज ☐ सड़क ☐

ii. सभी स्थानों पर पाए जाने वाले संसाधन क्या कहलाते हैं ?

स्थानीय ☐ सर्वव्यापक ☐ नवीकरणीय ☐

iii. अनवीकरणीय संसाधनों का भंडार होता है।

पुनः पूरित ☐ सीमित ☐ असीमित ☐

iv. संसाधनों का उपयोग करना चाहिएः

सतर्कता पूर्वक ☐ लापरवाही से ☐ बिना सोचे समझे ☐

v. अच्छा स्वास्थ्य और ______________ मानव को बहुमूल्य संसाधन बनाते हैं

भोजन ☐ आराम ☐ शिक्षा ☐

प्रश्न 8 : जल संरक्षण क्या है और आप किस प्रकार जल का संरक्षण करेंगे लिखिए।

उत्तर 8 : ______________________________

____

प्रश्न 9 : जल संरक्षण को दर्शाता एक चित्र बनाएं।

प्रश्न 10 : दी हुई वस्तु का उपयोग संसाधन के रूप में किस प्रकार किया जाता है, लिखिए।

i. अखबार

ii. पत्थर

iii. कोल्ड ड्रिंक की बोतल

iv. गत्ता

v. कैलेंडर

vi. पुरानी किताबें

vii. छोटे हो गए वस्त्र

प्रश्न 11 : आपने कभी पुरानी वस्तुओं से कुछ नया बनाया है? लिखिए।

उत्तर 11 :

प्रश्न 12 : दिए गए स्थानों पर संसाधन के संरक्षण के उपाय लिखिए, जैसे जल, वायु, पेड़, भूमि, खनिज, इत्यादि। 3 ऊपर के बॉक्स में संसाधन के नाम लिखिए तथा नीचे आपके उपाय।

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूंढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

मानव संसाधन

अध्याय 2

हम क्या सीखेंगे

- जनसंख्या कैसे एक राष्ट्र को प्रभावित करती है।
- प्राकृतिक संसाधन और मानव संसाधन की तुलना कर सकेंगे।
- मानव का योग्य व शिक्षित होना अति आवश्यक है।
- मानव संसाधन के रूप में कैसे कार्य करता है।

आपके सवाल

पाठ के शीर्षक को ध्यान से पढ़िए। इसे पढ़ने पर आप के मन में कौन - कौन से सवाल उठते हैं ? उन्हें नीचे दी गई जगह में लिखिए और इन सवालों के जवाब पाठ में ढूंढने की कोशिश करें।

भाग 1 : मानव संसाधन व प्राकृतिक संसाधन

फोकस प्रश्न

1. **मानव संसाधन के रूप में किस प्रकार कार्य करता है ?**
2. **मानव प्राकृतिक संसाधन से कैसे भिन्न है ?**
3. **लोग ही एक राष्ट्र के सबसे बड़े संसाधन कैसे होते हैं।**

आओ जरा सोचें –

कक्षा में अपने साथी के साथ मिलकर सोचें और प्राकृतिक संसाधन के कुछ उदाहरण अपनी-अपनी कॉपी पर लिखें और फिर कक्षा में साझा करें।

पढ़ा हुआ संसाधन का पाठ याद करें और संसाधन की परिभाषा ब्लैकबोर्ड पर लिखें।

अपने साथी के साथ नीचे दिए कथनों पर चर्चा करें और फिर कक्षा के बाकी विद्यार्थियों के साथ साझा करें।

1. कुछ वस्तुओं के नाम सोचकर लिखिए जो किसी आवश्यकता को पूरा कर सकती हैं।
2. ये वस्तुएं किसकी आवश्यकताएँ पूरी करती हैं ?
3. किसी भी वस्तु को 'संसाधन कौन बनाता है ?
4. मानव निर्मित कुछ संसाधनों के उदाहरण लिखिए।

1. **भूमि पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन** – समस्त प्राकृतिक उपहार, समस्त प्राकृतिक पदार्थ, धरातल, पेड़–पौधे, नदियाँ, पहाड़, सागर आदि प्राकृतिक संसाधन हैं। प्राकृतिक संसाधन केवल उस समय महत्वपूर्ण होते हैं जब वे लोगों के लिए उपयोगी हों। लोग अपनी समझ और योग्यता के आधार पर संसाधनों का निर्माण व उपयोग करते हैं। जैसेः वाहन, रेल, हवाई–जहाज, पुल, घरेलू सामान आदि।

2. **श्रम संसाधन**

   i. शारीरिक श्रम

   ii. मानसिक श्रम

चित्र –1 मानसिक श्रम



चित्र –2 शारीरिक श्रम

श्रम के अन्य प्रकार :-

चित्र -3 कुशल श्रमिक का श्रम

चित्र -4 अकुशल श्रमिक का श्रम

अन्य कुशल श्रमिक: राज-मिस्त्री, बहाड़ी, ड्राइवर, अध्यापक, डॉक्टर, इंजिनियर आदि।

अन्य अकुशल श्रमिक: कूली, मजदूर, पानी पिलाने वाले, फूल बेचने वाले, फल बेचने वाले आदि।

श्रमिक श्रम को बेचता है स्वयं को नहीं इसलिए उसके श्रम को देखकर या उसकी कुशलता व योग्यता को देखकर उसका मूल्य (मजदूरी) लगाया जाता है।

3. **पूँजी संसाधन** - धन का वह भाग जो अधिक धन कमाने के काम आता है (धन से धन कमाना), वह समस्त धन पूँजी कहलाता है। लेकिन समस्त धन, पूँजी नहीं होता। धन किसी के लिए श्रम का मूल्य (मजदूरी) होता है तो किसी के लिए और धन कमाने का साधन (पूँजी) होता है।

4. **मानव पूँजी** - शिक्षा, चिकित्सा और प्रशिक्षण हेतु एक देश अपनी जनसंख्या पर धन व्यय करता है, कुछ वर्षो में वही जनसंख्या मानव पूँजी में बदल जाती है।

मानव पूँजी की मुख्य विशेषताएं:

i. भूमि और पूँजी से श्रेष्ठ मानव पूँजी होती है।

ii. मानव संसाधन आय का प्रमुख निर्धारक होता है

iii. विकसित देशों में मानव पूँजी को अधिक महत्व दिया जाता है और उन पर अधिक धन व्यय किया जाता है।

शब्द भंडार

श्रम : कार्य

पूँजी : धन

निष्क्रिय : क्रिया ना करने वाला

चिकित्सा : इलाज

प्रशिक्षण : ट्रेनिंग

> संसाधन प्राकृतिक और मानव निर्मित होते हैं
>
> मानव शिक्षित, योग्य और कुशल संसाधन का सबसे बड़ा उदाहरण है
>
> किसी देश की आय का सबसे बड़ा निर्धारक मानव संसाधन है

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : मिलान करो :-

	सड़क
i. प्राकृतिक संसाधन	पेड़ पौधे
	रेल
	नदियां
ii. मानव निर्मित संसाधन	पहाड़
	पुल

प्रश्न 2 : कुशल और अकुशल श्रमिक के दो दो उदाहरण दीजिए -

कुशल श्रमिक	अकुशल श्रमिक
______________	______________
______________	______________

प्रश्न 3 : सही गलत चुनें:

i. धन के दो रूप है मूल्य और पूँजी ☐

ii. धन का वह भाग जो अधिक धन कमाने के काम आता है, पूँजी कहलाता है ☐

iii. भूमि और पूँजी में श्रेष्ठ मानव पूँजी है ☐

iv. महिलाएं अत्यधिक आर्थिक क्रियाएं करती हैं ☐

भाग – 2 : जनसंख्या वितरण

फोकस प्रश्न

विश्व में जनसंख्या का फैलाव और वितरण असमान क्यों है?

शिक्षक संकेत

विद्यार्थियों के विचार ब्लैक बोर्ड पर लिखते जाएं और अंत में नीचे दिए प्रश्नों पर चर्चा करें।

प्रश्न 1 : आपकी समझ में जनसंख्या का क्या मतलब होता है?

उत्तर :

प्रश्न 2 : कौन से देशों में अत्यधिक जनसंख्या होती है?

उत्तर :

शब्द भंडार

वितरण	:	बाँटना
निवास करना	:	रहना
अभिप्रेरित	:	प्रभावित
घनत्व	:	अधिक घिराव या फैलाव
अत्यधिक	:	ज्यादा से ज्यादा
जनसंख्या वितरण	:	भूमि पर जिस प्रकार लोग फैले हैं या निवास करते हैं, उसे जनसंख्या वितरण कहते है।
असमान वितरण	:	मानव विश्व में असमान रूप से निवास करता है। इसका एक आधार शैक्षिक स्तर, आयु और लिंग है।

प्राकृतिक व मानव निर्मित संसाधनों की उपलब्धता जनसंख्या को प्रभावित करती है।

भूकंप, संकट और युद्ध जनसंख्या को विस्थापित करते हैं

जलवायु व स्थलाकृति जनसंख्या परिवर्तन का मुख्य कारण है।

चित्र 5 में दिखाए गए सभी 10 देशों में जनसंख्या 10 करोड़ से अधिक है



चित्र 5

लगभग विश्व की जनसंख्या का 90% से अधिक भाग केवल भूमि के 30% भाग पर निवास करता है। अधिक विकसित देशों में जनसंख्या स्तर कम है, जबकि अविकसित और अशिक्षित देशों में जनसंख्या अत्यधिक निवास करती है। विश्व की कुल जनसंख्या के 60% लोग केवल 10 देशों में निवास करते हैं। इसका बड़ा हिस्सा एशिया और अफ्रीका महाद्वीप में रहता है। इन सभी 10 देशों में जनसंख्या 10 करोड़ से अधिक है।

विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाले 5 देशों के नाम मानचित्र पर दर्शायें :-



<u>जनसंख्या घनत्व</u> – सामान्य रूप से जनसंख्या घनत्व किसी क्षेत्र में रहने वाले लोगो के प्रति वर्ग किलोमीटर के रूप में मापा जाता है। सम्पूर्ण विश्व का औसत जनसंख्या घनत्व 51 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व दक्षिण मध्य एशिया में है जापान और बांग्लादेश अधिक जनसंख्या घनत्व वाले देश है।

<u>दक्षिण मध्य एशिया में स्थित देशः–</u>

भारत	अफगानिस्तान
पाकिस्तान	बांग्लादेश
नेपाल	भूटान
श्रीलंका	मालदीव

(चीन पूर्वी एशिया में स्थित है विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है।)

एशिया के मानचित्र पर चीन, भारत, जापान, पाकिस्तान और बांग्लादेश को दर्शाओः–

जनसंख्या घनत्व पर आधारित कुछ चित्रः

चित्र–6 कम जनसंख्या घनत्व

चित्र–7 ज्यादा जनसंख्या घनत्व

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : सही उत्तर का चुनाव करोः

i. विश्व की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत भाग भूमि के 30% भाग पर रहता है?

क. 20% ख. 50% घ. 90%

ii. कुल जनसंख्या का 60% भाग कितने देशों में रहता है?

क. 5 ख. 10 घ. 2

iii. विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है

क. भारत ख. चीन घ. अमेरिका

iv. किन्हीं दो देशों के नाम बताइए जहां 10 करोड़ से अधिक जनसंख्या निवास करती है?

क. ब्रिटेन और स्पेन ख. श्रीलंका और नेपाल घ. भारत और पाकिस्तान

भाग – 3 : जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक

फोकस प्रश्न

रहने योग्य उपयुक्त क्षेत्र जनसंख्या को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ?

यदि आप चुन सकें तो आप कैसे स्थान में रहना चाहेंगे? पहाड़ों में, नगर में, द्वीप पर कैसे मौसम में रहना चाहेंगे? कैसे काम उपलब्ध होने चाहिए? और क्यों ? तर्क सहित अपने उत्तर की जाँच करे।

1. **स्थलाकृति**- लोग पर्वतों , पठारों, मरुस्थलों , द्वीपों आदि की तुलना में मैदानी क्षेत्रों में रहना पसंद करते हैं। मैदानी क्षेत्र खेती, निर्माण कार्य, सेवा कार्यो और परिवहन आदि के लिए उपयुक्त होते हैं। अत्यधिक शहर, नगर और गांव नदियों के किनारे बसे है, जो जनसंख्या वितरण का एक बड़ा कारण है। **भूकंप , प्राकृतिक संकट युद्ध व अन्य कारण है।**

चित्र -8. मैदानी क्षेत्र में बसावट

चित्र-9. पर्वतीय क्षेत्र में बसावट

चित्र–10. नदी के किनारे बसे क्षेत्र

चित्र–11. मरुस्थल में कम बसे क्षेत्र

2. **जलवायु** – लोग अत्यधिक गर्म क्षेत्रों और अत्यधिक ठन्डे क्षेत्रों में रहने से बचते है।

गर्म क्षेत्र– सहारा मरुस्थल

ठंडे ध्रुवीय क्षेत्र– रूस के ध्रुवीय प्रदेश, कनाडा और अंटार्कटिका के बर्फीले पहाड़

3. **खनिज** – खनिज–उत्पादित क्षेत्र तेल की खोज पेट्रोलियम वाले क्षेत्र– **सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका** की हीरे की खाने मानव को वहाँ रहने पर मजबूर करती है।

विकसित होते हुई दिल्ली शहर का चित्रः



चित्र 12 : विकसित होते हुई दिल्ली शहर का चित्र

4. **सामाजिक कारक** अच्छे विकसित क्षेत्र जहाँ धाार्मिक स्थान व विशेष जाति या वर्ग के लोग रहते हों और अन्य सुविधाएँ उपलब्ध हों। ये क्षेत्र ज्यादा बसे होते हैं। जैसे–स्वर्ण मंदिर (अमृतसर), राम मंदिर (अयोध्या), मथुरा नगरी

5. **आर्थिक कारक** – लोग काम की तलाश में औधोगिक क्षेत्रों या विकसित नगरों की तरफ बड़ी संख्या में जाकर बस जाते हैं । इन क्षेत्रों में रोजगार के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाएं व अन्य सुविधाएँ भी उपलब्ध होती हैं।

प्रश्न 1 : चित्र 12 को देख कर आप क्या समझे, क्या सीखा, क्या जाना Portion में अपने विचार लिखें।

i. ____________________

ii. ____________________

iii. ____________________

iv. ____________________

प्रश्न 2 : विकास के साथ साथ क्या होता है ?

उत्तर : ____________________

____

जनसंख्या परिवर्तन – जनसंख्या में निश्चित अवधि के दौरान परिवर्तन आता है। यह परिवर्तन जन्म और मृत्यु दर में कमी या बढोतरी के कारण भी होता है।

प्रश्न 3 : जनसंख्या परिवर्तन के क्या कारण हो सकते हैं ? अपने साथी के साथ विचार विमर्श कर के लिखें–

उत्तर : ____________________

____

अन्य कारण–

i. प्रवास– एक स्थान छोड़कर दूसरे स्थान पर बस जाना।

ii. उत्प्रवास– अपने स्थान को छोड़कर चले जाना।

iii. जन्म दर को प्रति 1000 व्यक्तियों पर जीवित जन्मों की संख्या से मापा जाता है।

iv. मृत्यु दर को प्रति 1000 पर मृतकों की संख्या में मापा जाता है।

शब्द भंडार

स्थलाकृति	:	भूमि का आकार
प्रवास	:	कहीं आकर बस जाना
उत्प्रवास	:	अपने निवास स्थान को छोड़कर चले जाना

अवधि : समय

प्राकृतिक वद्धि दर : एक देश में जन्म दर और मृत्यु दर के बीच के अंतर को प्राकृतिक वृद्धि दर कहते हैं।

अगर जन्मदर मृत्यदर से अधिक हो तो जनसंख्या में क्या होगा? खुद को 4 – 4 के समूह में बाँट लें और अपने अपने समूह में चर्चा कर नीचे दी जगह में अपने समूह के उत्तर लिखें।

समूह के सदस्य ________________________________

जवाब

____

____



चित्र 13 – जनसंख्या का संतुलन

क्या जाना क्या सीखा

शिक्षक संकेत

विद्यार्थियों के विचार ब्लैक बोर्ड पर लिखे और चर्चा करें।

प्रश्न 1 : नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

i. जनसंख्या में परिवर्तन किन कारण से होता है, दो कारण बताइए ?

ii. मैदानी क्षेत्रो में लोग क्यों रहना पसंद करते है? वहाँ रहने के कोई दो लाभ बताइये?

iii. लोग गाँव से शहर किस चीज की तलाश में जाते है ?

प्रश्न 2 : दिए गए बॉक्स में सही और गलत का निशान लगाए–

i. जनसंख्या में वृद्धि होने पर क्या होता है?

- a. जन्म दर में वृद्धि ☐
- b. मृत्यु दर में वृद्धि ☐
- c. जन्म दर में कमी ☐
- d. मृत्यु दर में कमी ☐

ii. समान जनसंख्या होने पर क्या होता है

- a. कम जन्म दर ☐
- b. कम मृत्यु दर ☐
- c. समान जन्म दर और मृत्यु दर ☐
- d. समान मृत्यु दर ☐

iii. जनसंख्या में कमी होने पर क्या होता है?

- a. जन्म दर में वृद्धि ☐

b. मृत्यु दर में कमी ☐

c. जन्म दर में कमी ☐

d. मृत्यु दर में वृद्धि ☐

प्रश्न 3 : सोचों और बताओ :-

i. यदि किसी क्षेत्र में युद्ध होता है तो जनसंख्या में किस तरह का परिवर्तन होगा ?

___

___

ii. यदि अकाल या अन्य किसी संकट के कारण पड़ोसी क्षेत्र के लोग यहाँ आकर बस गए तो जनसंख्या में क्या परिवर्तन होगा ?

___

___

भाग – 4 : जनसंख्या संघटन

फोकस प्रश्न

1. किसी क्षेत्र में जनसंख्या का कैसा स्वरुप होता है ?

2. जनसंख्या संघटन को जानना उत्तम चुनाव क्यों होता है ?

जनसंख्या संघटन हमारी यह जानने में मदद करता है कि किसी क्षेत्र में कितने पुरुष और स्त्रियाँ निवास करते है, वे किस आयु वर्ग के है, उनमे कितने शिक्षित है और वे किस प्रकार के व्यवसाय में लगे है उनकी आय का क्या स्तर है और स्वास्थ्य दशांए कैसी है।

विद्यार्थी 4 - 4 के समूह में खुद को बाँट लें और नीचे दिए प्रश्नों पर विचार विमर्श कर अपने अपने उत्तर पूरी कक्षा में साझा करें।

प्रश्न 1 : जनसंख्या का शिक्षास्तर या आयु हमें क्यों जानना चाहिए ?

___

___

प्रश्न 2 : इस जानकारी का क्या प्रयोग कर सकते हैं ?

___

___

___

___

शब्द भंडार

संघठन : दल
व्यवसाय : रोजगार
उत्साही : इच्छुक
आशावादी : विश्वास रखने वाला
सकारात्मक : उद्देश्य प्राप्त करने की सोच रखने वाला
दृष्टि : नजर

किसी देश के जनसंख्या संघटन का अध्ययन करने की एक रुचिकर विधि '**जनसंख्या पिरामिड**' है। इसे आयु लिंग पिरामिड भी कहते है।

जनसंख्या संघटन जनसंख्या की संरचना को दर्शाता है।

जनसंख्या पिरामिड को आयु लिंग पिरामिड भी कहते है।



चित्र 13 एक जनसंख्या पिरामिड

किसी देश में शिक्षित, कुशल, उत्साही, आशावादी और सकारात्मक दृष्टि रखने वाले युवा जन उस राष्ट्र का भविष्य होते है। हमारे देश में मानव संसाधन की कमी नहीं लेकिन उन्हें योग्य एवं कुशल बनाने के लिए शिक्षित करने और अच्छे अवसर देने-शिक्षा प्राप्त करने के लिए, स्वस्थ रहने के लिए, काम धन्धे सीखने के लिए, रोजगार पाने आदि के लिए- इसकी आवश्यकता होगी। किसी भी राष्ट्र के लिए उसमें रहने वाले निवासी उसकी सबसे बड़ी पूँजी और संसाधन होते हैं।

क्या जाना क्या सीखा

प्रश्न 1 : जानसंख्या वितरण प्रभावित करने वाले कारणों को नीचे भरें।



प्रश्न 2 : मानव को संसाधन क्यों कहा जाता है?

उत्तर :

प्रश्न 3 : विश्व की जनसंख्या के असमान वितरण के क्या कारण है?

उत्तर :

प्रश्न 4 : जनसंख्या घनत्व क्या होता है?

उत्तर :

प्रश्न 5 जनसंख्या संघटन क्या दर्शाता है?

उत्तर :

प्रश्न 6 : नीचे दिए गए चित्र का क्या नाम है?

उत्तर :



प्रश्न 7 : ऊपर दिया गया चित्र किस के बारे में जानकारी देता है?

उत्तर :

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

सामाजिक और राजनीतिक जीवन

पाठ 1
भारतीय संविधान
(NCERT पाठ 1,2)

हम क्या सीखेंगे

- किसी देश के लोग सामाजिक जीवन जीते हुए जिन आदर्श व नियमों पर सहमत होते हैं और अपने समाज को कैसा बनाना चाहते हैं, उन आदर्श नियमों को लिखित रूप देते हैं इसे संविधान कहा जाता है।
- भारतीय संविधान की विशेषताएँ क्या हैं जो देश कि जरूरतों और समस्याओं के अनुरूप गढ़ी गई हैं।
- धर्मनिरपेक्षता के भारतीय संविधान में दिए गए स्वरूप को अपनाने व व्यवहार में उतारने के तरीके से परिचित कराना।

भाग–1 संविधान की जरूरत

फोकस प्रश्न

- हमें संविधान की जरुरत क्यों होती है?
- संविधान किस प्रकार किसी देश या समाज की समस्याओं को सुलझाने में मदद करता है ?

शब्द भंडार

संविधान : मूलभूत नियमों का संकलन / कोष
निरंकुश : जिस पर कोई रोक या नियंत्रण न हो
सहमति : एक राय
निर्जन : जहाँ कोई इंसानी आबादी न हों

विचारों की तिजोरी

'किसी भी लोकतांत्रिक देश में संविधान का होना आवश्यक है।' पर क्या संविधान होने भर से कोई देश लोकतांत्रिक हो जाएगा ? उदाहरण के लिए चीन के संविधान में एक ही दल- कम्यूनिस्ट पार्टी को मान्यता प्राप्त है। बिना एक से ज्यादा दलों के चुनाव की प्रक्रिया लोकतांत्रिक कैसे होगी ?

कक्षा में सभी बच्चे एक खेल खेलेंगे 'कल्पना में यात्रा'। इसे खेलते हुए सभी बच्चे नीचे बताए गए यात्रा वर्णन को आखँ बंद करके महसूस करें-

"आज हम सब लोग अपने अपने परिवारों के साथ बड़े जहाज में समुद्री यात्रा पर जा रहे हैं। छुट्टियों में इस मजेदार यात्रा का बहुत दिनों से इंतजार था। जहाज में सुख-सुविधाओं की पूरी व्यवस्था है, संगीत बज रहा है, हम नृत्य कर रहे हैं, कुछ लोग समुद्री लहरों को निहार रहे हैं तो कुछ ठंडे पेय जल का मजा ले रहें हैं। तभी काले बादल छा जाते हैं और तेज तूफान-बारिश आ जाती है। हमारा जहाज डूबने लगता है, हम सब भयभीत हैं। बस एक ही बात अच्छी है कि हम सब को तैरना आता है। जान बचाने के लिए सब समुद्र में कूद जाते हैं। हममें से सभी तैर कर पास के एक निर्जन द्वीप पर पहुँचते हैं। हमारे पास अब कुछ भी नहीं है। न सामान, न वापस जाने का साधन, न किसी से संपर्क करने का जरिया। लगता है अब हमें अपना जीवन जीने के लिए यहीं पर कुछ करना होगा। हम सब यही सोच रहे हैं ।"

आओ अब आँखें खोलें! 5-5 के समूह में बंट कर आप अपने अपने समूह में इन बिंदुओं पर विचार करें और लिखें-

समूह के सदस्यों के नाम :

प्रश्न 1 : सबसे पहले आप लोग वहाँ (द्वीप पर) क्या करेंगे ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : आगे का सामूहिक जीवन चलाने के लिए कम से कम पाँच नियम तय कीजिए। (जैसे काम का बंटवारा)

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : इन नियमों को बनाने से क्या फायदा होगा?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आप क्या उपाय सुझाएँगे?

उत्तर 4 :

अब सभी समूह अलग-अलग तय किए गए नियमों पर आपस में चर्चा करें और देखें की उनमें क्या समानताएँ और अंतर है?

समानताएँ	अंतर

जिस तरह आप सभी ने द्वीप पर सामूहिक जीवन के कुछ नियम तय किए। उसी तरह हर समाज में अपनी जरूरतों और समस्याओं के निपटारे के लिए कुछ मूलभूत नियम होते हैं। उन्हीं से समाज का स्वरूप तय होता है और अलग-अलग समाजों के बीच फर्क का पता चलता है। बड़े समाजों में कई अलग-अलग समुदाय एक साथ रहते हैं। वहाँ नियमों को आम सहमति के जरिए तय किया जाता है। आधुनिक देशों में यह सहमति आम तौर पर लिखित रूप में पाई जाती है। जिस दस्तावेज में ऐसे नियम लिखे हैं उसे संविधान कहा जाता है।

किसी देश या समाज को संविधान की जरूरत क्यों पड़ती है?

आज दुनिया के ज़्यादातर देशों के पास अपना संविधान है। खासकर लोकतांत्रिक देशों के पास संविधान होना अनिवार्य है। पर यह जरूरी नहीं कि जिस देश के पास संविधान हो वह लोकतांत्रिक ही होगा।

संविधान कई उददेश्यों की पूर्ति करता है जैसेः

1. यह दस्तावेज उन आदर्शों को सूत्रबद्ध करता है जिनके आधार पर नागरिक अपने देश को अपनी इच्छा और सपनों के अनुसार रच सकते हैं। यानि संविधान ही बताता है कि हमारे समाज का मूलभूत स्वरूप क्या होगा। जैसे आपने क्रियाकलाप में अपने सामूहिक जीवन को तय करने के लिए कुछ नियम तय किए थे।
2. देश के संचालन की व्यवस्था को तय करना। जैसे हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया गया है जिसमें चुने हुए राजनेता सत्ता संभालते हैं। पर इस बात की संभावना रहती है कि वे सत्ता का दुरुपयोग भी कर सकते हैं। इस तरह की बुराइयों से बचने का उपाय भी संविधान में मिलता है। इसी तरह किसी ताकतवर समूह द्वारा कम ताक़तवर समूह या लोगों के खिलाफ ताकत के इस्तेमाल को रोकने की व्यवस्था भी की जाती है। बहुमत की निरंकुशता से अल्पसंख्यकों के अधिकारों को नुकसान की संभावना से भी संविधान बचाता है।
3. कुछ ऐसे विचारों और भावनाओं से बचने का प्रबंध भी संविधान करता है जो हमारे व्यापक व बड़े हितों को नुकसान पहुँचाए। जैसे अगर कुछ लोग तानाशाही का समर्थन करते हुए इसके लिए प्रयास करें तो संविधान उन्हें रोकेगा।

क्या जाना, क्या सीखा

आइए अब निम्नलिखित उदाहरणों से जुड़े मूलभूत नियमों की तालिका को भरें। इसके जरिए इस बात को बताएँ कि लोकतांत्रिक समाजों में संविधान इतनी महत्वपूर्ण भूमिका क्यों निभाता है?

क्रम	उदाहरण	मूलभूत नियम जो संविधान में होते है या होने चाहिए
क	नेपाल में लोकतंत्र के लिए चले आंदोलन की सफलता के बाद वहाँ एक नया संविधान बना।	ऐसे आदर्श जिनसे पता चलता है कि हम किस तरह की शासन व्यवस्था में रहना चाहते हैं। नेपाल में राजतंत्र को खत्म करके चुनी हुई सरकार का प्रावधान किया गया।

(ख)	सुरेश अपने सहपाठी अनिल को बेवजह परेशान कर रहा है।	
(ग)	किसी कक्षा की लड़कियों को बास्केटबॉल खेलने का मौका नहीं मिलता क्योंकि कक्षा में लड़के ज्यादा हैं और वो क्रिकट खेलने पसंद करते हैं।	

भाग–2 भारतीय संविधान के मुख्य लक्षण (विशेषताएं)

फोकस प्रश्न

★ हमारे संविधान के मुख्य लक्षण या विशेषताएं क्या हैं?

कक्षा में आप सब स्वयं को पांच समूहों में बाँट लें तथा नीचे दिए गए सभी पाठ्यवस्तु में से एक-एक अपने समूह के लिए चुन लें। चुनने के बाद उस पाठ्यवस्तु को समूह में ध्यान से पढ़ें तथा उस पर दो प्रश्न बनाएं। प्रत्येक समूह अपने पाठ्यवस्तु का प्रस्तुतीकरण करें। अपने बनाए गए प्रश्नों को प्रस्तुतीकरण के दौरान उदाहरण देते हुए स्पष्ट भी करें।

संघवाद: इसका मतलब है देश में एक से ज़्यादा स्तर की सरकारों का होना। हमारे देश में राज्य स्तर, केंद्र स्तर पर अलग-अलग सरकारें हैं। पंचायती राज व्यवस्था शासन का तीसरा स्तर है। कार्यक्षेत्र की स्पष्टता के लिए संविधान में कुछ सूचियाँ दी गई हैं जिनमें बताया गया है कि कौन से स्तर की सरकार किन मुद्दों पर कानून बना सकती है। भारत के सभी लोग इन सभी स्तरों की सरकारों द्वारा बनाए गए कानूनों के अंतर्गत आते हैं।

शक्तियों का बंटवारा: संविधान के अनुसार सरकार के तीन अंग हैं - विधायक, कार्यपालिका और न्यायपालिका। विधायिका में हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि होते हैं। कार्यपालिका ऐसे लोगों का समूह है जो कानूनों को लागू करने और शासन चलाने का काम देखती है। न्यायालयों की व्यवस्था को न्यायपालिका कहा जाता है। सरकार की किसी भी शाखा द्वारा सत्ता के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रावधान किया गया है कि इन सभी अंगों की शक्तियाँ एक-दूसरे से अलग रहेंगी। शक्तियों के इस बंटवारे के आधार पर प्रत्येक अंग दूसरे अंग पर अंकुश रखता है और तीनों अंगों के बीच सत्ता का संतुलन बना रहता है।

मौलिक अधिकार: मौलिक अधिकारों को संविधान की 'अंतरात्मा' भी कहा जाता है। इन मौलिक अधिकारों के बारे में डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि इनका दोहरा उद्देश्य है: पहला, हरेक नागरिक ऐसी स्थिति में हो कि वह उन अधिकारों के लिए दावेदारी कर सकें और दूसरा यह अधिकार हर उस सत्ता और संस्था के लिए बाध्यकारी हो जिसे कानून बनाने का अधिकार दिया गया है। भारतीय संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार:

- समानता का अधिकार
- स्वतंत्रता का अधिकार
- शोषण के विरुद्ध अधिकार
- धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
- सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार
- संवैधानिक उपचारों का अधिकार

संसदीय शासन पद्धति: सरकार के सभी स्तरों पर प्रतिनिधियों का चुनाव लोग खुद करते हैं। हमारा संविधान अपने सभी वयस्क नागरिकों को वोट डालने का अधिकार देता है। इस सार्वभौमिक मताधिकार के पीछे संविधान सभा के सदस्यों का यह विश्वास था कि इससे न केवल लोकतांत्रिक सोच व तौर तरीकों को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि जाति, वर्ग और लिंग के फर्क पर आधारित ऊँच-नीच की बेड़ियों को भी तोड़ा जा सकता है।

एक समूह द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान दूसरे समूह उसे ध्यान से सुनें तथा जो शंकाएँ हों उसे समूह से चर्चा करके समझें।

शिक्षक संकेत

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान उनके बनाए गए प्रश्नों पर चर्चा कर संविधान के लक्षणों को विस्तार से समझाएं।

मौलिक अधिकारों में शामिल प्रत्येक अधिकार पर चर्चा करें।

भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक को समान मानते हुए तथा प्रत्येक स्तर पर सत्ता व शक्तियों का बँटवारा करते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि लोकतांत्रिक देश के सभी आदर्श इसमें सम्मिलित हों। भारतीय संविधान का एक मुख्य लक्षण धर्मनिरपेक्षता भी है, जिसे जानना व समझना हमारे लिए बहुत आवश्यक है।

क्या जाना, क्या सीखा

1. समूह में सभी विद्यार्थी अलग-अलग मौलिक अधिकारों को दर्शाता हुआ एक पोस्टर बनाएँ जिसमें निम्न बातें शामिल हों:

   i. मौलिक अधिकार का नाम व व्याख्या

   ii. संविधान में उससे संबंधित अनुच्छेद

   iii. उस मौलिक अधिकार से संबंधित खबरों की अखबार की कतरन

2. बारी बारी से संविधान की विशेषताएँ लिखे हुए सपाट पासा को घुमाते हुए जो विशेषता ऊपर दिखाई दे उस पर एक-एक करके हर समूह वाद-विवाद करें।



शिक्षक संकेत

पासा खेल खिलाते समय शिक्षक विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे विचारों की कमियों को दूर करते हुए सारांशित करें तथा प्रत्येक समूह को सकारात्मक फीडबैक दें।

भाग–3 धर्मनिरपेक्षता की समझ

फोकस प्रश्न

★ धर्मनिरपेक्षता किसे कहते हैं? भारतीय संविधान में देश को किस प्रकार धर्मनिरपेक्ष स्वरूप प्रदान किया गया है?

आज हम एक मजेदार खेल खेलेंगे। इसमें हमें कुछ फैसले ऐसे लेने होंगे जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। एक जादू के असर से कुछ समय के लिए हम सब कुछ भूल गए है यानि हम कौन है, किस धर्म के हैं, लड़का हैं या लड़की या फिर कोई और हमें कुछ याद नहीं। बस हममें अपना भला या बुरा सोच पाने की ही शक्ति बची है। इसी समय में हमें नीचे दिये गए इन

चार देशों में से किसी एक देश को अपने रहने के लिए चुनना है। इन देशों के बारे में जानें और फैसला लें–

देश 'क'	देश 'ख'	देश 'ग'	देश 'घ'
यहाँ कई धर्मों के लोग रहते हैं। पर सिर्फ हिन्दू धर्म को ही सरकार महत्व देती है और उन्हें सभी सुविधाएँ प्रदान की जाती है, अन्य को नहीं।	यहां केवल मुस्लिम धर्म को राष्ट्र का धर्म माना जाता है और सम्मान प्राप्त है। अन्य धर्म को मानने वालों को वोट डालने या अपने धर्म के पालन की आजादी नहीं है।	इस देश में कई धर्म-समूह रहते हैं । सभी को धर्म पालन की आजादी है, लेकिन कुछ धर्म के अंदर महिलाओं का स्तर कम माना जाता है और सरकार इस मान्यता में दखल नहीं देती।	यह एक ऐसा देश है जिसमें सभी धर्मों को बराबर अधिकार और अवसर प्राप्त हैं। सरकार सभी से दूरी बनाते हुए एक जैसे कानून बनाती है। धर्म के अंदर भी होने वाले जातीय या लिंग के आधार पर भेद भाव पर रोक है।

जादू का असर पाँच मिनट है और इसी में फैसला करना है। पाँच मिनट बाद इन प्रश्नों का उत्तर दें।

प्रश्न 1 : आपने अपने रहने के लिए किस देश को चुना है? इसके पीछे क्या कारण है?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : अगर आपने देश 'क' या 'ख' चुना है लेकिन जादू खत्म होने पर अगर आप उस धर्म के अनुयायी। न हुए जिसे अधिकार या सम्मान मिलता है तो आपको कैसा लगेगा?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : जादू खत्म होने पर अगर यह पता चले कि आप महिला हैं और आप ने देश 'ग' चुना था तो क्या होगा ?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : देश 'घ' के बारे में अपनी राय बताइए ?

उत्तर 4 :

ऊपर किए गए मजेदार क्रियाकलाप में आपने देखा कि पहले तीन देश किसी एक अलग अलग धर्म के लिए या धर्म के अंदर कुछ समूहों के लिए बेहतर देश हैं जहाँ उन्हें महत्व प्राप्त है, किंतु अन्य या दूसरे धर्म के लोगों के लिए ऐसा नहीं है। जबकि देश 'घ' में सभी के लिए समान स्थिति है, सरकार सभी के लिए एक जैसा कानून बनाते हुए समानता का व्यवहार करती हैं। हममें से प्रायः सभी लोग अपने हितों को सुरक्षित रखने के लिए इस देश को ही चुनना पसंद करेंगे।

आज के लोकतांत्रिक देशों में समानता को बहुत महत्व प्राप्त है। भिन्न-भिन्न धार्मिक समुदायों के बीच समानता के व्यवहार और उनसे बराबर दूरी की नीति को लोकतंत्र में महत्व दिया जाता है। यह सबके लिए समान धार्मिक स्वतंत्रता अपनाने की पूरी छूट देता है। सबके लिए समान धार्मिक स्वतंत्रता के इस विचार को ध्यान में रखते हुए भारतीय राज्य ने धर्म और राज्य की शक्ति को एक दूसरे से अलग रखने की रणनीति अपनाई है। धर्म को राज्य से अलग रखने की इसी अवधारणा को धर्मनिरपेक्षता कहा जाता है।

धर्म को राज्य से अलग रखने की 'धर्मनिरपेक्षता' की नीति दो कारणों से जरूरी हैः

1. सभी देशों में किसी एक धर्म के लोगों की संख्या ज्यादा होती है, अगर बहुमत वाले धर्म के लोग सत्ता में

आ जाएँ तो दूसरे धर्मों के प्रति भेदभाव कर सकते हैं। बहुमत की इसी निरंकुशता और जोर-जबरदस्ती की संभावना से धर्मनिरपेक्षता बचाती है।

2. इसका एक मुख्य कारण यह भी है कि किसी भी धर्म को मानने, छोड़ने, दूसरा धर्म अपनाने या धार्मिक उपदेशों की व्याख्या का हक होना चाहिए। जैसे - हो सकता है कि आप हिन्दू धर्म की छुआछूत प्रथा का विरोध करें, लेकिन सरकार या समाज में इसके समर्थक हों तो फिर समस्या हो सकती है पर धर्मनिरपेक्षता यह आजादी देती है।

भारतीय संविधान के अनुसार केवल धर्मनिरपेक्ष राज्य में ही निम्न बातों का ख्याल रखा जा सकता है -

1. कोई एक धार्मिक समुदाय दूसरे समुदाय को न दबाए,
2. कुछ लोग अपने ही धर्म के अन्य सदस्यों को न दबाएँ, और
3. राज्य न तो किसी खास धर्म को थोपे न ही लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता को छीने।

इसके लिए भारतीय राज्य कई तरह से काम करता है-

1. **खुद को धर्म से दूर रखना:** सरकार किसी धर्म को बढ़ावा नहीं देती।
2. **अहस्तक्षेप की नीति:** इसका मतलब है सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान करने और धार्मिक क्रियाकलापों मे दखल न देने के लिए राज्य कुछ खास धार्मिक समुदायों को कुछ विशेष छूट देता है। जैसे सिखों को हेलमेट पहनने से छूट।
3. **हस्तक्षेप करना:** इसमें सरकार किसी धर्म के अंदर वर्चस्व या भेदभाव रोकने के लिए कानून बनाती है या प्रयास करती है। जैसे हिन्दू धर्म में छुआछूत की प्रथा पर रोक लगाना।

क्या जाना, क्या सीखा

शिक्षक संकेत

बच्चों द्वारा दिए गए उत्तरों को सारांशित करते हुए धर्मनिरपेक्षता की संकल्पना को स्पष्ट करें।

इस तालिका को पूरा कीजिए:

उद्देश्य	यह महत्वपूर्ण क्यों है	इस उद्देश्य के उल्लंघन का कोई उदाहरण
एक धर्म द्वारा दूसरे धर्म पर दबदबा न रखना।		
राज्य द्वारा किसी धर्म को नहीं थोपना, न ही लोगों की स्वतंत्रता छीनना।		
एक ही धर्म के कुछ लोग अपने ही धर्म के दूसरे लोगों को न सताएँ।		

हमने सीखा

जिन आदर्शों और मूल्यों के आधार पर हम राष्ट्र का निर्माण करना चाहते हैं और अपना जीवन व्यतीत करना चाहते हैं, उस सामूहिक सोच को हमारे संविधान में लिखा गया है। हमने संविधान की विशेषताओं के बारे में जाना। यह भी सीखा कि तीन स्तर पर शासन प्रणाली स्थापित करना सत्ता के दुरूपयोग को रोकने का एक जरिया है और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। हमने यह भी जाना कि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है।

अभ्यास

प्रश्न 1 : दिए गए विकल्पों में से सही वाक्यों को चुनकर वाक्य को पूरा करें

a. संविधान की जरूरत हमें ____________ पड़ती है।

   i. नेताओं को शक्तिशाली बनाने के लिए

   ii. सिर्फ धार्मिक मसलों को हल करने के लिए

   iii. देश की व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने और आदर्शों को सूत्रबद्ध करने के लिए

   iv. शक्तियों का बँटवारा न करने के लिए

b. भारतीय संविधान के अनुसार वोट देने का अधिकार -- ____________ हैः

   i. 25 वर्ष से ऊपर के व्यक्ति को

   ii. सभी व्यक्तियों को

   iii. केवल महिलाओं को

   vi. 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र के सभी लोगों को

c. ____________ सरकार के तीनों अंगों में शामिल नहीं हैः

   i. विधायिका

   ii. सेना

   iii. कार्यपालिका

   vi. न्यायपालिका

d. धर्मनिरपेक्षता में ____________ शामिल नहीं हैः

   i. धर्मों और राज्य के बीच अलगाव

   ii. बहुसंख्यक समुदाय को विशेष अधिकार

   iii. सभी धर्मों के प्रति समान व्यवहार

   vi. धर्मों के अंदर भेदभाव का रोक

e. ------------------- को संविधान की 'अंतरात्मा' कहा जाता है?

i. मौलिक अधिकार

ii. संघवाद

iii. धर्मनिरपेक्षता

vi. संसदीय शासन पद्धति

प्रश्न 2 : अगर किसी देश या समाज में नियमों पर सहमति न हो तो क्या होगा?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : शक्तियों का बंटवारा लोकतंत्र को मजबूत करता है, कैसे?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : क्या आपने किसी ऐसी घटना को देखा, पढ़ा या सुना जिसमे किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकार का हनन हुआ? विस्तार से लिखें:

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : यदि हमारे देश में एक ही धर्म का दबदबा हो तो समाज में क्या स्थिति होगी? इसे रोकने के लिए संविधान में क्या व्यवस्था की गई है?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : आपके विद्यालय के पास ढाबा है जिसमे आपकी उम्र का एक बच्चा काम करता है। उसके किस मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है?

उत्तर 6 :

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 2
हमें संसद क्यों चाहिए?
(NCERT पाठ 3)

हम क्या सीखेंगे

- हम अपना सांसद चुनाव के द्वारा चुनते हैं। यह राष्ट्रीय सरकार में हमारा प्रतिनिधि होता है।
- संसद का गठन लोकसभा, राज्यसभा और राष्ट्रपति से मिलकर होता है।
- संसद के कार्य सरकार पर नियंत्रण रखना और कानून बनाना, राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करना है।

हम जानते हैं

हमने पाठ 1 भारतीय संविधान में सीखा था कि किस प्रकार भारत में विभिन्न स्तरों पर सरकारें कार्य करती हैं व उनमें कार्यों का विभाजन होता है। भारत में संघात्मक सरकार कार्य करती है।

भाग—1

फोकस प्रश्न

★ केन्द्र सरकार क्या कार्य करती है ?

★ संसद का गठन कैसे होता है ?

शिक्षक संकेत

विद्यार्थियों के साथ मिलकर नीचे लिखे कार्यों को केन्द्र, राज्य एवं स्थानीय सरकारों में विभक्त कराएंगे। उन कार्यों पर गोला भी लगवाएं जो एक साथ पूरे देश के लिए जरूरी है।

चलो हम पिछले पाठ से कुछ चीजें दोहराते हैं और देखते हैं कि हमने कितना सीखा है । नीचे दिए गए कार्यों के आगे लिखिए कि उन्हें संघ, राज्य या स्थानीय सरकार में से किस के द्वारा किया जाता है।

1. पुलिस ____________ 2. रेलवे ____________

3. देश की बाहरी देशों से सुरक्षा ____________ 4. बैंक ____________

5. प्राथमिक चिकित्सा ____________ 6. कृषि ____________

7. मोहल्ले की सफाई ____________

8. बड़ी सडकों का निर्माण ____________

शब्द भंडार

संसद : राष्ट्रीय सरकार की विधायिका

संसदीय क्षेत्र : लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र

आपने ऊपर दिए गए क्रियाकलाप में देखा कि कुछ महत्वपूर्ण कार्य केन्द्र सरकार करती है। एक राज्य का शासन चलाने के लिए राज्य सरकार होती है। भारत में 29 राज्य हैं, हर राज्य की अपनी सरकार होती है। उदाहरण के लिए पंजाब राज्य की पंजाब सरकार, गुजरात राज्य की गुजरात सरकार आदि। किंतु कुछ कार्य पूरे देश के लिए एक साथ महत्वपूर्ण होते हैं, जैसे विदेश नीति, देश की रक्षा, रेलवे, बैंक आदि। इन कार्यों को करने के लिए केन्द्रीय सरकार होती है।

केन्द्र सरकार के गठन के लिए पूरे देश को 543 हिस्सों में बाँट दिया जाता है । प्रत्येक हिस्से को संसदीय क्षेत्र कहा जाता है। उस हिस्से या इलाके के लोग अपना एक प्रतिनिधि चुनते हैं जिसे सांसद कहते हैं। यह सभी सांसद मिलकर लोकसभा के सदस्य होते हैं। लोकसभा में जिस दल को आधे से अधिक सीटें चुनाव में प्राप्त होती हैं, वह सरकार बनाती है । बाकी दल विपक्षी दल कहलाते हैं । लोकसभा संसद का एक अंग है। संसद तीन अंगों से मिलकर बनती है - लोकसभा, राज्यसभा और राष्ट्रपति। जनता लोकसभा के सांसदों को चुनती है। जनता के चुने हुए प्रतिनिधि राज्यसभा के सांसदों व राष्ट्रपति को चुनते हैं।

ये भी जानें

सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार : 18 वर्ष या उससे ऊपर की आयु के लोग वोट दे सकते हैं जिसे सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार कहते हैं।



चलिए कुछ स्थितियाँ लेते हैं और देखते हैं कि लोकसभा में किस पार्टी की सरकार बनेगी

स्थिति I		**स्थिति II**	
पार्टी का नाम	**चुने हुए सांसद**	**पार्टी का नाम**	**चुने हुए सांसद**
1. कामगार पार्टी	180	1. कामगार पार्टी	180
2. लोक विमर्श पार्टी	280	2. लोक विमर्श पार्टी	70
3. सबका दल	20	3. सबका दल	100
4. सर्वहारा ब्लॉक	30	4. सर्वहारा ब्लॉक	90
5. विशिष्ट पार्टी	20	5. विशिष्ट पार्टी	80
6. निर्दलीय	13	6. निर्दलीय	23
कुल मिलाकर सीटें	**543**	**कुल मिलाकर सीटें**	**543**

प्रश्न 1 : अब बताइए स्थिति I में कौन सी पार्टी बहुमत में है?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : स्थिति -I में किस पार्टी की सरकार बनेगी ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : स्थिति -II में क्या सरकार बन पाएगी, यदि हाँ तो कैसे और यदि नहीं है तो क्यों नहीं?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : स्थिति-II पर ग्रुप में चर्चा कीजिए कि यदि दो और दो से अधिक पार्टी मिलकर आधे से ज़्यादा संख्या जुटा लें तो कौन-कौन सी संभावनाओं से सरकार बन सकती है?

उत्तर 4 :

शिक्षक संकेत

शिक्षक उन संभावनाओं तक पहुँचने में हर ग्रुप के पास जाकर उनकी मदद कर सकते हैं और अंत में इन संभावनाओं से बनी सरकार को गठबंधन सरकार के रूप में सारांशित करेंगे।

क्या जाना, क्या सीखा

प्रश्न 1 : लोकसभा चुनाव में कौन लोग वोट दे सकते हैं, उनकी न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए ?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : खाली जगह भरें:

(क) : संसद के तीन अंग हैं ____________, ____________ और ____________ ।

(ख) : सरकार के तीन अंग हैं ____________, ____________ और ____________ ।

प्रश्न 3 : संसदीय क्षेत्र किसे कहते हैं?

उत्तर 3 : ____________________

____

प्रश्न 5 : केन्द्र सरकार के कोई दो विषय बताइए जिस पर वह कार्य करती है।

उत्तर 5 : 1. ____________________

2. ____________________

प्रश्न 6 : लोकतंत्र में बनी सरकार लोगों की सरकार कैसे है?

उत्तर 6 : ____________________

____

प्रश्न 7 : लोग किस प्रकार सरकार बनाने में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होते हैं ? उदाहरण देते हुए बताइए।

उत्तर 7 :

भाग—2

फोकस प्रश्न

★ संसद कौन कौन से कार्य करती है ?

★ संसद सरकार पर नियंत्रण कैसे करती है ?

शब्द भण्डार

जिज्ञासा : जानने की इच्छा

नियंत्रण : अधीन करना

विपक्षी दल : जो दल सरकार में न हो

समीक्षा : जांच पड़ताल करना

राजू अपने चाचा-चाची जी के यहाँ छुट्टियाँ बिताने गया था, जहां चाची टी. वी के लोकसभा चैनल पर संसद की बहस देख रही थी। राजू ने जिज्ञासा पूर्वक पूछा कि चाची यह क्या देख रही हो? दोनों में बातचीत शुरू हो गई-

चाची : राजू क्या तुम्हें पता है कि हमारे पूरे देश के लिए कानून कौन बनाता है ?

राजू : जी चाची जी, संसद।

चाची : वाह! राजू तुम्हें तो पता है, पर यह पता है कि संसद के कितने अंग होते हैं ?

राजू : हाँ चाची जी, तीन अंग लोकसभा, राज्यसभा और राष्ट्रपति।

चाची : वाह! तुम्हें तो सब कुछ पता है।

राजू : हाँ चाची जी, कक्षा में मैंने यह सीखा था पर मेरे कुछ सवाल हैं। पूँछू क्या ?

चाची : पूछो राजू।

राजू : यह संसद क्या करती है?

चाची : यह देश के लिए कानून बनाती है। पुराने कानूनों में जरूरत के हिसाब से बदलाव करती है।

राजू : पर चाची जी, यदि किसी सरकार ने कोई गलत काम किया तो फिर क्या होगा?

चाची : हमारी संसद के पास बहुत सी शक्तियाँ हैं, यदि ऐसा होता है तो संसद इन शक्तियों का इस्तेमाल करती हैं। जैसे – सभी सांसद सरकार से सवाल पूछ सकते हैं। सरकार के सभी निर्णयों पर संसद का नियंत्रण रहता है।

राजू : चाची जी, वे सांसद जो सरकार में नहीं रहते वे संसद के अंदर क्या करते है?

चाची : वे सरकार के गलत कार्यों का विरोध करते हैं, संसद के अंदर भी और संसद के बाहर भी। लोगों को सरकार की कमियों की जानकारी देते हैं। इन्हें विपक्षी दल कहा जाता है।

शिक्षक संकेत

इस संवाद के बाद शिक्षक इसे सारांशित करेंगे व कक्षा को सत्ताधारी दल एवं विपक्षी पार्टियों में बाँट कर प्रश्न पूछना, कानून बनाने आदि पर चर्चा कर सकते हैं। इसके साथ साथ कक्षा संसद में विद्यार्थियों के शिक्षा संबंधी मुद्दों को भी विषय बनाकर चर्चा करायी जा सकती है।

राजू : तभी संसद में शोर शराबा रहता है, यह शोर शोर न होकर चर्चा, प्रश्न पूछने और विरोध करने के रूप में होता है।

चाची : बिलकुल, संसद के बने कानूनों के बनने के बाद अगर वे गलत हुए भी तो न्यायालय उनकी समीक्षा कर सकता है।

राजू : धन्यवाद चाची जी, मेरा इतना ज्ञान बढ़ाने के लिए।

क्या जाना, क्या सीखा

प्रश्न 1 : यदि आपको आपके क्षेत्र का सांसद बना दिया जाये तो आप अपने क्षेत्र के लिए संसद में क्या प्रस्ताव रखना चाहेंगे?

उत्तर 1 : ______________________

____

____

प्रश्न 2 : यदि आपको देश का प्रधानमंत्री बना दिया जाये तो कौन कौन से कानून संसद में आप लायेंगे और क्यों ? तालिका में भरें:

कौन से कानून लायेंगे	क्यों

प्रश्न 3 : विपक्षी पार्टी का काम क्या होता है ?

उत्तर 3 :

हमने सीखा

संसद के तीन अंग हैं – लोकसभा, राज्यसभा और राष्ट्रपति। लोकसभा के सदस्यों को सांसद कहते हैं, जिन्हें जनता चुनाव के द्वारा चुनती है। लोकसभा में कुल मिलाकर 545 सदस्य होते हैं जिन मे से 543 चुनाव क्षेत्रों से चुन कर जनता के प्रतिनिधि बनाकर संसद में भेजा जाता है। तथा 2 राष्ट्रपति द्वारा एग्लों इंडियन मनोनीत सांसद होते है। इनका चुनाव 18 वर्ष से ऊपर के सारे नागरिक वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनते हैं। जनता के द्वारा चुने गए विधायक और सांसद, राज्यसभा/सदस्य एवं राष्ट्रपति का चुनाव करते हैं। संसद देश के लिए कानून बनाती है और पुराने कानूनों में जरूरत के हिसाब से बदलाव करती है। वे सांसद जो सरकार में नहीं रहते वह विपक्षी दल कहलाते हैं। यह दल सरकार के गलत कार्यों और निर्णयों का विरोध करते हैं।

अभ्यास

प्रश्न 1 : संसद का गठन कैसे होता है?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : अपने क्षेत्र के सांसद का नाम बताइए।

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : पता कीजिए आपके सांसद ने अपने इलाके के लिए या देश के लिए संसद में अब तक क्या प्रश्न पूछे हैं?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : निम्न क्रॉसवर्ड में संसद के तीन अंगों को चिन्हित करके गोला लगाये:

क	म	प	नु	रि	कु	श	ल	न
रा	जा	रा	ज्	य	स	भा	ज	या
लो	क	भा	र	त	पू	ज	न	य
क	र	स	क	र्य	पा	लि	का	पा
स	म	प	ल	नु	पु	पि	श	लि
भा	के	र	ल	पू	र्व	ज	से	का
की	स	का	रा	ष्	ट्र	प	ति	पू
ना	वि	धा	यि	का	पू	र	व	से

प्रश्न 5 : संसद के कोई दो कार्य बताइए:

उत्तर 5 : 1. ____________________

2. ____________________

प्रश्न 6 : संसद सरकार पर कैसे नियंत्रण रखती है?

उत्तर 6 : ____________________

____

____

____

प्रश्न 7 : गठबंधन सरकार किसे कहते हैं?

उत्तर 7 : ____________________

____

प्रश्न 8 : सरकार बनाने में लोगों की क्या भूमिका होती है?

उत्तर 8 :

प्रश्न 9 : सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार किसे कहते हैं?

उत्तर 9 :

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 3
आपराधिक न्याय प्रणाली : पुलिस की भूमिका

(NCERT पाठ 6)

हम क्या सीखेंगे

- अपराधों की जांच में पुलिस की भूमिका को जानना।
- गिरफ्तार व्यक्ति के अधिकारों को समझना।

फोकस प्रश्न

1. अपराधों की जांच में पुलिस की क्या भूमिका होती है? यह भूमिका निभाते समय उन्हें किन बातों को ध्यान में रखना पड़ता है?

अखबार के इन दो कतरनों को पढ़े

बिजनेसमैन के बेटे ने ऑटो में मारी टक्कर, मौके पर मिली नंबर प्लेट से पुलिस पहुंची आरोपी के घर

हादसे में ऑटो ड्राइवर की हुई मौत

▪प्रमुख संवाददाता, सफदरजंग

सफदरजंग हॉस्पिटल के गेट के बाहर एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिसमें एक ऑटो ड्राइवर की मौत हो गई। कार को भगा ले जाने के समय उसका बंपर वहीं टूटकर गिर पड़ा, जिसमें नंबर प्लेट भी था। इससे पुलिस आरोपी तक पहुंच गई, जो पीतमपुरा के एक बड़े बिजनेसमैन का बेटा है।

साउथ दिल्ली के डीसीपी रोमिल बानिया ने बताया कि मृतक ऑटो ड्राइवर का नाम रोहित (41) है। वह परिवार के साथ मयूर विहार इलाके में रहते थे। पुलिस को मंगलवार तड़के 2:30 बजे पीसीआर कॉल मिली थी। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी का नाम सात्विक पाठक (26) है। वह परिवार के साथ दिपाली एन्क्लेव पीतमपुरा में रहता है। सात्विक के पिता लोकेश का आर्ट एंड क्रॉफ्ट का बिजनेस है, जिसे उन्होंने हाल ही में ग्रेटर कैलाश से पीतमपुरा शिफ्ट किया था। इनकी हिमाचल प्रदेश में ग्लास बनाने की फैक्ट्री है।

नोएडा की ओर से आ रहा था कार चलाने वाला

- सफदरजंग अस्पताल के बाहर मंगलवार तड़के हुआ हादसा, आरोपी गिरफ्तार
- आरोपी के पिता की हिमाचल मे ग्लास बनाने की है फैक्ट्री
- कार का बंपर टूटने से नंबर प्लेट घटनास्थल पर ही गिरी
- पीतमपुरा का मिला अड्रेस, इसी से हुई आरोपी की पहचान
- मयूर विहार इलाके का रहने वाला था मृतक ऑटो
- ड्राइवर अस्पताल के पास ऑटो खड़ा कर सवारी का कर रहा था इंतजार

पुलिस ने बताया कि सात्विक के नशे में कार चलाने की पुष्टि नहीं हुई है, क्योंकि उसकी गिरफ्तारी घटना के काफी देर बाद हो पाई। अगर उसने किसी तरह का नशा किया भी होगा तो इतनी देर बाद हुई गिरफ्तारी से वह मेडिकल जांच में नहीं आ पाएगा। वह अपने पिता के बिजनेस में मदद करता है। सात्विक सोमवार रात को नोएडा से दिल्ली आ रहा था और उसकी कार सफदरजंग हॉस्पिटल पहुंची तो वहां खड़े एक ऑटो में जोर की टक्कर मार दी। इसमें ऑटो पलट गया और इसे चला रहे रोहित गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें सफदरजंग हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सिस्टम पर दाग

उन्नाव की एक घटना ने हमारी व्यवस्था के प्रति जनता के विश्वास को गहरा झटका दिया है। इस मामले ने लोगों में प्रचलित इस धारणा को और पक्का किया है कि ताकतवर व्यक्ति या समुदाय आज भी पूरे तंत्र को उंगलियों पर नचा रहे हैं और एक साधारण व्यक्ति का सुरक्षित रहना सिर्फ एक संयोग है। और तो और, उसके साथ अन्याय होने पर उलटे उसी को दोषी भी ठहरा दिया जाता है। उन्नाव के एक गांव की लड़की का आरोप है कि विधायक कुलदीप सेंगर और उनके साथियों ने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। लड़की थाने में शिकायत करने गई तो रपट दर्ज नहीं की गई। अदालत के आदेश पर कई दिनों बाद मामला दर्ज हुआ तो केस वापस लेने का दबाव शुरू हो गया। पीड़िता के परिजनों को

इतना परेशान किया गया कि उन्होंने मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह करने की कोशिश की। इसके बाद लड़की के पिता को कुछेक आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया, कस्टडी में ही उनकी तबीयत खराब हुई और मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ है कि उनकी मौत पिटाई से हुई। फिर यह भी पता चला कि जिस जेल में पीड़िता के पिता बंद थे, उसमें कई चीजों की सप्लाई का जिम्मा विधायक के एक रिश्तेदार का था। पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस प्रशासन विधायक को बचा रहा है, जबकि आरोपी विधायक पीड़िता के परिवार और अपने परिवार के बीच पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए इसे अपने खिलाफ साजिश बता रहे हैं। मामले में 6 पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई और उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। इससे पीड़ित पक्ष के आरोप को मजबूती मिलती है। जो भी हो, मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए और इसका हर पहलू सामने आना चाहिए। भले ही यह यूपी का मामला है, पर पूरे देश की नजरें इस पर टिकी हैं क्योंकि हमारे सिस्टम के लिए यह एक टेस्ट केस है। सबको पता है कि जिन भी मामलों में आरोपी का संबंध सत्तापक्ष से होता है, उनमें जांच भूलभुलैया में भटककर रह जाती है। अब यह राज्य सरकार पर है कि वह इस धारणा को तोड़ पाती है या नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अगर यूपी को अपराधमुक्त बनाना चाहते हैं तो इस मामले की जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें।

प्रश्न 1 : पहली कतरन में जो खबर दी गयी है उसमे पुलिस की भूमिका किस प्रकार सकारात्मक है?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : दूसरी कतरन में दी गयी सुचना में पुलिस की जो भूमिका रही उस पर अपने साथी के साथ चर्चा करके अपने विचार कक्षा में साँझा करें।

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : किसी केस की जांच में पुलिस की भूमिका कब शुरू होती है? सोचिए। अपने साथी के साथ चर्चा करके **उत्तर** लिखिए।

उत्तर 3 :

शिक्षक संकेत

दोनों कतरनों की सुचना को ध्यान में रखकर शिक्षक कक्षा में बच्चों के साथ पुलिस की भूमिका पर चर्चा करें। जब तक सभी विद्यार्थी उत्तर न दे दें तब तक शिक्षक आगे न बढें। (साथ ही किसी अन्य वास्तविक उदाहरण की सहायता भी ले सकते हैं)।

पहले कतरन में दी गयी खबर में आपने देखा कि घटना घटित होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच का कार्य शुरू किया और अपराधी तक पहुंच गयी। पुलिस का महत्वपूर्ण कार्य होता है कि अपराधी के बारे में मिली शिकायत की जांच करना । जांच क लिए गवाहों के बयान दर्ज किये जाते हैं और सबूत इकट्ठा किया जाता है। इस जांच के आधार पर पुलिस अपनी रिपोर्ट बनाती है। अगर पुलिस को ऐसा लगता है की सबूतों से आरोपी का दोष साबित होता दिखाई दे रहा है तो पुलिस अदालत में आरोप पत्र / चार्जशीट दाखिल कर देती है। पुलिस का काम ये तय करना नहीं है कि कोई व्यक्ति दोषी है या नहीं। यह अदालत तय करती है।

पुलिस किसी अपराध की जाँच-पड़ताल एफ.आई.आर (प्रथम सुचना रिपोर्ट / प्राथमिकी) दर्ज होने के बाद ही शुरू कर सकती है। कानून में कहा गया है कि किसी संज्ञेय अपराध की सुचना मिलने पर थाने में प्रभारी अधिकारी को फौरन एफ.आई.आर दर्ज करनी चाहिए। नीचे दी गयी एफ.आई.आर की प्रति (कापी) को देखकर उसमे दी गयी सूचनाओं की सूची बनाइए:


FIRST INFORMATION REPORT


Signature valid
BRANCH
DELHI
POLICE

आपने देखा कि एफ.आई.आर में घटना की पूरी जानकारी दी जाती है ।

लोकतंत्र में सभी के लिए कानून समान होता है और सभी लोग कानून के अधीन होते है । पुलिस भी इसी कानून के तहत आती है। इसलिए पुलिस को हमेशा कानून के मुताबिक और मानवाधिकारों का सम्मान करते हुए जांच करनी चाहिए। अखबार की दूसरी कतरन की खबर में आपने देखा की लड़की थाने में बलात्कार का केस दर्ज करवाने गयी तो रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी। ताकतवर अपराधियों के दबाव में उलटे पीड़िता और उसके परिवार को ही तंग किया जाने लगा। उसके पिता को ही आरोप लगाकर गिरफ्तार कर लिया गया जहाँ कस्टडी में उनकी तबियत खराब हुई और मौत हो गयी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह पिटाई बताई गई। 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। यह मामला कानून के खिलाफ है । संविधान के अनुच्छेद 22 और फौजदारी कानून में गिरफ्तार व्यक्ति को भी निम्नलिखित मौलिक अधिकार दिए गए है –

★ गिरफ्तारी के समय उसे यह जानने का अधिकार है कि गिरफ्तारी किस कारण से की जा रही है ।
★ गिरफ्तारी के 24 घंटों के अंदर मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने का अधिकार ।
★ गिरफ्तारी के दौरान या हिरासत में किसी प्रकार के दुर्व्यवहार या यातना से बचने का अधिकार ।
★ पुलिस हिरासत में दिए गए इकबालिया बयान को आरोपी के खिलाफ सबूत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता ।
★ 15 साल से कम उम्र के बच्चों तथा किसी महिला को केवल सवाल पूछने के लिए थाने में नहीं बुलाया जा सकता ।

शब्द भण्डार

F.I.R	: प्रथम सूचना रिपोर्ट
मानवाधिकार	: मानव होने के कारण प्राप्त जरूरी अधिकार
संज्ञेय	: ऐसे अपराध जिससे गिरफ्तारी के लिए अदालत के आदेश की जरूरत नहीं होती
हिरासत	: पुलिस द्वारा किसी को गैरकानूनी ढंग से अपने कब्जे में रखना।
गवाह	: ऐसा व्यक्ति जिसने घटना को देखा, सुना या जाना है।
पोस्टमॉर्टम	: मृत्यु के बाद की जाने वाली शरीर की जांच।
इकबालिया बयान	: आरोपी द्वारा उसके किये गए आरोप की स्वीकृति।

क्या जाना, क्या सीखा

प्रश्न 1 : नीचे दी गई कार्यों की तालिका में पुलिस द्वारा किये जाने वाले कार्यों की पहचान कर उनके आगे सही (✓)का निशान लगाएँ।

कार्य -

गवाहों को सुनना	☐
सबूत दर्ज़ करना	☐
फैसला सुनाना	☐
गवाहों के बयान दर्ज करना	☐
गवाहों से बहस करना	☐
फैसला लिखना	☐
निष्पक्ष सुनवाई	☐
आरोपी व्यक्ति से मिलना	☐
यह तय करना की आरोपी कितने दिनों तक जेल में रहेंगे	☐
हमले के शिकार लोगों की डॉक्टरी जांच कराना	☐

ये भी जानें

गिरफ्तार व्यक्तियों के गिरफ्तारी, हिरासत और पूछताछ में पुलिस व अन्य संस्थाओ को कुछ खास शर्तों व प्रक्रियाओं का पालन करना होता है। इन नियमों को डी.के.बसु दिशानिर्देश कहा जाता है। जिन्हें सर्वोच्च न्यायलय में तय किया जाता है।

★ गिरफ्तारी या जांच करने वाले पुलिस अधिकारी के पोशाक पर उसकी पहचान, नाम पट्टी स्पष्ट व सटीक रूप से अंकित होना चाहिए।

★ गिरफ्तारी के समय अरेस्ट मेमो के रूप में गिरफ्तारी सम्बन्धी पूरी जानकारी का कागज़ तैयार किया जाये।

★ गिरफ्तार किये गए, हिरासत में रखे गए या जिससे पूछताछ की जा रही है, ऐसे व्यक्ति को अपने किसी सम्बन्धी या दोस्त या शुभचिंतक को जानकारी देने का अधिकार होता है।

★ जब गिरफ्तार किये गए व्यक्ति के दोस्त या सम्बन्धी उस जिले से बाहर रहते हो तो गिरफ्तारी के 8 -12 घंटों के भीतर उन्हें गिरफ्तारी के समय, स्थान और हिरासत की जगह के बारे में भी जानकारी दी जानी चाहिए।

हमने सीखा

पुलिस की भूमिका किसी घटना की FIR प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ही शुरू होती है और उनका काम घटना से सम्बंधित लोगों की जांच करना और सबूत इकट्ठे करना होता है, किसी को दोषी ठहराना नहीं। किसी को पूछ-ताछ

के लिए, हिरासत में लेने के समय भी पुलिस को मानव अधिकारों को मान कर कार्यवाही करनी पड़ती है। किसी को हिरासत में लेते समय पुलिस को दिशानिर्देशों का पालन करना पड़ता है - जैसे अधिकारी की पोशाक, नाम इत्यादि। स्पष्ट हो हमने ये भी सीखा कि ताकतवर लोगों के दबाव में आकर पुलिस अपना नियमित कार्य नहीं करती है जिसके कारण आरोपी छूट जाते हैं और पीड़ित को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अभ्यास

प्रश्न 1 : F.I.R का विस्तारित नाम बताइये।

उत्तर 1 : ______________________________

____

प्रश्न 2 : किस अनुच्छेद में गिरफ्तार व्यक्तियों के अधिकार बताए गए हैं?

उत्तर 2 : ______________________________

____

प्रश्न 3 : गिरफ्तारी के कितने घंटों के भीतर पुलिस को गिरफ्तार व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत करना होता है?

उत्तर 3 : ______________________________

____

प्रश्न 4 : अगर किसी घटना या अपराध की जांच और फैसला सुनाने का अधिकार एक ही संस्था को दे दिया जाये तो क्या होगा?

उत्तर 4 : ______________________________

____

____

____

प्रश्न 5 : यदि पुलिस अपना कार्य निष्पक्ष रूप से ना करे तो क्या परिणाम होगा?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : किसी एक काल्पनिक घटना को लिखते हुए F.I.R. बनाएँ। उसमे पुलिस की क्या भूमिका होगी विस्तार से लिखिए?

उत्तर 6 :

प्रश्न 7 : कल्पना कीजिये की आपके पड़ोस में किसी व्यक्ति को पुलिस चोरी के आरोप में गिरफ्तार करने आई है तो फिर–

i. गिरफ्तार व्यक्ति और परिवार को पुलिस से क्या-क्या जानने का अधिकार है?

उत्तर 7 :

ii. गिरफ्तार करने आए हुए पुलिस अफसर ने वर्दी नहीं पहनी है । आपके अनुसार क्या ये ठीक है? यदि नहीं तो क्यों?

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

पाठ 4
हाशियाकरण की समझ
(NCERT पाठ 7)

हम क्या सीखेंगे?

- समाज में कुछ समूह कई कारणों से बाकी लोगों की तुलना में विकास, सम्मान और आधिकारों के मामले में पीछे रह जाते हैं।
- असमानता और भेदभाव विभिन्न समूहों व व्यक्तियों के हाशियाकरण का कारण बन जाती हैं।
- विभिन्न समूहों के हाशियाकरण के कई कारण और इस से समस्याएँ होती हैं।
- हाशियाकृत समुदायों से सम्बंधित दृष्टिकोणों के प्रति समानुभूति कर पाएंगें।

हम जानते हैं :

विविधता : समाज में कई प्रकार के लोग होते हैं जो भाषा, धर्म, संस्कृति, रीति-रिवाज, विचार आदि के आधार पर अलग-अलग होते हैं, कुल मिलाकर यही अंतर एक समाज में विविधता प्रदर्शित करते हैं।

भेदभाव : जब किसी व्यक्ति या समूह के प्रति किसी कारण से अलग या अनुचित प्रकार का व्यवहार किया जाता है तो उसे भेदभाव कहते हैं।

असमानता : जब समाज में किसी समूह या व्यक्ति को बराबर के अवसर और सम्मान न दिया जाए, उस प्रक्रिया को असमानता कहते है।

आओ कदम बढ़ाएं

नीचे दी गई परिस्थितियों पर अपने समूह में विचार-विमर्श करें और आपकी समझ में इनका क्या कारण होगा, कक्षा के समक्ष साझा करेंः

शिक्षक संकेत

इस गतिविधि के बाद शिक्षक असमानता व भेदभाव को सारांशित करते हुए हाशियाकरण की समझ तक पहुँचे।

प्रश्न 1 : महिलाओं को कुछ मंदिरों में प्रवेश न मिलना।

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : गाँव में कुछ समूहों को कुएँ से पानी न पीने देना।

उत्तर 2 : ______________________________

____

____

प्रश्न 3 : कुछ लड़कियों को शिक्षा के अधिकार से वंचित रखना।

उत्तर 3 : ______________________________

____

____

प्रश्न 4 : कुछ लोगों के पहनावे व भाषा को लेकर उनका मजाक बनाना।

उत्तर 4 : ______________________________

____

____

प्रश्न 5 : गरीब घर के कुछ बच्चों का फैक्ट्री या ढाबों पर काम करना।

उत्तर 5 : ______________________________

____

____

भाग–1 हाशियाकरण की समझ

फोकस प्रश्न

★ सामाजिक रूप से हाशिये पर होने का क्या मतलब होता है ?



शब्द भण्डार

बेदखली : हटा दिया जाना

बहुसंख्यक : दूसरों के मुकाबले संख्या में अधिक लोगों का समूह

प्रश्न 1 : ऊपर दिए गए चित्र में आप क्या देख रहे हैं?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : कक्षा में जो बच्चे अलग बैठे हैं उन्हें अलग क्यों बैठाया गया होगा ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : क्या कक्षा में कुछ बच्चों को ऐसे अलग बैठाना सही है? यदि नहीं तो क्यों?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : यदि आपके साथ ऐसा व्यवहार होता तो आप कैसा महसूस करते ?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : यदि ऐसा व्यवहार आपके साथ हो तो आप क्या करेंगे ?

उत्तर 5 :

उपरोक्त चित्र पर चर्चा के बाद हमने जाना कि कक्षा की तरह समाज में भी ऐसे समूह या समुदाय हो सकते हैं, जिन्हें इस तरह की बेदखली का अहसास होता है।

हाशियाई का मतलब होता है कि जिसे किनारे या हाशिये पर ढकेल दिया गया हो। हाशियाई व्यक्ति या जनसमूह समाज की मुख्य धारा से अलग रहता पाया जाता हैं। किसी भी समुदाय के हाशियाकरण की वजह यह हो सकती है कि वे एक अलग भाषा बोलते हों, अलग-अलग रीति -रिवाज अपनाते हों या बहुसंख्यक समुदाय के मुकाबले किसी दूसरे धर्म के हों। कई बार हाशियाई समूहों को लोग घृणा, द्वेष, भेदभाव, दुश्मनी और डर के भाव से भी देखते हैं। फलस्वरूप हाशियाई समुदाय अपने आधिकारों से वंचित रह जाते हैं। परन्तु आज कल हाशियाई समूह अपने अधिकारों और सम्मान के लिए आवाज उठाने लगे हैं।

क्या जाना, क्या सीखा

प्रश्न 1 : नीचे दिए गए कथनों को पढ़कर पता लगाएँ कि कथन सही है या गलत -

a समाज में कुछ समूहों को बेदखली का अहसास होता है। ____

b हाशियाकृत समूहों को कई बार दुश्मनी और डर की भावना से देखा जाता है। ____

c हाशियाकरण सिर्फ आर्थिक रूप से होता है। ____

d हाशियाकृत समूह अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। ____

e हाशियाई का मतलब है जिसे किसी किनारे या हाशिये पर ढकेल दिया गया हो। ____

प्रश्न 2 : अपने आस पास या शहर के किसी हाशियाकृत समुदाय के बारे में सोचिए व पता कीजिए कि वे किस प्रकार अन्य समुदाय से आर्थिक व सामाजिक स्थिति में भिन्न हैं।

उत्तर 2 : ______________________________

____

____

____

____

भाग–2 आदिवासी : प्रचलित छवियाँ तथा विकास

फोकस प्रश्न

1. आदिवासी लोग कौन होते हैं? उनके बारे मे प्रचलित छवियाँ क्या-क्या हैं?
2. विकास का आदिवासियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा?

शिक्षक संकेत

विद्यार्थियों द्वारा दिए गए जवाबों को mind & mapping के द्वारा आदिवासियों के बारे में प्रचलित छवियों से अवगत कराएँ।

नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर अपने साथी के साथ चर्चा करके लिखिएः

प्रश्न 1 : आदिवासी शब्द सुनकर आपके दिमाग में क्या-क्या आता है। उन्हें सोचकर लिखिए।

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : आपने जो लिखा उसकी जानकारी आपको कहाँ से मिली ?

उत्तर 2 :

समूह गतिविधि

नीचे दिए गए विषयों पर जानकारी एकत्रित करके एक वॉल मैगजीन बनायें तथा इसके बाद अपने-अपने समूह में प्रस्तुतीकरण दें:

1. आदिवासियों की जीवनचर्या
2. आदिवासियों के बारे में प्रचलित छवियाँ
3. विकास का आदिवासियों के जीवन पर प्रभाव
4. आदिवासियों के जीवन कौशल से समाज के अन्य लोगों को लाभ

शिक्षक संकेत

विद्यार्थियों द्वारा वॉल मैगजीन बनाने के बाद प्रत्येक समूह से प्रस्तुतीकरण करवायें तथा अन्य समूहों को प्रश्न पूछने को कहें। प्रस्तुतीकरण के बाद सभी बिंदुओं को सारांशित करें।

हमने जाना, आदिवासी का मतलब 'मूल निवासी' होता है. ये ऐसे समुदाय हैं जो जंगलों और प्रकृति के साथ करीबी रिश्ता रखते है. प्रकृति के साथ जीते आए हैं और जी रहे हैं। आदिवासियों के भीतर साझा समुदाय की भावना बहुत मजबूत होती है और ऊंच नीच का फर्क बहुत कम होता है। बहुत से लोग यह मान लेते हैं कि वे बदलाव व नए विचारों से दूर रहना चाहते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। वह भी विकास चाहते हैं पर अपने वन से जुड़े जीवन और संस्कृति को भी सुरक्षित रखना चाहते हैं। इसे समझने के लिए आइये अब यह कहानी पढ़े -

आदिवासी और हाशियाकरण

दिल्ली में एक आदिवासी परिवार

सोमा और हेलेन दादाजी के साथ बैठकर टेलीविजन पर गणतंत्र दिवस की परेड देख रही हैं

तभी अचानक हमें बताया गया कि ये जंगल हमारे नहीं हैं। वन विभाग के अफसरों और ठेकेदारों ने बहुत सारा जंगल साफ कर डाला। अगर हम जंगलों को बचाते तो वे हमारी पिटाई करते थे। हमें अदालत में घसीटा जाता था। वहाँ न तो हमें वकील मिलता था और न हम अपना मुकदमा खुद लड़ सकते थे।

हममें से बहुत सारे लोगों को अपने घर-बार छोड़ने पड़े। आस-पास के कस्बों में जो काम-धंधे समय-समय पर मिल जाते, हम उन्हें करने लगे।

फिर अफसर आए। उन्होंने कहा कि हमारी ज़मीन के नीचे लोहे के भंडार हैं। वे उसे निकालना चाहते थे। उन्होंने बड़े-बड़े वादे किए। कहते थे कि अगर हम अपनी ज़मीन उन्हें बेच दें तो वे हमें नौकरी व पैसा देंगे। कुछ गाँव वाले बहुत खुश हुए। कुछ को लगता था कि इससे हमारी जिंदगी तबाह हो जाएगी। कुछ ने तो कागजों पर अँगूठे के निशान भी लगा दिए। उन्हें पता ही नहीं था कि अँगूठे का निशान लगाकर वे अपनी ज़मीन बेच रहे हैं। मुटठी भर लोगों को उन्होंने छोटी-मोटी नौकरी पर रख लिया। लेकिन ज्यादातर लोगों ने अपनी ज़मीनें नही बेचीं।

तब उन्होंने हमारे साथ मार-पीट शुरु कर दी। वे हमें तरह-तरह से धमकाने लगे। आखिकर उन्होंने सबको अपने पुरखों की ज़मीन बेचने और छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। हमारी पूरी जीवनशैली को रातोंरात नामोनिशान गायब हो गया।
ओह दादू। और हमारी ज़मीन। उसका...
शहर में वे पैसे मुश्किल से थोड़े दिन चले। हमारे पास रोजी-रोटी का कोई साधन नहीं बचा था। हम सब किराये पर एक कमरे के मकान में रहने लगे। अपने बेखौफ ज़िंदगी और उस खुले माहौल की हमें बहुत याद आती थी।
कुछ साल बाद तुम्हारे पिताजी को दिल्ली में नौकरी मिल गई और हम यहाँ चले आए। वे बड़े कठिनाई भरे दिन थे...। इसीलिए तुम दोनों को भी हम कई साल तक स्कूल नहीं भेज पाए।
मुझे स्कूल जाने से नफरत थी। हम पढाई में इतने पीछे थे कि सारे बच्चे हमारा मजाक उड़ाते थे। हम घर में संथाली भाषा बोलते थे इसलिए हिंदी में बात ही नही कर पाते थे।
लेकिन अब हमारे कुछ दोस्त बन गए हैं। मैं थोड़ी-बहुत अंग्रेजी भी बोल लेती हूँ।
काश, मैं अपने दोस्तों को अपना गाँव बरबाद होने से पहले दिखा सकता।
तुम लोग अभी भी उन्हें अपने गाँव के बारे में बता सकती हो। इससे वे काफी कुछ सीख सकते हैं...।
एक दिन में अपनी यानी आदिवासियों की कहानी पर एक फिल्म बनाऊँगी।

क्या जाना, क्या सीखा

प्रश्न 1 : यदि आपको अपने किसी मित्र को जो कि आदिवासियों के बारे में कम जानते हैं तथा आदिवासियों के बारे में गलत छवि रखते हैं, तो आप उन्हें आदिवासियों व उनके बारे में क्या बताएंगें?

उत्तर 1 :

शब्द भण्डार

समुदाय : एक जैसे संस्कृति और रीति रिवाजों को मानने वाला समूह

मूल निवासी : किसी स्थान विशेष पर प्राचीन समय से रहने वाले समूह

आदिवासी : मूल निवासी

प्रश्न 2 : किसी ऐसी परियोजना का पता लगाएँ जिसका आदिवासियों ने विरोध किया। कारण पता करें।

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : विरोध के क्या परिणाम हुए?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : जमीन छीने जाने पर आदिवासियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ते हैं?

उत्तर 4 :

भाग–3 अल्पसंख्यक और हाशियाकरण

फोकस प्रश्न

भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय को हाशियाकृत समूह क्यों माना जाता है?

शिक्षक संकेत

शिक्षक इन कथनों पर कक्षा में चर्चा कराते हुए विद्यार्थियों को अपनी राय रखने का मौका दें। साथ ही अल्पसंख्यक –बहुसंख्यक की समझ और अधिकारों पर भी बात करें।

निम्न कथनों में अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक समूहों की पहचान कीजिए। दी गई परिस्थिति में यह भी बताइए कि अल्पसंख्यक समूहों के अधिकारों की सुरक्षा क्यों जरूरी है?

कथन	बहुसंख्यक	अल्पसंख्यक	अल्पसंखयक अधिकारों की सुरक्षा की जरूरत और तरीका
1. एक शहर में 65% बौद्ध हैं और वे माँसाहारी भोजन पर प्रतिबन्ध लगाने की माँग कर रहे हैं।			
2. कक्षा के 50 विद्यार्थियों में से 10 लड़कियाँ है। खेल के कालांश में लड़कों के पंसदीदा खेल क्रिकेट को ही महत्व दिया जाता है।			
3. छात्रावास में 300 छात्र-छात्राएँ है किंतु शाम 7 बजे के बाद छात्रओं को बाहर निकलना मना है।			

हमारे देश में कुछ समुदाय हाशियाकृत हैं जिनमे अल्पसंख्यक भी शामिल हैं। ये वह समूह होते हैं जिनकी संख्या और ताकत कम होती हैं। भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय को सामाजिक और आर्थिक रूप से हाशियाई समूह माना जाता है। कुछ दैनिक समाचार पत्रों से ऐसी खबरें एकत्र करें जिसमें इन कथन की पुष्टि होती है।

शिक्षक संकेत

विद्यार्थियों द्वारा लाई गई खबरों को शिक्षक सच्चर समिति की रिपोर्ट से जोड़ते हुए मुसलमानो के हाशियाकरण पर चर्चा करें।

प्रश्न 1 : मुस्लिम समुदाय के अल्पसंख्यक होने से आप क्या समझते हैं?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : मुस्लिम समुदाय किस तरह से हाशियाकृत है?

उत्तर 2 : ____________________

प्रश्न 3 : हमारे संविधान द्वारा सभी समुदायों को समानता देने के बावजूद भी मुस्लिम समुदाय हाशियाकृत है। आपके अनुसार यह सही है या गलत? अपने विचार बताएँ।

उत्तर 3 : ____________________

क्या जाना, क्या सीखा

अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और उत्तर दें:

इस बात को ध्यान में रखते हुए कि मुसलमान विकास के विभिन्न संकेतको पर पिछड़े हुए हैं। सरकार ने 2005

में एक समिति का गठन किया। राजेन्दर सच्चर की अध्यक्षता में बनी इस समिति ने मुस्लिमों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति का जायजा लिया। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि विभिन्न सामाजिक,आर्थिक व शैक्षिक संकेतकों के हिसाब से मुसलमानों की दशा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति जैसे अन्य हाशियाई समूहों से मिलती जुलती है।

प्रश्न 1 : उपरोक्त अनुच्छेद में किस हाशियाई समूह की बात की गई है?

उत्तर 1 : ____________________

____

प्रश्न 2 : मुस्लिम समुदाय किन क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ है?

उत्तर 2 : ____________________

____

____

प्रश्न 3 : हमारे समाज में मुस्लिम समुदाय के अलावा और कौन-कौन से हाशियाई समूह है?

उत्तर 3 : ____________________

____

____

हमने सीखा

हाशियाकृत समूहों को कैसे समाज में बेदखली व असमानता का अहसास होता है। हाशियाकरण के विभिन्न कारण हो सकते हैं- जैसे आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक। इस तरह लोग आदिवासियों के बारे में भी छवि बना लेते हैं, जबकि आदिवासी का मतलब होता है -मूल निवासी। सरकार ने ऐसे अल्पसंख्यक समूहों के लिए विभिन्न प्रावधान बनाए हैं।

अभ्यास

प्रश्न 1 : नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर उनके आगे सही और गलत का निशान लगाएँः

a. आदिवासी हमेशा नाचते गाते रहते हैं। ____________

b. आदिवासी लोग शिक्षा और विकास के विरोधी हैं। ____________

c. आदिवासी समाज में ऊँच -नीच का फर्क बहुत कम होता है। ____________

d. हमारे संविधान में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा का प्रावधान है। ____________

प्रश्न 2 : आदिवासियों को अपना स्थान छोड़ने पर क्या-क्या परेशानियाँ होती हैं?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : संविधान में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का प्रावधान क्यों किया गया है? सोचकर लिखिए।

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : हमारे समाज में कौन-कौन से समुदाय हाशियाकृत हैं? किन्ही चार के नाम लिखिए।

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : समाज व देश के लिए सभी समुदायों का विकास क्यों जरूरी है?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।

उत्तर 6 :

प्रश्न 7 : हाशियाकृत शब्द आपको सकारात्मक लगता है या नकारात्मक। अपने उत्तर के पीछे तर्क दीजिए।

उत्तर 7 :

पाठ 5
हाशियाकरण से निपटना
(NCERT पाठ 8)

हम क्या सीखेंगे?

- विभिन्न हाशियाकृत समूहों ने असमानता को चुनौती देने के लिए कई प्रकार के संघर्ष किये हैं।
- इसे इरादे से असमानता के खिलाफ लड़ाई में कई संवैधानिक उपाय हाशियाकृत समूहों को उपलब्ध कराए गए हैं।

हम जानतें है :—

हाशियाकरण या हाशियाई का मतलब होता है कि जिसे किनारे या हाशिये पर ढकेल दिया गया हो। हाशियाई समूहों को उपेक्षा का अहसास होता है। किसी भी समुदाय या समूह के हाशियाकरण की वजह सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक हो सकती है।

भाग—1 मौलिक अधिकारों और कानूनों का उपयोग

फोकस प्रश्न

1. मौलिक अधिकार और कानून किस प्रकार हाशियाई समूह के संघर्ष को आधार प्रदान करते हैं ?
2. हाशियाई तबकों के लिए बनाए गए कानून व नीतियाँ किस प्रकार सामाजिक न्याय को प्रोत्साहन देती है ?

नीचे हाशियाकृत समूहों द्वारा किये गए विरोध प्रदर्शनों की कुछ तस्वीरें दी गई हैं। उन्हें ध्यान से देखिए।

STOP ATTACKING MINORITIES

YOUR DAUGHTER GRAND DAUGHTER MAY BE RAPED TOMORROW
YOUR DAUGHTER MAY BE RAPED TOMORROW

हम उठे हैं
अब ललकार
नही सहेंगे अत्याचार

शिक्षक संकेत

प्रस्तुतीकरण के समय शिक्षक मौलिक अधिकारों से इसको जोड़ें। हाशियाकृत समूहों को मौलिक अधिकार कैसे रक्षा प्रदान करते हैं, इस पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों की संकल्पना से जोड़ें। सभी विद्यार्थी स्वयं को चार समूहों में बाँट लें तथा नीचे दिए गए प्रश्नों पर चर्चा कर प्रस्तुतीकरण दें।

प्रश्न 1 : उपरोक्त चित्र में आपको क्या दिख रहा है?

उत्तर 1 : ____________________

प्रश्न 2 : आपके अनुसार चित्र में इन हाशियाकृत समूहों ने किन समस्यओं का सामना किया तथा इसके विरुद्ध कैसे लड़ाई लड़ी?

उत्तर 2 : ____________________

प्रश्न 3 : इन हाशियाकृत समूहों के कौन से मौलिक अधिकारों का हनन हुआ है?

उत्तर 3 : ____________________

प्रश्न 4 : क्या आपको लगता है कि संविधान हाशियाकृत समूहों को रक्षा प्रदान करता है? अपने उत्तर के लिए तर्क दीजिए।

उत्तर 4 :

शब्द भण्डार

हाशियाकरण : समाज में प्रगति, शिक्षा, सम्पन्न जिन्दगी के अवसर से वंचित होना और मुख्यधारा से अलग सामाजिक अन्याय का सामना करना

संघर्ष : किसी मुद्दे पर लोगों द्वारा किया जा रहा सक्रिय प्रयास

संवैधानिक : ऐसी बात जिसे संविधान में व्यक्त किया गया हो

उन्मूलन : खत्म कर देना

उपरोक्त चर्चा से हमने जाना कि हाशियाकृत समूहों ने शोषण से बचने के लिए संघर्ष व विरोध के माध्यम से अपनी बात रखी। जिसके बाद सरकार को मौलिक अधिकारों की भावना के अनुरूप नए कानून बनाने पड़े। हाशियाकृत समूहों ने इन अधिकारों का उपयोग दो प्रकार से किया :

i. मौलिक अधिकारों पर जोर देकर उन्होंने सरकार को अपने साथ हुए अन्याय पर ध्यान देने के लिए मजबूर किया ।

ii. हाशियाई समूहों ने इस बात के लिए दबाव डाला कि सरकार इन कानूनों को लागू करे ।

इसी तरह संविधान में कुछ अनुच्छेद भी हैं जो इन हाशियाकृत समूहों के खिलाफ हो रहे शोषण को रोकते हैं जैसे:

अनुच्छेद 17	अनुच्छेद 15
इस अनुच्छेद के अनुसार अस्पृश्यता या छुआछूत का उन्मूलन किया जा चूका है। इसका मतलब यह है कि अब दलितों को पढ़ने, मंदिरों में जाने और सार्वजनिक सुविधाओं का इस्तेमाल करने से नहीं रोका जा सकता।	इस अनुच्छेद में कहा गया है कि किसी भी नागरिक के साथ धर्म, नस्ल, जाति, लिंग व जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा।

इस तरह इन अधिकारों के द्वारा संविधान ने ऐसे समूहों को सामाजिक न्याय देने क प्रयास किया है।

आप सब स्वयं को 5-5 के समूह में बाँट लें और किसी एक हाशियाकृत समूह की समस्या की पहचान करें। इस समस्या से जुड़ी समाचार पत्र में आई खबरें निकालें और उसके समाधान के बारें में अपने- अपने समूह में विचार-विमर्श करें। अपने समूह में चर्चा करने के बाद बाकी समूहों के साथ अपनी चुनी गई समस्या के बारे में चर्चा करें।

समूह के सदस्य :

हाशियाकृत समूह :

समाचार शीर्षक :

क्या जाना, क्या सीखा

प्रश्न 1 : क्या आप कुछ तरीके सोच सकते हैं जिनके द्वारा हम अपना विरोध या सुझाव सरकार तक पहुँचा सकते हों ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : हाशियाई समूह मौलिक अधिकारों का उपयोग किस तरह से करते हैं ?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : अनुच्छेद 15 और 17 किस प्रकार हाशियाई समूह की असमानता के खिलाफ संघर्ष में मदद कर सकते हैं ?

उत्तर 3 :

प्रश्न 4 : हाशियाई समूहों के विकास के लिए सरकार समय-समय पर नीतियाँ बनाती रहती है। ऐसी कुछ नीतियों का पता लगाएँ जो हाशियाकृत समूहों के विकास के लिए बनाई गई हैं।

उत्तर 4 :

भाग–2 आरक्षण के द्वारा सामाजिक न्याय

फोकस प्रश्न

★ हाशियाई तबकों के लिए बनाए गए कानून व नीतियों किस प्रकार सामाजिक न्याय को प्रोत्साहन देती है ?

विद्यार्थी स्वयं को 4 समूहों में बाँटकर नीचे दिए गए चित्रों मे से एक- एक चित्र अपने समूह के लिए चुन लें

UP Board Result: अतुल माहेश्रवरी छात्रवृत्ति परीक्षा से मिला होसला, दीपेंद्र ने बनाई टॉप टेन में जगह

दीपेंद्र कुंतल - फोटो : अमर उजाला

आगरा में कागरैल के डिगरोटा गांव के दीपेंद्र कुंतल ने इंटरमीडिएट में जिले के टॉप टेन में जगह बनाई है। उसे 88 प्रतिशत अंक मिले है। उसका कहना है कि उसकी कामयाबी में अतुल माहेश्रवरी छात्रवृति की बड़ी भूमिका है।

इसकी परीक्षा पास करने के बाद इसे नया हौसला मिला। इस बात की चिंता नही रही कि पढ़ाई कि लिए पैसे कहां से आंएगें। इस कारण उसने अपना ध्यान सिर्फ पढ़ाई में लगाया।

दीपेंद्र कुंतल श्री उदयवीर सिंह इंटर कॉलेज, जौनई, खेरागढ़ का छात्र है। उसके पिता योगेंन्द सिंह गरीब किसान है। चार हजार रूपये महीने की मामूली आमदनी है। दीपेंद्र दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा है।

Delhi government introduces scholarship scheme for needy students

Delhi government intruduces scholarship scheme for needy students

Delhi government on Tuesday announced the launch of the new merit-cum-means scholarship scheme/fee waiver for the needy students who wishes to pursue higher studies in any of the state universities of Delhi. namely:

- **GGS Indraprashta University**
- **Delhi Technological University**
- **Indraprashta Institute of Information Technology**
- **Ambedkar University**
- **Indira Gandhi Delhi Technological University for Women**
- **Delhi Pharmaceutical Sciemces and Research University**

The scheme will also be extended to the Netaji Subhash Institute of Technology as and when the institution becomes as state university of Delhi

Broad features of the scheme are as follows:

100 percent fee waiver for category of students from a family with card issued under the National Food Security Scheme (NFSS)

50 percent fee waiver for students from families with income upto Rs 2.5 lakh per annum

25 percent fee waiver for students from families with income above Rs 2.5 lakh and not exceeding Rs. 5 lakh per annum

A minimum of 60 percent would be mandotory for availing the scheme. A relaxation of 5 percent in marks would be applicable for the students of SC/ST category

Initially the scheme will be applicable to the students in ant of the Undergraduate Courses. The required documentation has been kept as minimum as possible.

अध्यापक संकेत

कक्षा में चर्चा के दौरान संवेदनशील भावना के साथ अनुकूल वातावरण बना कर रखें। विद्यार्थियों की चर्चा के दौरान हाशियाकृत समूहों के सामाजिक प्रोत्साहन के साथ आरक्षण नीति की जरुरत पर प्रकाश डालें।

अपने अपने चित्रों को ध्यान से देखें और नीचे दिए गए प्रश्नों पर चर्चा करें। अपने समूह का प्रस्तुतीकरण बाकी विद्यार्थियों के समक्ष करें।

समूह के सदस्य :

प्रश्न 1 : ऊपर दी गई सूचनाओं को ध्यान से देखें और बताएं कि ये सूचनाएं किस-किस क्षेत्र से संबंधित हैं?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : दी गई सूचनाओं में किन-किन समूहों को छूट दी गई है?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : आपके अनुसार इन समूहों को विभिन्न क्षेत्रों में छूट क्यों दी गई है?

उत्तर 3 :

आरक्षण को लेकर अखबारों में काफी खबरें आती हैं। आप सब एक-एक खबर चुनकर लाएं तथा उस पर अपने विचार रखें कि क्या आप इस खबर का समर्थन करते हैं या नहीं। कक्षा में तर्क देते हुए अपने विचार साझा करें।

खबर :

विचार :

शब्द भण्डार

नीतियाँ : सरकार द्वारा तय किये गए उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए बनाए गए नियम

आरक्षण : कुछ समूहों के लिए अवसरों को सुनिश्चित कर देना

निपुणताएँ : जीवनयापन के लिए कौशल

हमारे देश में हाशियाई तबकों के लिए खास कानून व नीतियाँ बनाई गई हैं। इस प्रकार की नीतियाँ इस उद्देश्य से बनाई जाती हैं कि इन खास तबकों को सही अवसर उपलब्ध कराए जा सकें और उनके खिलाफ होने वाले शोषण को रोका जा सके । आरक्षण की व्यवस्था इसी तरह की एक महत्वपूर्ण कानून व नीति है। शिक्षा संस्थानों और सरकारी नौकरियों में दलितों एवं आदिवासियों के लिए सीटों के आरक्षण का कानून एक महत्वपूर्ण तर्क पर आधारित है कि इन तबकों को कई सदियों तक पढ़ने लिखने और नई निपुणताएँ हासिल करने के अवसरों से वंचित रखा गया है इसलिए इन तबकों की सहायता के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।

क्या जाना, क्या सीखा

प्रश्न 1 : एक ऐसी नीति व योजना का नाम बताएं जो हाशियाकृत समूहों के विकास के लिए बनाई गयी हैं।

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : सरकार किन-किन क्षेत्रों में हाशियाकृत समूहों को आरक्षण देती है? आपके अनुसार इन समूहों को आरक्षण देना क्यों जरूरी है?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : आरक्षण की नीति को लेकर भारत में लोगों की अलग-अलग राय रही है, कुछ लोग इसके पक्ष में हैं और कुछ लोग विपक्ष में। आप इसके पक्ष में क्या तर्क देंगे?

उत्तर 3 :

भाग—3 : दलितों और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा

फोकस प्रश्न

दलितों और आदिवासियों के प्रति होने वाले भेदभाव व शोषण को रोकने के लिए क्या क्या कानून बनाए गए हैं?

नीचे रतनम की कहानी को ध्यान से पढ़ें।

"जक्मलगुर गाँव में हर पांच साल में एक बार स्थानीय देवता की पूजा की जाती है। पांच दिन तक चलने वाले इस उत्सव में आस-पास के 20 गाँवों के पुजारी इकठ्ठा होते हैं। इस कार्यक्रम की शुरुआत में दलित समुदाय का एक व्यक्ति सारे पुजारियों के पैर धोता है और धोवन के इस पानी से नहाता है। गाँव में यह कार्य रतनम के परिवार के लोग किया करते हैं। रतनम से पहले उसके दादा या पिता यह काम करते रहे हैं। उन्हें कभी मंदिर में दाखिल नहीं होने दिया गया, लेकिन इस रस्म को उनके लिए भारी सम्मान के रूप में देखा जाता था। इस बार रतनम की बारी थी। रतनम 20 साल का था और पास के ही एक कॉलेज में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। उसने यह रस्म निभाने से मना कर दिया।

उसके इस रस्म को निभाने से मना करने के पश्चात् गाँव की उच्च जातियाँ ही नहीं बल्कि उसके खुद के समुदाय

के कई परिवार भी खफा थे। ऊँची जाति के लोगों को यह देखकर हैरानी हो रही थी कि एक नौजवान उनका हुक्म मानने से इनकार कर रहा है। रतनम की जाति के लोग ऊँची जाति के लोगों के गुस्से से डरे हुए थे क्योंकि उनमें से ज़्यादातर सवर्णो तथाकथित उच्च जातियां के खेत खलिहानों में दिहाड़ी मजदूर थे। अगर प्रभुत्वशाली जातियाँ उन्हें काम देना बंद कर दें तो वह क्या खाएँगे ? ऊँची जातियों ने यह भी एलान किया कि अगर दलित नहीं झुकेंगे तो उन्हें स्थानीय देवता का अभिशाप मिलेगा।

रतनम का कहना था कि चूँकि आज तक एक भी दलित मंदिर के भीतर नहीं गया है, इसलिए देवता के उन पर गुस्सा होने का सवाल ही नहीं उठता। इसका परिणाम यह हुआ कि उसके परिवार का बहिष्कार कर दिया गया। सभी को यह आदेश भी दिया गया कि कोई भी उसके परिवार से किसी तरह का संपर्क ना रखें। एक रात अचानक उसकी झोपड़ी में आग लगा दी गई। रतनम किसी तरह अपनी माँ के साथ जिंदा भाग निकला।

उसने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989, के तहत स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया। स्थानीय मीडिया ने इस घटना पर काफी ध्यान दिया। बाकी दलित परिवार तब भी उसके समर्थन में आगे नहीं आए। रतनम को स्थानीय मीडिया में दलित प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में पेश किया गया। अंततः विवादास्पद रस्म तो खत्म कर दी गई , लेकिन उसके परिवार को गाँव छोड़कर जाना पड़ा क्योंकि गाँव की ऊँची जातियों ने उसका बहिष्कार कर दिया ।

आप सभी चार चार के समूह बंट जाएँ और ऊपर दी गई कहानी को ध्यान में रखते हुए नीचे दिए गए बिन्दुओं रोल-प्ले तैयार करें।

शिक्षक संकेत

विद्यार्थियों द्वारा रोल-प्ले के पश्चात कहानी में आए अधिनियम पर चर्चा करें।

समूह के सदस्य : ____________________

प्रश्न 1 : अगर आपके साथ रतनम जैसा व्यवहार होता तो आप कैसा महसूस करते ?

उत्तर 1 : ____________________

____

____

प्रश्न 2 : आपको गाँव वालों के कौन कौन से कार्य अच्छे नहीं लगे ? उनका विरोध करे।

उत्तर 2 : ____________________

प्रश्न 3 : अगर आप रतनम की जगह होते तो अपनी समस्या का समाधान कैसे करते ?

उत्तर 3 :

हमने जाना कि ऊँची जातियों द्वारा किए जा रहे भेदभाव और हिंसा को रोकने के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम अत्याचार निवारण 1989 के तहत शिकायत दर्ज करायी जा सकती है और कानून का सहारा लिया जा सकता है। इस अधिनियम में कई स्तर के अपराधों के बीच फर्क किया गया है जैसे शारीरिक रूप से खौफनाक और नैतिक रूप से निंदनीय अपमान के स्वरूपों की सूची। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार उपरोक्त अधिनियम कुछ प्रभावहीन हो गया हैं।

ऐसे कृत्यों की सूची जिसमें दलितों और आदिवासियों को उनके साधारण संसाधनों से वंचित किया जाता है।

नीचे दिए गए कथन को ध्यान से पढ़िए और अपने साथी के साथ विचार विमर्श करके प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

ओडिशा में एक रिफाइनरी परियोजना के कारण विस्थापित हुए गोविन्द मारन कहते हैं, "उन्होनें हमारी खेती की जमीन छीन ली और सही मुआवजा भी नहीं दिया। बस थोड़े से ही मकान छोड़ दिए हैं। सब कुछ अपने कब्जे में ले लिया, अब हम कैसे जिएंगे ?"

प्रश्न 1 : सरकार द्वारा बनाई गई परियोजनाओं का आदिवासियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : आपके अनुसार इन आदिवासियों की समस्याओं का क्या समाधान हो सकता है? लिखिए।

उत्तर 2 :

विचारों की तिजोरी

आज भी भारत में बहुत सारे लोग झाडू, टिन और टोकरियों के सहारे पशुओं और इंसानों के मल को ठिकाने लगाते हैं। इसमें सूखे शौचालयों से गंदगी उठाकर दूर के स्थानों पर फेंका जाता है।

सरकार द्वारा चलाये गए स्वच्छता अभियान ने इस कुप्रथा पर किस तरह प्रभाव डाला, पता करें।

आदिवासियों और वनवासी जातियों के साथ चल रहे भेदभाव के कारण हमारी सरकार ने अनुसूचित जनजाति एवं परंपरागत वनवासी वन अधिकार मान्यता अधिनियम, 2006 भी पारित किया। यह कानून जमीन और संसाधनों पर वन्य समुदायों के अधिकारों को मान्यता न देने के कारण उनके साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने के लिए पारित किया गया है।

क्या जाना, क्या सीखा

प्रश्न 1 : अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अधिनियम, 1989 किस प्रकार इन हाशियाई समूहों को अत्याचार व शोषण के बचाव को सुनिश्चित करता है?

उत्तर 1 :

प्रश्न 2 : इस अधिनियम में किन दो तरीकों में फर्क किया गया है?

उत्तर 2 :

प्रश्न 3 : अनुसूचित जनजाति एवं परंपरागत वनवासी अधिनियम, 2006 किस प्रकार आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करता है?

उत्तर 3 :

हमने सीखा

हमारे समाज में कुछ समूह ऐसे हैं जिन्हें उन्नति के अवसर नहीं मिले और वे समाज में हाशिये पर उपेक्षा, शोषण और असमानता का सामना करते आ रहे हैं। इन समूहों ने मौलिक अधिकारों की प्राप्ति का संवैधानिक सहारा लेकर संघर्ष किया और सरकार का ध्यान अपनी ओर खींचा। सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम, 1989 कानून लागू किया और आरक्षण के द्वारा सामाजिक न्याय स्थापित करने का प्रयास किया। इससे दलितों और हाशिये पर अन्य समूहों को शिक्षा और सरकारी नौकरी में आरक्षित स्थान प्राप्त हुए। आदिवासी एवं वनवासी समूहों की समस्याओं को संबोधित करने के लिए वनवासी अधिनियम 2006 के अंतर्गत जमीन और सांसदों पर परंपरागत वन्य समुदाय के अधिकारों को मान्यता दी गई।

अभ्यास

प्रश्न 1 : सही विकल्प चुनेंः

a. भारत में ____________ समूह हाशियाई नहीं माना जाता है।

- आदिवासी
- उच्च जाति
- दलित
- मुसलमान

b. अनुच्छेद 17 में ____________ पर रोक लगाई गई।

- धार्मिक भेदभाव
- जेंडर भेदभाव
- अस्पृश्यता या छुआछूत
- आर्थिक भेदभाव

c. हाशियाई समूह को समान अवसर देने के लिए ____________ व्यवस्था की गई है।

- आरक्षण
- अलग सुविधाएँ
- विशेष अधिकार
- भेदभाव

d. अनुसूचित जनजाति एवं परंपरागत वनवासी अधिनियम ____________ में पारित हुआ।

- 2004
- 1992
- 2006
- 2010

e. अनुच्छेद ____________ के अनुसार किसी भी नागरिक के साथ धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा।

- 15
- 10
- 12
- 18

प्रश्न 2 : नीचे दिए कथन को ध्यान से पढ़िए और बताइए कि कथन सही है या गलतः

अनुच्छेद 15 में कहा गया है कि भारत में किसी भी नागरिक के साथ धर्म, जाति, नस्ल, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव किया जाएगा।'

उत्तर 2 : ____________

प्रश्न 3 : हमारे संविधान में अनुच्छेद 15 और 17 महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। पता लगाएँ कि इनका उद्देश्य क्या है?

उत्तर 3 : ____________

____

____

प्रश्न 4 : आरक्षण हाशियाई समूहों को सामाजिक न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण है। कैसे ?

उत्तर 4 :

प्रश्न 5 : भारत में अधिनियमों तथा कानूनों के माध्यम से हाशियाकृत समूहों को न्याय दिलाने का प्रयास किए गया। यदि आपको एक सुझाव देना हो तो वह क्या होगा जिससे हाशियाकृत समूहों को न्याय मिले ?

उत्तर 5 :

प्रश्न 6 : हाशियाकृत समूहों के लिए सरकार के द्वारा विभिन्न अधिकारों व नीतियों के माध्यम से सामाजिक प्रोत्साहन का प्रयास किया गया है। इन नीतियों व अधिकारों का पता लगाकर एक पोस्टर का निर्माण करें।

यदि पाठ से सम्बंधित कोई और प्रश्न आपके मन में हो तो उन्हें यहाँ लिखिए। इनके जवाब ढूँढने में आपके शिक्षक आपकी सहायता करेंगे।